**SHRI C. N. ANNADURAI (TIRUVANNAMALAI):** The NH-38 originates from Vellore and terminates at Thoothukudi , passing through major commercial cities and towns and religious destinations of Tamil Nadu i.e. Polur , Tiruvannamalai , Villupuram ,Trichy and Madurai etc. However, one constraint is being faced by the public is that from Vellore to Villupuram, NH-38 is having only two lanes, thus constraining transportation and movement of vehicles. Needless to say, these two lanes restrict common masses as well as international tourists to visit Tiruvannamalai for Girivalam and Darshan of Lord Arunachaleswara Shiva Temple. I, therefore request Hon'ble Union Minister for Road Transport and Highways to kindly instruct the concerned authorities to expedite formulating / implementing construction for making NH-38 from Vellore to Villupuram via Tiruvannamalai as four lane for hassle free travel and consider for permitting a bypass en-route to avoid the busy road at Kannamangalam and Vettavalam to save the time for the public.

## (xiii) Regarding completion of Pune – Nasik Semi High-Speed Rail Corridor Project

**DR. AMOL RAMSING KOLHE (SHIRUR):** Pune – Nashik Semi High-Speed Rail corridor project is a 234.60 km semi high-speed double rail line connecting Pune and Nashik in Maharashtra through 24 stations. Pune and Nashik cities have undergone rapid economic growth in recent years, and along with this growth have come a sharp rise in the volume of people and goods being transported. Mumbai, Pune and Nasik are together referred to as Golden Triangle of Maharashtra. At present there is no direct link between these important cities of Maharashtra. The new proposal is likely to draw more number of trains and attract more number of passengers to the route. It will also act as a catalyst to the industrial corridor along the belt, and generate more revenue to the region. This will open a new revenue stream for industries by fast-track movement of cargo by Railways and provide connectivity for transport of coal to thermal power plants. It will also facilitate economical transportation of the industrial goods from Pune region to different parts of the country as well as to ports. I urge upon the Hon’ble Minister of Railway to Fastrack this important Railway project so that the passenger trains on this greenfield line may operate at the earliest.

## (xiv) Regarding supply of drinking water in Sikar Parliamentary Constituency

**श्री अमरा राम** (**सीकर**) : सीकर लोकसभा क्षेत्र में पेयजल के भारी संकट के सम्बन्ध में जल जीवन मिशन में सभी घरों में शुद्ध पेयजल पहुचाने के संबध में ।

## (xv) Regarding expeditious completion of construction of Dugarpur Medical College

**श्री राजकुमार रोत (बांसवाड़ा) :** मैं डूंगरपुर मेडिकल कॉलेज निर्माण में हुई गंभीर लापरवाही पर सरकार का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं। 2014 में मंजूर हुआ यह कॉलेज 2022 में पूर्ण होना था, परंतु सरकार की मॉनिटरिंग की कमी के कारण राजमेस और एनबीसीसी कंपनी ने गंभीर लापरवाही की है। इससे डूंगरपुर जिले की आम जनता को इलाज के लिए दर-दर भटकना पड़ रहा है और पिछले 5 वर्षों में कई मरीजों को जान गंवानी पड़ी है। यह आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र है, जहां कोई आवाज नहीं उठा पाता, जिससे अधिकारी और ठेकेदार को कार्यवाही का डर नहीं है। इन दोषी अधिकारियों पर शीघ्र कार्यवाही की जाए और मेडिकल कॉलेज का काम जल्द पूरा कर आम जन को राहत पहुंचाई जाए। यह डूंगरपुर के लोगों की सेहत और जीवन-मरण का सवाल है। कॉलेज में लाखों रुपये की जांच मशीनें खराब पड़ी हैं, जिन पर ध्यान नहीं दिया जा रहा। मरीजों को छोटी-छोटी जांच के लिए भी बाहर जाना पड़ता है। केंद्र सरकार से अनुरोध है कि अनियमितता की जांच के लिए एक कमेटी गठित की जाए और दोषियों पर कार्यवाही कर अधूरे काम को जल्द पूरा करने की तिथि तय की जाए। इससे डूंगरपुर जिले की जनता को राहत मिलेगी।

## (xvi) Need to enhance the compensation for land acquired for Purnea Airport

**श्री राजेश रंजन (पूर्णिया)** : बिहार राज्य के जिला पूर्णिया में एयरपोर्ट के निर्माण के लिए घोषणा एवं बहुत कार्य किये जाने की चर्चा लगातार हो रही है। लेकिन जैसा मुझे ज्ञात है कि एयर पोर्ट निर्माण में भूमि की उपलब्धता एवं उसके मुवावजा सबसे बड़ी बाधा बन रही है।

मैं सरकार से माँग करता हूं कि पूर्णिया एयरपोर्ट निर्माण के लिए जमीन का मुआवजा सर्किल रेट से 4 गुना अधिक कर जमीन दाताओं को दिया जाए ताकि एयर पोर्ट निर्माण का कार्य प्रारंभ हो सके।

---

**माननीय अध्यक्ष :** आइटम नंबर – 18 – राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव।

श्री अखिलेश यादव जी।

… (व्यवधान)

**11.07½ hrs**

**MOTION OF THANKS ON PRESIDENT'S ADDRESS**

**SHRI K. C. VENUGOPAL (ALAPPUZHA):** Sir, you have expunged the entire speech of Shri Rahul Gandhi. … (*Interruptions*) Sir, how can you expunge the speech?

**SHRI DAYANIDHI MARAN (CHENNAI CENTRAL):** Sir, it is very unfortunate. … (*Interruptions*)

**SHRI K. C. VENUGOPAL:** Shri Anurag Singh Thakur has given the entire speech but his speech has not been touched. … (*Interruptions*) Only Shri Rahul Gandhi's speech was expunged. Why is it so? … (*Interruptions*) Why has it been expunged? … (*Interruptions*)

**SHRI DAYANIDHI MARAN:** ... * … (*Interruptions*)

* Expunged as ordered by the Chair.

**श्री अखिलेश यादव (कन्नौज)** : अध्यक्ष महोदय, मैं सबसे पहले आपका धन्यवाद देना चाहता हूँ कि आपने मुझे अपनी पार्टी की तरफ से राष्ट्रपति जी के अभिभाषण पर प्रस्तुत धन्यवाद प्रस्ताव पर बोलने का मौका दिया है। अध्यक्ष जी, सत्ता पक्ष और विपक्ष, दोनों लगातार अपनी बात रख रहे हैं। अध्यक्ष जी, मैं सबसे पहले आपको और आपके साथ-साथ सभी चुने हुए सांसदों को बधाई और शुभकामनाएं देना चाहता हूँ। साथ ही साथ, मैं सबसे पहले देश के उन सभी समझदार और ईमानदार मतदाताओं को धन्यवाद देना चाहता हूँ, जिन्होंने लोकतंत्र को एकतंत्र बनने से रोका।

अध्यक्ष जी, चुनाव के समय ऐसा कहा गया कि हम 400 पार करेंगे, लेकिन मैं समझदार जनता को फिर एक बार धन्यवाद दूंगा। मैं कुछ कहना चाहता हूं-

आवाम ने तोड़ दिया हुकूमत का गुरुर,
दरबार तो लगा है पर, बड़ा गमगीन बेनूर है।

अध्यक्ष महोदय, दरबार तो लगा है पर, बड़ा गमगीन बेनूर है और पहली बार ऐसा लग रहा है कि हारी हुई सरकार विराजमान है, लेकिन जनता कह रही है कि चलने वाली नहीं है सरकार। जनता कह रही है कि चलने वाली नहीं सरकार, यह गिरने वाली सरकार है, क्योंकि-

ऊपर से जुड़ा कोई तार नहीं, नीचे कोई आधार नहीं
अधर में जो है अटकी हुई, वह तो कोई सरकार नहीं

अध्यक्ष जी, दरअसल पूरा इंडिया समझ गया है कि इंडिया ही प्रो-इंडिया है। इस चुनाव में इंडिया एलायंस की नैतिक जीत हुई है । यह पीडीए इंडिया की सकारात्मक राजनीति और जो पोजिटिव पोलिटिक्स है, उस पोजिटिव पोलिटिक्स की जीत हुई है। यह इंडिया, पीडीए और सोशल जस्टिस मुहिम की विक्ट्री है। वर्ष 2024 का परिणाम हम इंडिया वालों के लिए जिम्मेदारी से भरा पैगाम भी है।

अध्यक्ष महोदय, अगर मैं यूं कहूं कि 15 अगस्त, 1947 औपनिवेशिक राजनीति से आजादी का दिन था तो 4 जून, 2024 देश के लिए सांप्रदायिक राजनीति से आजादी का दिन रहा । इस सांप्रदायिक राजनीति के अंत और सामुदायिक राजनीतिक की शुरुआत है । जहां सांप्रदायिक

राजनीति का अंत हुआ है, वहीं सामुदायिक राजनीति की शुरुआत हुई है। सबसे अच्छी बात यह हुई है कि इस चुनाव में सांप्रदायिक राजनीति की हमेशा के लिए हार हो गई।

अध्यक्ष महोदय, कहने को यह सरकार कहती है कि यह फिफ्थ लार्जेस्ट इकोनॉमी बन गई है और जीडीपी के मामले में वर्ल्ड की फिफ्थ इकोनॉमी बन गई है। लेकिन, यह सरकार क्यों छिपाती है कि अगर हमारी यह सबसे लार्जेस्ट इकोनॉमी है और हम पाँचवें नंबर पर हैं तो हमारे देश की पर-कैपिटा इनकम (प्रति व्यक्ति आय) किस स्थान पर पहुंची है।

अध्यक्ष महोदय, हम लोगों ने देखा है कि अगर दिल्ली की सरकार ने कहा होगा कि पाँच ट्रिलियन डॉलर की इकोनॉमी बनेगी तो जहां से प्रधानमंत्री जी चुनकर आते हैं, उस प्रदेश की सरकार भी कह रही है कि हम वन ट्रिलियन डॉलर की इकोनॉमी बना लेंगे। देश की इकोनॉमी कहां पहुंच गई, पर-कैपिटा इनकम क्या है? अगर उत्तर प्रदेश की इकोनॉमी को वन ट्रिलियन डॉलर की इकोनॉमी बनना है तो कम से कम 35 परसेंट की ग्रोथ चाहिए। मुझे नहीं लगता है कि 35 प्रतिशत की ग्रोथ रेट उत्तर प्रदेश में आ पाएगा। हम हंगर इंडेक्स में कहां खड़े हैं, नीचे से कहां हैं? जो फिफ्थ लार्जेस्ट इकोनॉमी की बात कर रहे हैं, वह इनइक्विलिटी के पैरामीटर पर कहां खड़े हैं, वह हैपीनेस इंडेक्स में कहां खड़े हैं?

अध्यक्ष महोदय, जो लोग चुनाव को अपने तरीके से मोड़ते हैं, मैं उनसे कहना चाहता हूं कि इस चुनाव के परिणाम ने तोड़ने वाली राजनीति को तोड़ दिया है और जोड़ने वाली राजनीति की जीत हुई है। इस चुनाव में धन, छल और बल की नकारात्मक राजनीति की शिकस्त हुई है। इस देश का जो चुनाव हुआ, उसमें सकारात्मक राजनीति का नया दौर शुरू हुआ है। इस बार प्रो-कंस्टीट्यूशन वालों की जीत हुई है। हम मानते हैं कि संविधान ही संजीवनी है और उसी की जीत हुई है।

इस संविधान मंथन में संविधान रक्षकों की जीत हुई है। अब ऊपर से नीचे की राजनीति का अंत हो गया है। अब नीचे से जो समाज की आवाज उठेगी, वही राजनीति का आधार बनेगी। मैं कहना चाहता हूं कि देश किसी की व्यक्तिगत महत्वाकांक्षा से नहीं, जनआकांक्षा से चलेगा। मतलब, अब मनमर्जी नहीं जनमर्जी चलेगी। इस चुनाव का बड़ा पैगाम यही है।

अध्यक्ष महोदय, बहुत सी बातें हुईं। अगर उत्तर प्रदेश की बात न हो, क्योंकि यह सबसे बड़ा प्रदेश है, उसने हर बार दूसरे दल को समर्थन देकर सरकार बनाई है। मैं उन्हीं लोगों से कहना चाहता हूं कि लोग क्योटो से फोटो लेकर बनारस की गलियों से लेकर गंगा जी तक ढूंढ रहे हैं। उनको लगता है कि जिस दिन मां गंगा साफ हो जाएगी, शायद उस दिन कहीं क्योटो उसकी गोद में मिल जाएगा। बनारसी लोग चाहते हैं कि कोई गंगा जी के तल में उतरकर उसका दर्द भी जाने। उत्तर प्रदेश की जनता का बस यही आग्रह है कि जिस गंगा जल को हाथ में लेकर सच कहने की कसम खाई जाती है, कम से कम उस गंगा जल से तो झूठ न बोला जाए। जहां विकास के नाम पर खरबों रुपये की लूट का राज खोलते भ्रष्टाचार के गड्ढे प्रदेश का नाम खराब कर रहे हैं, वहीं पहली बारिश में ही टपकती हुई छत और गिर चुकी स्टेशन की दीवार बेईमानी की निशानी बन गई है।

अध्यक्ष महोदय, विकास का ढिंढोरा पीटने वाले इस विनाश की जिम्मेदारी कब लेंगे? और रही सच्चे विकास की बात, तो हमने जो सड़क बनाई, उस पर हवाई जहाज उतरे थे और उत्तर प्रदेश की मुख्य नगरी में सड़कों पर नावें उतरी हैं। अभी बारिश और हो जाएगी, तो नाव से भी चलना पड़ेगा। यही स्मार्ट सिटी के जुमले का भी हाल है। न तो जाम से छुटकारा मिला, न कोई बुनियादी सुविधाएं मिल पाई हैं।

अध्यक्ष महोदय, मुझे याद है कि देश के प्रधान सांसद जी ने अनाथ पशुओं के बारे में बहुत कुछ कहा था। अनाथ पशुओं की समस्या से छुटकारा दिलवाने का वादा किया गया था। कई चुनाव बीत गए हैं, अभी तक गन्ने के भुगतान का दो हफ्ते का जो वचन दिया था, कहां दिया था, अब तो वचन देने वाले को भी याद नहीं है। हर बात को जुमला बना देने वाले लोगों के ऊपर से जनता का भरोसा उठ गया है। इसीलिए, यह बहुमत की सरकार नहीं है, यह सहयोग से चलने वाली सरकार है। डबल इंजन के नाम पर उत्तर प्रदेश को टकराहट के सिवाय कुछ हासिल नहीं हुआ। उत्तर प्रदेश में प्रभुत्व की लड़ाई दो लोगों को आपस में लड़ा रही है, लेकिन उसकी मार जनता को सता रही है। पिछले दस सालों की उपलब्धि बस इतनी रही कि एक शिक्षा परीक्षा माफिया का जन्म हुआ।

अध्यक्ष महोदय, उत्तर प्रदेश ने वो हालात देखे हैं कि नौजवान जब भी तैयारी करके जाता था और परीक्षा देकर लौटता था तो उसे पता लगता था कि पेपर लीक हो गया। उत्तर प्रदेश में केवल एक पेपर ही लीक नहीं हुआ, बल्कि जितनी भी परीक्षाएं हुईं, सभी के पेपर्स लीक हुए। केवल उत्तर प्रदेश ही नहीं, मैं माननीय सांसद की बात सुन रहा था, कई ऐसे प्रदेश हैं, जहां पर परीक्षाएं देने तो बच्चे गए, लेकिन वहां भी पेपर लीक हो गया। अभी जब 4 जून को रिजल्ट आया, उसके बाद जो बात उठी है, देश की सबसे प्रेस्टिजियस परीक्षा, उसका भी पेपर लीक हो गया। आखिरकार यह पेपर लीक हो क्यों रहा है? सच्चाई तो यह है कि यह सरकार पेपर लीक इसलिए करा रही है कि सरकार नौकरी नहीं देना चाहती, रोजगार नहीं देना चाहती। वह नौजवनों का भविष्य नहीं बनने देना चाहती है। पिछले दस सालों की उपलब्धि इतनी रही है कि एक शिक्षा परीक्षा माफिया का जन्म हुआ है, जिसने तथाकथित अमृतकाल में युवाओं के भविष्य की आशाओं को ही जहर दे दिया है। जो सरकार उम्मीद को मार दे, वह न तो वर्तमान को सुधार सकती है न भविष्य को संवार सकती है। सरकार आशा का प्रतीक होनी चाहिए, निराशा का नहीं। जनता चाहती है कि हर समस्या के लिए बीते कल को जिम्मेदार ठहराने के बहाने छोड़े और आने वाले कल की बात करें। अगले हजार साल के झूठे सपने दिखाने वाले अगले महीने होने वाली परीक्षाओं के लीक न होने की गारंटी सरकार कब लेगी? जनता अब न तो किसी बहकावे में आएगी न किसी के बहलावे-फुसलावे में आएगी, जो लोग कहते हैं कि अमृत काल की बात करने वाले जनता का जागरण काल आ गया है, इस सदन में नये जागरण के अनेक नये प्रतिनिधि बैठे हुए हैं। अब बात होगी तो सच्ची बात होगी, जनता के सामने पूरी सच्चाई और जिम्मेदारी के साथ हम लोग बात रखेंगे।

अध्यक्ष महोदय, एक जीत और हुई है। मैं जानता हूं सत्ता पक्ष वाले लोग समझ गए होंगे। अयोध्या की जीत भारत के परिपक्व मतदाता की लोकतांत्रिक समझ की जीत है। हम यही सुनते आए हैं:

“होई वही जो राम रचि राखा, यह है उसका फैसला।

होई वही जो राम रचि राखा, यह है उसका फैसला

जिसकी लाठी में नहीं होती आवाज

जो करते थे किसी को लाने का दावा

वो हैं खुद किसी के सहारे के लाचार”

मैं फिर कह देना चाहता हूं,

होई वही जो राम रचि राखा,

यह है उसका फैसला, जिसकी लाठी में नहीं होती आवाज

जो करते थे किसी को लाने का दावा

वे हैं खुद किसी के सहारे के लाचार।

हम अयोध्या से लाये उनके प्रेम का पैगाम,

जो सच्चे मन से करते हैं सबका कल्याण।

सदियों में जन-जन गाता है जिनकी गान,

अभयदान देती जिनकी मंद-मंद मुस्कान,

मानवता के लिए उठता जिनका तीर कमान।

अध्यक्ष महोदय,

जो असत्य पर सत्य की जीत का है नाम,

ऊफनती नदी पर जो बांधे मर्यादा के बांध,

वह हैं अवध के राजा पुरुषोतम प्रभु राम,

हम अयोध्या से लाये हैं उनके प्रेम का पैगाम।

कुछ बातें समय और काल से परे होती हैं,

इसलिए आज यहां उत्तर प्रदेश के सदन में पढ़ा गया एक शेर याद आ गया। जो तब सही था, अब और सही साबित हो रहा है। इजाज़त हो तो अर्ज करूं,

हुजुर-ए- आला आज तक खामोश बैठे हैं इसी गम में

महफिल लूट ले गया कोई, जबकि सजायी हमने।

माननीय अध्यक्ष महोदय, जब चुनाव हुए तो मॉडल ऑफ कंडक्ट लागू हुआ। उस समय मैंने देखा कि कुछ लोगों पर सरकार मेहरबान रही और कमीशन भी मेहरबान रहा। मैं बहुत डिटेल में नहीं जाना चाहता, लेकिन कहीं न कहीं उस संस्था पर प्रश्न चिह्न लगा है। अगर उस संस्था पर प्रश्न चिह्न लगा है तो इसे लगाने वाली सरकार की वजह से ही लगा है। अगर वह संस्था, निष्पक्ष होगी तो न केवल हमारा लोकतंत्र स्वस्थ होगा, बल्कि दुनिया में हमारा लोकतंत्र और मजबूत दिखाई देगा।

अध्यक्ष महोदय, मुझे ईवीएम पर कल भी भरोसा नहीं था और आज भी नहीं है। अगर मैं 80 की 80 सीट जीत जाऊं तब भी भरोसा नहीं होगा। मैंने चुनाव में कहा था कि ईवीएम से जीतकर ईवीएम हटाने का काम करेंगे, न ईवीएम का मुद्दा मरा है और न ही खत्म होगा, जब तक ईवीएम नहीं हटेगी, हम समाजवादी लोग उस बात पर अडग रहेंगे।

माननीय अध्यक्ष जी, उत्तर प्रदेश वह प्रदेश है जिसने बीजेपी की सरकार बनवाई, एक बार नहीं, दो बार बनवाई और उसी उत्तर प्रदेश के साथ कितना बड़ा भेदभाव हुआ। मुझे याद है वह दिन जब माननीय प्रधान मंत्री जी एयर फोर्स के सबसे भारी वाहन से, हवाई जहाज से सड़क पर उतरे थे, वह अलग बात है कि उस प्रदेश के मुख्यमंत्री उनके साथ नहीं बैठ पाए थे। वहां एक्सप्रेस वे बना था और आज भी उत्तर प्रदेश में एक्सप्रेस वे बन रहे हैं, सब उत्तर प्रदेश के बजट से ही बन रहे हैं, दिल्ली की तरफ से कोई एक्सप्रेस वे नहीं दिया गया है।

मैं कहना चाहता हूं कि न केवल इन्फ्रास्ट्रक्चर में भेदभाव हुआ है, बल्कि हमें याद है कि माननीय प्रधान मंत्री जी ने बड़े पैमाने पर गांव गोद लिए थे। आप सोचिए, अगर देश के प्रधान सांसद किसी गांव को गोद ले लें और उस गांव की तस्वीर न बदले तो मैं नहीं समझता कि किसी गांव की तस्वीर दस साल में बदली होगी। माननीय प्रधान मंत्री जी की 'आदर्श गांव' योजना थी, उसके तहत उन्होंने गांव गोद लिया था।

पांच साल पहले खूब शोर हुआ था कि बनारस शहर की तरह डोमरी में चमचमाने लगेगा एक गांव, लेकिन हकीकत में कुछ नहीं हुआ। उसकी दुर्दशा वैसी की वैसी ही है। यह गांव जैसा था, वैसा ही है। टूटी सड़कें, कच्ची पगडंडियां, उखड़े और टूटे हुए ईंट के खड़ंजे, बदहाल हैंडपंप, पावरलूम

और पंखे की जाली के कारखाने को आखिर कब रफ्तार मिलेगी? उस गांव में ये सब काम होते थे और लोग इसे करते थे। खाली पड़े रसोई गैस के सिलेंडर, अंधाधुंध बिजली कटौती के बीच इस गांव के लोगों के लिए हर सुबह मजदूरी की कभी न खत्म होने वाली तलाश आखिर कब पूरी होगी? आप सोचिए, यह एक गांव की तस्वीर है। वह गांव जो कभी गोद लिया गया था, उस गांव की तस्वीर भी नहीं सुधर पाई है।

माननीय अध्यक्ष जी, भाजपा के स्मार्ट सिटी के झूठे सपने में गांव के लिए कोई जगह नहीं है। उन्होंने गांव गोद लेने की जो बात कही थी, क्या वह भी जुमला था? पता नहीं, जिस गांव को गोद लिया था, उस गांव का नाम भी किसी को याद है? मैं नाम पूछकर किसी को शर्मिंदा नहीं करूंगा, क्योंकि अगर नाम याद है तो यह और भी बुरी बात होगी कि उन्होंने नाम याद रखने के बावजूद भी कुछ नहीं किया। जिसे गोद लिया जाता है, उसे अनाथ बनाकर छोड़ देना अच्छी बात नहीं है। अगर उन तमाम गोद लिए गांवों की तस्वीर दस साल में बदली हो तो मैं सत्ता पक्ष के लोगों से कहूंगा कि सदन में जरूर इसकी बात रखें। आप जरूर बताएं। जो बात कास्ट सेंसस की उठी थी, हम उसके पक्ष में हैं। बिना कास्ट सेंसस के सामाजिक न्याय संभव नहीं है। सबको हक दिला पाना मुश्किल है। राष्ट्रपति जी के अभिभाषण में अग्निवीर को लेकर जो चिंता विपक्ष की थी और देश के नौजवानों की थी, वह चिंता वैसी की वैसी बनी है। मैं खुद मिलिट्री स्कूल से पढ़ा हुआ हूं। मेरे साथ के बहुत से लोग बड़े पैमाने पर फौज में हैं। मेरे साथ पढ़े हुए जो सीनियर थे, मैंने समय-समय पर उनसे भी जानकारी हासिल की है। बड़े-बड़े अधिकारियों से मैंने पूछा है। वे शायद आपको न बता पाएं, लेकिन दबी जुबान में उन्होंने कहा है कि देश की सुरक्षा के साथ अग्निवीर जैसी व्यवस्था लागू करने से समझौता हो रहा है।

महोदय, किसी भी देश की सबसे बड़ी प्राथमिकता यदि कोई है, तो वह देश की सीमाओं की सुरक्षा है। अग्निवीर जैसी व्यवस्था से यह कभी संभव नहीं है। हम अग्निवीर व्यवस्था को कभी स्वीकार नहीं कर सकते हैं। आज नहीं तो कल, कल नहीं बाद में, जब कभी भी सत्ता में इंडिया गठबंधन आएगा, तो अग्निवीर व्यवस्था हमेशा-हमेशा के लिए खत्म हो जाएगी। जिन्होंने कहा कि हम

किसानों की आय दो गुनी कर देंगे। आज पूरे देश का किसान देख रहा है कि उसकी आय कहां दो गुनी हो गई। सरकार बताए कि महंगाई बढ़ने पर उसकी आय कितनी होनी चाहिए। इन्फ्रास्ट्रक्चर की जो बड़ी-बड़ी बातें की गई थीं कि एमएसपी लागू करने के लिए एग्रीकल्चर सेक्टर का इन्फ्रास्ट्रक्चर तैयार होगा, लेकिन जहां तक मैंने उत्तर प्रदेश में देखा है, अगर इस सरकार में एक भी नई मंडी बनी हो, तो मुझे सरकार बता दे।

महोदय, जो इन्फ्रास्ट्रक्चर एग्रीकल्चर सेक्टर में बनाने की बात कही गई थी, अगर सरकार की तरफ से एक भी मंडी 10 साल में बनी हो, तो सरकार जरूर बताए। जो सरकार मंडी नहीं बना सकती है, उस पर एमएसपी का भरोसा कैसे कर सकते हैं? आपके माध्यम से मैं यही कहूंगा कि राष्ट्रपति जी के अभिभाषण में जो लीगल गारंटी एमएसपी को मिलनी चाहिए थी, वह क्रॉप्स को नहीं मिली है। न केवल फसलों को मिले, बल्कि हॉर्टिकल्चर क्रॉप्स को भी एमएसपी देने का फैसला हो, जिससे हमारा किसान खुशहाल हो सके। साथ ही साथ ओपीएस की बात अभिभाषण में नहीं आई है। ओपीएस लागू हो, जिससे हमारे तमाम सरकारी कर्मचारियों का भविष्य बन सके।

देश की एक बड़ी आबादी, जहां से मैं चुनकर आता हूं, वहां और देश के कोने-कोने में बुनकर समाज के लोग बड़े पैमाने पर रह रहे हैं, लेकिन बुनकरों को जो सुविधाएं मिलनी चाहिए, वे भी इस सरकार में नहीं मिल पा रही हैं। पिछली प्रदेश सरकारों ने बुनकरों के लिए जो योजनाएं चलाई थीं, वे भी बंद कर दी गई हैं। मैं अंत में इतना ही कहना चाहूंगा कि इस सरकार ने नौजवानों को नौकरी नहीं दी है, बल्कि नौकरी और रोजगार उनसे छीने हैं।

अत: मैं कहना चाहता हूं कि आपके राज में न नौकरी की उम्मीद है, न रोजगार। आपने छोटे कारोबारी को इतना छोटा बना दिया है कि न तो वह अपना पेट भर सकता है, न किसी को नौकरी पर रख सकता है। जो पद निकलते भी हैं, तो उन पर लेटरल एंट्री के नाम से पिछले दरवाजे से कुछ खास संगी-साथियों को रख लिया जाता है। आरक्षण का हक 'नॉट फाउंड सुटेबल' के नाम पर हड़पा जा रहा है। महोदय, आरक्षण के साथ इतना खिलवाड़ किसी सरकार ने नहीं किया होगा, जितना इस सरकार ने किया है। सरकारी नौकरियां इसलिए नहीं दी जा रही हैं, क्योंकि उन्हें आरक्षण देना पड़ेगा।

जिस प्रदेश से मैं आता हूं, वहां सबसे बड़े पैमाने पर नौजवान बेरोजगार है। पिछले 10 सालों में उन्होंने जो क्वैश्चन पेपर लीक कराये हैं, वे इसीलिए कराये हैं, ताकि नौकरी न देनी पड़े। अगर नौकरी देनी पड़ेगी तो उन्हें आरक्षण भी देना पड़ेगा। यह जान-बूझकर सरकार नौकरी और आरक्षण के साथ खिलवाड़ कर रही है।

अध्यक्ष महोदय, मैं अंत में इतना ही कहना चाहता हूं कि आशा है यह सरकार तब तक चलेगी, जब तक उसके केंद्र में इस देश का हरेक गरीब, शोषित, वंचित, पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक, आदिवासी महिला, युवा, छोटा कारोबारी, ईमानदार नौकरी पेशा आम आदमी, कर्मचारी-अधिकारी, मजदूर और किसान होगा, न कि धनवान होगा। शासन के आधार पर संविधान होगा व जुमलों की जगह सच में महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, गरीबी, भुखमरी, साम्प्रदायिक हिंसा, दलित व महिला उत्पीड़न और समाजिक अन्याय जैसे मूलभूत मुद्दों का समाधान होगा। भोजन, बिजली, पानी, दवाई और पढ़ाई जैसी बुनियादी जरूरतों के लिए कागजी योजनाओं की जगह सच में इंतजाम होगा। … (व्यवधान)

मैं एक बार फिर उत्तर प्रदेश की समझदार जनता द्वारा सबसे बड़ी पार्टी चुने जाने के साथ-साथ इंडिया गठबंधन समाजवादी पार्टी और कांग्रेस को सबसे ज्यादा सीटें जिताने के लिए बहुत-बहुत धन्यवाद और आभार प्रकट करता हूं। मुझे उम्मीद है कि अगली बार जब राष्ट्रपति जी का अभिभाषण हो, वह सरकारी भाषण न हो। सच्चाई के साथ सरकार अपनी बातें रखे।

अध्यक्ष महोदय, इन्हीं शब्दों के साथ मैं आपको बहुत-बहुत धन्यवाद देता हूं।

**श्री संतोष पांडेय (राजनंदगाँव)** : माननीय अध्यक्ष महोदय, मैं आपके प्रति कृतज्ञ हूं कि आज आपने मुझे कीमती समय देकर बोलने का अवसर प्रदान किया। मैं सबसे पहले अपने छत्तीसगढ़ और उन राजनंदगाँव क्षेत्र की समस्त जनता और मतदाता का भी आभार प्रकट करता हूं। मैं आप सभी वरिष्ठजनों के प्रति कृतज्ञ हूं और मैं आप सभी को हृदय से शुभकामनाएं देता हूं।

महोदय, कल जब से चर्चा शुरू हुई, वह रात के 12 बजे तक चली। जिस प्रकार से अभी अखिलेश जी बोल रहे थे और कल जब शुरूआत हुई तो नेता प्रतीपक्ष राहुल गांधी जी ने जिस प्रकार की बातें की, आज जब अखिलेश जी ने शेरो-शायरी और गजल की पंक्तियों से शुरूआत की तो मैं भी यह बता दूं कि अखिलेश जी-

"ज़रा सा क़ुदरत ने क्या नवाज़ा आके बैठे हो फलसफे में
तुम्हारा लहजा बता रहा है, तुम्हारी दौलत नई-नई है।"

यहां जितने भी लोग बैठे हैं, ये सब उसी प्रकार की बातें कर रहे हैं।

अध्यक्ष महोदय, मैं बताना चाहूंगा कि माननीय नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी जी बार-बार भगवान शंकर का फोटो दिखा रहे थे। वे भगवान भोलेनाथ हैं। वे भगवान शंकर हैं। यह आपकी फितरत में है। आपने छत्तीसगढ़ में, मैं नाम नहीं लूंगा, आपके पूर्व मुख्यमंत्री ने छत्तीसगढ़ को निपटा दिया और वे लोक सभा चुनाव में भी आकर निपट गए। वे महादेव जी के नाम से सत्ता चला रहे थे, जिसे छत्तीसगढ़ की जनता ने निपटा दिया। आपको ध्यान होगा कि 6000 करोड़ रुपये से ऊपर का सट्टा, जिसका संचालन आपके पूर्व मुख्यमंत्री ने किया था। भगवान शंकर को ऐसे आसानी से न लें और बात-बात में चित्र दिखाने की कोशिश न करें।

राहुल गांधी जी, आपने जो शुरूआत की है, आपने जिस प्रकार से हिन्दुत्व को लेकर, हिन्दू को लेकर और भारतीय जनता पार्टी के लोगों को हिंसक कहा है, मैं आपसे कुछ प्रश्न पूछना चाहता हूं और मैं माननीय अध्यक्ष महोदय जी के सामने इस सदन में रखना चाहता हूं कि क्या हिन्दू हिंसक हो रहा है? क्या भाजपा हिंसा की बात करती है? इस हिन्दुस्तान के अंदर हिंसा कौन फैला रहा है? हिन्दू

समाज कितना हिंसक हुआ है? कितना हिंसक ये तथाकथित शांतिप्रिय समाज है? यह पूरा भारत जनता है, क्या कर्नाटक में प्रवीण नेत्तारू की हत्या हिन्दू समाज की भीड़ ने की थी?

राजस्थान में कन्हैया लाल (टेलर) की गला रेतकर हत्या क्या हिन्दू समाज ने की थी? क्या हिन्दू समाज है, जो अलग-अलग जगहों पर हंगामा खड़ा कर रहा है? पूरे हिन्दुस्तान में जिस तरीके की घटनाएं हो रही हैं, राहुल गांधी जी ने आपने एक सवाल किया है कि जम्मू-कश्मीर में बम विस्फोट करने वाला किस समाज का है? जम्मू-कश्मीर पर हमला करने वाले किस समाज से आते हैं? … * ज़िदाबाद का नारा लगाने वाले किस समाज के हैं? आपने संसद के अंदर इसकी शुरुआत की है। संसद के अंदर आपने चिल्ला-चिल्लाकर जिस प्रकार की बातें की हैं, यहां की परंपराओं को तोड़ने की कोशिश की गई है। मर्यादा को तार-तार करने की कोशिश की गई है। किंतु हमारी यह उच्च परंपरा रही है, आप इसमें सफल नहीं हो पाएंगे।

राहुल गांधी जी, आप संसदीय पाठ न पढ़ाएं। आज आपने जिस प्रकार से हिन्दुत्व का अपमान किया है, आपने कल जो शुरू किया था, आपकी ही पार्टी के उत्तर प्रदेश के एक सांसद ने कहा है, उन्होंने छत्तीसगढ़ की बात की थी। इमरान मसूद जी ने छत्तीसगढ़ में मॉब लिंचिंग की बात की है। मैं सदन को यह बताना चाहता हूं कि वे छत्तीसगढ़ में कौन-सा काम करने के लिए गए थे। क्या आपको मालूम है? कैसे रात के अंधेरे में वह नदी में कूद गए। आप ये फालतू की बात न करें। छत्तीसगढ़ में जिस प्रकार की मॉब लिंचिंग पूर्व मुख्यमंत्री के समय हुई थी, आप उनकी बात बताइए।

मैं आज सदन को यह बताना चाहता हूं कि जब हिन्दुत्व की बात होती है, तब मुझे अटल जी की कुछ पंक्तियां याद आती हैं -

"हिन्दू तन-मन, हिन्दू जीवन, रग-रग हिन्दू मेरा परिचय,
मैं आदि पुरुष, निर्भयता का वरदान लिए आया भू पर,
पय पीकर सब मरते आए, मैं अमर हुआ लो विष पीकर,
मुझको मानव में भेद नहीं, मेरा अंतःस्थल वर विशाल,

* Not recorded.

जग के ठुकराए लोगों को, लो मेरे घर का खुला द्वार,
अपना सब कुछ लुटा चुका, फिर भी अक्षय है धनागार,
मेरा हीरा पाकर ज्योतित परकीयों का वह राजमुकुट,
यदि इन चरणों पर झुक जाए, कल वह किरीट तो क्या विस्मय,
हिन्दू तन-मन, हिन्दू जीवन, रग-रग हिन्दू मेरा परिचय।
होकर स्वतंत्र मैंने कब चाहा है, कल लूं जंग को गुलाम?
मैंने तो सदा सिखाया, करना अपने मन को गुलाम,
गोपाल-राम के नामों पर कब मैंने अत्याचार किए?
कब दुनिया को हिन्दू करने घर-घर में नरसंहार किए?
भू-भाग नहीं, शत-शत मानव के हृदय जीतने का निश्चय,
हिन्दू तन-मन, हिन्दू जीवन, रग-रग हिन्दू मेरा परिचय।"

ये हिन्दुत्व है। आपने हिन्दू, हिन्दू समाज और हिन्दुस्तान को बदनाम करने की कोशिश की है।

आदरणीय अध्यक्ष महोदय, पिछले 10 सालों में माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने जो काम किए हैं, यदि मैं यह कहूं कि मोदी जी हैं, तभी वह मुमकिन है। उस काम की शुरुआत नहीं, बल्कि डिलीवरी हुई है, जिन्हें पूरा करना ही असंभव लगता था। मोदी जी हैं, तभी वह गुंजाइश अभी भी बनी हुई है। कश्मीर में मोदी जी असंभव को संभव कर दिया। ये वे काम हैं, जिसने चीन को भी पीछे छोड़ दिया है। जिसे दुनिया का 8वां अजूबा कहा जा रहा है, पड़ोसी देश भी कहीं उस मुकाबले में नहीं हैं। जम्मू-कश्मीर में एक ऐसा प्रोजेक्ट बनकर तैयार हो चुका है, जिसकी धमक पूरी दुनिया में सुनाई दे रही है।

अध्यक्ष महोदय, कश्मीर का चिनाब रेल ब्रिज दुनिया का सबसे ऊंचा रेल ब्रिज है। वह रेल ब्रिज न सिर्फ बनकर तैयार है, बल्कि ट्रेन्स दौड़ाकर देखी जा चुकी हैं, उसका ट्रायल हो चुका है। पहले सिर्फ नारे लगते थे, हम कहते थे कि कश्मीर से कन्याकुमारी तक है, किंतु उसे सार्थक करने का काम

माननीय नरेन्द्र मोदी जी ने किया है । दुनिया का सबसे ऊंचा चिनाब रेल ब्रिज बनाया है । यूएसबीआरएल यानी उधमपुर-श्रीनगर-बारामूला रेल लाइन प्रोजेक्ट के निर्माण पर पूरी दुनिया की निगाह टिकी हुई थी, उसको माननीय मोदी जी ने पूरा किया है । भारत ने कर दिखाया है, पूरी दुनिया भारत का लोहा मान रही है ।

अध्यक्ष महोदय, नदी की सतह से इस पुल की ऊंचाई 359 मीटर है । यह पुल एफिल टॉवर से भी 35 मीटर ऊंचा है । जहां लोग फोटो खिंचाने जाते हैं और उसका नाम लेते हैं, यह पुल उससे भी 35 मीटर ऊंचा है । हमारे देश में बने कुतुब मीनार से यह पांच गुना ऊंचा है ।

माननीय अध्यक्ष महोदय, मोदी जी ने हर मुश्किल को संभव किया है । ठीक वैसे ही जैसे कोरोना काल की महामारी में अंतर्राष्ट्रीय बीमारी के कारण पूरी दुनिया में त्राहि-त्राहि मची हुई थी । विदेश के लोग कहते थे कि भारत में इतनी बड़ी आबादी है, उसका क्या होगा? किंतु इस कोरोना के तूफान से भी राष्ट्र की कश्ती को सुरक्षित बाहर निकालने का काम यदि किसी ने किया है, तो वह इस देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने किया है । कोविशील्ड और कोवैक्सीन का निर्माण ही नहीं कराया, बल्कि संसाधन मुहैया कराएं । लैब के वैज्ञानिकों को प्रोत्साहित करते रहे । देश के लोगों को 300 करोड़ से अधिक वैक्सीन की डोज़ लोगों को मुहैया करायी है । इतना ही नहीं, उन्होंने दुनिया के अन्य देशों को भी सब प्रकार की सुविधाएं दीं । उस समय भी उन्होंने आत्मनिर्भर भारत के मंत्र को नहीं छोड़ा ।

अध्यक्ष महोदय, उस तरफ बैठने वाले यह नहीं चाहते थे कि वैक्सीन भारत में निर्मित हो । ये तो फाइज़र की वकालत कर रहे थे, विदेशी कंपनियों की वकालत कर रहे थे । ये सेन्ट्रल विस्टा प्रोजेक्ट का भी निर्माण नहीं चाहते थे, ये जीएसटी का कलेक्शन नहीं चाहते थे । डर्टी पॉलिटिक्स इनके रक्त में है । माननीय प्रधानमंत्री जी हार नहीं मानने वालों में से हैं, उन्होंने गतिरोधों को दूर किया । नए ऑक्सीजन प्लांट्स बनाए, मुफ्त टीकाकरण, ऑक्सीजन रेल ने ताकत दी, नए वेंटिलेटर्स का निर्माण किया, नए अस्पतालों का निर्माण किया । उस समय देश में एक ही कोविड सेंटर हुआ करता था, उन्होंने हजारों कोविड सेंटर्स स्थापित किए । पहले पीपीई किट नहीं बनती थी, आज हम लार्जेस्ट

प्रोड्यूसर हैं । ऑक्सीजन एक्सप्रेस चलाई, कॉरिडोर बनाया गया । एयरपोर्ट पर टैंकर दिए, क्रॉयोजेनिक्स से लाने की बात की गयी। इसमें पीएम केयर्स फंड की बहुत महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

माननीय अध्यक्ष महोदय, 80 करोड़ लोगों को मुफ्त में अनाज देने का काम किया गया है। मैं यह कहूंगा कि ये केवल सिर्फ गरीबों के बारे में केवल चर्चा करते रहे हैं, किंतु यदि गरीबों की, मजदूरों की और अंत्योदय के लिए कोई सरकार है, तो माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी की सरकार है । आज पूरा देश उस पर गर्व कर रहा है। चाहे रक्षा का क्षेत्र हो, चाहे शिक्षा का क्षेत्र हो, चाहे पेयजल का क्षेत्र हो, यदि किसी ने राष्ट्र की सर्वांगीण उन्नति के लिए काम किया है, तो माननीय मोदी जी ने किया है। मैं महामहिम राष्ट्रपति जी के अभिभाषण के धन्यवाद प्रस्ताव पर बोलते हुए, अपनी बात को समाप्त करता हूं। आपने मुझे बोलने का अवसर दिया, उसके लिए मैं आपका बहुत-बहुत आभारी हूं।

**SHRI KALYAN BANERJEE (SREERAMPUR):** Hon. Speaker Sir, thank you for giving me the opportunity to deliver the speech on the President's Address.

The hon. President of India read her speech which was drafted by the Union Government led by Shri Narendra Modi ji, the hon. Prime Minister. In the President's Address, the role of the Election Commission of India has been praised. What she could have done except praising! We have great respect for the Election Commission of India and all the Constitutional bodies. The standard of conducting an election in a fair manner was really and seriously set up by Shri T. N. Seshan when he was the Election Commissioner. If we look at it from outside one may come to the conclusion that this time also, the election was conducted. But repeatedly, during the election, all of us, including our leader, the hon. Chief Minister Mamata Banerjee, raised so many questions about the role of the Election Commission of India.

Now, the question is this. Has the Election Commission of India conducted the elections in 2024 impartially?

In our State, the ... * had acted on the basis of the desire of the Bhartiya Janata Party leaders. A good number of police officers right from DG to OC were transferred because of the desire of the BJP leaders and not only that, before effecting such transfers, the Leader of the Opposition of the State Assembly in a public speech said that these officers will be transferred, these officers will be transferred, these officers will be transferred! … (*Interruptions*) He was saying this in his public speech and the ...* acted on the dictation of the Bhartiya Janata Party

---

* Expunged as ordered by the Chair.

leaders. At every stage, every time, the ... * intervened and interfered in the election process. But when we lodged the complaint against the BJP candidates and their leaders, no step was taken. They have won 10,000 votes, 7000 votes, or 8000 votes only because of the blessings of the ...*. Otherwise, you would not have seen these 12 MPs from the Bhartiya Janata Party from West Bengal.

What did the CISF do? The CISF personnel were threatening the voters to cast vote in favour of the Bhartiya Janata party. Do you know that in the fifth phase of election, that was the date of my constituency election and Sajda Ahmed's constituency elections, on the previous night, the CISF personnel entered the House, molested two women. … (*Interruptions*) Yes, they did. … (*Interruptions*)

One woman is from Uluberia and the other woman is from Jangipara. It is a shame on ...*, that his CISF entered the House. … (*Interruptions*)

**माननीय अध्यक्ष :** माननीय सदस्य, आप वरिष्ठ सदस्य हैं।

… (व्यवधान)

**श्री कल्याण बनर्जी :** क्यों नहीं बोलेंगे? बोलना होगा । … (*Interruptions*) Why was the seventh phase of the election conducted? … (*Interruptions*) The election was conducted for three months. Who did they want to accommodate? … (*Interruptions*)

**माननीय अध्यक्ष :** माननीय सदस्य, आप वरिष्ठ सदस्य हैं। हमें चुनाव आयोग जैसी संस्थाओं पर निष्पक्षता का सवाल न उठाए तो ठीक रहेगा।

… (व्यवधान)

---

* Expunged as ordered by the Chair.

**SHRI KALYAN BANERJEE:** Sorry, I could not have done that.

**माननीय अध्यक्ष :** बी. महताब जी, आप क्या बोलना चाहते हैं?

**SHRI BHARTRUHARI MAHTAB (CUTTACK):** Mr. Kalyan Banerjee is a very senior Member and he is a very learned person. He is a very eminent jurist also. My only request to you, Sir, is that when we make allegations on an individual or an institution, there is a provision in the rules that he or she should be given an opportunity to reply. I do not find that there is anyone in this House, who can stand up on behalf of Election Commission to reply...(*interruptions)*

**माननीय अध्यक्ष :** आप रूल 353 देख लें।

…(व्यवधान)

**SHRI BHARTRUHARI MAHTAB:** Sir, keeping that in mind, I would request Kalyan Banerjee Sir to consider that. … (*Interruptions*). Please consider that. … (*Interruptions*)

**SHRI KALYAN BANERJEE:** I would not have raised the issue unless in the Speech it has not been written. It reads, "I also express my gratitude to the Election Commission of India on behalf of crores of Indians today. This was the largest election in the world." I am opposing that.… (*Interruptions*). Why have you brought the Election Commission into the Speech? … (*Interruptions*). If you brought it in the President's Address, you have to hear, Mr. Mahtab. … (*Interruptions*). You must have tolerance to hear now. … (*Interruptions*) You have gone to that side. Now, you increase your patience. … (*Interruptions*) You increase your tolerance. … (*Interruptions*) This is written here. … (*Interruptions*) I go by the law. … (*Interruptions*) अभी इतना गुस्सा आ गया, आप बाद में देखना कि क्या

होगा?…(व्यवधान) अभी-अभी इतना गुस्सा । …(व्यवधान) Why was the election held in seven phases? Why? And why for two months and 15 days? Why? …(*Interruptions*) Why has the entire development of the country been stopped? Why? … (*Interruptions*) It was done to accommodate ... * to go all over the States. … (*Interruptions*)

**माननीय अध्यक्ष :** यह गलत है। चुनाव आयोग निष्पक्ष है, निर्विवाद है, वह अपनी तारीख खुद तय करता है।

…(व्यवधान)

**श्री कल्याण बनर्जी :** नहीं, we are saying this. … (*Interruptions*) This is the charge against the Election Commission of India. … (*Interruptions*).

Sir, speeches have been delivered. Hatred speeches have been delivered. Hatred speeches against the minority community and Muslims have been delivered. … (*Interruptions*) What steps have been taken by the Election Commission of India against them? … (*Interruptions*) Only steps were taken against the Opposition. … (*Interruptions*) All the steps against the Opposition leaders were taken. … (*Interruptions*)

Now, I come to another chapter. I will go into it one by one. माननीय प्रधान मंत्री, हम आपका बहुत रिस्पेक्ट करते हैं। आप देश के माननीय प्रधान मंत्री हैं। आप एज में सीनियर हैं। आपने ही कल कहा है कि जो सीनियर हैं, उनकी इज्जत करनी चाहिए। हम लोग इज्जत करते हैं, but I am in the Opposition. I have to criticize also. This is my role, and that is why, people of Sreerampur Parliamentary constituency have chosen me by a margin of 1,75,000 votes. मोदी जी के वोट से बहुत ज्यादा। Modi Ji, why are you showing so

---

* Expunged as ordered by the Chair.

much hatred, vindictive attitude towards the Opposition? Why? In a democracy, Opposition parties will always criticize the Ruling Party. That is the fundamental job of the Opposition parties. Why do you hate all the Opposition leaders all the time or spread hatred towards the Opposition or towards the minorities?

Since 10 long years, I have never heard any sweet words or any soft words from Modi Ji as far as the Opposition is concerned. … (*Interruptions*) I have never heard any words of praise from the hon. Prime Minister for the Opposition. … (*Interruptions*) I have never heard any praise for the Chief Ministers who are there in the non-BJP ruled States. Nowhere have I heard that. … (*Interruptions*) With great pain, I am saying so.

In our State, you hate our Chief Minister, Mamata Banerjee; in Tamil Nadu, you hate Mr. Stalin; in Delhi, you hate Arvind Kejriwal; in Jharkhand, you hate Hemant Soren; in Maharashtra, you hate Uddhav Thackeray; in Uttar Pradesh, you hate Akhilesh Yadav. … (*Interruptions*)

**12.00 hrs**

In Karnataka, you hate Siddaramaiah. Anyway, that is the reason … (*Interruptions*) If you are arrogant, I do not mind. But today, time has come to oversee this arrogancy yourself. … (*Interruptions*) This arrogancy, this hatred, this vindictiveness has downgraded the popularity of Mr. Narendra Modi in India itself. You must appreciate that this is the point which you have taken.

What is called stable Government with clear majority? Since BJP has lost 63 seats and is not having majority, you wish to redefine the term 'stable Government' on the basis of the strength of other political parties. You are

rewriting the term 'stable Government'. It is a fantastic procedure. आपने बोला था न, अब की बार 400 पार। आपने बोला था।… (व्यवधान) सर, खेल शुरू हो गया था। खेल तो बहुत से हैं।… (व्यवधान) Chu-kit-kit भी खेल है। Chu-kit-kit में चू धरा 400 में, kit-kit-kit-kit में कितना हुआ 240. उस गेम में भी हार गए।… (व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** आप इधर एड्रेस कीजिए।

**श्री कल्याण बनर्जी :** सर, मैं तो आपको ही देख रहा हूं। मैं किसी और को नहीं देख रहा हूं। एक बार साइड से देखने से… (व्यवधान) सर, सुनिये। आपसे ज्यादा स्मार्ट इधर कोई नहीं हैं, कोई जेंटलमैन नहीं हैं, जो उनको देखेंगे। गुड एक्ट्रेस भी आई, लेकिन उनको नहीं देखता हूं, मैं आपको ही देखता हूं। सिर्फ आपको ही देखता हूं। आप ही मेरे अंदर में हैं। … (व्यवधान)

Remember your attitude towards the Opposition. You could not fulfil your promise whatever promise you made in every field either in 'Mann Ki Baat' or in 'Dil Ki Baat'. मोदी जी की गारंटी है, लेकिन मोदी जी की गारंटी में वारंटी नहीं है। Public knows that there is no warranty. … (*Interruptions*) गारंटी है लेकिन वारंटी नहीं है।… (व्यवधान) Sir, please keep in mind that I am addressing you. Please keep in mind that this NDA Government secured around 48.86 per cent votes including 8.3 per cent in NDA. The total percentage is 48.86 per cent. What did INDIA bloc get? INDIA bloc secured 51.14 per cent votes. … (*Interruptions*) There is a change. Of course, suddenly, there is a change in the country itself. What has the hon. President of India said? She said what has been done. Change is this. There is an unstable Government and on the other side, there is a strong Opposition in the country. … (*Interruptions*) आपको हर पल, हर दिन याद रखना होगा। हम लोग अनस्टेबल हुए और इंडिया ब्लॉक ज्यादा स्टेबल है, ज्यादा सख्त है।… (व्यवधान) हम इधर जो बोलेंगे, सिर्फ पार्लियामेंट में नहीं, पार्लियामेंट के बाहर भी लड़ाई चलेगी। पॉलिटिकल लड़ाई चलेगी। ये ज्यादा दिन

नहीं रहेंगे। सिर्फ महाराष्ट्र के इलैक्शन होने दीजिए, उत्तर प्रदेश के इलैक्शन होने दीजिए, उसके बाद यह गवर्नमेंट डेढ़ वर्ष में साफ हो जाएगी। इधर कोई नहीं रह सकता है। … (व्यवधान) In our country, excepting the Emergency days, never has any Prime Minister misused his or her power for targeting the Opposition leaders by using ED and CBI like what has happened in this Government. … (*Interruptions*) You are claiming a stable Government. While we are habituated to see Narendra Modi ji, Prime Minister coming here, entering into the Parliament, standing on his feet, delivering the speech with all confidence, but now what do we see? Now we see that the Prime Minister is entering into the Parliament with two crutches.

One crutch is Nitish ji's Party and another crutch is Naidu Babu's Party. वे दो क्रचेज लेकर चलते हैं। He will be moving around all over India with two crutches. Not only in India, he will be moving around internationally with two crutches. Earlier, we have seen that our hon. Prime Minister was having so much confidence in him. But today, he is not having that confidence in him.

You have always blamed us that the corrupted leaders assembled and created Opposition-bloc of INDIA alliance. That is the allegation against us. Modi ji has said this all the time. Today also, he will say this thing. But I have a simple question to ask. Modi ji, what about Shri Chandrababu Naidu? What about Shri Ajit Pawar? What about Praful Patel? Did CBI and ED arrest Shri Chandrababu Naidu? Why are these cases still pending?

**माननीय अध्यक्ष :** माननीय सदस्य, जो सदस्य यहाँ के मेम्बर नहीं हैं, उनका नाम न लें।

**श्री कल्याण बनर्जी :** ठीक है। Then, what about the TDP leaders? मैं चेंज कर देता हूँ। What about the NCP leaders? Are they not corrupted? Why was the top leader of

TDP not arrested by the ED/CBI? Why is it so? He has become now honest. देखिए, बीजेपी के साथ रहने के बाद वाशिंग मशीन में कैसे क्लीन हो गये। वे ऐसे क्लीन हो गये... (व्यवधान) Now, what political compulsion is there? फेट देखिए । क्या पॉलिटिकल कमपल्शन है कि आपको भी डिसऑनेस्ट, करप्ट लीडर्स को लेकर सरकार बनाना पड़ता है। यही फेट है।... (व्यवधान)

In May, 2024, during the course of the conduct of the General Elections to the Lok Sabha, Shri Narendra Modi and Shri Amit Shah ji gave television interviews as part of their political campaign and asked people to buy shares before 4th June, 2024. Amit Shah ji said, “You can buy before 4th June. This market will shoot up”. The stock market crashed spectacularly after the declaration of results on 4th June, leading to heavy losses of around Rs. 31 lakh crore of the investors. The modus operandi of this was that all the *Godi* media predicted more than 356-BJP led seats in India in exit polls. All the *Godi* media predicted inflated results for BJP almost in all States. And in our State, it was claimed that the BJP would get 29 to 31 seats; whereas the results showed only 12 seats. It is because of the prediction of the *Godi* media in the exit polls that the stock market saw an unprecedented rally on 3rd June. It is also important to note that the agency ‘Axis My India’ was also hired by the BJP to conduct election survey for the BJP Party.

Hon. Speaker, Sir, since you have asked me not to take any name, I will not take the name. ... * Now, who will conduct the investigation? No investigation has been conducted. It is because they are on that side.

Hon. Speaker, Sir, in the Presidential Speech, it has been written at serial number 3 that this has happened after six decades. … (*Interruptions*) Sir, I have twenty-five minutes. Please allow me to speak.

Hon. Speaker, Sir, this Government has interfered with the federal structure of the State. The Government wants to run this country disobeying the non-BJP ruled State Governments. The Government has even gone to the extent of discussing water sharing issues relating to Ganga and Teesta rivers with the hon. Prime Minister of Bangladesh without having the views and participation of the hon. Chief Minister of the State of West Bengal.

Such unilateral deliberations and discussions without consultations and opinion of the State Government is neither acceptable and desirable. Our hon. Chief Minister Mamata Banerjee by a letter dated 24th June, 2024 pointed out such unacceptable and undesirable attitude of the hon. Prime Minister. You have ignored paramount interest of the people of the West Bengal.

What are Governors doing? Why have they been appointed in the non-BJP States? Is the Central Government running a parallel Government through the ...* When will such discussions take place? We are going on with these things for the last three years. We are asking for a discussion on this issue of Governors in the non-BJP States. What are they doing? Two MLAs are holding *dharna*. Do you

* Expunged as ordered by the Chair.

know the reason? The reason is that they have to go to the Governors House to request him. If you ask the Members of Parliament to go to the Rastrapati Bhawan and take oath, what will you feel? Tell me. This kind of thing is being done. This is ridiculous.

Three *Sanhitas* were brought. At that time, you have suspended 140 MPs. We were outside. No discussion has happened from our side. You make a big claim that colonial law is being replaced. Very good. I have no objection. But, why? In these laws, 90 per cent provisions in toto have been made from the old laws. Some cosmetic changes are in the new laws. Cosmetic changes are there. Title has been changed. You have got enough time to give a complete new code. A man like Bhupender Yadav is there with you. He was the Chairman of the Standing Committee on Law for five years. I worked with him. He is a very nice man. So many lawyers are there. Why could you not take help from them? इस नए लॉ के लिए आपके दिमाग में क्यों नहीं आया? … (व्यवधान) अभी तो आप ब्रिटिश लॉ को लेकर चल रहे हैं । … (व्यवधान) It has ninety per cent provisions of the British laws and title is only in Hindi or in Sanskrit. You are claiming that you have brought a new law in this country. सर, मुझे तो बहुत-कुछ बोलना था, आप मेरे से क्यों इतना रूठ गए हैं? … (व्यवधान) आज आप क्यों मुझसे बहुत रूठ गए हैं? … (व्यवधान) मैं क्या करूंगा, सर? … (व्यवधान) मैं आपसे 'न' नहीं बोल सकता, यही मेरी दिक्कत है । … (व्यवधान) I will give data on 3-4 points. I can say no to my wife but I cannot say no to you. That is the whole problem of mine.

Sir, in 2014, the Global Competitive Index Ranking was 60 out of 141 countries. In 2019, it was 68 and in 2023, it has gone down to 65.

GDP growth was 7.41 per cent in 2014, in 2019, it was 3.74 per cent and in 2023, it was 7.6 per cent. India's foreign loan in 2017 was 446.2 billion US dollar. In 2019, it was 543.1 billion US dollar and in 2023, it was 663.8 billion US dollar. आप लोग महिलाओं के लिए बहुत बोलते हैं न? … (व्यवधान) आप कब मणिपुर गए? … (व्यवधान) अरे, बसीरहाट में तो बहुत कुछ हुआ है। … (व्यवधान) तीन लाख से ज्यादा वोटों से जीते। … (व्यवधान) संदेशखाली के लिए तो बहुत बोला है। … (व्यवधान) रेखा जी को फोन करके बोला कि उधर खड़ी हो जाइए। … (व्यवधान) एक बार वहां नहीं गए। … (व्यवधान) श्री प्रहलाद जोशी जी, बताइए? … (व्यवधान) एक बार प्राइम मिनिस्टर या कोई वुमेन मिनिस्टर किसी इफेक्टिड वुमेन को फोन करके नहीं बोल सकती थी कि बेटी, तू देश की बिटिया है, तू मेरी बिटिया है, हम तुझको देखेंगे। … (व्यवधान) यह बात नहीं बोल सके? … (व्यवधान)

The crime against women reported per lakh population in country is like this. In 2014, it was 56.3. In 2019, it was 66.4 and in 2023, it was 75.8.

The total number of cases of crime against women in 2014 was 3,37,922. In 2019, it was 3,70,503. In 2023, it was 4,00,045.

महोदय, थोड़ा शेड्यूल कास्ट के बारे में सुन लीजिए। ये शेड्यूल कास्ट के लिए बहुत रोते हैं। The number of cases of crime against SC people in 2014 was 40,401. In 2019, it was 45,961. In 2023, it was 57,522. The number of cases of crime against ST people was 6,827 in 2014. In 2019, it was 7,570. In 2020, it was 10,064. सर, आपने हमें बहुत अपॉर्चुनिटी दी है। I am very grateful to you.

**माननीय अध्यक्ष :** जितना आपकी पार्टी का समय है, मैंने उतना ही समय दिया है, ज्यादा नहीं दिया है।

**श्री कल्याण बनर्जी :** महोदय, हमारा 5 मिनट का समय और है तो वह हमें दे दीजिए।

**माननीय अध्यक्ष :** आपकी पार्टी का समय शेष है, लेकिन आपकी पार्टी की तरफ से एक और वक्ता बोलने वाले हैं।

**श्री कल्याण बनर्जी :** सर, समय है तो हमें बोलने दीजिए।

**माननीय अध्यक्ष :** नो-नो।

**श्री कल्याण बनर्जी :** सर, आप जो बोलेंगे, वह हम करेंगे। हम बैठ जाते हैं।

Thank you, Sir. I am concluding now. सर, हम कुछ नहीं माँगते हैं। माँगने की कोई बात नहीं है, जो है, वह हम लड़ाई करके, लड़कर ले लेंगे, लेकिन थोड़ा प्राइम मिनिस्टर साहब को बोलिए कि अपोजिशन की तरफ थोड़ा पोलाइट हो जाइए ।… (व्यवधान) पोलाइट हो जाइए ।… (व्यवधान) वे कैसे नींद में जाते हैं?… (व्यवधान) इतना वेन्जन्स लेकर, इतना खिलाफ होकर, अपोजिशन के खिलाफ इतनी नफरत रखकर कैसे वे नींद में चले जाते हैं?… (व्यवधान) धन्यवाद ।… (व्यवधान)

**पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री (श्री भूपेन्द्र यादव):** महोदय, हमारे साथी महताब जी ने एक विषय उठाया था। कल्याण बनर्जी जी एक सीनियर काउंसिल तो रहे हैं, ये अनपार्लियामेन्टरी वर्ड को भी जानते हैं।

**माननीय अध्यक्ष :** हाँ, उनको हटा देंगे।

**श्री भूपेन्द्र यादव :** अनपार्लियामेन्टरी वर्ड में इलेक्शन कमीशन के लिए जो कहा गया है।

**माननीय अध्यक्ष :** इलेक्शन कमीशन और राज्यपाल वाला विषय हटा दिया है।

**श्री भूपेन्द्र यादव :** सर, टीडीपी और जेडीयू से हमारा प्री-पोल अलायंस था, उनका तो कांग्रेस के साथ अलायंस भी नहीं था । हमारे अलायंस को लेकर जो इन्होंने अनपार्लियामेन्टरी कहा है, प्रधानमंत्री जी को लेकर, उसको भी हटाया जाए।

**श्री सौमित्र खान (बिष्णुपुर) :** सर, आपने मुझे बोलने का मौका दिया, इसके लिए मैं आपका आभार व्यक्त करता हूँ।… (व्यवधान)

महोदय, सबसे पहले तो मैं बिष्णुपुर लोक सभा की जनता को प्रणाम करता हूँ, जिन्होंने आज हमें तीसरी बार संसद में चुनकर भेजा है।… (व्यवधान) इसके लिए मैं अपने बिष्णुपुर की पूरी जनता को प्रणाम और नमस्कार करता हूँ।… (व्यवधान) मैंने सोचा था कि आज राष्ट्रपति जी के अभिभाषण पर बात करेंगे, लेकिन यहाँ जो माहौल बन चुका है तो कुछ न कुछ तो मुझे बोलना चाहिए।… (व्यवधान)

आप लोग हमें बोलने दीजिए।… (व्यवधान) सर, ऐसे कैसे चलेगा? सर, कल्याण दा ने इलेक्शन कमीशन को बोला है।… (व्यवधान) मेरा राष्ट्रपति महोदया को प्रणाम है।… (व्यवधान) अभी कल्याण दा इलेक्शन कमीशन के बारे में बोल रहे थे।… (व्यवधान) मैं सिर्फ यही बोलूँगा कि बंगाल में लोक सभा और विधान सभा के इलेक्शन के अलावा कोई इलेक्शन नहीं होता है।… (व्यवधान) बंगाल का एक ट्रेडिशन बन गया है कि ये राज्पाल को नहीं मानेंगे।… (व्यवधान) बंगाल का एक ट्रेडिशन हो गया है कि ये राष्ट्रपति को नहीं मानेंगे।… (व्यवधान) बंगाल का एक ट्रेडिशन हो गया है कि ये कोर्ट को भी नहीं मानेंगे।… (व्यवधान) कल्याण दा ने जो बात कही है, ये वरिष्ठ लीडर हैं, ये मेरे वरिष्ठ नेता थे। कल्याण दा, जब इलेक्शन कमीशन ने इतना घटिया काम किया है, लेकिन सुनिए अगर पश्चिम बंगाल में इलेक्शन कमीशन और सेन्ट्रल फोर्सेज नहीं रहेगी तो वहाँ इलेक्शन कभी नहीं होगा। वहाँ कोई भी पंचायत इलेक्शन नहीं होता है। वहाँ कोई भी म्युनिसिपैलिटी इलेक्शन नहीं होता है। वहाँ पर विरोधी पक्ष के 200 आदमी से ज्यादा हमारे बीजेपी के कार्यकर्ताओं को मार दिया है।… (व्यवधान)

विरोधी पक्ष को कोई फ्रीडम नहीं है। विरोधी पक्ष से किसी को भी बोलने का हक नहीं है।… (व्यवधान) यहां मीटिंग्स होती हैं, लेकिन बंगाल में कोई मीटिंग नहीं होती है। पश्चिम बंगाल में विरोधी पक्ष के सांसद, एमएलए को कभी नहीं बुलाते हैं। यहां तो स्टैंडिंग कमेटीज की मीटिंग्स होती हैं, लेकिन वहां कुछ नहीं होता है। इलेक्शन के बाद भी बीजेपी के युवा कार्यकर्ता को मार दिया गया है।

**12.22 hrs**

(Shri Jagdambika Pal *in the Chair*)

कूच बिहार में तृणमूल वालों ने एक महिला को रास्ते पर नंगा घूमाया।… (व्यवधान) तृणमूल कांग्रेस के लोग बोल रहे हैं कि यह मुस्लिम राष्ट्र है और मुस्लिम राष्ट्र में ऐसा ही होता है। बंगाल में महिला की रास्ते पर पिटाई होती है और ये लोग महिला की बात कर रहे हैं। कल पश्चिम बंगाल के चोपड़ा में यह घटना हुई है लेकिन कोई भी शिकायत दर्ज नहीं होती है।… (व्यवधान)

**माननीय सभापति :** कल्याण बनर्जी जी, आप कृपया बैठ जाएं। कृपया आप सभी लोग बैठ जाएं। माननीय सतीश गौतम जी, आप भी बैठ जाएं।

… (व्यवधान)

**माननीय सभापति :** आप सभी कृपया बैठ जाएं। मैं आप सभी से आग्रह करूंगा कि जब अध्यक्ष जी या सभापति पीठ से खड़े होते हैं, तो उस समय सभी को शांत हो जाना चाहिए। यह 18वीं लोक सभा का पहला सत्र है। 381 नए सदस्य चुन कर आए हैं। हम जो प्रिसिडेंट कायम कर रहे हैं, इसे पूरा देश देख रहा है। जब भी अध्यक्ष जी या सभापति चेयर से खड़े हो जाते हैं, तो सभी को बैठ जाना चाहिए, चाहे पक्ष के सदस्य हों या प्रतिपक्ष के सदस्य हों। स्पीकर साहब ने सभी को बोलने का पर्याप्त समय दिया है, इसलिए शांत रह कर अन्य माननीय सदस्यों की बात को भी सुनना चाहिए। मैं आप सभी से आग्रह करूंगा कि जिस माननीय सदस्य को बोलने का अवसर दिया गया है, उसे बोलने दें। महामहिम राष्ट्रपति जी के अभिभाषण पर चर्चा में जब प्रतिपक्ष के लोग सरकार की आलोचना अपने शब्दों में कर रहे हैं, तो उसका जवाब सरकार देगी इसलिए व्यवधान न उत्पन्न करें।

भी बता दे कि हिंदू एक मक्खी मारने के लिए भी कहीं गया हो? हां, आन-बान-शान के लिए शिवाजी ने क्या किया? महाराणा प्रताप जी ने क्या किया? झांसी की रानी लक्ष्मीबाई जी ने क्या किया? यह पूरी दुनिया जानती है। जब आततायियों ने अति कर दी थी, तो चन्द्रशेखर आजाद, भगत सिंह, राजगुरू और सुखदेव ने क्या किया?

"अतिशय रगड़ करे जो कोई, अनल प्रकट चंदन से होई"

मान्यवर, आज हमारे देश में लोग फिर से किस तरह की बात कर रहे हैं? आपने यह देखा है। सारा विश्व हमें देख रहा है। विपक्ष के नेता किस तरह से हमारे ऊपर उंगली उठाते हैं और आपस में सबको लड़ाते हैं।

मान्यवर, इन्होंने उन लोगों का साथ दिया, जिन्होंने कहा कि भारत तेरे टुकड़े होंगे इंशाल्लाह इंशाल्लाह, भारत तेरी बर्बादी तक जंग रहेगी जारी। इन्होंने, हमारे विपक्ष के साथियों ने वहाँ जाकर उनकी पीठ थपथपाई है। हमारे नेता प्रतिपक्ष उस समय वहाँ जाकर खुद खड़े हुए थे। क्या यह कोई तरीका है? आखिर कैसे हम लोग एक बनेंगे, कैसे हम आगे जाएंगे? गाली-गलौच करते हैं, माननीय प्रधानमंत्री जी को विदेश में जाकर गाली दी। एक बन्धु, कांग्रेस के नेता पाकिस्तान के अंदर गए। यह हमारी बहुत बड़ी डिग्निटी, बहुत बड़ा पवित्र पद होता है, चाहे किसी पार्टी, किसी दल का हो। हम विदेश में जाकर कभी भी ऐसा नहीं कह सकते हैं। पूजनीय हैं, हमारे देश की साख खराब होती है। आज जब हम विदेश में जाते हैं, हम किसी पार्टी की हैसियत से नहीं जाते हैं, हम विदेश में भारत के नागरिक की हैसियत से जाते हैं। वे हमसे पूछते हैं कि Where do you come from? हम उन्हें बताते हैं कि I am from India. वे कहते हैं कि मोदी जी कंट्री का है, वेलकम-वेलकम-वेलकम। चाहे कांग्रेस हो, भाजपा हो, बसपा हो, वहाँ सबका वेलकम होता है। आखिर हम कहाँ जा रहे हैं?

मान्यवर, गलवान में पड़ोसी को ऐसा सबक सिखाया, जिससे दुनिया हिल गई। आपने देखा कि सर्जिकल स्ट्राइक, एयर स्ट्राइक करके अंदर तक घुस गए, दुनिया हिल गई, लेकिन हमारे विपक्ष के लोगों ने वही सवाल उठाए, वही प्रश्न पूछे, जो पाकिस्तान ने पूछे थे। आखिर हम क्या कहना चाहते हैं? आपने देखा कि अभिनन्दन को तुरन्त भारत वापस भेजा दिया। ऐसा पहली बार हुआ कि 24 घंटे के

अंदर अभिनन्दन को वापस भारत भेजना पड़ा। यह एक देखने की बात है कि कहाँ हम जा रहे हैं, क्या हमारे वहाँ हो रहा है? हमारा विपक्ष, मैं खुलेआम कहना चाहता हूँ, मान्यवर, अगर अमर्यादित भाषा हो तो निकाल दीजिए, बचकाना है, नासमझदार है, बेवफा है। यह मैं विपक्ष पर खुलेआम आरोप लगाना चाहता हूँ। इन्हें बात करने का तरीका नहीं है। आप मणिपुर की बात करते हैं, यह किसकी देन है, मैं उस पर कुछ भी नहीं बोलूँगा, क्योंकि बहुत कुछ पहले बोल दिया गया है। हिट एंड रन-हिट एंड रन, यह कांग्रेस का, विपक्ष का अपना एक तकिया कलाम है, मारो और भागो। पिछली बार जब मणिपुर की बात इसी सदन में हुई थी तो माननीय प्रधानमंत्री जी, माननीय गृह मंत्री जी ने उत्तर दिया था, मैं इससे पहले वाली लोक सभा में भी था, ये सब भाग गए थे। आज जब माननीय प्रधानमंत्री जी उत्तर देंगे, मैं निवेदन करना चाहता हूँ कि सुनकर जाएं, भागकर न जाएं, तब पोल खुलेगी, तब सब लोगों को अच्छा पता लग जाएगा।

**माननीय सभापति :** अजय भट्ट जी, कृपया अब समाप्त कीजिए।

**श्री अजय भट्ट :** मान्यवर, मैं अपनी बात खत्म कर रहा हूँ। हम लोगों ने कितने बड़े-बड़े काम किए हैं। अभी इन्होंने कहा है कि हम जाति, धर्म, साम्प्रदायिकता फैलाते हैं। हम फैलाते हैं या आप फैलाते हैं। कोरोना के दौर में जो तीन-तीन वैक्सीन मुफ्त में लगाई गईं, क्या किसी देशवासी से जाति, धर्म, वर्ग पूछा गया? 80 करोड़ लोगों को जो मुफ्त राशन दिया जा रहा है, 5 साल तक और देंगे, क्या इसमें जाति, धर्म, वर्ग पूछा जा रहा है? आयुष्मान भारत योजना में 5 लाख रुपये का जो इलाज किया जा रहा है, क्या इसमें जाति, धर्म, वर्ग पूछा गया? जो मुफ्त आवास दिए गए हैं, क्या उनमें जाति, धर्म, वर्ग पूछा गया?

मान्यवर, यह सब एक कहने की बात है, हम लोगों ने कहीं पर भी कभी यह देखा ही नहीं, सबको बराबरी का समान दर्जा हमारे माननीय प्रधानमंत्री जी ने दिया है। हमारा चन्द्रयान पहुँच गया है। आज हमारा आदित्य एल-वन चित्र ले रहा है।

**माननीय सभापति :** आपकी बात आ गई है। अब समाप्त कीजिए।

**श्री अजय भट्ट :** आपको पता है कि राम जी को कैकेयी माता के वरदान पर मात्र 14 साल का वनवास दिया था। हमारे विपक्ष और कांग्रेस ने तो 500 साल तक भगवान राम को वनवास दिया और जब मोदी जी आए तब वनवास खत्म हुआ और आज वे गद्दी पर बैठे हैं।

**माननीय सभापति :** आपका बहुत-बहुत धन्यवाद।

**श्री अजय भट्ट :** मान्यवर, आप कहेंगे तो मैं बैठ जाऊँगा।

**माननीय सभापति :** एक मिनट में और बोल लीजिए।

**श्री अजय भट्ट :** मान्यवर, मैं एक मिनट और बोल लेता हूँ, वैसे तो हमारी अभी शुरूआत ही हो रही है।

**माननीय सभापति :** आपके दल से अभी और बहुत से माननीय सदस्य बोलने वाले हैं।

**श्री अजय भट्ट :** अर्थव्यवस्था में हम आगे हैं। जल, थल और नभ में हम आगे हैं। विदेशी मुद्रा का भंडार भरा है, स्वदेशी मुद्रा का भंडार भरा है, हमारी पर-कैपिटा इनकम बढ़ रही है, देश में 10 सालों में कायाकल्प हो गया है। यह विपक्ष को अच्छा नहीं लग रहा है। दुनिया के जाने-माने अर्थशास्त्री मॉगर्न स्टेनली ने वर्ष 2004 से वर्ष 2010 की रिपोर्ट में कहा है कि भारत की अर्थव्यवस्था गिरती हुई है।

मान्यवर, आप सब जानते हैं। उन्होंने साफ-साफ यह बोला है, लेकिन वर्ष 2014 से वर्ष 2023 की उनकी रिपोर्ट में यह आया है कि आज देश की अर्थव्यवस्था बहुत तेजी से आगे बढ़ने वाली है। भारत की अर्थव्यवस्था बढ़ गई है। आज हम इतनी तेजी से आगे बढ़ रहे हैं और हम हर क्षेत्र में आगे बढ़ रहे हैं। हमारे पास अपना फाइटर प्लेन हो गया है। हमने अपने विक्रांत बना लिया है। दुनिया हिल गई है।

मान्यवर, मैं आपका बहुत-बहुत धन्यवाद करता हूँ कि आपने मुझे समय दिया और मैं महामहिम राष्ट्रपति जी के अभिभाषण का समर्थन करता हूँ। धन्यवाद।

*__श्री विनोद लखमशी चावड़ा (कच्छ) :__ मैं महामहिम राष्ट्रपति जी के अभिभाषण का समर्थन करता हूं और 18वी लोकसभा में जिस प्रकार भारत की राष्ट्रपति सुश्री द्रौपदी मुर्मू जी ने अपने अभिभाषण में सरकार की नीतियों ओर भावी योजनाओं पर विचार प्रस्तुत किये उसका मैं सम्मान करता हूँ, इसके अतिरिक्त राष्ट्रपति जी ने वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव के ऐतिहासिक क पैमाने पर प्रकाश डाला और लोकसभा में हुए 64 करोड रिकार्ड मतदान का उल्लेख किया। आज हमारा देश आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर हो रहा है, यह सब माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की प्रेरणा से ही सम्भव हो रहा है। हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र भाई मोदी जी के नेतृत्व में चार साल सात मास पूरे किये है। ये गरीबो, विकास वंचितों के लिये काम करती सरकार हैं, किसानों, दलित और वनवासी बंधुओं के लिये काम करती सरकार है, लोकतंत्र में लोगो से फिर से मिला जना देश नए भारत के निर्माण के लिये दिया गया है। एक ऐसा नया भारत जिसमें हमारी पुरातन संस्कृति का गौरव हो ओर जो 21वी सदी में विश्व को अपने ज्ञान की शक्ति से समृद्ध करें, एक ऐसा नया भारत जो चोथी ओध्योगिक क्रांति में अग्रणी भूमिका निभाये ओर विश्व मंच में हम नई ऊंचाइयों पर पहुंचे और इसके अतिरिक्त, राष्ट्रपति ने यह भी कहा कि 2024 का चुनाव नीति, इच्छा, समर्पण और निर्णयों में विश्वास का चुनाव है। एक मजबूत और निर्णायक सरकार पर विश्वास; सुशासन, स्थिरता और निरंतरता पर विश्वास; ईमानदारी और कड़ी मेहनत पर विश्वास; सुरक्षा और समृद्धि पर विश्वास; सरकार की गारंटी और डिलीवरी पर विश्वास; भारत के विकसित भारत बनने के संकल्प पर विश्वास।

भारत की स्थिर सरकार के वैश्विक महत्व को रेखांकित किया, जिसे लगातार तीसरे कार्यकाल के लिए स्पष्ट बहुमत से चुना गया है। उन्होंने बताया कि यह 6 दशकों के बाद हुआ है। राष्ट्रपति ने सरकार के सुधार, प्रदर्शन और परिवर्तन के संकल्प पर जोर दिया और भारत की आर्थिक उपलब्धियों का उल्लेख किया, जिसमे इसे विश्व की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थवयवस्था में बदलने का श्रेय दिया। उन्होंने बताया कि पिछले 10 वर्षों में, भारत 11वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था से बढ़कर 5वीं सबसे बड़ी अर्थवयवस्था बन गया है। वर्ष 2021 से 2024 तक, भारत ने औसतन 8% वार्षिक वृद्धि दर से प्रगति

---

* Speech was laid on the Table.

की है। उन्होंने यह भी बताया कि भारत अकेले वैश्विक आर्थिक वृद्धि में 15% का योगदान दे रहा है और सरकार भारत को विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थवयवस्था बनाने के लिए कृतसंकल्प है।

किसानों को उनकी छोटी-मोटी आवश्यकताओं को पूरा करने में सक्षम बनाने के लिए, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के अंतर्गत ₹3,20,000 करोड़ से अधिक की राशि वितरित की गई है। अपने नए कार्यकाल के प्रारंभिक दिनों में ही, सरकार ने किसानों को ₹20,000 करोड़ से अधिक की राशि हस्तांतरित की है। सरकार ने खरीफ फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (MSP) में रिकॉर्ड वृद्धि भी की है। इसके साथ ही, सरकार एक बड़े पैमाने पर कि सान उत्पादक संगठनों (FPOs) और PACS जैसी सहकारी संगठनों का नेटवर्क बना रही हैं। और उपलब्धियां जो आज दिख रही हैं, वे बीते 10 वर्षों की साधना का विस्तार हैं : हम सभी बचपन से गरीबी हटाओ के नारे सुनते आ रहे थे। अब हम जीवन में पहली बार बड़े पैमाने पर गरीबी को दूर होते देख रहे हैं। नीति आयोग के अनुसार, मेरी सरकार के एक दशक के कार्य काल में, करीब 25 करोड़ देशवासी गरीबी से बाहर निकले हैं। यह प्रत्येक गरीब में विश्वास जगाने वाली बात है। जब 25 करोड़ लोगों की गरीबी दूर हो सकती है तो उसकी भी गरीबी दूर हो सकती है।

माननीय राष्ट्रपति ने भारत सरकार के स्त्री-नेतृत्व में विकास और सशक्तकरण के प्रति स्थिर प्रति बौद्धता को उजागर किया, जो राष्ट्र की प्रगति में एक नये युग की निशानी है। लंबे समय से बढ़ती मांग को पहचानते हुए, नारी शक्ति वंदन अधिनियम के प्रावधान से लोक सभा और विधान सभा में महिलाओं की अधिक संसदीय प्रतिष्ठान सुनिश्चित करके महिलाओं को सशक्त किया गया है। एक व्यापक अभियान शुरु की गई है जिसका उद्देश्य है 3 करोड़ महिलाओं को 'लखपति दीदी' बनाना, स्व-सहायता समूहों को अधिक वित्तीय सहायता के साथ समर्थन देकर। इस पहल का उद्देश्य सिर्फ आर्थिक कौशल और अवसरों में सुधार करने के लिए नहीं है बल्कि समाज में महिलाओं के स्थान और सम्मान को भी बढ़ाने के लिए भी डिज़ाइन किया गया है।

हमारी सरकार मोटे अनाज 'श्री अन्न' को सुपर फूड के रूप में दुनिया भर में लोकप्रिय बनाने का अभियान भी चला रही हैं, भारत की पहल पर, वर्ष 2023 को दुनिया भर में अंतरराष्ट्रीय मिलेट्स

वर्ष के रूप में मनाया गया। 19 लाख से अधिक लोगों ने केदार धाम की यात्रा की है, अयोध्या धाम में ही प्राण प्रतिष्ठा के बाद 5 दिनों में ही 13 लाख श्रद्धालु दर्शन कर चुके हैं, पूर्व पश्चिम उत्तर दक्षिण, भारत के हर हिस्से में तीर्थ स्थलों पर सुविधाओं का अभूतपूर्व विस्तार हो रहा है, भारत को मीटंग और प्रदर्शनी से जुड़े सेक्टर में भी अग्रणी बनाना चाहती है, इसके लिए भारत मंडपम और यशोभूमि जैसा इन्फ्राटेकचर बनाया जा रहा है, आने वाले समय में टूरिस्म, रोजगार का एक बहुत बड़ा माध्यम बनेगा।

नरेन्द्र मोदी जी की सरकार ने एकात्म मानवता के दर्शन माध्यम से अंत्योंदय की कल्पना को साकार करते हुए 'सबका साथ सबका विकास' के मजबूत संकल्प को मूर्तिमंत किया है।

इस तरह हमारी सरकार सर्वांगीण विकास के लिये हरेक पहेलु पर विकास कर रही हैं, 'मेक इन इंडिया', स्कील इंडिया आदि के एकीकृत पहल के माध्यम से रोजगार सर्जन प्रशस्त हो रही है, शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्टता एवम अनुसंधानो को प्रोत्साहन, स्वास्थय, स्वछता, तथा कुपोषण को झड़ से खत्म करने हमारी सरकार कृत सकलिप्त है, आइये हम सब मिलकर स्वामी विवेकानंद ओर महात्मा गांधीजी के सपनों के एक समृद्ध भारत के निर्माण दिशा में आगे बढ़े, और हमारी सरकार ने ऐसे अनेक अभूतपूर्व कार्य किए हैं, जिसके लिए मैं महामहिम राष्ट्रपति जी के अभिभाषण का पूर्ण समर्थन करता हूँ। धन्यवाद ! जय हिन्द ! जय भारत !

***डॉ. आलोक कुमार सुमन (गोपालगंज) :** मैं स्वतंत्र भारत के 87वीं  राष्ट्रपति जी के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर अपनी बात रखना चाहता हूं। संसद के दोनों सदनों के समक्ष राष्ट्रपति जी का संबोधन व्यापक और प्रगति के साथ-साथ सुशासन की रूपरेखा प्रस्तुत करता है। देश द्वारा की जा रही प्रगति और भविष्य में आगे की संभावनाओं को भी शामिल किया गया है। चुनौतियों का भी उल्लेख किया गया है। सामान्य नागरिकों के जीवन में खुशहाली कैसे लाया जाए इसका भी उल्लेख किया गया है।

हमारे माननीय मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार जी के नेतृत्व में हर क्षेत्र प्रगति की राह पर है। चाहे वह शिक्षा का क्षेत्र हो, सडक व परिवहन का क्षेत्र हो नल- जल की व्यवस्था हो, लड़कियों के लिए विशेष शिक्षा का क्षेत्र हो जल-जीवन हरियाली का क्षेत्र हो, ,दूसरे राज्यों की तरह प्रगति कर रहा है।

वरिष्ठ अर्थशास्त्री अभिजीत मुखोपाध्याय का कहना है कि सोशल, इकोनोमिक डेवलपमेंट के पैमाने पर बिहार बंगाल या उड़ीसा जैसे राज्यों का स्पेशल का मामला आज़ादी के बाद के दूसरे दशक से शुरू हुआ। जब केंद्र सरकार ने महसूस किया कि विकास की दौड़ में पिछड़ रहे कुछ राज्यों को सहारा देना होगा। नीति आयोग के उपाध्यक्ष डी. आर. गार्डगिल के  फार्मूले पर स्पेशल कैटेगरी स्टेटस की व्यवस्था की गई। आर्थिक और बुनियादी ढाँचों के लिहाज से पिछड़े राज्यों और ऐसे राज्यों पर विचार किया गया जो अपने लिए पर्याप्त राजस्व की व्यवस्था न कर पाते हों। इसमें 11 राज्यों की लिस्ट बनी। चौदहवें फाइनेंस कमीशन में स्पेशल कैटेगरी की लिस्ट में राज्यों को न जोड़ने की सलाह दी थी जो कि बिहार जैसे राज्य के लिए उचित नहीं है।

बिहार बाढ़ जैसी प्राकृतिक आपदा से लेकर अनेक प्रकार की अलग-अलग समस्याओं से सामना करता है। बिहार में 76% जनता बाढ़ से  प्रभावित है। 29 जिलों  के 35.06 लाख हेक्टेयर जमीन हर साल बाढ़ से प्रभावित होती है। नीति आयोग की रिपोर्ट के अनुसार 51.91 फीसदी आबादी गरीबी रेखा के नीचे है। बिहार का औद्योगिक एवं आर्थिक विकास कई राज्यों की तुलना में पिछड़ा है। झारखंड अलग होने के बाद प्राकृतिक संसाधन की मात्रा न्यून हो गई है। सबसे महत्वपूर्ण तथ्य यह है

---

* Speech was laid on the Table.

कि बिहार एक Land Locked State है जिसके कारण यहाँ बड़े और भारी उद्योग की स्थापना मुश्किल है। ऐसी परिस्थिति में central टैक्स में छूट से उद्योग में निवेश के लिए प्रोत्साहित किया जा सकता है। निवेश में कमी के कारण रोज़गार में कमी जिससे प्रतिव्यक्ति आय अन्य विशेष दर्जा वाले राज्यों से कम है। अतः मैं धन्यवाद प्रस्ताव पर अपनी बात रखते हुए यह निवेदन करना चाहूंगा कि बिहार राज्य को विशेष राज्य का दर्जा दिया जाए क्योंकि विशेष राज्य के लिए जो मापदंड निर्धारित है उसे बिहार पूरा करता है।

बिहार राज्य का अपना विशिष्ट स्थान है यह उत्तर-पूर्वी भारत और नेपाल की सीमा से लगे बड़े-बड़े बाज़ारों से जुड़ा है। अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे की उपस्थिति इसे शेष भारत और अंतर्राष्ट्रीय बाजारों से अच्छी तरह से जोड़ती है। बिहार में निवेश और नए व्यवसायों तथा उद्योगों की स्थापना के पर्याप्त अवसर प्रदान करता है। मैं सरकार से आग्रह करता हूँ कि बिहार राज्य में अधिक से अधिक निवेश और उद्योग स्थापित किए जाएं।

अटल नवीकरण और शहरी परिवर्तन मिशन-जिसे हम अमृत योजना के नाम से भी जानते है। अमृत योजना देश भर के चुनिंदा 500 शहर और टाऊन को विकसित करने के उद्देश्य से लाया गया है। इसमें शहरों एवं नगरों को basic Infrastructure जैसाकि जल आपूर्ती सीवरेज, वेस्टेज प्रबंधन, वर्षा जल निकासी, जल संरक्षण हरित स्थानों और पार्कों इत्यादि बुनियादी ढाँचों को विकसित करना है। अमृत योजना पाँच बरस के लिए अर्थात् 2021-22 से वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए शुरू किया गया है। अभी तक राज्यों ने 82,222 करोड रुपए की 5,873 परियोजनाएं शुरू की हैं। विकास की बढ़ती धारा में मेरे संसदीय क्षेत्र गोपालगंज को भी शामिल किया जाए ताकि वहाँ बुनियादी infrastructure विकसित हो सके।

मैं सरकार का ध्यान थावे जंक्शन की ओर आकृष्ट करना चाहूँगा ताकि इस बार अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत निकास के कामों को गति दिया जा सके। क्योंकि यहाँ ग्रामीण पर्यटन विकसित होगा साथ-साथ One station One Product भी बड़े बाजारों तक पहुचेगा।

मैं धन्यवाद प्रस्ताव पर बोलते हुए यह सुझाव देना चाहूंगा कि बंजर भूमि तथा सड़कों एवं रेलवे ट्रैक  की साइड में खाली पड़ी सरकारी भूमि पर फलदार का पौधारोपण किया जाए ताकि बेकार पड़ी सरकारी भूमि का पूर्ण सदुपयोग किया जा सके ।

Skill India Mission के माध्यम से मन्त्रालय ने प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना शुरू किए हैं जिससे कि देश के युवाओं को Skill Development की ट्रेनिंग दी जाएगी । इस ट्रेनिंग के दो components है वह Short Term Training और Recognition of Prior Learning है। ट्रेनिंग पूरा होने के बाद नौकरियाँ भी दी जाती है। अभी तक बिहार में 81,285 युवाओं एवं मेरे संसदीय क्षेत्र गोपालगंज में 2,217 युवाओं को नौकरियां मिल चुकी हैं । बिहार को प्रधान मंत्री कौशल विकास योजना के माध्यम से 128.65 करोड का आवंटन हुआ है जिसमें से मात्र 36.82 करोड़ ही रिलीज हुआ है। अगर बकाया पैसा बिहार राज्य को जल्दी मिल जाती है तो निश्चित ही विकास की गति को तेजी मिलेगी ।

केन्द्र प्रायोजित स्कीम विस्तार सुधारों के लिए राज्य विस्तार को सहायता योजना के तहत विभिन्न किसान अनुकूल विस्तार गतिविधियों जैसे किसान प्रशिक्षण Demonstrations, एक्सपोजर, किसान मेला, फार्म स्कूलों का आयोजन आदि के माध्यम से किसानों को नवीनतम कृषि तकनीकी में बढ़ाना और अच्छी कृषि पद्धतियों को उपलब्ध करना है। वर्तमान में यह योजना 28 राज्यों और 5 Union Territories के 691 जिलों में लागू है। बिहार राज्य को 7200 लाख रुपए की राशि आबंटित की गई जिसमें से 1800 लाख राशि जारी की जा चुकी है। इससे 93,875 किसान लाभान्वित हुए हैं। अतः आत्मा स्कीम में आबंटित राशि को शीघ्र दिया जाए ताकि New Technology का विस्तार किसानों तक किया जा सके।

Outsourcing और contractual जॉब नौकरियों में वंचित वर्ग की भागीदारी काफी न्यूनतम है। इसमें पारदर्शिता का भी अभाव है। सैकडों युवा जो कि शिक्षित है और SC/ST/OBC समाज से आते हैं Outsourcing और contractual नौकरियों में जगह नहीं मिल पाती है।

मेरा सरकार को यह सुझाव है कि भारत Guideline जो कि वर्ष 2018 में issue हुआ है उसको सभी विभागों पर लागू किया जाए ताकि वचित वर्ग को भी outsourcing और Contractual नौकरियों में जगह मिल सके वे गरीबी से बाहर निकल सकें।

बहुत बहुत धन्यवाद ।

[*]**श्री उम्मेदा राम बेनीवाल (बाड़मेर) :** मैं महामहिम राष्ट्रपति महोदया जी के अभिभाषण पर अपने विचार रखना चाहता हूँ। उम्मीद करता हूँ कि पहली बार निर्वाचित सदस्यों को अपनी बात सदन में रखने का पूरा मौका मिलेगा । इसी योग्यता एवं आत्मीयता के कारण आपको दुबारा लोकसभा अध्यक्ष बनने का मौका मिला । आपको लोकसभा अध्यक्ष बनने की बधाई । विश्व के सबसे बडे लोकतान्त्रिक व्यवस्था में सर्वोच्च सदन 18वीं लोकसभा में निर्वाचित सभी सदस्यों को बधाई। हमारे नेता श्री राहुल गांधी जी को नेता प्रतिपक्ष चुने जाने पर बधाई।

मैं आभारी हूँ बाडमेर-जैसलमेर-बालोतरा संसदीय क्षेत्र की देवतुल्य जनता का जिन्होंने मुझ पर और मेरी पार्टी के सिद्धान्तों पर भरोसा कर इस सदन में अपना प्रतिनिधी चुनकर भेजा । मैं मेरे निर्वाचित क्षेत्र की जनता को विश्वास दिलाता हूँ कि मेरा हर क्षण और अन्तिम सांस भी उनकी सेवा एवं क्षेत्र की उन्नति के लिए था और सदैव रहेगा।

27.6.2024 को महामहिम राष्ट्रपति के भाषण में सरकार के कार्यों का महिमा मण्डल किया गया हैं। वो कहां तक सत्य हैं मैं उस विषय पर नहीं जाऊंगा। मैं सरकार से यह निवेदन करना चाहूंगा कि भौगोलिक विषम परिस्थितियों एवं सीमावर्ती होने के कारण अभावग्रस्त, इन्सानियत एवं अपनेपन को छोड कर अन्य सभी क्षेत्रों में पिछडे मेरे निर्वाचन क्षेत्र की जनता का क्या दोष है जो देश आजादी के इतने वर्षों के बाद भी मूलभुत एवं आधारभूत सुविधाओं एवं तकनीकी से वंछित हैं। मैं यह नहीं कह रहा कि विभिन्न सरकारों ने कोई काम नहीं किया। या मेरे पूर्व प्रतिनिधियों ने जनता की पैरवी नहीं की। मैं तो बस यह कहना चाहता हूँ कि कही न कही ईच्छा शक्ति की कमी रहीं हैं।

बाडमेर-जैसलमेर-बालोतरा क्षेत्र में आज भी शिक्षा, चिकित्सा, सडक, बिजली, पानी एवं रोजगार की भयंकर कमी हैं। देश के अन्य क्षेत्रों की तुलना में हम आज भी बहुत पिछडे हैं। यहां बस्तीयां छतराई ढाणियों में बसी हैं। इस कारण यहां निर्धारित मानदण्डों के अनुसार विद्यालय कम

---

[*] Speech was laid on the Table.

खोले गये है यदि खोले भी गये हैं तो उनमें अध्यापक नहीं हैं थर्ड ग्रेड के 60 प्रतिशत, सेकण्ड और फस्ट ग्रेड के 30-40 प्रतिशत पद आज भी खाली हैं। हमारे बच्चों ने क्या गुनाह किया है। यहां अतिरिक्त केन्द्रीय विद्यालय, सैनिक स्कूलों के साथ ही उमावि एवं प्राथमिक स्तर के स्कूलों की नितान्त आवश्यकता हैं। साथ ही विद्यालयों में अत्याधुनिक तकनीकी से शिक्षा देने हेतु प्रत्येक विद्यालय फायबर लेबल कनेक्शन, विद्युतिकरण, स्मार्ट क्लासेज हेतु संसाधन एवं मानव संसाधन उपलब्ध करवाये जाने की आवश्यकता हैं। शिक्षा सब समस्याओं का समाधान हैं। ज्ञान होगा तो विज्ञान भी आ जायेगा।

आज भी 80 प्रतिशत जनता गांव ढाणियों में बस्ती हैं। यहां खेती एवं पशुपालन जीवन का मुख्य आधार हैं। बरसात की कमी से खेती नहीं होती और पशुपालन भी दुर्लभ हो गया है किसानों की हालत खराब हैं। किसानों ने बैंकों से ऋण लिया तो वे भरने की स्थिति में नहीं है उनकी जमीने कुर्क हो रही हैं। बैचारा किसान 24 घण्टे चिन्ता ग्रस्त रहा है। एक तरफ तो उनसे राम रूठा हुआ और दुसरी तरफ राज भी रूठ गया है। किसान जाये तो कहां जाये इज्जत की जीन्दगी नहीं मिलने से उनके पास अपनी देह लीला खत्म करने के अलावा क्या रास्ता है। इसलिए मेरा निवेदन है कि किसानों के ऋणों को माफ किया जाए। राज्य सरकार को निर्देश दे की भूमि विकास बैंकों, स्थानीय कॉ आपरेटिव बैंकों के ऋण माफ कर किसानों को राहत प्रदान करावें। शिक्षा के अभाव, सरकारी तन्त्र की उदासीनता के कारण यहां के किसानों फसल बीमा योजना का लाभ भी नहीं मिल पा रहा हैं। सम्मान निधि के नाम पर तो अन्न दाताओं के साथ भिखारियों जैसा बरताव कर उनका मजाक उडाया जा रहा हैं। उनको सहायता के रूप सम्मान निधि नहीं नवीन तकनीकी, बैंकों से ऋण, उन्नत किस्म के बीज, उपकरण और प्रशिक्षण की आवश्यता हैं न की सम्मान निधी से सम्मान की। पिछले 10-15 सालों में तो किसानों की स्थिति बहुत की खराब हुई है विशेषकर हमारे क्षेत्र के किसान की।

यहां ना तो सड़क हैं पीएमजीएसवाई के तहत बनाई गई हैं तो उनकी रिपेयरींग के अभाव में अब वे चलने लाईक नहीं रही हैं। यहां छीतराई बस्तीयों के कारण आबादी घनत्व कम होने के कारण वर्तमान की 150 जनसंख्या वाले गावों को सडकों से जोडा जावें। और टुटी सड़कों का नवीनीकरण

करावें। डीएनपी में स्थानीय लोगों की मांगों को ध्यान में रख कर उनको छुट दी जावें। रिफायनरी में स्थानीय लोगों को रोजगार उपलब्ध करवाने, यहां पैट्रोकेमिकल हब का निर्माण करने एवं उनमें भी स्थानीय छोटे स्तर के व्यापारियों को प्रोत्साहन देने के स्थानीय लोगों के रोजगार उपलब्ध करवाये जाने हेतु कॉ प्रोडेक्टस को स्थानीय व्यापारियों को ही उपलब्ध करवाया जावे न की बड़े उद्योगपतियों कॉरपरेटरों को। सोर उर्जा एवं पवन उर्जा के उत्पादन हेतु यहां सभी प्रकार की परिस्थितिया अनुकुल हैं। इस क्षेत्र में यहा उद्योग लगाये जायें। यहां सस्ती जमीन, भुगर्भ में मिनिरलस, मानव संसासन एवं अन्य सभी सुविधाएँ उपलब्ध हैं। ऐसी स्थिति में जीरों इन्डस्ट्रीज के इस क्षेत्र में सिमेन्ट एवं अन्य प्रकार के कारखाने खोले जायें।

इस क्षेत्र की जनता उद्योगपतियों एवं सरकारी नियमों की अनदेखी से इतनी त्रस्त हैं की एक मात्र नदी मरूगंगा में पाली जोधपुर की औद्योगिक ईकाईयों द्वारा रसायनयुक्त पानी से डोली से लगाकर गांधव तक सभी गावों में गन्दा पानी फैलने से बीमारियो फैल रहीं हैं, पीने का पानी, स्थानीय हवा दुषित होने एवं फसले और खेतो के खराब होने के कारण किसान त्रस्त हैं। इस हेतु दुषित पानी को कैनाल या पाईप लाईन के माध्यम से कच्छ के रण में छोडा जाये तो उचित होगा।

मेरे क्षेत्र की निम्न मुख्य मागें हैं इनको आगामी बजट में सम्मिलित किया जावें। बाडमेर में सिवील एयरपोर्ट। जैसलमेर-बाडमेर-भाभर रेल्वे लाईन जो पूर्व में स्वीकृत हैं। जानबुझ कर ठण्डे बस्ते में डाल रखी हैं। पेयजल के स्थाई समाधान हेतु माही परियोजना, नर्मदा परियोजना एवं इंदिरा गांधी परियोजना को सम्मिलित कर ERCP की तर्ज पर WRCP परियोजना बनाकर इस क्षेत्र में पीने एवं सिंचाई हेतु पानी उपलब्ध करवाया जावें। सैनिक एवं केन्द्रीय विद्यालय खोलने। 150 की वर्तमान जनसंख्या वाले राजस्व ग्रामों को सड़कों से जोड़ने। गांव-गावं ढाणी-ढाणी तक पानी पहुंचाने की योजना जनता जल मिशन में खाली पाईप लाईन बिछाई गई हैं पानी कहां हैं। पाईप लाईन बिछाने में भाई भतिजावाद हुआ हैं। शासन, प्रशासन एवं ठेकेदारों की मिली भगत से बहुत बड़ा घोटाला हुआ हैं उसकी जाँच कर आपजन को पानी कैसे पर ध्यान नहीं दिया तथा मिले इस पर चिन्ता की जावें। सरकार ने इन पर ध्यान नहीं दिया तभी प्रधानमंत्री जी के जनसभा होने के बावजूद बायतु विधानसभा

व बाड़मेर लोकसभा चुनाव में मेरे सामने बीजेपी को जनता ने नकारकर तीसरे स्थान पर धकेला जमानत बड़ी मुश्किल से बचा पाएं थार की जनता ने उम्मीदों के साथ मुझे आर्शीवाद दिया।

*__श्रीमती गनीबेन नागाजी ठाकोर (बनासकांठा) :__ मैं राष्ट्रपति जी के अभिभाषण मे संशोधन हेतु अपने कुछ बिंदुओं को प्रस्तुत करती हूं। जिस प्रकार सरकार महिलाओं के उत्थान की बात करती है उस प्रकार इस अभिभाषण मे गैस सिलेंडर की बढ़ती कीमतों का उल्लेख नहीं किया गया है, क्योंकि कई घरों में गैस सिलेंडर तो है परंतु इसकी कीमत ज्यादा होने के कारण लोग गैस सिलेंडर भराने में अक्षम है। जिसके कारण रसोई घरों में महिलाओं को बहुत सारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है लेकिन इस बात का कोई उल्लेख नहीं है।

अगर हम गुजरात की बात करते हैं तो अभी हाल ही में गुजरात के राजकोट में गैर कानूनी गेमिंग जोन में 25.05.2024 को भीषण आग लगने से 30 से ज्यादा लोगों की जान चली गई। लेकिन अभिभाषण में निष्पक्ष जांच, न्याय और उचित मुआवाजों के लिए एक शब्द भी नहीं है।

हमे खेद है कि राष्ट्रपति अभिभाषण में किसानों की आय दोगुनी करने के लिए कोई ठोस कदम की या आखिरी दस साल में किसानों की किस पैदावार में कितनी वृद्धि हुई उसकी कोई बात नहीं है।

राष्ट्रपति जी के अभिभाषण में रेलवे में बुजुर्गों, पत्रकारों और खास वर्ग के लोगों के लिए जो स्पेशल सब्सिडी यात्रा में मिलती थी उसको कोरोना काल से सरकार ने बंद की है जिसे शुरू करने का कोई जिक्र नहीं है।

जिस प्रकार सरकार दो करोड़ नौकरियां देने के बात करती थी लेकिन सरकारी नौकरियों मे कितनी जगह खाली है और उसे भरने के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाए जा रहें हैं इस बात का कोई जिक्र नहीं किया गया है।

---

* Speech was laid on the Table.

[*]**श्री वीरेन्द्र सिंह (चन्दौली) :** मैं माननीय राष्ट्रपति जी के अभिभाषण में निम्न बातों को जोड़ना चाहता हूं क्योंकि उन बिंदुओं का जिक्र माननीय राष्ट्रपति महोदया के भाषण में नहीं हुआ था।

हमारा देश कृषि प्रधान देश है। कृषि पूर्णतया सिंचाई के साधनों पर निर्भर होती है। हमारे संसदीय क्षेत्र चंदौली में स्वर्गीय पंडित कमलापति त्रिपाठी जी ने कृषि सिंचाई हेतु नहरो की व्यवस्था की थी उनके बाद 1 मीटर भी नहर नहीं बनवाई गई। उन नहरो की मरम्मत तक नहीं की गई नहर के पानी का मुख्य स्रोत चंद्रप्रभा बांध है जो भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गया है। करोड़ों रुपए खर्च होने के बावजूद इसका लीकेज बंद नहीं हुआ है जबकि भाजपा भ्रष्टाचार मुक्त भारत की दुहाई देती रहती है। इसमें भ्रष्टाचार हुआ है इसकी जांच होनी चाहिए ।

देश में स्वास्थ्य एवं शिक्षा की हालत बहुत ही चिंताजनक है। विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में आकस्मिक चिकित्सा केंद्र (गंभीर प्रकृति के रोग से संबंधित) के इलाज हेतु कोई व्यवस्था नहीं है। ग्रामीण प्राथमिक शिक्षा की स्थिति देश में और भी बदतर है, जहां शिक्षकों द्वारा शिक्षा देने के अलावा लगभग सारे काम कराए जाते हैं, जैसे रैलियों में भीड़ इकट्ठा करना, प्रधानमंत्री जी के स्वागत में फूल बरसाना त्योहारों पर दिए जलवाना आदि काम उनसे लिया जाता है। सरकार समान शिक्षा नीति की बात तो करती है परंतु गरीब समाज के बच्चों को समान अवसर नहीं प्रदान करती है। इसे माननीय राष्ट्रपति जी के अभिभाषण में जोड़ने का कष्ट करें ।

माननीय राष्ट्रपति महोदया ने देश के विकास में सड़कों के योगदान की बात तो कही, परंतु ग्रामीण सड़कों के पक्ष में कोई जिक्र तक नहीं किया। हमारे लोकसभा क्षेत्र चंदौली में गांव के संपर्क मार्ग की हालत बहुत ही खस्ता हाल है वहां किसान, मजदूर व गरीबों के बच्चे चलते हैं। प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना का पोर्टल विगत कई वर्षों से चंदौली जनपद का नहीं खुल रहा है, जिससे वहां के सड़कों का प्रस्ताव सरकार तक नहीं पहुंच पा रहा है। माननीय राष्ट्रपति महोदय के अभिभाषण के अंत में इसे जोड़ने का कष्ट करें ।

---

[*] Speech was laid on the Table.

बड़े दुख के साथ कहना है कि माननीय राष्ट्रपति महोदया ने अपने अभिभाषण में रोजगार के संदर्भ में एक शब्द भी नहीं कहा । सरकार देश में होने वाली नीट परीक्षा एवं यूजीसी नेट परीक्षा के साथ कई दर्जन परीक्षाएं तो कराई, पर सरकार का रोजगार देने का नियत सही नहीं था | अतः सभी परीक्षाओं को लिक कराया गया | इसमें एनटीए के चेयरमैन की संलिप्तता सीधे प्रतीत होती है।

भारतीय जनता पार्टी की सरकार 24 घंटे बिजली का राग अलापते रहती है । परंतु धरातल पर बिल्कुल भी ऐसा नहीं है। उदाहरण के तौर पर मेरे संसदीय क्षेत्र चंदौली के सभी 33/11 सब-स्टेशन ओवरलोडेड है। अतः लगातार बिजली कटौती की समस्या बनी रहती है । कृपया इस वक्तव्य को भी माननीय राष्ट्रपति जी के अभिभाषण में जोड़ा जाए ।

बड़े दुख के साथ कहना चाहता हूं कि माननीय राष्ट्रपति जी ने अपने अभिभाषण में नमामि गंगे की सफलता का कोई जिक्र तक नहीं किया। उन्होंने नहीं बताया कि विगत 10 वर्षों में हजारों करोड़ खर्च करने के बाद भी गंगा कितने प्रतिशत साफ हुई क्या सरकार इसे जांच का विषय बनाएगी? गंगा नदी में हो रहे लगातार कटान से किनारे स्थित गांव खतरे में आ गए हैं। कटान से गांव वासी बहुत परेशान है। उसे रोकने के लिए व्यापक स्तर पर समाधान की आवश्यकता है। माननीय राष्ट्रपति जी के अभिभाषण में इस बिंदु को जोड़ते हुए कृपया सरकार का ध्यान इस ओर आकृष्ट करने का कष्ट करें।

***श्री नरेश गणपत म्हस्के (ठाणे) :** मैं महाराष्ट्र से शिवसेना पक्ष की ओर से महामहिम राष्ट्रपति जी के अभिभाषण का समर्थन करता हूं और उनका आभार प्रकट करता हूं।

मैं देश के सदन में पहली बार चुन के आया हूं। मुझे यहां शिवसेना की ओर से अपने विचार रखने का मौका मिला इसलिए मैं आदरणीय प्रधान मंत्री जी, संसदीय कार्य मंत्री तथा हमारे शिवसेना के गुट नेता डॉ श्रीकांत शिंदे जी तथा महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री आदरणीय एकनाथ शिंदे जी का आभार व्यक्त करता हूं । हमारी मराठी में सुप्रसिद्ध लेखक व पु काले जी की कुछ पंक्तियां बहुत प्रसिद्ध है वह कहते हैं -

कबुतराला गरुडाचे पंख लावता येतीलही पण गगनभरारी घेण्याचं वेड रक्तातच असावं लागतं कारण आकाशाची ओढ दत्तक घेता येत नाही

इसलिये जिन्हें देश के विकास की मन से आस है ऐसे हमारे आदरणीय प्रधानमंत्री जी का सदन में प्रथमतः मन से अभिनंदन करता हूं।

महामहिम राष्ट्रपति जी ने अपने भाषण के दौरान ने पांच' न' की बात की । मैं उसका जिक्र शुरुआत में ही करना चाहता हूं। उन्होंने कहा, यह सरकार नीति, नोयत निष्ठा, निर्धार और निर्णय के साथ काम करने वाली सरकार है। ऐसी सरकार का हिस्सा होने का मुझे सोभाग्य मिला इसलिए में खुद को बहुत भाग्यशाली मानता हूं। सरकार के हर एक निर्णय का विरोध करने वाले विपक्ष को राष्ट्रपति जी के इन पांच' न' द्वारा एक तरीके से पाठ देकर सरकार की कटिबद्धता को सराहा है।
कोई शायर कहता है-

पसीने की स्याही से जो लिखते हैं इरादे को,
उसके मुक्कहर के सफ़ेद पन्ने कभी कोरे नही होते...

विकास और सुशासन की राह पर चलने वाली और तीसरी बार संपूर्ण बहुमत से चुनकर सत्ता में आई हुई इस मोदी सरकार विपक्ष को क्या दिक्कत है यह मुझे अभी तक समझ में नहीं आया। बहुमत की सरकार और आपातकाल का उल्लेख होते ही विपक्ष के लोगों की हालत, जैसे मराठी में

---

* Speech was laid on the Table.

कहते हैं, " नाकाला मिर्च्चा झोंबल्या" जैसी हो जाती है। परंतु मैं महामहिम राष्ट्रपति जी का बहुत आभारी हूं कि उन्होंने बहुत ही सही, सच्ची बातें सीधे तरीके से कह दी। राष्ट्रपति जी ने अपने अभिभाषण में सही कहा, विपक्ष को संसदीय परंपराओं का ध्यान रखते हुए अपनी बात करनी चाहिए ।

मेरे जैसे कई सदस्य पहली बार इस सदन में चुनकर आए हैं ना कि में व्यक्तिगत तौर पर बल्कि हमारे पक्ष के साथ-साथ पहली बार चुन कर आए हुए इस सदन के सभी सदस्यों की तरफ से में माननीय राष्ट्रपति जी तथा माननीय अध्यक्ष जी को आश्वस्त करना चाहता हू की पहली बार चुनकर आए हुए किसी भी सदस्य के द्वारा इस सदन की गरिमा को अबाधित रखेंगे।

आईटी, हेल्थ सेक्टर, किसान की आय में वृद्धि, पब्लिक ट्रांसपोर्ट, पूर्वोत्तर राज्यों का विकास, आयुष्मान योजना तथा आदरणीय प्रधानमंत्री जी ने घोषित की हुई लखपति दीदी योजना जैसी योजनाओ को देश के आम आदमी तक पहुंचाने के सत्कार्य में विपक्ष भी हमारे साथ जुड़े क्योंकि, चुनाव तक यह घोषणाएं शायद किसी पक्ष की हो सकती है लेकिन सरकार अभी पूरे देश की है और आम आदमी के हित की किसी भी योजना के लिए विपक्ष ने भी अपना पूरा सहयोग देना चाहिए, ऐसा मैं मानता हूं ।

मैं फिर एक बार शिवसेना पक्ष और महाराष्ट्र के करोड़ों लोगों की ओर से महामहिम राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू जी के अभिभाषण के उपलक्ष्य पर आपका हार्दिक अभिनंदन करता हूं, आपके मार्गदर्शन के लिए मैं आभार व्यक्त करता हू और राष्ट्रपति जी के अभिभाषण के आभार प्रस्ताव का में पूरे जोर से समर्थन करता हूं ।

विश्वास की लकीरें
खींची है हमने उनके हथेली पर

इसी बात का नतीजा है ये जीत का तीसरा अंक !! जनता ने पूरी विश्वास के साथ हम पर सौंपी हुई जिम्मेदारी हम बखूबी निभाएंगे इसी विश्वास के साथ जय श्रीराम, जय महाराष्ट्र, भारत माता की जय !

*I thank all the voters of my Thane Lok Sabha Constituency, who elected and sent me to this House as their Member of Parliament to raise their questions.

While starting this speech, I want to quote great Marathi poet, Jnanpith Award winner Shree. Kusumagraj Shree. He writes,

"Let me put brave Marathi Tikka on my head

Who belongs to hardness of rough and tough environment."

Sant Dnyaneshwar says, 'Marathi is finest language.'

I want to thank and bow down to the people of Maharashtra. I want to reiterate my demand for classical status to the Marathi language.

I wish to express my views on the Motion of Thanks to the President's Address made by the hon. President of India, Droupadi Murmuji.

Actually, I was supposed to speak on the Motion of thanks to the President's Address but the Leader of the Opposition, Mr. Rahul Gandhi yesterday made a nonsensical speech in the House. When will he act like a matured person? People call you yuva leader (youth leader) but he is in his fifties. His IQ and age do not match. He has learned a tactic to raise the voice while delivering a speech. This does not mean he is true.

You said every Indian will get Rs.9,000 in their bank accounts on 1st July. I did not get the money yet. You cannot win the battle on the basis of fake narratives. Rahulji, you can only win by doing the work honestly towards the society. You won 99 seats out of 542, but still if you feel you are ruling the Government, then my salute to your immaturity.

---

* English translation of the speech originally laid on the Table in Marathi.

Hindus are famous in the world for their tolerant nature. They do not start a fight with anyone. Both Muslims and Christians are brothers of Hindus. You said, 'Modiji or RSS is not a Hindu society'. Then, is Rahul Gandhi a Hindu society? Or, what is it? Rahulji always stands for one particular segment. He spreads fake narratives during the elections and also gives wrong signals to the Muslims who are living peacefully. While presenting yourself as secular, you humiliated all the religions. Now, Hindu, Muslim, Christan, Sikh and Jains are done with your pseudo-secularism. That is why, people did not give you the mandate.

Balasaheb Thakre used to say with pride, *"Garv se kaho hum Hindu hain."* (Say with pride that you're Hindu) Yes, we are proud to be Hindus. I want to quote a poem written by late Prime Minster Shri Atal Bihari Vajpayeeji. I will be quoting four lines:

"I am a perfect Sindhu, this is my Hindu society.

My relation to this is immortal, I am the individual and this is the society.

Through this I gained body and mind, through this I gained life.

My only duty is to dedicate everything to it.

I am a member of the society.

I am a servant of the society.

I can sacrifice an individual for the sake of the whole Abhay.

Hindu is my body and mind.

Hindu is life; Hindu is all skin; and Hindu is my introduction."

*__श्री दिलेश्वर कामैत__ (**सुपौल**) **:** मुझे 18वीं लोक सभा के गठन पर महामहिम राष्ट्रपति जी के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा में अपने विचार व्यक्त करने का मौका देने के लिए आभार। मुझे इस नये संसद भवन में राष्ट्रहित के लिये जनतादल (यू) लोक सभा में नेता के रूप में अपने विचार व्यक्त करने का सुअवसर प्राप्त हुआ है।

भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी को शुभकामनाएँ एवं साधुवाद भी देता हूँ कि आप पुनः तीसरी बार एन०डी०ए० सरकार में प्रधानमंत्री का शपथ लिए है। मैं अध्यक्ष जी को भी हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ देता हूँ कि उन्होने पुनः लोक सभा के अध्यक्ष के रूप में अपना पदभार ग्रहण किया है।

महामहिम राष्ट्रपति जी के अभिभाषण सुनकर हम सभी अभिभूत हैं। उन्होंने भारत के उज्जवल भविष्य की जो संकल्पना की है उससे यह प्रतीत होता है कि निश्चय ही 2047 तक हमारे भारत को विकसित, आत्मनिर्भर एवं विश्वगुरू बनने से कोई नहीं रोक सकता। महामहिम जी के अभिभाषण में ऐसे राष्ट्र के निर्माण की परिकल्पना की गई है जो अतीत के गौरव से जुड़ा हो, जिसमें आधुनिकतावाद का हर स्वर्णिम अध्याय हो, जो आत्मनिर्भर हो और जो अपने मानवीय दायित्वों को पूरा करनें में समर्थ हो, जिसमें गरीबी न हो, जिसका मध्यम वर्ग भी वैभव से युक्त हो। ऐसा भारत जिसकी विविधता और अधिक उज्जवल हो जिसकी एकता और अधिक अटल हो।

भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री आदरणीय श्री नरेन्द्र मोदी जी के दूरदर्शी एवं प्रगतिशील आर्थिक नीतियां एवं योजनायें जो समाज के अंतिम व्यक्ति के साथ सभी वर्गो को सामानांतर एवं सार्थक लाभान्वित करती है इसके लिये मैं आदरणीय प्रधानमंत्री जी का हृदय के गहराईयों से हार्दिक आभार व्यक्त करता हूँ।

महामहिम राष्ट्रपति जी ने अपने अभिभाषण के चौथे खंड में उल्लेख किया है कि "राज्य के विकास से देश का विकास, दुनियाभर से निवेशकों को आकर्षित करने के लिए राज्यों में स्वस्थ स्पर्धा हो”। मैं बिहार जैसे अति पिछड़े राज्य से आता हूँ। बिहार अन्य राज्यों की अपेक्षा प्रगति के क्षेत्र में

---

* Speech was laid on the Table.

काफी पिछड़ गया है। हमारे नेता एवं माननीय मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार जी पिछले दो दशकों से अपने सीमित संसाधन के द्वारा राज्य के विकास के लिए हर संभव कोशिश कर रहे हैं। उनकी कई दूरगामी योजनाएं राज्य मे तो सफल हो ही रही है पूरे देश में भी उन योजनाओं का अनुकरण किया जा रहा है। किन्तु राज्य को अधिक आर्थिक सहायता एवं विशेष राज्य का दर्जा अगर केन्द्र सरकार द्वारा मिल जाता है तो बिहार राज्य भी अन्य विकसित राज्यों की श्रेणी में जल्द ही सम्मिलित हो जाएगा एवं देश की उन्नति में बिहार राज्य का अहम योगदान साबित होगा।

हमारा देश कृषि प्रधान देश है। भारत की 70 प्रतिशत आबादी कृषि एवं उससे जुड़े कार्यों पर निर्भर है। एन०डी०ए० सरकार किसानों की खुशहाली के लिए हर संभव सराहनीय प्रयास कर रही है। हमारे देश के अन्नदाताओं को कृषि उपज का उचित मुल्य मिले, यह हमारे सरकार की प्राथमिकता है और मैं माननीय प्रधानमंत्री जी को दिल की गहराईयों से धन्यवाद देता हूँ कि उनके द्वारा पी०एम० किसान सम्मान निधि के तहत किसानहित तथा देशहित में प्रोत्साहन के रूप में 6 हजार रूपये प्रतिवर्ष देश के करीब 9 करोड़ किसानों को सम्मानित किया जा रहा है। इस योजना के तहत अब तक देश में करीब 3 लाख 20 हजार करोड़ रूपये से ज्यादा की राशि किसानों के बैंक खाते में दी गई है।

मेरा संसदीय क्षेत्र सुपौल बिहार के सीमावर्ती बाढ़ग्रस्त अतिपिछड़ा क्षेत्र है। हमारे संसदीय क्षेत्र के प्रतापगंज रेलवे स्टेशन, नरपतगंज और राघोपुर के बीच है तथा पूर्व में उक्त स्टेशन पर सभी गाड़ियां रूकती थी। अब ट्रेन न0.13211/13212 (जोगबनी से दानापुर) तथा 13213/13214 (जोगबनी से सहरसा) चलती है का ठहराव नहीं है तथा मात्र एक पैसेंजर गाड़ी है। अतः उक्त दोनों ट्रेनों का एक मिनट का ठहराव प्रतापगंज में जनहित के लिए किया जाय। साथ ही सरायगढ़ से नई दिल्ली भाया सुपौल-सहरसा तथा सरायगढ़ भाया सुपौल पटना के लिए नई ट्रेन दी जाय अथवा वैशाली एक्सप्रेश ट्रेन न0.12553/12554 तथा राज्यरानी एक्सप्रेश ट्रेन न0.12567/12568 को सहरसा से सरायगढ़ तक विस्तार की जाय।

मैं अपनी बातों को समाप्त करते हुए सरकार द्वारा पच्चीस करोड़ गरीब लोगों को गरीबी रेखा से बाहर निकालने में सफलता हासिल किया है, उसके लिए बधाई देता हूँ और विकसित भारत के निर्माण

के लिए देश के गरीब, युवा, नारीशक्ति और किसान कैसे सशक्त होंगे, सरकार इसके प्रति वचनबद्ध हो, इन्हीं कामनाओं के साथ मैं महामहिम राष्ट्रपति जी के अभिभाषण के धन्यवाद प्रस्ताव का समर्थन करता हूँ।

***श्रीमती मंजू शर्मा (जयपुर) :** मैं महामहिम राष्ट्रपति जी द्वारा दिये गये अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव का समर्थन करती हूँ। किसी भी देश के विकास में बुनियादी ढांचे की अध्य भूमिका होती है। जितना हमारा बुनियादी ढांचा विकसित होगा या यह कहिये कि बुनियादी ढांचा किसी भी देश की रीढ़ की हड्‌डी होती है। इसी को ध्यान में रखते हुये हमारी सरकार ने पिछले 10 वर्षों में बुनियादी ढांचे के विकास पर पूरा जोर दिया है। आज देश में उच्च कोटि की सड़कों का निर्माण बहुत तेजी से हो रहा है। पहाड़ी क्षेत्रों और दूरगामी स्थानों में सड़क निर्माण को प्राथमिकता दी गई है। साथ ही साथ हमने अन्तर्राष्ट्रीय सीमा पर उच्च कोटी की सड़कों का जाल बिछा दिया है। हमारी फौज को अपना साजो सामान लाने ले जाने में सुविधा हो गई है। हमारी सरकार ने दुर्गम स्थानों पर भी सुरंगों का निर्माण किया है, इससे न केवल यातायात में सुविधा हुई है बल्कि सेना को समान एक स्थान से दूसरे स्थान पर भी ले जाने में भी सुविधा हुई है। उदाहरण के तौर पर चार धाम योजना भी इसी कड़ी का एक हिस्सा है। इसके पूरा होने से न केवल पर्यटन के बढ़ावा मिलेगा बल्कि सेनाओं को भी बहुत लाभ मिलेगा। इसके लिए मैं अपनी सरकार को धन्यवाद और बधाई देती हूँ कि जिला बुनियादी ढांचे को विकसित करने में 60 वर्षों में जो कार्य कार्य हुआ उससे कहीं ज्यादा काम पिछले 10 वर्षों में भारत सरकार ने करके दिखाया । देश का संविधान हमें सिखाता है कि गाँव, गरीब और किसान की सेवा में सरकार कोई कमी न छोडे। सही मायने में संविधान निर्माताओं का सपना 10 वर्षों से माननीय प्रधानमंत्री, श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में नया भारत दिखाई दे रहा है। एक समय जब देश में कोई महामारी आती और देखते थे। दवा तो हम दूसरे देशों की लिए मोहताज होते थे। लेकिन माननीय प्रधानमंत्री जी के विजन और सोच ने देश को नई दिशा देने का काम किया है। कोरोना काल खण्ड की ही बात करें तो देश का आम नागरिक भारत सरकार के कार्यों की प्रशंसा कर रहा है। विकसित देश भी हैरान है कि कैसे भारत ने सबसे पहले कोरोना का टीका तैयार कर लिया है। भारत सरकार पिछले 4 वर्षों से 80 करोड़ गरीब लोगों को मुफ्त राशन प्रदान कर रही है और सरकार ने अगले 5 वर्षों तक उस योजना को बढ़ाने का निर्णय लिया है। कई देशों की इतनी आबादी भी नहीं है जितना सरकार मुफ्त

---

* Speech was laid on the Table.

राशन प्रदान कर रही है, इसकी चर्चा अंतर्राष्ट्रीय जगत में बहुत हो रही है। इससे भारत सरकार की छवि अच्छी हुई है। भारत सरकार किसानों को भी 6000 रुपये की राशि हर वर्ष प्रदान कर रही है, जिससे कि वह अच्छे बीज खरीद सके। महिलाओं के लिए भी हमारी सरकार अनेकों कार्यक्रम चला रही है जिससे कि महिलाएं सशक्त हो सके और किसी दूसरे व्यक्ति पर निर्भर न रहे। आज हमारे देशवासी गर्व से कहते हैं कि भारत का भविष्य एक ऐसे व्यक्ति के हाथों में सुरक्षित है जो कि बहुत दूर की सोचते हैं और उनका सारा फोकस इसी पर है कि देश की उन्नति कैसे हो, देश आगे कैसे बढ़ चाहे वह रक्षा क्षेत्र दो चाहे अन्तर्राष्ट्रीय क्षेत्र हो और चाहे कोई भी अंदरुनी क्षेत्र हो। माननीय अध्यक्ष जी आज हमारी अन्तर्राष्ट्रीय जगत में पहचान बनी है। आज कोई भी विकसित देश भारत को हल्के में लेने का दुस्साहस नहीं कर सकता। देश हर क्षेत्र में आगे बढ़ रहा है, निरन्तर बढ़ रहा है। आज हम विश्व की 5वीं अर्थव्यवस्था है और निकट भविष्य में हम विश्व की तीसरी अर्थव्यवस्था बनने जा रहे हैं। यह सब माननीय प्रधानमंत्री जी की मेहनत और दूरदृष्टिता का परिणाम है।

मैं अपनी सरकार को हर क्षेत्र में विकास के लिए बधाई देते हुये और महामहिम राष्ट्रपति जी द्वारा दिये गए अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव का समर्थन करते हुये अपनी बात समाप्त करती हूं।

* **SHRI SAPTAGIRI SANKAR ULAKA (KORAPUT):** I am grateful to my party for giving me this opportunity to express my gratitude to Madam President for her speech: On behalf of my party, I respectfully disagree with some of her observations and highlight the serious issues that have been gravely ignored by the BJP Government in the past and also recently.

In the midnight of 1947, India started its journey as a modern nation-state which Prime Minister Nehru described as a 'tryst with destiny'. Almost all the countries that got their independence during our time were not able to maintain their initial democratic values, but India's story is different. It is different because certain values were cultivated under the leadership of Mahatma Gandhi during our freedom movement. Additionally, the collective strength of India proved the success of democracy under the leadership of Prime Minister Nehru. It puts me in immense pain to say that, unfortunately, in the last 10 years, we have seen a reverse cycle, a complete erosion and systematic dismantlement of public institutions. This Government has exploited these public institutions against the representatives of the people. In the period of the Modi Government, nearly 95% of political cases filed by the ED were against the opposition leaders, while the conviction rate was a mere 2- 3%. If this is not finishing dissent, then what is?

I respectfully disagree with the sentiment expressed by the Hon'ble President about 'Reform, Perform and Transform', that it has delivered significant positive outcomes. This slogan, while appealing, appears to have primarily benefited the party in power rather than the citizens and the country. Upon closer

---

* Speech was laid on the Table.

scrutiny, it becomes evident that these reforms and transformations have not materialized into substantial improvements in the lives of our citizens. The promises made have fallen short of delivering real, meaningful change that addresses the pressing needs of our communities and this is evidently visible in the election results of this time.

While this Government glorifies our rural life in their speeches, the allocation for Mahatma Gandhi National Rural Employment Guarantee Act (MGNREGA), which serves as a lifeline for rural India, has been dwindling over the years. The current allocation of Rs 60,000 crore marks a substantial 33% decrease from the previous year and is only 0.198% of the total GDP. Such a drastic reduction in funding is not just a number; it translates into fewer job opportunities and diminished financial support for the rural population that depends on this program for their livelihood. This revolutionary Act was introduced by Dr. Manmohan Singh-led Government for the welfare of the real India, it is disheartening for us to see it being pushed to the peripheries.

This Government also claims to be a champion of tribal welfare. However, I would like to highlight that the BJP has only selectively engaged with tribal culture and history, neglecting crucial aspects of tribal identity- their language, religion, and habitat. In 2020, the Government introduced a new environmental impact assessment draft notification, replacing the 1994 notification and its 2006 amendments. This new draft reduced public participation in the environmental clearance process by shortening the notice period for public hearings and eliminating them for many projects. These recurring initiatives are nothing but

efforts to displace tribes from the land, forests, and other resources on which they depend.

Further, the Forest Rights Act (FRA), which recognized the rights of tribal people over forest resources, has also been undermined under this Government. This legislation required the consent of forest dwellers before acquiring their land for projects. However, in 2017, the Government decided that forest land leases could be issued without the necessary clearances. In 2019, the Government issued a circular permitting Stage I or "in-principle" approval for other projects without needing consent from forest dwellers. Despite protests, this change remained in effect. By taking away the required consent from forest dwellers, the Government has prioritized its "close" industrial friends over the rights of tribal communities.

We all know that health is an utmost priority despite numerous reports and recommendations from various committees, our health budget as a percentage of GDP remains at a mere 1.3%. This situation is in stark contrast to the recommendations outlined in the National Health Policy of 2017, by the Modi Government itself. It clearly said that the budget allocation for healthcare must steadily increase to reach a target of 2.5% of GDP in a time-bound manner. This goal was set with the vision of ensuring better healthcare for all and improving the overall health infrastructure of our country.

There is an old saying that a family is just one episode of serious illness away from poverty. Sadly, this is not just a cliche, but a harsh reality for millions of our citizens. A recent report by Niti Aayog confirms this cliche. According to the

report, 7% of India's population, about 10 crore people are pushed into poverty every year due to the exorbitant costs they incur on healthcare.

This statistic is alarming and highlights the urgent need for us to address the inadequacies in our healthcare system. When families are forced to choose between health and financial stability, it is clear that we are failing to provide the necessary support and protection that every citizen deserves. As we discuss the critical issue of healthcare in our country, I must bring to the attention of the Government a serious limitation in the healthcare scheme- AYUSHMAN BHARAT. While the scheme provides essential issuance support to people, it is largely restricted to in-patient departments (IPD) and does not extend assistance to outpatient departments (OPD). This is a significant oversight, considering that OPD services account for 40-80% of all healthcare services.

This restriction leaves a vast majority of our population without the necessary support for their day-to-day medical needs. OPD services, which include consultations, diagnostic tests, and minor procedures, are crucial for maintaining the overall health of our citizens. By not covering these services, we are neglecting a fundamental aspect of healthcare.

I would like to draw the attention of the Government to the so-called prime schemes and programs initiated by this Government, which were launched with much fanfare and promises. Take, for example, the 'Make in India' initiative, unveiled with great enthusiasm. The Government set itself three ambitious goals: a) increasing manufacturing growth by 12-14% per annum b) increasing the share of manufacturing in the GDP to 25% by 2022 c) creating 100 million jobs in the

manufacturing sector by 2022. However, I see no celebrations of success from the Government. Let me show the real picture. Post 2013-14, the manufacturing growth rate has averaged a mere 5.9%. The share of manufacturing in our GDP has stagnated and was just 16.4% in 2022-23.

Further, instead of the promised job creation, the Manufacturing Sector saw its workforce halved between 2016 and 2021. These figures paint a stark contrast to the initial promises and show us how this Government just knows how to promise things but fails at keeping its word. I would request the Government to instead of showing creativity in the titles and slogans of their schemes and programs, they must focus on putting efforts into strengthening the public delivery systems.

I would also like to thank the Hon'ble President for touching upon the recent paper leak controversy during her address. I must also speak about the students who devoted years of hard work into preparing for these exams, and cracking these exams; some of them even taking 1 year, 2 years gap for preparation. Such instances of Paper leaks shake the entire morale of these Students. The random practice of granting grace marks is an additional anxiety provoking act that has also severely affected the youth of our country who were only pursuing their aspirations. This Shows how a Central Government Agency, which is entrusted with the future of our youth, or children- can recklessly just destroy it within seconds. I would like to question the Government. How do they plan to give justice to each and every student who suffered due to it? Do they have the capacity to even map who all and how many have suffered?

And let me also inform that this is not the initial instance where NTA, formed as an independent entity in 2018, has come under criticism for exam-related errors. In the CUET 2022, there were accusations of question-and-answer key leaks, alongside incorrect translations from English to regional languages. Similarly, earlier this year, numerous Students raised concerns about Possible irregularities in the JEE (Main) exams. While there is a celebration of the victory during the elections, I must remind the Government that whatever has happened in the past decade is not worth a celebration. It is high time for the Government to acknowledge that while history May remember them for their long- Standing Power, true success will only be achieved if they are also recognized as a Government committed to the values of our constitution and public well-being. Thank you, Jai Samvidhan, Jai Hind

*__DR. DHARAMVIRA GANDHI (PATIALA):__ First of all, I thank for allowing me to express my views on the Presidential Address. I find a lot of inconsistencies in the speech of the hon. President. While it boasts of phony achievements of BJP Government, it does not make mention of miseries faced by farmers, workers, youth, students, Scheduled Castes, tribals, and minorities.

The facts mentioned on GDP, trade deficit, foreign laws, and employment are misleading.

Hon. President's Address boasts of fast developing economy but does not mention of the status of our country on the Human Development Index, Gender Development Index, Hunger Index, Human Rights, Press Freedom Index, and Freedom of Expression Index where we stand trailing at the lowest level of the tally.

I wonder at the stoic silence of our hon. Prime Minister on the historic farmers agitation in which more than 650 farmers laid down their lives, horrible treatment meted out to our women wrestler's association, atrocities against Manipur women, Bilkis Bano Case, and NEET scam which spoilt the carrier of lakhs and lakhs of students across the country.

Based on above facts, I disagree with the claims made by the Government structured Presidential Address.

---

* Speech was laid on the Table.

***श्रीमती स्मिता उदय वाघ (जलगांव) :** सर्वप्रथम मुझे इस महत्वपूर्ण चर्चा पर अपने विचार व्यक्त करने का अवसर प्रदान करने के लिए धन्यवाद। हमारे वरिष्ठ सहयोगी श्री अनुराग सिंह ठाकुर द्वारा पेश किए गए इस धन्यवाद प्रस्ताव का में तहेदिल से समर्थन करती हूं। हमारी एन डी ए सरकार के विगत 10 सालों के समर्पित प्रयासों का ही परिणाम है भारत 11वीं विश्व की सबसे कड़ी अर्थव्यवस्था से बढ़कर आज 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वन गया है। आदरणीय मोदी जी के कुशल नेतृत्व में भारत अब विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थवयवस्था बनने की ओर अग्रसर है। सरकार के सतत प्रयासों का ही परिणाम है कि हमारे देश के हर क्षेत्र में तरक्की की है। चाहे वह जनता के बेहतर स्वास्थ्य की बात हो अथवा देश के आर्थिक विकास की। चाहे विदेश नीति का क्षेत्र हो अथवा देश की रक्षा का प्रश्न हो।

हमारी सरकार सभी वर्गों विशेषकर किसानों, महिलाओं, गरीबों व युवाओं के उत्थान के लिए कृत संकल्प है। विगत दस सालों में हमारी सरकार ने सभी कृषि उत्पादों के न्यूनतम समर्थन मूल्य में जितनी वृद्धि की है, उतनी अब तक आजादी के इतिहास में कभी नहीं हुआ। प्रधान मंत्री किसान सम्मान निधि निश्चय ही किसानों को उनकी छोटी मोटी जरूरतों को पूरा करने में सक्षम बनाने में काफी सहायक सिद्ध हुई है।

जहां भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा विमानन बाजार बनकर उभरा है, वहीं सरकार ने विगत एक दशक में 380000 किलोमीटर से अधिक सड़कों का निर्माण कर देश के विकास की गति काफी तेज कर दी है। 3 करोड़ महिला दीदी को लखपति बनाना, नमो ड्रोन दीदी योजना, कृषि सखी योजना सहित हमारी सरकार महिलाओं के चहुमुंखी उत्थान के लिए लगातार प्रयासरत है। हमारी सरकार के इन्हीं समर्पित प्रयासों का परिणाम है कि विगत दस सालों में 25 करोड़ लोग गरीबी की रेखा से बाहर आ गए हैं।

---

* Speech was laid on the Table.

आयुष्मान भारत योजना के तहत अभी तक 55 करोड़ लाभार्थियों को मुफ्त स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की जा रही है। अब 70 वर्ष से अधिक आयु के सभी बुजुर्गों को कवर करने का सरकार का निर्णय निश्चय ही प्रशंसनीय व उत्साहवर्द्धक है।

रक्षा क्षेत्र में जहां हमारी सरकार के प्रयासों से रक्षा उत्पादों के आयात में काफी कमी लायी गई और कीमती विदेशी मुद्रा की बचत की गई, वहीं दूसरी ओर हमारी 40 से अधिक आर्डिनेंस फैक्ट्रियों में बने रक्षा उपकरणों के निर्यात से देश को काफी विदेशी मुद्रा का अर्जन हो रहा है।

जैसा कि हमारी राष्ट्रपति जी ने अपने अभिभाषण में बताया, 25 जून 1975 को लगाया गया आपातकाल संविधान पर सीधा हमला था तथा यह हमारे सांविधानिक व लोकतांत्रिक इतिहास पर एक काला धब्बा साबित हुआ है। वहीं हमारी सस्कार ने विगत 10 सालों में एक बार भी संविधान के खिलाफ काम नहीं किया है। विगत 10 सालों की अवधि में एक भी राज्य में राष्ट्रपति शासन नहीं लगाया जाना, सरकार की संविधान एवं सहकारी फेडरेशन के प्रति पूर्ण समर्पण का ज्वलंत उदाहरण है।

हमारी सरकार ने कभी साहसिक फैसलों को लेने में कोई कोताही नहीं बरती। चाहे वह नोट बंदी का निर्णय हो अथवा कश्मीर से धारा 370 को हटाया जाना। हर क्षेत्र में हमारी सरकार नई नई उपलब्धियां हासिल कर रही है तथा बधाई की पात्र है।

इस अवसर पर मैं अपने जलगांव संसदीय क्षेत्र की निम्नलिखित समस्याओं की ओर सरकार का ध्यान दिलाते हुए अनुरोध करती हूं कि वह इन समस्याओं पर सहानुभूतिपूर्वक विचार कर इनके समाधान हेतु यथोचित एवं शीघ्र कार्यवाही करने हेतु कदम उठाए जाएं।

मेरा जलगांव क्षेत्र कई दशकों से भयंकर पानी के संकट का सामना कर रहा है। इस समय भी हमारे जलगांव के छह तालुकों के 75 गांवों में टैंकरों से पेयजल आपूर्ति की जा रही है। जलगांव किसी भी तरह के उद्योग नहीं होने के कारण विकास के मामले में काफी पिछड़ गया है तथा यहां औद्योगीकरण को गति देने हेतु एक या दो बड़े उद्योग लगाये जाने की तत्काल आवश्यकता है। आम जनता की अपेक्षाओं के मद्देनजर जलगांव जिले में 100 बिस्तरों वाला एक नेचुरोपैथी अस्पताल

स्थापित किया जाना चाहिए। जलगांव की पानी की समस्या के स्थायी समाधान के लिए लगभग 25 साल पहले लोअर ताप्ती सिंचाई परियोजना का निर्माण किया गया था। परन्तु पैसे की कमी के कारण यह योजना विगत 25 सालों से अधूरी पड़ी हैं। मेरा सरकार से अनुरोध है कि इस योजना को प्रधान मंत्री कृषि सिंचाई परियोजना के तहत स्वीकार कर उसके लिए आवश्यक धनराशि जारी की जाए तथा उस पर समयबद्ध ढंग से निर्माण कार्य पूरा किया जाना सुनिश्चित किया जाए ताकि जलगांव की प्यासी जनता को पेयजल व सिंचाई के लिए पर्याप्त जल उपलब्ध हो सके। जलगांव में बड़ी संख्या में प्लास्टिक इकाई हैं जो विभिन्न प्लास्टिक उत्पादों का निर्माण करती हैं। यहां प्लास्टिक उद्योग के विकास हेतु एक प्लास्टिक पार्क स्थापित किया जाए। जलगांव में बड़ी संख्या में विद्यमान कताई मिलों के विकास तथा उससे जुड़े अन्य उद्योगों के विकास हेतु यहां एक टेक्सटाइल पार्क अथवा कलस्टर स्थापित किया जाए ताकि यहां आर्थिक विकास के साथ ही साथ नौजवानों के लिए रोजगार के अवसरों में वृद्धि हो। हमारे जलगांव जिले में केला, आम और संतरा प्रजाति के फलों का काफी बड़ी मात्रा में उत्पादन होता है। अतः फल उत्पादक किसानों को उनके बेहतर कीमत सुनिश्चित करने तथा इनके प्रसंस्करण हेतु यहां प्रसंस्करण उद्योगों के साथ ही साथ एक आय प्रशिक्षण केन्द्र स्थापित किया जाए ताकि प्रसंस्करण हेतु लघु उद्यमियों को प्रशिक्षण प्रदान कर उनकी आय के स्रोतों में वृद्धि के साथ ही साथ रोजगार के अवसरों में श्री वृद्धि हो।

इन शब्दों के साथ मैं हमारे सहयोगी श्री अनुराग सिंह ठाकुर द्वारा पेश किए गए धन्यवाद् प्रस्ताव का तहेदिल से समर्थन करती हुं। धन्यवाद।

[*] **DR. MOHAMMAD JAWED (KISHANGANJ):** Party Leadership *aur Kishanganj ke logon ka shukriya!*

This was my 8th election. It was not only the longest, *dukh ki baat hai ki bahut hi nichley star ka tha. Natija – Jo 400 paar aur 370 paar kahte the, unko logon ney 240 paar tika diya.*

This election focused mainly on Muslim bashing.

| **DATE** | **NAME** | **TOWN** | **STATE** | **CATEGORY** |
|---|---|---|---|---|
| 7 Jun | Guddu Khan | Raipur | Chhattisgarh | Killed |
| 7 Jun | Chand Miya Khan | Raipur | Chhattisgarh | Killed |
| 7 Jun | Saddam Qureshi | Raipur | Chhattisgarh | Killed |
| 14 Jun | Residents protested flat allocation to Muslim (Govt. Employee) | Vadodra | Gujarat | Hatred |
| 16 Jun | Madrasa, Muslim properties attacked | Medak | Telangana | Riots |
| 18 Jun | Aurangzeb | Aligarh | Uttar Pradesh | Killed |
| 19 Jun | Javed | Nahan town | Himachal Pradesh | Looted |
| 19 Jun | 1800 structures razed, Basti | Akbarnagar | Uttar Pradesh | Bulldozed |
| 22 Jun | Salman Vohra | Chikhodra | Gujarat | Killed |
| 23 Jun | 16 Muslim traders exodus | Nahan town | Himachal Pradesh | Exodus |
| 27 Jun | 12 Muslim houses bulldozed | Morena | Madhya Pradesh | Bulldozed |
| 27 Jun | 2 Mosques bulldozed | Mangolpuri | New Delhi | Bulldozed |
| 29 Jun | Salman Vora | Chikhodra | Gujarat | Killed |

[*] Speech was laid on the Table.

There has been a total of eight lynching incidents after the results of the General Elections were announced on 4 June.

Twenty-three-year-old Salman Vohra, who had gone to watch a cricket tournament match in Chikhodra, Gujarat on 22 June, was mercilessly beaten to death by a group of men.

Three Muslim men, residents of Uttar Pradesh, were brutally attacked by a Hindutva mob in Chattisgarh's Raipur on 7 June. Saddam Qureshi and his cousin Chand Miya Khan (23), both from Saharanpur district, and Guddu Khan (35) from Shamli district, were transporting cattle when they were allegedly chased by a mob in Raipur; two died on the spot, while one died after 10 days.

A 35-year-old Muslim man Aurangzeb alias Farid was beaten to death by a group of Hindu men in Aligarh late on Tuesday (June 18), leading to communal tension in the communally sensitive city of Aligarh in Western Uttar Pradesh. 10 days after lynching, he and eight others were booked on June 29 by the Aligarh police in Uttar Pradesh for dacoity.

On 24 June, a Christian woman was murdered in Toylanka village in Chhattisgarh's Dantewada after she and some of her family members had converted to Christianity. The brutal murder was operated and planned by the local Hindu men including family members, her relatives alleged.

2 Lynching over 'phone theft' suspicion in Kolkata- Two alleged incidents of lynching in Kolkata came into light in a span of 24 hours, one in the heart of the city and the other in the Salt Lake area. In the first incident, Irshad Alam, 37, was tied up and beaten to death at Bow Bazaar area, Central Kolkata, on June 28.

The police arrested 14 persons in connection with this incident. Just 24 hours later, Prasen Mandal, 22, was lynched in the Salt Lake area.

Communal tensions gripped Telangana's Medak district where a clash erupted between two communities on 15 June over transportation of cows. The Hindu mob also carried out an attack on Minhaj ul Uloom madrasa and a local hospital in the district. Several locals who were inside the madrasa were injured in the attack and had to be taken to hospital.

In Balasore, a curfew was imposed for over a week after a communal scuffle that broke out on 17 June. It was relaxed only earlier this week. There was a confrontation between two groups over allegations of cow slaughter near a mausoleum near Patrapada area. After some locals noticed that water in the drain near the mausoleum turned red, they protested, claiming it was due to cow slaughter. Meanwhile, in Khordha, a Hindutva mob was seen entering Muslim houses, taking away freezers on suspicion of storing beef. They also allegedly vandalised the homes in the presence of the police.

Communal tension broke out in Jalori Gate area of Jodhpur, which led to stone pelting, leaving at least 16 people, including four policemen injured on June 22. The two sides clashed with each other over installing a religious flag in connection with Eid, police said. According to NDTV, a three-day Parshuram Jayanti festival is also underway in Jodhpur and religious flags were put up by both communities, which led to an argument that spiraled into clashes.

On June 21st, communal violence reportedly took place in Jodhpur's Soor Sagar area. This has resulted in two police men being injured and 51 people

arrested in the wake of the violence. A shop was also set on fire and two vehicles were damaged. The issue took place with relation to the construction of a gate near an Eidgah at Rajaram Circle of the city.

On 19 June, a mob looted and vandalized a textile shop belonging to Muslim man named Javed in Himachal Pradesh's Nahan. This was after he had reportedly shared a picture of animal sacrifice on his WhatsApp status. Following this, there were reports that due to the tense atmosphere and pressure from Hindutva groups, around 16 Muslim shopkeepers also left the town. A week Shamli police have arrested the shop owner Javed following an FIR against him in which he is accused of promoting enmity. Although police investigation later confirmed that Javed had not slaughtered a cow but it was a buffalo, which is legally permitted for slaughtering and consumption.

Several homes belonging to Muslims were demolished by authorities in Mandla, Madhya Pradesh allegedly on the pretext of possession of cow meat. However, the police claimed that the reason for the demolition was that the people's houses were built on Government land.

Authorities in Madhya Pradesh demolished the homes of four Muslim men just after detaining them on charges of throwing bovine remains at a temple in Jawra, Ratlam district, even as the Madhya Pradesh High Court was hearing a petition against the impending demolition drive, The administration issued demolition backdated notices dating June 14 on June 16 around 12:30 PM, and demolitions began shortly after. The court granted a stay order around 2:30 PM, but the houses had already been demolished between 12:30 PM and 1:30 PM.

Another large-scale demolition was carried out in Akbarnagar in Uttar Pradesh's Lucknow.

Three weeks after the election results, 13 cases of atrocities against Muslims happened in UP, MP, Gujarat, Himachal, Chhattisgarh and Telangana. Six Muslims were killed/lynched. Basti, Mosques and houses were bulldozed. This has been happening since last ten years of BJP Government. Multiple cases of killing/lynching have been there.

Masjid/Mazar/Madrasa/Kabristan/houses/shops/bastis have been bulldozed and destroyed. Waqf and Muslim properties have been taken away. Muslim journalists/activists have been sent to jail. This has to be stopped. There are 25 crore Muslims out of 140 crore population but only 24 Muslim MPs. There is not a single Muslim MP or Minister from NDA. It is not only sad but very shameful. I suggest, we need amendment to reserve at least 80 seats for Muslims as is the provision for SC/ST category.

AMU Centre was a gift to the people of Bihar Seemanchal to provide quality education to the most deprived people by the UPA Government in 2013. There are no funds. Also, no teaching/non-teaching staff has been provided yet after my multiple requests in the Parliament and despite meeting the Minister. Please do not deprive the people of Bihar their due. Is it because AMU *mein 'Muslim' likha hai?*

Every monsoon, hundreds of villages suffer. Thousands of acres of land is lost. Also, houses/roads/Mosques/graveyards are lost every year. We need a proper study and solution. One lakh crore is required for the development of

Seemanchal in the next five years. Special status to Bihar and financial package is required. My demands are: Government Medical College in Kishanganj; AIIMS in Kishanganj; Dental College in Baisi; Engineering College in Thakurganj; Polytechnic College in Bahadurganj; Physiotherapy College in Amour; Law College in Terhagachh; Pharmacy College in Dighalbank; Agriculture College in Rauta; Job-related projects in my Constituency; Bridges on major rivers; Mahananda basin: Dredging of River, Concrete walls or boulder walls on both sides of the river; and Rejuvenation and beautification of Ramzan River after removal of encroachment as per 1902-03 survey.

[*]**श्री मितेश पटेल (बकाभाई) (आणंद) :** मैं सबसे पहले 18वीं लोक सभा अध्यक्ष को पदभार संभालने के लिए हार्दिक शुभकामनायें देना चाहता हूं ।

18वीं लोक सभा के पहले संयुक्त सत्र को संबोधित करते हुये भारत की महामहिम राष्ट्रपति महोदया ने मोदी जी की नेतृत्व वाली भारत सरकार की 10 साल के उपलब्धियों और आने वाले समय में मोदी सरकार, भारत को विकसित बनाने के लिए किस दिशा में आगे बढ़ेगी देश की जनता के अपेक्षाओं को पूर्ण करने में किस तेजी से सक्रिय रहेगी उसके पक्ष में मुझे अपने विचार व्यक्त करने का मौका देने के लिए कोटी कोटी धन्यवाद करता हूँ।

महामहिम राष्ट्रपति महोदया के अभिभाषण से स्पष्ट है कि पिछले 10 वर्षों में आदरणीय नरेंद्र मोदी सरकार जी के नेतृत्व में भारत सरकार की नीतियों से अर्थव्यवस्था, रक्षा, स्वास्थ्य सेवा, शिक्षा, संसाधन, राष्ट्रीय राजमार्ग विकास और सामाजिक कल्याण जैसे विभिन्न क्षेत्रों में शानदार उपलब्धियों को प्राप्त किया है।

स्वतंत्रता के 75वें वर्ष होने पर देश आज़ादी का अमृत महोत्सव मना रहा था तो उसी समय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने देश के सामने "अमृत काल" की संकल्पना रखी। उन्होंने बताया कि 2022 से 2047 तक जो कालखंड होगा वह भारत के लिए अमृतकाल होगा और भारत के अमृतकाल के संकल्प के तौर पर आदरणीय मोदी साहेब ने विकसित भारत का लक्ष्य रखा। महामहिम के भाषण में जो उपलब्धियां गिनायी गयी हैं और आगे का जो रोडमैप दर्शाया गया है उससे भारत के 2047 तक एक विकसित राष्ट्र बनने का विश्वास दृढ़ होता है।

युवा, किसान, गरीब, महिला इनके सशक्तिकरण के लिए मोदी जी की सरकार शुरू से ही प्रतिबद्ध रही है जिसके सुखद परिणाम निकल रहे हैं। देश के युवाओं की अपनी प्रतिभा दिखाने का उचित अवसर देने के लिए सरकार एक डिजिटल विश्वविद्यालय बनाने की दिशा में काम कर रही है। मोदी जी के विजनरी नेतृत्व में उनके परिश्रम और प्रयासों से भारत आज दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप सिस्टम बन चुका है। सरकार अर्थव्यवस्था के तीन स्तंभों विनिर्माण, सेवायें और कृषि को

---

[*] Speech was laid on the Table.

समान महत्व दे रही है। पी0एल0आई योजनाओं और कारोबार में सुगमता उपायों ने बड़े पैमाने पर निवेश और रोजगार के अवसरों में वृद्धि में योगदान दिया है।

सरकार के शुरुआत के दिन से ही किसानों को उनकी छोटी मोटी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए तीन लाख 20 हजार करोड़ रुपये की धनराशि, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि प्रदान की जा चुकी है। आज का भारत अपनी वर्तमान जरूरतों को ध्यान में रखते हुए आगे बढ़ रहा है। सरकार किसानों की आमदनी बढ़ाने के लिए नीतियां बना रही हैं। खरीफ फसलों के एमएसपी में रिकर्ड वृद्धि की है। किसान उत्पादक संगठनों एवं पैक्स जैसे सहकारी संगठनों का नेटवर्क बना रही है। भारत सरकार दलहन और तिलहन में दूसरे देशों की निर्भरता खत्म करने के लिए बड़ी कोशिश कर रही है। हरित रोजगार के अवसरों में वृद्धि हेतु बड़े प्रयास किए जा रहे हैं। गांव में कृषि आधारित उ द्योगों का विस्तार किया जा रहा है। छोटे किसानों की बड़ी समस्या भंडारण से जुड़ी होती है। मोदी सरकार दुनिया की सबसे बड़ी भंडारण योजना पर काम शुरू कर चुकी है। पिछले 10 सालों में 25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर निकले हैं। इसमें एससी-एसटी हर क्षेत्र के लोग शामिल हैं। विशेषकर आदिवासी समाज में ये बदलाव और भी समझ में आ रहा है। 20 हजार करोड़ रुपये की योजना अति पिछड़े जानजातीय समूह के माध्यम बन रही है। नारी वंदन अधिनियम भारत सरकार के स्त्री नेत्रित्वित विकास और सशक्तिकरण के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है। सरकार की योजनाओं में देश के गरीब, युवा, नारी शक्ति और किसानों को अहम महत्व दिया जा रहा है। देश तभी विकास कर सकता है। इसीलिए सरकार की योजनाओं में सर्वोच्च प्राथमिकता इन्ही चार स्तंभों को दी जा रही है। 3 करोड़ महिलाओं को लखपति दीदी बनाने का व्यापक अभियान चल रहा है। नमो ड्रोन दीदी योजना इस उद्देश्य में एक महत्वपूर्ण पहल है। पिछले 10 वर्षों में 4 करोड़ पीएम आवास घरों में बहुमती महिलाओं को आवंटित किए गए हैं। स्वयम सहायता समूहों से 30 हजार महिलाओं को कृषि सखी प्रमाण पत्र जारी किए गए हैं। माननीय मोदी जी की कोशिश इनको हर सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने की है।

आज मोदी जी के कुशल नेतृत्व में आज हमारे वैज्ञानिक चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर सफलता से उतरते हैं, भारत दुनिया की सबसे तेज बढ़ती इकॉनमी है, भारत इतना बड़ा चुनाव निष्पक्षता, बिना बड़ी हिंसा और अराजकता से पूरा कराता है तो हमें गर्व होना स्वाभाविक है। 7 दशक तक वंशवाद के जकड़न में खुद को असहाय महशूस करने वाला भारत अब तेजी से विकास के पथ पर उन्मुक्त दौड़ रहा है।

देश के हर क्षेत्र में विकास के नए आयाम बन रहे हैं। भारत का पब्लिक ट्रांसपोर्ट दुनिया में बेहतरीन हो इस मानदंड पर भारत काम कर रहा है। इंफ्रास्ट्रक्चर का विकास इस दिशा में बदलते भारत की योजना को दिखा रही है। गांव में 3 लाख 80 हजार किलोमीटर से ज्यादा सड़क बनाई है। आज भारत में नेशनल हाइवे का जाल बिछ रहा है। नेशनल हाईवे बनाने की गति में दोगुना वृद्धि हुई है। सरकार बुलेट ट्रेन के लिए पूर्वी, उत्तर भारत में फिजिबलिटी स्टडी शुरू कर चुकी है। आज हम दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी घरेलू विमानन बाजार बनकर उभरे हैं। आज भारत 2014 से पहले 209 से बढ़कर 2024 में 605 रूट्स तक पहुँच गया हैं।

सरकार सार्वजनिक सेक्टर को भी मजबूत करने में जुटी है। आज भारत आईटी से लेकर हेल्थ सेक्टर में बड़ी शक्ति बन रहा है। इन सेक्टरों में रोजगार और स्व रोजगार के अवसर मिल रहे हैं। असम में 27 हजार करोड़ के निवेश से सेमी कंडक्टर प्लांट स्थापित किया जा रहा है इससे उत्तर पूर्व सेमी कंडक्टर का हब बनेगा। यह मेड इन इंडिया उत्पादों को बढ़ावा देने की दृष्टि से मेल खाता है। वैश्विक महामारी के बाद भी और दुनिया के अलग-अलग देशों में चल रही मुश्किलों के बाद भारत ने ये विकास हासिल किया है। आज भारत अकेले ही दुनिया की अर्थव्यवस्था में 15 फीसदी का योगदान कर रही है। आज भारत को दुनिया को तीसरे नंबर की अर्थव्यवस्था बनाने में मोदी जी की सरकार जी जान से जुटी है। लगातार तीसरी बार जनादेश देश को विकसित बनाने के लिए मिला है। राज्यों का विकास देश का विकास है और मोदी सरकार इसी भावना के साथ आगे बढ़ रही है । भारत आज दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था है । 10 साल में भारत 11वें नंबर की अर्थव्यवस्था से उठकर 5वें नंबर की अर्थव्यवस्था तक पहुंचा है।

25 जून 1975 को लागू हुआ आपात काल संविधान पर सीधे हमले का सबसे बड़ा और काला अध्याय था। तब पूरे देश में हाहाकार मच गया था। लेकिन ऐसी असंवैधानिक ताकतों पर देश ने विजय प्राप्त करके दिखाया। क्योंकि भारत के मूल में गणतंत्र की परंपराएं रही हैं। राष्ट्रपति महोदया के भाषण में आपातकाल का जिक्र ये दर्शाता कि वर्तमान सरकार का नेतृत्व संविधान के प्रति श्रेष्ठ और गहरी श्रद्धा और सम्मान रखता है।

1 जुलाई 2024 से भारतीय न्याय संहिता लागू होने के बाद दंड की जगह न्याय को प्राथमिकता मिलेगी और न्याय प्रक्रिया में तेजी भी आएगी। ये कानून देश के न्यायिक प्रक्रिया में गेमचेंजर बनेंगे और जनता का भरोसा सरकार पर और दृढ़ होगा।

जब किसी भी हवाई जहाज को उड़ान भरनी होती है तो रनवे पर हवाई जहाज धीमी गति से शुरू होकर गति पकड़ता है। जमीन छोडकर आसमान में उड़ने से पहले यानि टेक आफ के ठीक पहले हवाई जहाज की गति सबसे तेज होती है। यानी टेक आफ के ठीक पहले हवाई जहाज सबसे अधिक ताकत लगानी होती है तब जाकर वह आसमान में उड़ पाता है। एक देश के तौर पर भारत प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के कार्यकाल में पिछले 10 सालों में रनवे पर गति पकड़ चुका है और तीसरा कार्यकाल अब देश के टेक आफ का है। नए भारत का यह टेक आफ विकसित भारत की तरफ होना है और ऐसे समय में देश को सबसे अधिक संगठित होकर अपने नेता के साथ खड़े होने की जरूरत है।

अंत में कहना चाहूँगा कि मोदी जी ने विकसित भारत कि जो गारंटी दी है महामहिम राष्ट्रपति महोदया के भाषण से उसके पूर्णता कि दिशा में भारत अग्रसर है इसका विश्वास दृढ़ होता है।

*[**श्री जसवंतसिंह सुमनभाई भाभोर (दाहोद) :**] मैं महामहिम राष्ट्रपति जी का धन्यवाद देता हूँ, जिन्होंने एक बार फिर इतना उत्तम अभिभाषण दिया। नए सदन में, ये महामहिम राष्ट्रपति जी के कार्यकाल का ये तीसरा अभिभाषण है जो फिर एक बार पुरे देश में सकारात्मक संदेश लेकर के आया है, आशा की किरण लेकर आया है, उमंग का आगाज लेकर के आया है और हम सबने जो विकसित भारत के सपने देखे है हम उसके आखिरी पायदान पर खड़े है।

महामहिम राष्ट्रपति जी का ये अभिभाषण फिर से भारत के संविधान और दूर-सुदूर के किसानों, आदिवासियों, युवाओं एवं महिलाओं के साथ-साथ पूरे देश का सम्मान का भी अवसर है।

महामहिम राष्ट्रपति जी को उदबोधन में माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी द्वारा सभी देश के नागरिको के किये विकास कार्यों की एक झलक दिखी है। मैं समझता हूँ कि पूरा देश माननीय प्रधानमंत्री जी ऋणी है कि इतने कम समय में इतना विकास, जो पिछले कई दशकों में नहीं हो पाया। माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की सरकार के विजन और देश में बीते 10 साल की अवधि में हुए कामकाज का विस्तार से जिक्र किया।

18वीं लोक सभा शुरुआत में ही माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी का पहला कार्य देश के किसानो के प्रति समर्पित है। पीएम किसान निधि की 17वीं किस्त जारी कर दी है। इससे 9.3 करोड़ किसानों को फायदा हो रहा है। इस किस्त के तहत करीब 20,000 करोड़ रुपये सीधे किसानों के खाते में जारी किए गए। ये पहला क्रन्तिकारी कदम दर्शाता है कि मोदी 3.0 सरकार पूरी तरह किसान कल्याण के लिए समर्पित है। पदभार संभालने के बाद पहला फैसला किसानों के कल्याण के लिए किया गया है और आने वाले समय समय में किसानों और कृषि क्षेत्र की बेहतरी के लिए और कदम उठाएंगे।

पीएम किसान सम्मान निधि योजना को शुरू करने का मुख्य उद्देश्य देश के सभी किसानों को आर्थिक रूप से मदद करना है। भारत एक कृषि प्रधान देश है जहां 75% जनसंख्या कृषि पर आश्रित हैं। कई बार किसानों को खेती में नुकसान भी सहना पड़ता है और कृषि संबंधित कई सारी समस्याएं

---

* Speech was laid on the Table.

भी उनके सामने चुनौती बनकर आती है। इसलिए सरकार ने यह फैसला किया है की देश के सभी छोटे एवं सीमांत किसानों को आर्थिक सहायता राशि प्रदान किया जायेगा, जिसके लिए इस योजना की शुरुआत की गई है। PM-Kisan योजना के माध्यम से किसानों को बेहतर आजीविका प्राप्त होगी साथ ही किसान इस योजना का लाभ उठाकर आत्मनिर्भर एवं सशक्त बन पाएंगे।

पिछली बार मोदी 2.0 में सरकार द्वारा ध्यान रखा गया था कि खेती में लागत कम हो और लाभ अधिक है। 10 करोड़ से अधिक किसानों को देश की कृषि योजना में प्रमुखता दी है। पीएम किसान सम्मान निधि के तहत मोदी 2.0 में ही 2 लाख 80 हजार करोड़ रुपये किसानों को मिल चुके थे। दो सालों में किसानों के लिए बैंक से आसान लोन में तीन गुना वृद्धि की गई है। पिछले 10 वर्षों में लगभग 18 लाख करोड़ रुपये एमएसपी के रूप में धान और गेहूं की खेती करने वाले किसानों को मिले हैं। किसानों को सस्ती खाद मिले इसके लिए 10 सालों में 11 लाख करोड़ रुपये से अधिक रुपये खर्च किए गए।

किसान हमारे 'अन्नदाता' हैं। प्रत्येक वर्ष, पीएम-किसान सम्मान योजना के तहत सीधे 11.8 करोड़ किसानों को फाइनेंशियल सहायता प्रदान की जाती है, जिसमें मार्जिनल और छोटे किसान शामिल हैं। पीएम फसल बीमा योजना के तहत 4 करोड़ किसानों को फसल इंश्योरेंस दिया जाता है। इनके अलावा, कई अन्य कार्यक्रमों के अलावा, देश और विश्व के लिए भोजन बनाने में 'अन्नदाता' की सहायता कर रहे हैं।

इलेक्ट्रॉनिक नेशनल एग्रीकल्चर मार्केट ने 1361 मंडी को एकीकृत किया है, और 3 लाख करोड़ की ट्रेडिंग मात्रा के साथ 1.8 करोड़ किसानों को सेवाएं प्रदान कर रहा है। यह क्षेत्र समावेशी, संतुलित, उच्च विकास और उत्पादकता के लिए तैयार है। ये किसान-केंद्रित पॉलिसी, आय सहायता, कीमत के माध्यम से जोखिमों के कवरेज और 6 इंश्योरेंस सहायता, स्टार्ट-अप के माध्यम से प्रौद्योगिकियों और इनोवेशन को बढ़ावा देने में सुविधाजनक हैं।

माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी द्वारा विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने के लिए, जनता का विश्वास और मजबूत करने के लिए सभी दायित्व को निभाया जा रहा है। 25 करोड़

नागरिकों का गरीबी से बाहर निकलना एक नया विश्वास पैदा करता है कि हम भारतवासी बहुत जल्द ही गरीबी से मुक्त पाने में सफलता प्राप्त लेंगे और ये मानवजाति की बहुत बड़ी सेवा होगी। देश के लोग 140 करोड़ नागरिक परिश्रम करने में कोई कमी नहीं रखते हैं। मोदी 3.0 में हम उनके लिए ज्यादा से ज्यादा अवसर जुटाएं। इसी एक कल्पना से हमारा ये सदन 18वीं लोकसभा संकल्पों से भरी हुई हो, ताकि ये सपना जल्द पुरा हो सके।

आज हमारे विशेषकर आदिवासी समाज में बहुत से बदलाव और भी स्पष्ट नज़र आ रहा है। आदिवासियों जीवन मोदी 1.0 बेहतर तो मोदी 2.0 में बेहतरीन और मेरी आशा और पूरी उम्मीद है मोदी 3.0 में बेहतरीन से भी बहुत बेहतर होगा ।

माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी की सरकार ने अंतरिम बजट 2024-25 में जनजातीय मामलों के मंत्रालय को 13,000 करोड़ रुपये आवंटित किए हैं, जो पिछले वित्तीय वर्ष में आवंटन से 70 प्रतिशत अधिक है । जनजातीय मंत्रालय को वित्तीय वर्ष 2023-24 में 7,605 करोड़ रुपये आवंटित किए गए थे।

सरकार ने 2024-25 में एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों (EMRS) के निर्माण के लिए 6,399 करोड़ रुपये रखे हैं, जो 2023-24 में इस उद्देश्य के लिए आवंटित 2,471.81 करोड़ रुपये से 150 प्रतिशत अधिक है।

ईएमआरएस का उद्देश्य जनजातीय छात्रों को दूरदराज के क्षेत्रों में गुणवत्तापूर्ण माध्यमिक और उच्च स्तरीय शिक्षा प्रदान करना है, जिससे उन्हें सरकारी, सार्वजनिक और निजी क्षेत्रों में उच्च और व्यावसायिक शैक्षिक पाठ्यक्रमों और नौकरियों में आरक्षण प्राप्त करने में सक्षम बनाया जा सके, साथ ही गैर-एसटी आबादी के बराबर शिक्षा में सर्वोत्तम अवसरों तक पहुंच प्राप्त हो सके। प्रधानमंत्री आदि आदर्श ग्राम योजना के लिए आवंटन 300 करोड़ रुपये से बढ़ाकर 1,000 करोड़ रुपये कर दिया गया है।

इस योजना के तहत, शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, कौशल विकास, रोजगार-सह-आय सृजन जैसे क्षेत्रों में अंतर को पाटने के लिए जनजातीय लोगों के विकास और कल्याण के लिए अधिसूचित एसटी

आबादी वाले राज्यों या केंद्र शासित प्रदेशों को धन प्रदान किया जाता है । आदिवासी अनुसंधान संस्थानों को दी जाने वाली वित्तीय सहायता 50 करोड़ रुपये से बढ़ाकर 111 करोड़ रुपये कर दी गई है । हालांकि, 'एसटी छात्रों की उच्च शिक्षा के लिए राष्ट्रीय फैलोशिप और छात्रवृत्ति' के लिए बजट आवंटन 2023-24 में 230 करोड़ रुपये से घटाकर 2024-25 में 165 करोड़ रुपये कर दिया गया है।

महामहिम ने अपने अभिभाषण में जिक्र किया कि 25 जून, 1975 को लागू हुआ आपातकाल, संविधान पर सीधा हमला था और तब पूरे देश में हाहाकार मच गया था। लेकिन ऐसी असंवैधानिक ताकतों पर देश ने विजय प्राप्त करके दिखाया क्योंकि भारत के मूल में गणतंत्र की परंपराएं रही हैं। माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की सरकार भारत के संविधान को जन-चेतना का हिस्सा हो, इसके लिए मोदी जी प्रयास कर रहे हैं और हम भारत की लोकतांत्रिक परंपराओं पर निष्ठा रखते हैं, इसलिए उनके लिए 25 जून न भूलने वाला दिवस रूप में देखते है है। 25 जून को भारत के लोकतंत्र पर जो काला धब्बा लगा था, उसके 50 वर्ष हो रहे हैं। भारत की नई पीढ़ी इस बात को कभी नहीं भूलेगी कि जब भारत के संविधान को पूरी तरह नकार दिया गया था । संविधान के लरि- लीरा (अस्पष्ट) उड़ा दिए गए थे, देश को जेलखाना बना दिया गया था, लोकतंत्र को पूरी तरह दबोच दिया गया था। इमरजेंसी के ये 50 साल इस संकल्प के हैं कि हम भारतवासी गौरव के साथ हमारे संविधान की रक्षा करते हुए, भारत के लोकतंत्र, लोकतांत्रिक परंपराओं की रक्षा करते हुए देशवासी संकल्प लेंगे कि लोकतंत्र जीवंत रहे, हम संकल्प करेंगे, भारत के संविधान की निर्दिष्ट दिशा के अनुसार जन सामान्य के सपनों को पूरा करना ही हमारा लक्ष्य होगा।

महामहिम ने अपने अभिभाषण में जिक्र किया कि विकसित भारत का निर्माण तभी संभव है जब देश के गरीब, युवा, नारीशक्ति और किसान सशक्त होंगे। युवा, गरीब, महिला व किसान को सुदृढ़ करने के लिए माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की सरकार ने इन चारों को विकसित भारत का स्तंभ माना है। और विकसित भारत की नींव को मजबूत करने के लिए हर कदम उठाने का प्रयास किया है। 1. बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना । 2. सुकन्या समृद्धि योजना । 3. महिलाओं को 33 फीसदी आरक्षण देने से आर्थिक रूप से मजबूत होना। 4. महिला सम्मान बचत पत्र योजना के जरिए 2 लाख

रुपये तक निवेश पर 7.5 फीसदी ब्याज मिलना। 5. ग्रामीण महिलाओं के लिए महिला शक्ति केंद्र स्कीम लाना। 6. मैटरनिटी लीव 12 की जगह 26 हफ्ते करना। 7. प्रधानमंत्री मातृ वंदन योजना के तहत गर्भवती महिलाओं और स्तनपान कराने वाली माताओं को बच्चे के जन्म पर 5000 रुपये देना। 8. मुस्लिम महिलाओं के लिए तीन तलाक पर कानूनी पाबंदी लाना। 9. प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत मुफ्त एलपीजी कलनेक्शन और सिलिंडर देना। 10. महिला ई-हाट स्कीम शुरू करना। 11. महिलाओं के लिए कई स्टार्टअप स्कीम। 12. महिला पोषण अभियान। 13. महिला हेल्पलाइन स्कीम योजना। 14. सुरक्षित मातृत्व आश्वासन सुमन योजना। 15. फ्री सिलाई मशीन योजना के तहत हर राज्य में सालाना 50 हजार से अधिक सिलाई मशीन फ्री में देना। 16. आयुष्मान योजना के तहत 5 लाख रुपये तक फ्री में इलाज। 17. वर्किंग वुमेन हॉस्टल स्कीम चालू करना। 18. वन स्टॉप सेंटर स्कीम, जिसके तहत हिंसा से पीड़ित महिलाओं को सभी तरह की मदद एक ही छत के नीचे मिलना। 19. मातृत्व वंदन योजना के तहत गर्भ में बच्चों को पौष्टिक आहार योजना। 20. शिशु का जन्म अस्पताल में कराने का बड़ा अभियान चला। 21. बेटियां स्कूल न छोड़े, इसके लिए करोड़ों शौचालय बनाने का अभियान। 22. बेटियों के पानी देने के लिए हर घर पाइप से पानी देने का अभियान। 23. सौभाग्य योजना के तहत मुफ्त बिजली कनेक्शन योजना। 24. पीएम आवास योजना के तहत बेटियों को संयुक्त भागीदारी का हक देना। 25. महिलाओं को बैंक से बिना गारंटी वाली मुद्रा योजना की शुरुआत। 26. इस साल लालकिले से 2 करोड़ लखपति दीदी बनाने की योजना की शुरुआत। 27. सेल्फ हेल्प ग्रुप की महिलाओं को लोन देने की योजना की शुरुआत। 28. सेना में महिलाओं को परमानेंट कमीशन देना। इन जैसे महत्वपूर्ण कार्य और योजनाए महिलाओं की भलाई के लिए माननीय मोदी सरकार द्वारा पुरजोर तरीके किये जा रहे है।

"भारत की युवा शक्ति भारत की सबसे बड़ी ताकत है। हमारे युवा विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं और राष्ट्रीय प्रगति में योगदान दे रहे हैं"। माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी युवाओ भलाई के लिए

1. "प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, जिसके अंतर्गत, सूक्ष्म व लघु उद्योग को बढ़ावा देने और ढेरों रोजगार पैदा करने के लिए प्रधानमंत्री मुद्रा लोन योजना की शुरूआत की। 7 अप्रैल 2015 को भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा इसे गैर-बैंकिंग वित्त संस्थान के रूप में रजिस्टर्ड किया गया और इस योजना की शुरुआत 8 अप्रैल 2015 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा किया गया। इस योजना के तहत उद्योग शुरू करने के लिए सरकार 50 हजार से 10 लाख रुपये तक का लोन मुहैया कराती है।

2. प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना, इस योजना के अंतर्गत युवाओं को कौशल विकास के जरिए फ्री ट्रेनिंग देकर उनको रोजगार के योग्य बनाना और आजीविका में वृद्धि करने का लक्ष्य है। इस योजना को प्रधानमंत्री यूथ ट्रेनिंग प्रोग्राम के नाम से भी जाना जाता है, जिसकी शुरुआत जुलाई 2015 में हुई थी। इसके पहले चरण में तो करीब 19.86 लाख युवाओं को ट्रेनिंग दी गई।

3. पीएम स्वनिधि योजना, रोजगार को बढ़ावा देने के लिए मोदी सरकार ने पीएम स्वनिधि योजना की भी शुरुआत की। स्ट्रीट वेंडर्स को स्वावलंबी बनाने, उनके रोजगार को बढ़ाने और उनकी आय में बढ़ोत्तरी के लिए मोदी सरकार ने साल 2020 में पीएम स्वनिधि योजना की शुरुआत की थी, जिसमें बिना गारंटी और कम ब्याज दरों पर 10 हजार से 50 हजार रुपये तक का आसान लोन केंद्र सरकार द्वारा दिया जाता है।

ऐसी ही लाभ प्रदान करने वाली अनेक योजनाओं से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार देश के युवाओं को सशक्त बनाने के लिए अथक प्रयास कर रही ।

महामहिम ने अपने अभिभाषण में देश की रक्षा, विदेश और आर्थिक नीतियों का जिक्र किया। उन्होंने नारी शक्ति वंदन अधिनियम का जिक्र करते हुए कहा, सरकार विधायिका में आधी आबादी का प्रतिनिधित्व बढ़ाने के लिए संकल्पबद्ध है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने अपने अभिभाषण में अयोध्या के राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा का जिक्र किया

उन्होंने अयोध्या में राम मंदिर का जिक्र करते हुए कहा, 22 जनवरी को लंबी प्रतीक्षा के बाद रामलला भव्य मंदिर में विराजमान हुए। हमारी विरासत ऐसी हो, जिससे आने वाली पीढ़ियां हमें याद करें। राम मंदिर के निर्माण की आकांक्षा सदियों से थी जो अब पूरी हुई है। बता दें कि उत्तर प्रदेश के

अयोध्या में निर्माणाधीन राम मंदिर में राम लला की प्राण प्रतिष्ठा का समारोह गत 22 जनवरी को हुआ। पीएम मोदी ने राम लला की उत्सव मूर्ति में प्राण प्रतिष्ठा की। इस मौके पर देश-विदेश के लगभग आठ हजार मेहमान विशिष्ट अतिथि के तौर पर मौजूद रहे।

महामहिम राष्ट्रपति जी ने अपने अभिभाषण में कहीं महत्वपूर्ण बिंदुओं पर प्रकाश डाला है। राष्ट्रपति जी ने माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की सरकार का जो मूल मंत्र है 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, और सबका प्रयास' को ध्यान में रखते हुए मोदी सरकार के द्वारा विभिन्न बुनियादी योजनाओं, सुविधाओं को गरीबो, किसानो और मजदूर तक की पहुंच में लाने के लिए एक ही मोटो, एक ही लक्ष्य और हमारी कार्य संस्कृति के केंद्र बिंदु में भी जो एक ही विचार है 'India First Citizen First' सबसे पहले देश, सबसे पहले देशवासी पर अपने अभिभाषण के दौरान महामहिम राष्ट्रपति जी ने बताया की ऐसे क्षेत्र को भी पहली बार विकास से जोड़ा है जो दशकों दशकों तक उपेक्षित रहे हैं। हमारी सीमाओं से सटे गांव को अंतिम गांव कहा जाता था। मेरी सरकार ने उन्हें देश का पहला गांव बनाया है। इन गांव के विकास के लिए काफी काम किया है।

अपने भाषण के दौरान अंडमान निकोबार द्वीप समूह और लक्षद्वीप का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि ये द्वीप विकास से वंचित थे। हमारी सरकार ने इन द्वीपों में भी आधुनिक सुविधाओं का निर्माण किया है। वहां सड़क, हवाई यातायात और तेज इंटरनेट की सुविधा पहुंचाई है।

उन्होंने कहा कि दुनिया भर में गंभीर संकटों के बीच भारत सबसे तेजी से विकसित हो रही अर्थव्यवस्था है और लगातार पिछली दो तिमाही में देश की विकास दर साढ़े सात प्रतिशत रही।

महामहिम राष्ट्रपति जी ने जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 को निष्प्रभावी किया और पहली बार आरक्षण की सुविधा दी गई है। मोदी जी की सरकार ने बाबा साहेब आंबडेकर से जुड़े 5 स्थानों को पंच तीर्थ के रूप में विकसित किया है।

महामहिम राष्ट्रपति जी ने कहा कि हमारे यहां विश्वकर्मा परिवारों के बिना दैनिक जीवन की कल्पना मुश्किल है। सरकार ने ऐसी विश्वकर्मा परिवारों की भी सुध ली है। पीएम विश्वकर्मा योजना से 84 लाख से ज्यादा लोग जुड़ चुके हैं।

आदिवासियों के लिए मोदी सरकार की योजनाओं का जिक्र किया और कहा कि मेरी सरकार ने उनकी भी सुध ली है जो अब तक विकास की धारा से दूर रहे हैं। ऐसे आदिवासी गांव हैं जहां पिछले 10 सालों में बिजली पहुंची हैं। उनको पाइप से पानी मिलना शुरू हुआ है। हजारों आदिवासी बहुल गांव में 4 जी नेट सुविधा पहुंचा रही है। जनजातियों में सबसे पिछड़े जनजातियों की सुध ली है। उनके लिए 26 हजार करोड़ रुपये की पीएम जनमन योजना बनाई है।

अपने भाषण में किसानों का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि उनकी देश में 15 नवंबर से विकसित भारत संपर्क यात्रा चल रही है अभी तक इस यात्रा से करीब 19 करोड़ देशवासी जुड़ चुके हैं। पिछले दो वर्षों में विश्व ने दो युद्ध देखे और कोरोना जैसी महामारी देखी। इसके बावजूद मेरी सरकार ने देश में महंगाई को काबू में रखा और सामान्य भारतीयों का बोझ नहीं बढ़ने दिया। 2014 से पहले के 10 वर्षों में औसत महंगाई दर 8 फीसदी से अधिक थी। पिछले दशकों में औसत महंगाई 5 प्रतिशत रही। मेरी सरकार का प्रयास रहा है कि सामान्य देशवासी की जेब में अधिक से अधिक बचत कैसे हो। पहले देशवासियों को 2 लाख रुपये की आय पर टैक्स लग जाता था। आज भारत में 7 लाख रुपये तक की आय पर टैक्स नहीं लगता।

साहिबजादों के बलिदान की स्मृति में 26 दिसंबर को 'वीर बाल दिवस' की घोषणा एवं 14 अगस्त को 'विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस' इसी सोच का परिचायक है। सरकार ने भगवान बिरसा मुंडा को श्रद्धांजलि स्वरूप, उनके जन्म-दिवस 15 नवंबर को 'जनजातीय गौरव दिवस' के रूप में मनाने का भी निर्णय लिया।

महामहिम राष्ट्रपति जी ने कहा कि आज देश के चार बेहद अहम स्तंभ हैं। उन्होंने कहा कि युवाशक्ति, नारीशक्ति, किसान और गरीब से ये देश खड़ा है। देश के हर समाज में इनकी स्थिति ऐसी ही है। इसलिए इन चार स्तंभों को ठीक करने के लिए हर स्तर पर काम कर रही है। 10 करोड़ से ज्यादा लोगों को पक्का घर मिला है।

नल से जल योजना के तहत अभी तक 11 करोड़ ग्रामीणों को पाइप से पानी पहुंचा है। कोरोना काल से ही 80 करोड़ देशवासियों को मुफ्त राशन दिया जा रहा है। अब इसे आनेवाले 5 वर्षों के लिए आगे बढ़ाया गया है। इसपर 11 लाख करोड़ रुपये और खर्च होने का अनुमान है।

महामहिम राष्ट्रपति जी ने डिजिटल इंडिया का जिक्र किया, भारत में बिजनेस करना आसान हो इसके लिए मेरी सरकार काम कर रही है। इज ऑफ डूइंग आसान हो रहा है। मेरी सरकार का एक और बड़ा रिफॉर्म डिजिटल इंडिया का निर्माण है। डिजिटल इंडिया ने भारत में बिजनेस को आसान बना दिया गया है।

महामहिम राष्ट्रपति जी ने कहा कि बैंकिंग सिस्टम जो पहले पूरी तरह से चरमरा गई थी वो आज दुनिया में सबसे मजबूत बना है। एनपीए जो पहले डबल डिजिट में होता था वो अब 4 फीसदी ही रह गया। कुछ साल पहले भारत खिलौना आयात करता था आज मेड इन इंडिया खिलौना निर्यात कर रहा है। भारत का डिफेंस प्रोजेक्ट एक लाख करोड़ के पार पहुंच चुका है। लड़ाकू विमान तेजस अब हमारी वायुसेना की ताकत बन रहा है।

औपनिवेशिक आपराधिक कानूनों के स्थान पर नए कानून बनाए जाने, नारी वंदन अधिनियम और सरकार के कई अन्य कदमों का उल्लेख किया। उन्होंने तीन दशक बाद नारी शक्ति वंदन विधेयक पास करने के लिए सबकी सराहना की और कहा, "मैं नारी शक्ति वंदन अधिनियम को पारित करने के लिए सदस्यों का अभिवादन करती हूं। यह मेरी सरकार के महिला नीत विकास के संकल्प को मजबूत करता है। इससे लोक सभा और विधानसभा में महिलाओं की ज्यादा भागीदारी सुनिश्चित हुई है। इस संसद ने एक बहुत ही गरिमापूर्ण फैसला लिया था, जो नारी शक्ति वंदन अधिनियम था। 26 जनवरी को भी हमने देखा किस प्रकार से देश ने कर्तव्य पथ पर नारी शक्ति के सामर्थ्य-शौर्य को अनुभव किया।

आईपीसी अब इतिहास हो गया है। अब दंड को नहीं बल्कि न्याय को प्राथमिकता है। देश को न्याय संहिता मिली है। अब दंड को नहीं न्याय की प्राथमिकता, न्याय संहिता देश को मिली है।

बीते 12 महीनों में मेरी सरकार अनेक महत्वपूर्ण विधेयक लेकर भी आई। ये विधेयक, आप सभी संसद सदस्यों के सहयोग से आज कानून बन चुके हैं। ये ऐसे कानून है जो विकसित भारत के संकल्प की सिद्धि का मजबूत आधार हैं। 3 दशक बाद, नारी शक्ति बंदन अधिनियम पारित करने के लिए मैं आपकी सराहना करता हूं। इससे लोक सभा और विधानसभा में महिलाओं की ज्यादा भागीदारी सुनिश्चित हुई है। यह वीमेन लेड डेवलपमेंट के मेरी सरकार के संकल्प को मजबूत करता है। रिफॉर्म, परफॉर्म और ट्रांसफॉर्म के अपने कमिटमेंट को मेरी सरकार ने लगातार जारी रखा है। गुलामी के कालखंड से प्रेरित क्रिमिनल जस्टिस सिस्टम अब इतिहास हो गया है। अब दंड को नहीं, अपितु न्याय को प्राथमिकता है। 'न्याय सर्वोपरि' के सिद्धांत पर नई न्याय संहिता देश को मिली है। डिजिटल पर्सनल डेटा प्रोटेक्शन अधिनियम से डिजिटल स्पेस और सुरक्षित होने वाला है। अनुसंधान नेशनल रिसर्च फाउंडेशन अधिनियम से देश में रिसर्च और इनोवेशन को बल मिलेगा। जम्मू और कश्मीर आरक्षण कानून से, वहां भी जनजातीय समुदायों को प्रतिनिधित्व का अधिकार मिलेगा। इस दौरान सेंट्रल यूनिवर्सिटी कानून में भी संशोधन किया गया। इससे तेलंगाना में समक्का सरक्का सेंट्रल ट्राइबल यूनिवर्सिटी बनाने का रास्ता सुगम हुआ। पिछले वर्ष 76 अन्य पुराने कानूनों को भी हटाया गया है। मेरी सरकार परीक्षाओं में होने वाली गड़बड़ी को लेकर युवाओं की चिंता से अवगत है। इसलिए ऐसे गलत तरीकों पर सख्ती के लिए नया कानून बनाने का निर्णय लिया गया है।

महामहिम राष्ट्रपति जी ने बताया कि बीता वर्ष भारत के लिए ऐतिहासिक उपलब्धियों से भरा रहा है। इस दौरान देशवासियों के गौरव बढ़ाने वाले अनेक पल आए। दुनिया में भारत सबसे अधिक तेजी से विकसित होने वाली अर्थव्यवस्था बना है। ऐतिहासिक जी-20 सम्मेलन की सफलता ने पूरे विश्व में भारत का मान बढ़ा था। मिशन आदित्य को लॉन्च किया। भारत को सबसे बड़ा अपना समुद्री पुल अटल सेतु मिला।

केंद्र की प्राथमिकताओं का उल्लेख करते हुए राष्ट्रपति बोलीं कि 'रिफॉर्म, परफॉर्म और ट्रांसफॉर्म' को सरकार ने लगातार जारी रखा है। उन्होंने इस दौरान महिला आरक्षण कानून पारित होने

का उल्लेख भी किया और कहा, "मैं नारी शक्ति वंदन अधिनियम को पारित करने के लिए सदस्यों का अभिवादन करती हूं। यह मेरी सरकार के महिला नीत विकास के संकल्प को मजबूत करता है।"

ऐतिहासिक उपलब्धियों से भरा रहा साल 2023, नया संसद भवन भारत की ध्येय यात्रा को ऊर्जा देता रहेगा; यहां नई और स्वस्थ परंपराओं की शुरुआत का भरोसा। नई संसद भवन से एक भारत श्रेष्ठ भारत की महक, चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर झंडा फहराने वाला दुनिया का पहला देश बना भारत, मिशन मोड में सरकारी नौकरियां देना बड़ी उपलब्धि। भारत में जी-20 देशों के सम्मेलन का सफल आयोजन। देश के करीब 25 करोड़ देशवासी गरीबी रेखा से ऊपर निकले। भारत दुनिया की 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है और जल्द ही हम तीसरी पायदान पर आने वाले है देश में स्टार्टअप्स की संख्या बढ़कर एक लाख के आंकड़े से भी आगे निकली देश में मोबाइल मैनुफैक्चरिंग में पांच गुना बढ़ोतरी दर्ज की गई। डिजिटल इंडिया से बड़ा बदलाव, यूपीआई से 18 लाख करोड़ रुपये का रिकॉर्ड लेन-देन। खेती को किसानों के लिए अधिक लाभकारी बनाने पर जोर। पहली बार कृषि निर्यात की नीति बनाई गई, देशभर में 1300 रेलवे स्टेशनों का कायाकल्प हो रहा है। स्थानीय सांस्कृतिक विरासत की झलक दिखेगी। सैनिकों के लिए वन रैंक वन पेंशन योजना लागू की गई। सरकार रिफॉर्म परफॉर्म और ट्रांसफॉर्म के लिए कटिबद्ध।

महामहिम राष्ट्रपति जी ने राष्ट्रीय नीतियां जो माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की सरकार के द्वारा लाई गई है, गरीबों के लिए सरकार के द्वारा जो विभिन्न प्रकार के कल्याणकारी योजनाएं बनाई गई है उन पर भी प्रकाश डाला है। यह हमारे संविधान के लागू होने का भी 75वां वर्ष है। इसी कालखंड में आज़ादी के 75 वर्ष का उत्सव, अमृत महोत्सव भी संपन्न हुआ है।इस दौरान देश भर में अनेक कार्यक्रम हुए।देश ने अपने गुमनाम स्वतंत्रता सेनानियों को याद किया। 75 साल बाद युवा पीढ़ी ने फिर स्वतन्त्रता संग्राम के उस कालखंड को जिया। प्रधानमंत्री जी का ये कार्यकाल देश भर में एक उत्सव की तरह मनाया गया । हाल में हुए अमृत महोत्सव के दौरान ही कर्तव्य पथ पर नेताजी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा स्थापित की गई। राजधानी दिल्ली में देश के अब तक के सभी प्रधानमंत्रियों को समर्पित म्यूजियम खोला गया। शांति निकेतन और होयसला मंदिर वर्ल्ड हेरिटेज

लिस्ट में शामिल हुए। साहिबज़ादों की याद में वीर बाल दिवस घोषित हुआ। भगवान बिरसा मुंडा के जन्म दिवस को जनजातीय गौरव दिवस घोषित किया गया। विभाजन की विभीषिका को याद करते हुए, 14 अगस्त को विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस घोषित किया गया। मेरी माटी, मेरा देश अभियान के तहत, देश भर के हर गाँव की मिट्टी के साथ अमृत कलश दिल्ली लाए गए। 2 लाख से ज्यादा शिला-फलकम स्थापित किए गए। 3 करोड़ से ज्यादा लोगों ने पंच प्राण की शपथ ली। 70 हजार से ज्यादा अमृत सरोवर बने। 2 लाख से ज्यादा अमृत वाटिकाओं का निर्माण हुआ। 2 करोड़ से ज्यादा पेड़-पौधे लगाए गए। 16 करोड़ से ज्यादा लोगों ने तिरंगे के साथ सेल्फी अपलोड की।

राष्ट्रपति जी ने कहा कि भारत ने बीते एक दशक के दौरान वैश्विक विवादों और संघर्षों के इस दौर में भी, अपने हितों को मजबूती से दुनिया के सामने रखा है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2047 में आजादी की 100वीं वर्षगांठ को देखने के लिए अनेक साथी इस सदन में मौजूद नहीं होंगे, लेकिन हमारी विरासत ऐसी होनी चाहिए कि तब की पीढ़ी हमें याद करे।

अमृतकाल के आगामी 25 वर्ष का कालखंड, स्वतन्त्रता की स्वर्णिम शताब्दी का, और विकसित भारत के निर्माण का कालखंड के रूप में प्रकाश डाला है जिसमे देश के प्रत्येक नागरिक के लिए कर्तव्यों की पराकाष्ठा करके दिखाने और एक नव युग निर्माण के अवसर को देखा जाएगा जिससे 2047 तक ऐसे राष्ट्र का निर्माण होना है जो अतीत के गौरव से जुड़ा होगा और आधुनिकता का हर स्वर्णिम अध्याय होगा। प्रधानमंत्री जी द्वारा एक ऐसा भारत बनाने की कौशिश की जा रही है, जो आत्मनिर्भर हो और जो अपने मानवीय दायित्वों को पूरा करने के लिए भी समर्थ होगा, ऐसा भारत - जिसमें गरीबी न हो, जिसका मध्यम वर्ग भी वैभव से युक्त होगा, ऐसा भारत - जिसकी युवाशक्ति और नारीशक्ति, समाज और राष्ट्र को नई दिशा देने के लिए सबसे आगे खड़ी हो, जिसके युवा समय से दो कदम आगे चलेंगे, ऐसा भारत - जिसकी विविधता और अधिक उज्ज्वल हो, जिसकी एकता और अधिक अटल होगी।

अनुसूचित जाति, जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग की आकांक्षा को जगाया है। जो विकास के लाभ से सबसे अधिक वंचित था। अब जब मूल सुविधाएं इस वर्ग तक पहुंच रही हैं, अब ये लोग नए

सपने देखने में सक्षम हो पा रहे हैं । अनुसूचित जाति के सामाजिक-आर्थिक सशक्तिकरण के लिए डॉक्टर आंबेडकर उत्सव धाम, अमृत जलधारा और युवा उद्यमी योजना जैसे कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। आदिवासी गौरव के लिए तो सरकार ने अभूतपूर्व फैसले किए हैं। पहली बार देश ने भगवान बिरसा मुंडा के जन्म दिवस को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाना शुरु किया। हाल में ही मानगढ़ धाम में सरकार ने आदिवासी क्रांतिवीरों को पहली बार राष्ट्रीय स्तर पर श्रद्धांजलि दी। आज 36 हज़ार से अधिक आदिवासी बाहुल्य वाले गांवों को प्रधानमंत्री आदि आदर्श ग्राम योजना के तहत विकसित किया जा रहा है । आज देश में 400 से अधिक एकलव्य मॉडल स्कूल आदिवासी क्षेत्रों में खुल चुके हैं । देशभर में तीन हज़ार से अधिक वनधन विकास केंद्र आजीविका के नए साधन बने हैं । सरकार ने राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग को संवैधानिक दर्जा देकर O.B.C. के welfare के लिए प्रतिबद्धता को स्पष्ट किया है । बंजारा, घुमंतू, अर्ध-घुमंतू समुदायों के लिए भी पहली बार Welfare and Development Board का गठन किया गया है।

देश ने अपनी आजादी के 75 वर्ष पूर्ण पूरे कर अमृतकाल में प्रवेश किया। अमृत काल के 25 वर्ष का कालखंड स्वतंत्रता की स्वर्णिम शताब्दी और विकसित भारत के निर्माण का वक्त है । अमृत महोत्सव में तमाम महापुरुष जिन्होंने इस देश की आजादी के लिए कुर्बानी दी इस देश की एकता और अखंडता के लिए अपना जीवन लगा दिया ऐसे महापुरुषों को सम्मान देने का काम अगर किसी ने किया तो मोदी सरकार ने किया है।

महामहिम राष्ट्रपति जी ने कामना की है कि देश का हर नागरिक मानवीय दायित्वों का निर्वहन करने में सक्षम हो। गरीबी न हो, मध्यम वर्ग वैभव से युक्त हो। युवा समय से दो कदम आगे चलते हों, भारत ऐसा हो कि जिसकी विविधता और उज्ज्वल और एकता और ज्यादा अटल हो।

जनकल्याण की ये जितनी भी योजनाएं हैं, ये सिर्फ सुविधाएं भर नहीं हैं । इनका देश के नागरिकों के पूरे जीवन-चक्र पर सकारात्मक असर पड़ रहा है । विभिन्न सरकारी और गैर-सरकारी संस्थाओं द्वारा, मेरी सरकार की योजनाओं के प्रभावों का अध्ययन किया गया है। इनके परिणाम बहुत ही प्रभावकारी हैं और गरीबी से लड़ रहे दुनिया के हर देश को प्रेरित करने वाले हैं । बीते वर्षों में

विभिन्न संस्थाओं के अध्ययन में सामने आया है कि 11 करोड़ शौचालयों के निर्माण और खुले में शौच बंद होने से, अनेक बीमारियों की रोकथाम हुई है। इससे शहरी क्षेत्र के हर गरीब परिवार को इलाज पर प्रति वर्ष 60 हजार रुपए तक की बचत हो रही है। प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान की वजह से आज देश में शत- प्रतिशत संस्थागत प्रसव हो रहे हैं। इस वजह से माता मृत्यु दर में भी भारी गिरावट आई है। एक और अध्ययन के अनुसार, उज्ज्वला योजना के लाभार्थी परिवारों में, गंभीर बीमारी की घटनाओं में कमी आई है।

महामहिम राष्ट्रपति जी ने माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की सरकार की तारीफ की और कहा कि कोरोनाकाल में सरकार भारत के नागरिकों को गरीबी रेखा के नीचे जाने से बचाने में सफल हुई है और शॉर्टकट की राजनीति से बचने और एक स्थायी समाधान पेश करने कि सलाह दी जिससे सामान्य जनों की समस्याओं का हल हो। मोदी जी की सरकार में गरीबी हटाओ अब केवल नारा नहीं रह गया है बल्कि सरकार हर किसी को सशक्त बनाने का काम कर रही है। महामहिम राष्ट्रपति जी ने कहा कि कोरोनाकाल में माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की सरकार की तारीफ की कि सरकार ने देशहित को सर्वोपरि रखा है। नीति और फैसलों में इच्छाशक्ति दिखाई है। सर्जिकल स्ट्राइक से लेकर जवाबी कार्रवाई तक, एलओसी से लेकर एलएसी तक सरकार ने हर तरफ काम किया है।

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की सरकार ने 370 से लेकर तीन तलाक तक हर तरफ काम किया है। आज दुनिया के कई देश संकट से घिरे हैं, लेकिन मोदी जी की सरकार ने जो भी निर्णय लिए, उनकी वजह से भारत की स्थिति उन देशों से अलग है।

माननीय मोदी जी नेतृत्व वाली सरकार देश में ईमानदारी का पालन करने वाली सरकार है और देश में गरीबी के स्थायी समाधान और उनके स्थायी सशक्तीकरण के लिए काम कर रही है। ये सरकार जनकल्याण को सर्वोपरि रखने वाली सरकार है। देश में प्रगति के साथ ही प्रकृति को संभालते हुए विरासत के संरक्षण के साथ आधुनिकता को बढ़ावा दिया जा रहा है।

माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की सरकार ने विरासत को मजबूती देने और विकास को प्राथमिकता देने की राह चुनी है। एक तरफ देश में अयोध्या धाम का निर्माण हो रहा है और दूसरी तरफ आधुनिक संसद भवन भी बन रहा है। केदारनाथ, काशी विश्वनाथ और महाकाल लोक का निर्माण किया तो हर जिले में मेडिकल कॉलेज बनवा रहे हैं।

तीर्थों का विकास कर रहे हैं तो भारत दुनिया की बड़ी स्पेस पावर भी बन रहा है। भारत ने पहला प्राइवेट सैटेलाइट भी लॉन्च किया है। एक तरफ आदि शंकराचार्य, बसवेश्वर जैसे संतों के दिखाए रास्ते पर बढ़ रहे हैं, दूसरी तरफ भारत हाईटेक नॉलेज का हब बन रहा है।

भारत प्राकृतिक खेती की मिलेट्स की परंपरागत फसलों को बढ़ा रहा है। नैनो यूरिया जैसी टेक्नोलॉजी का विकास भी किया। खेती के लिए इन्फ्रास्ट्रक्चर बढ़ा रहे हैं, ड्रोन टेक्नोलॉजी, सोलर पावर से किसान को ताकत दे रहे हैं। गांव के घरों की ड्रोन से मैपिंग की जा रही है। सैकड़ों आधुनिक वंदे भारत ट्रेनें लॉन्च की जा रही हैं। नदी-जलमार्ग और बंदरगाहों को भी आधुनिक बनाया जा रहा है।

मैं पुनः एक बार महामहिम राष्ट्रपति जी का धन्यवाद करते हुए, उनके अभिभाषण का समर्थन करता हूं और साथ ही मैं माननीय प्रधान मंत्री जी का, राष्ट्रीय अध्यक्ष जी का, माननीय गृह मंत्री जी का और माननीय अध्यक्ष जी का आभार व्यक्त करता हूं कि उन्होंने मुझे अपनी बात रखने का अवसर दिया, इसके लिए बहुत बहुत आभार तथा पुनः दूसरी बार लोकसभा अध्यक्ष चुने जाने के लिए बधाई देता हूँ।

****डॉ. लता वानखेड़े (सागर) :** मैं सागर लोक सभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करती हूं जो बुंदेलखंड के सर्वाधिक पिछड़े क्षेत्रों में से एक है। इस क्षेत्र में एक उद्योग चलता है जो बीड़ी उद्योग कहलाता है जिसमें गरीब और गरीब अमीर और अमीर बनता जा रहा है महिलाएं बीड़ी बनाकर घर चलाती हैं। तंबाकू की धस से बड़ी गंभीर बीमारी का शिकार होती थी। इस क्षेत्र में सर्वाधिक आबादी अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं पिछड़े वर्गों की है जिसका मुख्य धंधा कृषि है क्योंकि इस क्षेत्र की जनता अपना पेट भरने के लिए बीड़ी बनाने पर मजबूर थी किंतु विगत वर्षों में भारतीय जनता पार्टी की सरकार केंद्र और मध्य प्रदेश में आने के बाद स्थितियों में सुधार हुआ है। देश के यशस्वी प्रधानमंत्री माननीय श्रीमान नरेंद्र मोदी जी के प्रधानमंत्री बनने के बाद मध्य प्रदेश को तब के मुख्यमंत्री और वर्तमान में केंद्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास मंत्री का विभाग संभाल रहे मान्यवर शिवराज सिंह चौहान जी के नेतृत्व बुंदेलखंड क्षेत्र में सिंचाई हेतु अनेकों बाँध तथा बीना परियोजना "घसान केन सिंचाई परियोजना" प्रारंभ की है जिससे सिंचाई के रकबे में अभूतपूर्व वृद्धि हुई है। आदरणीय श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेई जी की सुविचारित "नदी जोड़ो योजना" के अंतर्गत समूचे देश में पहली बड़ी योजना "केन-बेतवा  लिंक परियोजना" भी इस सरकार के कार्यकाल में आदरणीय प्रधानमंत्री मोदी जी के आशीर्वाद से स्वरूप ले रही है। इन सब के परिणाम स्वरुप समूचे बुंदेलखंड और विशेष कर सागर लोकसभा क्षेत्र में कृषि क्षेत्र में क्रांतिकारी परिवर्तन लक्षित हो रहे हैं।

अभी हाल के निर्वाचन (लोक सभा) में पूरे देश में आदरणीय नरेंद्र मोदी जी के कुशल नेतृत्व में अपनी आस्था जताते हुए तीसरी बार का जनादेश दिया है। उसके चंद दिनों बाद ही माननीय कृषि मंत्री जी मंत्रालय संभालते हुए अपनी पहली ही घोषणा में "महिला सशक्तिकरण" पर जोर देते हुए "कृषि मित्र सखी योजना" लागू करने की घोषणा की है जो महिला सशक्तिकरण की दिशा में, विशेष कर पिछड़े हुए कृषि क्षेत्र में महिलाओं की आर्थिक एवं सामाजिक उन्नति के लिए एक ऐतिहासिक कदम साबित होगा। इस योजना के माध्यम से देश के तीन करोड़ महिलाओं को जो दुर्गम पिछड़े क्षेत्रों में निवास कर रही हैं उन्हें "लखपति दीदी योजना" एवं "कृषि मित्र सखी योजना "के माध्यम से विशेष

* Speech was laid on the Table.

प्रशिक्षण दिलाकर उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त समर्थ और स्वावलंबी बनाने तथा सामाजिक रूप से बराबरी पर लाने में क्रांतिकारी कदमसाबित होगा। इस महान देश की वर्तमान प्रथम आदिवासी महिला महामहिम राष्ट्रपति माननीय द्रौपदी मुर्मू जी के सारगर्भित, बहुउद्देशीय, विकास परक अभिभाषण का मैं हृदय से समर्थन करती हूं और उनके प्रति ससम्मान आभार व धन्यवाद ज्ञापित करती  हूँ।

* **ADV. DEAN KURIAKOSE (IDUKKI):** I would like to congratulate my fellow Parliamentarians for getting elected to this august House and securing an opportunity to represent the will of 1.4 billion Indians. I am also congratulating the council of ministers for forming the Government. The Hon'ble President has addressed the House, outlining the policy priorities of the new Government. In many ways, we were hopeful that the address would be a reassurance to the people of India. Especially when they have given a strong message to the ruling party that is led by the Prime Minister. The people have categorically stated that they are not happy with the way activities of the Government were carried out.

लोक सभा क्षेत्र संख्या 72, बलिया में माननीय पूर्व प्रधानमंत्री जननायक श्री चन्द्रशेखर के नाम पर विश्वविद्यालय है। उसमें कर्मचारियों एवं प्रोफेसर्स की भर्तियाँ हुई हैं, जिसमें आरक्षण का पालन नहीं किया गया है। एक भी नियुक्ति पिछड़े व दलित वर्ग की नहीं हुई है, न ही इसकी कोई योजना है।

बलिया जनपद उद्योग शून्य है एवं यहाँ उद्योग लगाने की आगे भी कोई योजना नहीं है।

बलिया, उत्तर प्रदेश में एक भी इंजीनियरिंग कॉलेज नहीं है, न ही इसे खोलने की कोई योजना है।

राष्ट्रपति महोदया जी ने महँगाई, बेरोजगारी पर कोई ठोस बात नहीं रखी है।

---

* Speech was laid on the Table.

* **SHRIMATI SUPRIYA SULE (BARAMATI):** While the issue of paper leaks was briefly addressed by the Hon'ble President, the proven negligence of the National Testing Agency (NTA) has been overlooked. The sudden and repeated. postponement of several key examinations, all in the name of maintaining the sanctity of the examination process, has raised serious questions about competence and accountability of the NDA Government. In last five years, out of 66 exams conducted by NTA, 12 exams suffered Paper Leaks, affecting 75 Lakh Youths. Multiple arrests are happening now in the states of Bihar, Gujarat, Madhya Pradesh, interestingly all NDA ruled states, however it is a must for the Parliament to investigate as to why the massive delay in detecting the largescale scam and corruption. The National Testing Agency works in absolute opaqueness involving conducting of exams by private agencies, which remain not disclosed. It is crucial for us to define the purpose of the NTA, and bring in transparency.

The 18th Lok Sabha should make transparency its cornerstone. Professionalism of educational institutions such as the National Council of Educational Research and Training, the University Grants Commission and universities have been damaged in the last 10 years. The recent law brought in as mentioned by the Hon'ble President is only punitive in nature, neither preventive nor compensatory in terms of the prejudicial impact on the students.

It has been a continuing initiative and demand of the UPA Government for the caste census to be released for the perusal by the people of India & their representatives. It is only basis proper study and analysis of accurate data that

* Speech was laid on the Table.

adequate policies can made to uplift India. The NDA Government has grossly delayed the holding of a census even of the population of India, gravely affecting policy making at the Parliament Level. 50% Cap on Reservation It is the opportune time for the Parliament of India to pass a law to exceed the 50% cap on reservation.

Be it in Maharashtra, or Bihar, or the southern states, the reality of the Schedule Castes, Schedule Tribes and OBCs cannot be restricted within the 50% cap. There is no logic for such a limit, which is not even provided for in the Constitution, but applicable due to judicial decisions.

Despite the verdict of the country's electorate, the clear signal against the crushing price rise & unemployment, it is crucial for the President's address to include atleast the intent if not the comprehensive action plan of the NDA Government to solve the crisis.

According to the India Employment Report 2024, which was jointly published by the International Labour Organization (ILO) and the Institute of Human Development (IHD), India's youth are facing high unemployment rates. The report indicates that nearly 83 percent of the jobless population in India consists of young people. It is also concerning to note that the proportion of educated young people with at least a secondary education among the total unemployed youth has almost doubled from 35.2 percent in 2000 to 65.7 percent in 20221. According to a report from Hindustan Times, as of April, 712 out of approximately 2,000 students registered for the 2024 placements at IIT-Bombay

were still seeking job opportunities. This represents about 36% of the student population.

Several Instances out of which one being the roof of the Delhi Airport has collapsed killing one person and injuring eight. The answer to the question who was responsible for the said roof to collapse, is not the answer that the family of the driver (Mr. Ramesh Kumar) killed, will accept It is to be noted that the Roof of the Jabalpur Airport collapsed, despite it being inaugurated 3 months back by the Prime Minister of India. Rs. 17,843 crore infrastructure project of this scale should be held to the highest standards of engineering and oversight.

This year has marked one of the biggest tragedy caused due to illegal Hoardings which is the tragic incident in Mumbai, where a massive 250-ton hoarding collapsed during a dust storm, leading to the loss of 17 lives, underscores the broader issue of corruption, inadequate regulation and enforcement around public structures. Further the issue of Manholes in Gujarat, Year after year, after the very first rainfall, roads in Gujarat collapse. On 30 June 2024, despite the ruling Government in power in the State, roads have collapsed/sunk in tier 1 cities such as Ahmedabad.

Similar is the crisis that Maharashtra has been facing with water logging in low lying areas and localised flooding of roads. Across these diverse infrastructure failures, a common thread emerges-the need for the Government to take a more proactive, comprehensive, and accountable approach to infrastructure management. Failure to address these systemic issues will only lead to more preventable tragedies in the years to come.

As Hon'ble President emphasised on green energy and jobs. However, the reality today is starkly different. As per the World Air Quality Report, India is ranked 3rd most polluted country. Almost 70% of the Indian Population live in areas that exceed the country's own national air quality standard. On average, every Indian loses 5.3 years of his life due to pollution, which should be seen in comparison with cardiovascular diseases that reduces the average Indian's life by 4-5 years, and child and maternal malnutrition reduces by 1.8 years. Between 2013 to 2021, 60% of the world's increase in pollution has come from India. If we focus and control the pollution crisis, residents in Delhi would gain 12 years of life expectancy.

Recently, Mr. Vijay Warlikar, National Vice-President of the National Association of Fishermen, has appealed for attention to the gathering of devotees and saints from across the country and abroad in preparation for the 29th Palkhi procession of Shri Dnyaneshwar Maharaj to Pandharpur. He highlighted that the river Indrayani is heavily polluted due to the discharge of chemicals from nearby factories, with devotees and pilgrims bathing in this contaminated water. This poses a serious threat to their health and well-being, as well as risking the destruction of aquatic life and the environment.

I would like to add that only if the population is at its optimum efficiency, will India grow. As per the survey done in 2018 by the Indian Council for Medical Research, high expenditure on mental disorders is shooting up the families' healthcare budget. The study highlights a profound mental health crisis in India, with mental illnesses accounting for one-sixth of all health-related issues,

including conditions such as depression, anxiety, bipolar disorders, and schizophrenia.

It is pushing 20 percent of Indian households into poverty. Out of the total household budget on healthcare, almost 20% is on mental care. We need preventive and corrective policy, of reducing work & society related stress, reward compassionate work environment, and also provide financial risk protection to reduce impact of healthcare expenditure on mental illnesses.

The Hon'ble President highlighted the Act East Policy of the NDA Government showing commitment towards the peace and prosperity of the North East region. However, it is global knowledge that Manipur has been experiencing prolonged unrest for the past year, women were raped and paraded, we demanded a discussion even in the $17^{th}$ Lok Sabha, however, all was done to avoid any discussion let alone devise any comprehensive plan in the face of escalating violence and destruction of social harmony. Therefore, the 'Act East' policy rings hollow unless there is any intent towards accepting our mistakes, and working for regional peace.

Implemented on 1 July 2024 Amidst breach of the parliamentary security and demand for discussion on price rise, the 3 criminal law bills were railroaded in the Parliament without any discussion. Increase in the police remand period from 15 days to 60 or 90 days would prove to weaponise the police by the respective State Governments. Retention of solitary confinement despite it being in absolute violation of human rights. The introduction of the power to handcuff without court permission is again moving towards a police state. The 18th Parliament must

reconsider the Criminal Law Bills and revise all the provisions in line with the Constitution of India.

It is high time that the law allows for Governments to weaponize it for their political motives, as seen in the case of Arvind Kejriwal & Hemant Soren. Similarly amendments to forest conservation and biological diversity protection forest laws were railroaded without any discussion. The Great Nicobar Project is deeply concerning. The recent bail of both Arvind Kejriwal and Hemant Soren display the weaponizing of the investigative agencies of the country for political purposes. Huge amount of government resources are focussed only on suppressing the voice of the opposition, this is a fraud on the taxpayers money. The 18$^{th}$ Lok Sabha, must in the spirit of consensus and to move ahead, bring in necessary provisions to restrict any government be it Centre or State from weaponizing agencies for political purposes.

Honourable President has mentioned about the FPO networks being made but what cannot be neglected is rather than promises, we need a consultative mechanism, where farmers of the country are consulted before taking every decision. The three controversial farm laws, have proven that the approach of the Government is wrong.

First time in history, the "Vote from Home" option was made available. Firstly I would like to congratulate the Election Commission of India for increasing voter penetration, however, there were sizeable cases of malpractices by the NDA leaders and pressure upon the Hon'ble Commission. An important example is that of breaking of parties by defecting and approaching the Election

Commission to be called the original party to create a defence to the Tenth Schedule. Weaponising the Hon'ble Election Commission to further the interest of NDA is condemnable as it is insulting to the people of India, and inevitably the Constitution of India.

There is mention that the farmers are unable to take care of expenditure - PM Kisan Samman Nidhi- 3 Lakh 20 Thousand Crores has been launched. I would like to shed some light on The Pradhan Mantri Kisan Samman Nidhi (PM-KISAN) scheme, which provides a meagre Rs. 500 per month to farming families, is grossly insufficient and fails to meaningfully address the significant economic challenges faced by India's agricultural sector. If there were genuine concerns about the wellbeing of farmers, it would take far more substantive measure Foremost, legal status must be granted to Minimum Support Prices (MSP). Additionally, comprehensive loan waiver schemes are necessary to free farmers. Furthermore, the Government should act to reduce the costs of essential agricultural inputs like fertilizers, seeds, and equipment. This could be achieved through higher subsidies and the removal of the Goods and Services Tax (GST) on these critical supplies.

Government has been working on Ease of Doing Business Constantly. But it is to be noted that the region-wise discrimination and bias shown by the NDA Government is against the cooperative federalism.

Even though as mentioned that the Government is continuously working on extension of farming activities including dairy and fishery, the current payment of 22 to 27 per litre to milk producers is significantly lower than the Government-

announced rate of 34 per litre. Compared to other states, milk producers in Maharashtra receive 10 to 12 less per litre, exacerbating their financial struggles. Adding to the discontent, the Government's recent decision to permit the import of 10,000 tonnes of milk powder and remove the import duty has further jeopardised local this move is likely to depress rates even more, causing distress among local producers. It has been claimed that there have been Construction of 4 crore PM Awas Houses but The CAG audit of the Pradhan Mantri Awas Yojana (PMAY) has revealed several issues, including irregular selection of beneficiaries, diversion of funds, and lack of effective monitoring. These findings suggest that the implementation of the scheme in the state has been plagued by various irregularities, undermining the objective of providing affordable housing to the urban poor. I would like to bring the attention towards Construction of more than 3 lakh 80 thousand kms. of road under PM Gramin Sadak Yojna. PMGSY-III aims to be completed by March 2025. As we enter the final year of this six-year project, it should ideally be 84% complete if progress were uniform each year. However, the reality is quite different. As of now, only 78,492 km of roads have been constructed, which is a mere 63% of the initial target of 1.25 lakh km. To make matters worse, just 1.15 lakh km has been approved so far, casting serious doubts on the scheme's timely completion. The situation is particularly dire in states like Mizoram, Manipur, and Sikkim, where not a single road has been completed under the scheme. This lack of progress is compounded by a damning report from a standing committee on rural development in 2022, which criticized the quality of the roads as "completely unacceptable."

Even if there has been growth in construction of the highways by 2x, the Atal Setu Bridge, which was inaugurated just three months ago, has already developed cracks. Even more alarming, a half-kilometre stretch of road near Navi Mumbai has sunk by a foot. Despite the state pouring a staggering Rs 18,000 crore into the Mumbai Trans Harbour Link (MTHL), these incidents highlight a glaring lack of proper construction practices. These problems underscore that it's not enough to simply build infrastructure; quality and durability are crucial. Moreover, our national rail network, highways, and overall development lag significantly behind other parts of India, reflecting a need for more comprehensive and robust planning and execution in our infrastructure projects.

As stated by the Honourable President that there has been Growth of Tourism, Connectivity, Employment etc. in North-Eastern States, I would like to bring to attention that according to the Ministry of Statistics and Programme Implementation, during the financial year 2018-19, the eight North-Eastern states had a growth rate lower than the national average. In the financial year 2018-19, the 8 North Eastern States of India contributed only 2.8% to the country's GDP, most of this share came from Assam. Other states together gave 1/3 of the contribution. This region is behind other parts of India in many areas like power use, roads and railways, and social and economic development. Further it is that the Government working for Peace in the North- East. The Northeast of India has historically been a hotspot for secessionist movements, making it imperative for any governing body to prioritize establishing peace, ideally through political

negotiations. Manipur incident is a reflection of the dearth of any proper intervention by the Government to establish peace.

The topic of women representation that the Government is working for Women Empowerment The number of women representatives in the cabinet reflects otherwise.

Further claims of 3 Crore Women benefited through Lakhpati Didi Abhiyan but the significant gender gap in workforce participation cannot be overlooked, especially when there's a young and educated female demographic ready to contribute. It's not enough to rely solely on microfinance schemes. We urgently need more affordable childcare options, safe transportation, flexible work arrangements, and measures to address unconscious biases in recruitment and career progression. These are the real barriers that limit women's potential in the Member of Parliament, Lok Sabha Supriya Sule labour force. While rural women self-help groups have their role, the challenges faced by working women in urban areas are markedly different and demand targeted solutions.

The Free Ration and Affordable (Cheap) rates of Cylinder are not as helpful as being. Over the past five years, the cost of meals has surged by a staggering 71%, while salaries have only increased by a mere 37%, highlighting an alarming disparity that disproportionately affects households with regular salaried individuals. In Maharashtra, the average cost of a home-cooked vegetarian thali has risen by 71%, with a recent Crisil report revealing a 7% increase in March compared to the previous year. Particularly troubling are the price hikes of essential ingredients: onions, tomatoes, and potatoes, which have seen increases

of 40%, 36%, and 22% respectively. This stark contrast between rising food costs and stagnant wages underscores the mounting financial pressure on ordinary families.

There has been mention of Last Mile Delivery approach of the Government has supported lot of families and specially Adivasis. However, arguably the biggest leader of the Adivasis Mr. Hemant Soren was incarcerated for 6 months for political reasons.

With the support of Government, 25 Crore Indians have come out of poverty. But it's hard to understand how Niti Aayog claims its poverty numbers are accurate when no third party, including the World Bank and the IMF, supports these figures. Niti Aayog has set its own standards for measuring poverty, but why were these particular standards chosen? They seem to be based on the Government's flagship schemes, which raises questions about their objectivity. The national multidimensional poverty measures look at deprivations across three dimensions- health, education, and standard of living each given equal weight. These dimensions are assessed using 12 indicators that align with sustainable development goals. The indicators include nutrition, child and adolescent mortality, maternal health, years of schooling, school attendance, cooking fuel, sanitation, drinking water, electricity, housing, assets, and bank accounts. Niti Aayog's National Multidimensional Poverty Index (MPI) employs the Alkire Foster methodology to gauge the decline in poverty rates. However, while the National MPI uses 12 indicators, the global MPI only uses 10.

In COVID time Government gave free ration to 80 Crore people under PM Garib Kalyan Anna Yojana. The 2023 Global Hunger Index paints a stark and troubling picture of hunger in India, ranking it 111 out of 125 countries. This dismal ranking places India behind all its neighbours: Pakistan is at 102, Bangladesh at 81, Nepal at 69, and Sri Lanka at 60. According to the index, 16.6% of India's population is undernourished, and the under-five mortality rate is 3.1%. Even more alarming is the prevalence of anaemia among women aged 15 to 24 years, which stands at an astonishing 58.1%. These statistics are a clear admission of the severe hunger crisis and nutritional deficiencies plaguing the country. 16. Solar panels are being installed on the rooftops of houses under PM Surya Ghar Muft Bijli Yojana. But there are plethora of complaints made regarding the scheme as they are facing problems ranging from installation to website not working properly. Once we bring in a policy, we must implement it end to end.

I would like to address some critical concerns that have been persistently overlooked, despite the appreciation for the efforts made thus far. While it is commendable that work is being carried out, there are significant underlying issues that demand more strategic planning and dedicated attention. Merely completing tasks is not sufficient. Maintenance and aftercare are integral parts of any successful project. Unfortunately, this is where we see a glaring deficiency. It is not enough to just perform the work; it must be executed with thoroughness and precision, only then can it be considered truly complete and effective. What we are witnessing is a troubling trend of enacting laws without proper consultation with the opposition. This approach not only undermines the democratic process

but also results in legislation that lacks broader acceptability and support. The absence of comprehensive dialogue and consideration of diverse viewpoints leads to laws that are perceived as undemocratic and, in many cases, counter-productive. It is essential to understand that the strength of our democracy lies in inclusivity and collaboration. When laws are passed without the involvement and consensus of all stakeholders, they fail to represent the interests of the entire populace. This exclusionary practice is detrimental to the very fabric of our democratic institution. The only aim is just not to complete the tasks but also ensure they are carried out with the highest standards of quality and inclusiveness.

*** DR. T. SUMATHY ALIAS THAMIZHACHI THANGAPANDIAN (CHENNAI SOUTH):** I would like to take this opportunity to express my gratitude and Indebtedness to our great leader and mentor Dr. Kalaignar. My sincere thanks to our beloved Chief Minister of Tamil Nadu, Philosopher and Guide Thalapathy Thiru M.K. Stalin for providing me this opportunity to express my views.

We have great pride to say that we belong to the Dravidian Stock. Dravidians have a special trait conqueror of the conquered. It's the Dravidian trail enshrined in the annals of the Periplus of the Erythraean Sea. The same never say die attitude was demonstrated by the people of Tamil Nadu. The hon. Chief Minister of Tamil Nadu is spearheading the Dravidian Model Government in Tamil Nadu.

The present Union Government with a fractured mandate has failed to address the economic and agrarian crisis and rise upto the expectation of the people who gave them a clear mandate in the past ten years. Now they have downsized them to a minority.

First of all I deeply regret that the hon. President's address does not mention several issues which affects the life and nature of the poor middle class people. The insensitive economic policies of the Government have led to the lower GDP and loss of employment in the country. Hon. President's Address does not mention anything about the growing unemployment and the job loss in the country and also the failure of the present Government in providing employment to the two crore people every year as promised. It is really unfortunate that the

---

* Speech was laid on the Table.

President's address fails to mention the reason for mounting miseries on the people due to economic recession and the failure of the Government to tackle the economic crisis. There is no comprehensive policy for the India's 8 million differently-abled population whose interest cannot be protected in the absence of institutional mechanism. The address does not mention about the steps taken by the Government in this important issue. The Government should have statutory plans for compensation to the victims of violence especially the victims of communal riots and rehabilitation to such victims. We Tamil people share an umbilical tie with the Srilankan Tamils and our Leader Dr. Kalaignar has stood his grounds for their rights and welfare. There is a need to amend the Citizenship Amendment Act 2019 to confer citizenship to Sri Lankan Tamils who are staying in refugee and rehabilitation camps in Tamil Nadu as refugees for more than 5 years. They should be recognised as citizens of our country. There is an urgent need to pass a resolution for constituting an International Court of inquiry into the missing of thousands of Tamilians during the ethnic war in Sri Lanka. It is so disappointing to note that the President's Address does not mention about the need to include all the languages listed in the Eighth Schedule of the Constitution as official languages of the Union and also does not mention about the need to amend the Constitution of India in order to transfer the residuary powers, from the Central sphere to the State sphere.

Our Party Leader Thiru M.K. Stalin has submitted a detailed memorandum voicing the concerns and anxieties in implementing the New Education Draft Policy to the Central Minister for Education. D.M.K. Party has always opposed

(and will continue do so) the implementation of NEET as it poses a grave threat to the cause of Social Justice and Empowerment. There is an urgent need to discontinue NEET in the State of Tamil Nadu in view of large scale injustice imposed on the rural poor students who do not have the wherewithal to prepare for the costly NEET exams. If you look at the precarious condition and the unfaithful manner NEET is being conducted, plagued by question paper leaks and mishandling it is high time the Government should withdraw the NEET exams and go back to the robust system practised earlier. Otherwise the chaos will continue and genuine. There is a growing intolerance manifesting the violence and spread of communal polarization in the country and this very fact is conspicuously absent in the President's address. There is no mention in the Address about tackling global economic recession affecting Indian industries and loss of jobs of lakhs of workers and employees especially in our indigenous industries. There is no mention in the Address about lakhs of job lost in India during the last 5 years as a result of privatization of the PSUs as well as disinvestment. The growing incidence of child abuse and trafficking of women and children in the country is really worrying factor. The failure of the Government to take effective measures to tackle this very important problem is unreasonable and unpardonable.

The growing incidence of 'paid news' in every sphere of media viz. print, television and social media that has become a dangerous phenomenon world distorting parliamentary democracy. There is no mention in the Address about the failure of the Government to curb and control the menace of fake news and paid news in the country.

The mounting increase of NPA's in PSU Banks affecting their financial health as well as loss of public faith in the financial system is a great threat to the economic freedom of the people. Government instead of punishing the culprits and wilful corporate defaulters candidly help them to get away with it. There is no mention in the address about this grievous situation arising out of NPAs in PSU Banks.

There is no reason why the price of petrol and diesel were raised, even when the prices of crude oil in the international market is declining. The Government has failed miserably to bring down the petrol and diesel prices that too when the crude oil price is very less in the international markets. Students will be betrayed by the system. when a system is corrupt and unwieldy it is better to abandon than to continue with same corrupt practices. People have lost faith on NEET and other exams conducted by the NTA. The integrity and transparency is missing. Very important issues like the need to find a solution to the Indian fishermen row on the fishing rights in the Palk Bay Strait and Gulf of Manner and the need to provide proper protection to the fishermen from the harassment of Sri Lankan Navy is not mentioned in the President's Address. There is a need for providing proper medical facilities for fishermen and their families.

The appropriate steps and effective measures needed to arrest the steep fall in the ground water level and to encourage rain water harvesting in the country is not addressed in the President's address and we can only regret that it does not mention either about linking rivers, especially Godavari and Cauvery, Krishna to Pennar and Pennar to Cauvery. It is unfortunate that the President's

address does not show any interest in resolving the water disputes among different states in the country.

Baba Saheb Ambedkar has said "My ideal would be a society based on Liberty, Equality, and Fraternity... Democracy is not merely a form of Government... It is essentially an attitude of respect and reverence towards one's fellow men". I consider myself a privileged person for being a product of the Dravidian philosophy propounded by Thanthai Periyar, proposed politically by Perarignar Anna, propagated by Muthamizh Arignar Dr. Kalaignar and protected by our beloved leader Thalapathy Thiru. M.K. Stalin. Tamil Nadu has been the pioneering champion to achieve the social justice, liberty and equality for all people. The Justice party which heralded the Social Justice Movement in India during British Raj, followed by Thanthai Periyar's Dravidar Kazhagam worked on the principles of Self Respect, Social Justice and Equality. Any Government in India should religiously follow these ideals as its motto, the mantra which encompasses social justice, equality, respect and equal opportunities.

A Government which professes so much about the welfare of kisan, farmer has totally ignored about their prosperity. It is unfortunate that the President's Address does not mention about the need to implement fully the recommendations of the M.S. Swaminathan Committee for the welfare of farming community and the need to provide remunerative prices to farmers for their agriculture produce in order to save them from abject poverty and miserable conditions, leading to suicides. It is indeed a great achievement of the farmers of the country whose untiring hard labour has showed the world that farmers feed

the people of all walks of life. It's true that many countries have experienced scarcity of foodgrains and faced starvation during the Corona crisis. But we in India have ensured that nobody remained hungry during the worst pandemic. The credit goes to our farmers and sons of the soil. *Uzhudhuntu Vaazhvaare Vaazhvaarmatr Rellaam Thozhudhuntu Pinsel Pavar* which means, they alone live who live by agriculture; all others lead a cringing, dependent life. I would like to give maximum credit to the small farmers of the country for this consistent success and strengthening the agriculture sector. Under the PM-Kisan Samman Nidhi, I would like to suggest that the Government should increase this to Rs. 12,000 per annum and also include the landless agricultural workers who are the backbone of the country.

It is very important to protect the health of all citizens from the risks associated with any future pandemic. To mitigate these risks, the role of the health insurance sector becomes even more vital, necessitating a collaborative effort to improve health insurance penetration and the development of healthcare facilities across the country.

Dr. Kalaignar has achieved this in Tamil Nadu 15 years back. In Tamil Nadu any patient can enter into most of the hospitals and get proper medical care and come out of the hospital with all the required medicines, all at free of cost. The people of Tamil Nadu are indebted to DMK Government for having created such large number of top-quality medical infrastructure in Tamil Nadu

Tamil Nadu, being a front runner in the field of medical care and medical infrastructure development, has become the Medical Hub of the South Asia.

Health facilities are now easily accessible to the common people because of the responsive policies of our State Government. We are ever grateful to the Government of Tamil Nadu in achieving this great success.

Health and Education are the two eyes of the Nation. Health and Education are the real wealth of the Nation. The country which focuses more on good Health and Education will prosper under any crisis. I wish the union Government should allocate 6 per cent of our GDP each for both Health and Education. All we need is, will power with strict discipline, undaunted dedication and the spirited determination to do that.

I would like to record in the august House that after ten years of this Government, the Nari Shakti is in danger; the Yuva Shakti is in deep distress and the elderly population is betrayed. Women of this country are suffering from oppression, gender inequality, deprived of their education and socio-economic rights as the violence against the women is at its highest, but the Government is shying away from its constitutional obligations. From the brute majority enjoyed from 2014 to 2024 the BJP has been reduced to minority. The people of this country have understood clearly that they are betrayed by your hypocritic approach.

Before I conclude my speech, I would like to remind the people in power that now you have somehow managed to form the Government. In Tamil there is a saying "*Thalai Thappiyathu Thambiran Punniyam*" But remember the people of the country are watching. If you continue to betray the aspirations of the people, especially the youth, women, poor labour and middle-class population of the

Nation, they will show you the exit door. It will not be far too long for the entire country to follow the footsteps of Tamil Nadu. Thank you.

**श्री लालजी वर्मा (अम्बेडकर नगर) :** सभापति जी, मैं आपका आभारी हूं कि आपने मुझे राष्ट्रपति जी के अभिभाषण पर हो रही चर्चा में भाग लेने का अवसर दिया है। मैं सबसे पहले उत्तर प्रदेश की महान जनता का आभार व्यक्त करना चाहूंगा, जिसने एक अहंकार को तोड़कर एक मजबूत सरकार बनाने का काम किया। साथ ही साथ मैं अयोध्या मंडल की महान जनता का आभार व्यक्त करना चाहूंगा, जिस महान जनता ने उस मंडल की पांच की पांच सीटों पर ही भारतीय जनता पार्टी के अहंकार को तोड़ने का काम किया है।

मान्यवर, माननीय राष्ट्रपति जी के द्वारा सरकार ने अपनी जो बातें रखी हैं, उनके अंतर्गत चुनाव आयोग का आभार व्यक्त किया है। निश्चित रूप से सरकार को चुनाव आयोग का आभार व्यक्त करना चाहिए क्योंकि यदि यह सरकार बनी है, तो ... *

**माननीय सभापति :** श्री लालजी वर्मा जी, आप सीनियर पार्लियामेंटेरियन हैं। आप कह रहे है कि यह सरकार ...* आप जानते हैं कि चुनाव आयोग कांस्टीट्यूशनल बॉडी है। आपने स्वयं कहा है कि आप अयोध्या की पांचों सीटें जीत गए हैं। चुनाव आयोग की निष्पक्षता के कारण ही ऐसा हुआ होगा।

**श्री लालजी वर्मा :** सभापति जी, यदि निष्पक्ष चुनाव हुआ होता, मशीनरी का दुरुपयोग नहीं हुआ होता और जगह-जगह खुलेआम धन और दारू का प्रयोग न हुआ होता, तो अकेले उत्तर प्रदेश में बीस सीटें इंडिया गठबंधन की ज्यादा आतीं।

**माननीय सभापति :** आप मतदाताओं पर सवाल उठा रहे हैं।

**श्री लालजी वर्मा :** सभापति जी, चुनाव निष्पक्ष नहीं हुआ। जिस तरह से 10 साल से भारतीय जनता पार्टी की सरकार चल रही है, जो वायदा वर्ष 2014 में किया था, उस वायदे पर पूरी तरह से यह सरकार फेल हुई है। महंगाई को समाप्त करने का वायदा था। बेरोजगारी को समाप्त करने का वायदा था लेकिन इस सरकार ने क्या दिया है? प्रधान मंत्री जी की सरकार ने आम जनता के लिए महंगाई की गारंटी दी है। छात्रों के लिए पेपर लीक की गारंटी दी है। युवाओं के लिए बेरोजगारी की गारंटी दी है। यात्रियों के लिए हादसों की गारंटी दी है। किसानों को कर्जदार बनाने की गारंटी दी है। छोटे उद्योगों को

---

* Expunged as ordered by the Chair.

बरबादी की गारंटी दी है। बाबा साहब भीम राव अम्बेडकर के अथक प्रयासों से अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति को आरक्षण मिला। बड़े संघर्षों के बाद मंडल आयोग के माध्यम से पिछड़ी जाति के लोगों को सरकारी नौकरियों में हिस्सेदारी मिली। भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने उस आरक्षण पर ... * डालने का काम किया। विभिन्न वर्गों को आरक्षण का लाभ न मिल सके, इसलिए निजीकरण करने का काम किया और जो नौकरियां बची भी हैं, उनमें आरक्षण पर 'नॉट फाउंड स्यूटेबल' की गारंटी देने का काम भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने किया है। किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य की लीगल गारंटी नहीं दी।

मान्यवर, माननीय अनुराग ठाकुर जी के द्वारा लगभग एक घंटे से ज्यादा का समय लेकर महामहिम के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया, लेकिन उनकी बात से यह झलक रहा था कि उन्हें मंत्री न बनाए जाने की चिंत सता रही है और इसलिए बार-बार पानी पीकर भी वे सरकार की तारीफ नहीं कर पा रहे थे।

मान्यवर, आज ओबीसी का जो आरक्षण है, इस भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने विभिन्न संस्थाओं में पूरी तरह से खत्म किया है। उत्तर प्रदेश में 34 विश्वविद्यालय हैं। उन 34 विश्वविद्यालयों में जो वाइस चांसलर्स हैं, उनमें 'पीडीए' के एक या दो हैं, बाकी कोई भी नहीं है। इसी तरह से, विभिन्न जिलों में जो सरकारी अधिकारियों की पोस्टिंग होती है, उसमें भी इन वर्गों की उपेक्षा की जाती है।

मान्यवर, मैं आपके दृष्टांत में लाना चाहता हूं कि किस तरह से रिज़र्वेशन के साथ अन्याय हो रहा है। दिल्ली विश्वविद्यालय में एक कॉलेज में ओबीसी श्रेणी के लिए बुलाए गए भर्तियों की संख्या 377 थी। उसके लिए जो क्वालीफाइड थे और 377 लोगों के इंटरव्यू के बाद, कुल विज्ञापित पद में से अनरिज़र्व्ड के 1 पद, ओबीसी के लिए 1, ई.डब्ल्यू.एस. के 1 पद थे। उसमें 377 लोग एलिजिबिल थे। उसके बाद उसमें लिख दिया गया – 'नॉट फाउंड सूटेबल'', यानी श्रीराम कॉलेज में 377 में से एक भी कैंडीडेट सूटेबल नहीं थे। उसी दिल्ली विश्वविद्यालय से पढ़े हुए पी.एच.डी. और नेट क्वालीफाइड लोगों में से एक भी कैंडीडेट सूटेबल नहीं पाए गए।

---

* Expunged as ordered by the Chair.

**माननीय सभापति :** माननीय सदस्य, यह आपकी मेडेन स्पीच है, लेकिन आपकी पार्टी की तरफ से 9 सदस्यों के नाम आए हैं। कृपया अपना भाषण समाप्त कीजिए।

**श्री लालजी वर्मा :** मान्यवर, मैं बस एक-दो मिनट में अपनी बात खत्म कर रहा हूं।

मान्यवर, इसी तरह से, उत्तर प्रदेश में एस.जी.पी.जी.आई. एक बड़ी अच्छी संस्था है। अभी वहां इंटरव्यू हुए। 48 पद एस.सी., ओबीसी के लिए रिज़र्व थे। उन 48 पदों में से माइक्रोबॉयोलॉजी का एक पद था, एक पद अनुसूचित जाति के लिए रिज़र्व था। के.जी.एम.यू. से पढ़ी हुई एक लड़की इंटरव्यू देने गयी। उसे के.जी.एम.यू. में 15 गोल्ड मेडल्स मिले थे। पर, उसके लिए उसे 'नॉट फाउण्ड सूटेबल' कर दिया गया। वह उसके लिए भी एलिजिबिल नहीं थी।

मान्यवर, इसी तरह से, न्यूरोलॉजी में दो पद थे, जिनमें से एक अन-रिजर्व्ड था, एक ओबीसी के लिए रिज़र्व था। वहीं से पास-आउट हुए दो छात्र थे। वे के.जी.एम.यू. में दो साल असिस्टैंट प्रोफेसर रहे। जो अन-रिज़र्व्ड था, उसके लिए जो प्रवेश परीक्षा थी, उसमें उसकी मेरिट नीचे थी। वह जनरल सीट के लिए क्वालीफाइड हो गया, पर ओबीसी सीट के लिए 'नॉट फाउण्ड सूटेबल' हो गया।

मान्यवर, मैं अपनी बात बस एक मिनट में खत्म कर रहा हूं। मैं अपनी मर्यादा को समझता हूं।

मान्यवर, जिस तरह से पूरे देश में और प्रदेश में आज अनुसूचित जाति और पिछड़ी जाति के लोगों के पदों के साथ, जो उसमें एक्सपर्ट बनाए जाते हैं, उसमें तीन के तीन एक्सपर्ट सामान्य वर्ग से बना दिए जाते हैं। उसमें रिज़र्वेशन नहीं है। इस तरह से, आज भारतीय जनता पार्टी की सरकार काम कर रही है। इसने मंत्रिमंडल बनाने का भी काम किया। यह कहा जाता है कि माननीय प्रधान मंत्री स्वयं एक ओबीसी हैं, लेकिन उसके बाद भी ओबीसी के लोगों के साथ, अनुसूचित जाति के लोगों के साथ इस तरह से अन्याय हो रहा है।

मान्यवर, मैं यह ध्यान दिलाना चाहता हूं कि सरकार ने 30 लोगों को जो कैबिनेट मंत्री बनाया है, उसमें भी हिस्सेदारी देने का काम नहीं कर रही है। आज किसानों की फसलों का जो समर्थन मूल्य है, यह कहा गया था कि किसानों की आमदनी दोगुनी की जाएगी, आमदनी तो दोगुनी नहीं हुई, पर उनकी कॉस्ट-ऑफ-प्रोडक्शन लागत दोगुनी हो गयी।… (व्यवधान)

मान्यवर, यह मेरी पहली स्पीच थी। मैं आपका बहुत-बहुत आभारी हूं कि आपने मुझे बोलने का अवसर दिया। चाहे वे बुनकर हों, किसान हों, छात्र हों, आज उनके साथ अन्याय हो रहा है।

**श्री पी. पी. चौधरी (पाली) :** सभापति महोदय, आपने मुझे महामहिम राष्ट्रपति महोदय के अभिभाषण पर अनुराग ठाकुर जी के द्वारा प्रस्तुत धन्यवाद प्रस्ताव के समर्थन में अपने विचार रखने का अवसर दिया है, उसके लिए मैं आपका धन्यवाद करता हूँ।

सभापति महोदय, बहुत खुशी की बात है कि गुलामी से मुक्ति, अगर हम देखें तो पहली बार पिछले दस सालों में हमें प्रधान मंत्री मोदी जी के नेतृत्व में देखने को मिली है। मेरा प्रोफेशन वकालत का है। मैंने 43 साल के अपने प्रोफेशन में देखा कि पहल इंडियन पीनल कोड, क्रिमिनल प्रोसिजर कोड और एविडेंस एक्ट होते थे, ये एक गुलामी की देन थी और उसमें सिर्फ और सिर्फ सज़ा देने का प्रावधान था, वे न्याय की बात नहीं करते थे। क्योंकि अंग्रेज़ों ने कानून अपने हिसाब से बनाए थे। लंबे समय तक किसी ने यह अहसास नहीं किया और पहली बार हम यह देखते हैं कि यह अहसास प्रधान मंत्री मोदी जी के नेतृत्व में हमारे गृह मंत्री अमित शाह जी ने किया। नए कानून एक जुलाई से लागू हो गए और पूरे देश में आम जनता में इस बात के लिए हर्ष है कि अब समय पर कार्रवाई होगी। जो हम हमेशा देखते थे कि न्याय में डिले हो रहा है, वह नहीं होगा और ये कानून अब सज़ा के लिए नहीं, न्याय के लिए हैं। दोनों पक्षों के न्याय के लिए हैं। पहले सिर्फ इनकी जो एप्रोच थी, वह सज़ा की थी। यह हमारे स्वतंत्रता सेनानियों को बहुत बड़ी श्रद्धांजलि है।

सभापति महोदय, मैं यह भी बताना चाहूंगा कि जो पिछले दस सालों में एक संकल्प रिफॉर्म, परफॉर्म एण्ड ट्रांस्फॉर्म का रहा है, जो दस सालों में मोदी जी का विज़न देश के लिए रहा है, अगर हम इन दस सालों की तुलना करें, देश आज़ाद होने के बाद के पीरियड की तुलना करें तो हम पाएंगे कि दस सालों में जो भारत की अर्थव्यवस्था 11वें नंबर पर थी, वह मोदी जी के राज के दौरान 5वें नंबर पर आ गई। जिस हिसाब से जो ग्रोथ रेट चल रही है, अगले आने वाले कुछ ही वर्षों में हम विश्व की तीसरी अर्थव्यवस्था बनेंगे। यह अपने आप में बहुत बड़ी बात है, पूरे देशवासियों के लिए बहुत हर्ष की बात है। यही नहीं वर्ष 2021 से 2024 के बीच में आठ प्रतिशत की रफ्तार से विकास और ग्रोथ हुई है। जबकि समय सामान्य नहीं था। सौ सालों के दौरान कोविड जैसी बड़ी आपदा नहीं आई थी और भारत की अर्थव्यवस्था ऐसी ही है, जो कि प्रधान मंत्री मोदी जी के नेतृत्व में कहीं भी किसी भी रूप में नहीं

लड़खड़ाई। इसलिए साफ जाहिर होता है, आज पूरे विश्व में भारत का 15 पर्सेंट योगदान दुनिया की ग्रोथ में है। यही कारण है कि आज भारत का मान और सम्मान पूरे विश्व में है। यही कारण है कि आज मोदी जी को पूरे देश ने तीसरी बार प्रधान मंत्री बनाया है क्योंकि उनकी लीडरशिप पर, उनकी गवर्नेंस पर जनता को विश्वास है। पिछले दस सालों में जिस हिसाब से चाहे महिला सशक्तिकरण हो, चाहे युवा सशक्तिकरण हो, भिन्न-भिन्न योजनाओं के द्वारा इनके सशक्तिकरण में हमेशा ध्यान रखा गया है। यही नहीं विश्व की सबसे बड़ी योजना, 80 करोड़ देशवासियों को को मुफ्त अनाज पिछले कई सालों से दिया जा रहा है। यह व्यवस्था विश्व में और कहीं नहीं है, सिर्फ भारत में है और बिना किसी भेदभाव के है। यह अपने में बहुत बड़ी बात है। चाहे हम ग्रामीण विकास देखें, चाहें शहरी विकास देखें। ग्रामीण विकास में पिछले दस सालों में करीब तीन लाख 80 हज़ार किलोमीटर की सड़कें प्रधान मंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत बनी हैं। अगर हम इन्फ्रास्ट्रक्चर की बात करें, चाहे नेशनल हाइवे की बात करें, चाहे एक्सप्रेस वे की बात करें, चाहे रेलवेज़ के इन्फ्रास्ट्रक्चर की बात करें, साफ जाहिर हो रहा है कि पिछले दस सालों में विकास हुआ है। मैं किसानों के बारे में कहना चाहता हूँ, क्योंकि मैं किसान परिवार से आता हूँ तो यह पहली बार हुआ है कि पीएम किसान सम्मान निधि के पिछले दस सालों में करीब तीन लाख 20 हज़ार करोड़ रुपये सीधे किसानों के खाते में गए हैं। मैं विपक्ष के साथियों से पूछना चाहूंगा कि क्या कभी इस तरह की योजना किसानों के लिए कोई भी सरकार ले कर आई है? यह सबसे बड़ी बात है कि डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांस्फर द्वारा राशि दी गई जो भ्रष्टाचार की भेंट नहीं चढ़ती है।

**14.00 hrs**

अगर हम डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर को देखें तो पहले जो पैसा लिकेज हो रहा था, वह लिकेज होने से बचा है। एमएसपी के ऊपर भी किसानों के लिए रिकॉर्ड स्तर पर काम किया गया। सहकारिता के लिए अलग से मंत्रालय बना है। फार्मर्स प्रोडयूसर्स ऑर्गनाइजेशंस, पैक्स यानि ग्राम सेवा सहकारी समिति का नेटवर्क पूरे देश में बनेगा। इससे किसानों को बहुत बड़ा फायदा होगा और उनकी आमदनी बढ़ेगी। श्रीअन्न यानी मोटे अनाज को आज सुपर फूड के रूप में अपनाया जा रहा है और

एक यह फैशन हो गया है। पूरे विश्व में पहले कोई बाजरा नहीं खरीदता था। आज मोटे अनाज खरीदने का फैशन हो गया है। स्वास्थ्य की दृष्टि से भी लोग मोटे अनाज को यूज कर रहे हैं। अब मोटे अनाज का निर्यात भी होगा और उससे हमारे किसानों को भी फायदा होगा।

सभापति महोदय, अभी हाल ही के चुनाव में हमने देखा कि किस तरह से संचार क्रांति का, एक टेक्नोलॉजी का, चाहे इनसाइड इंडिया हो, चाहे आउटसाइट इंडिया हो, दुरुपयोग किया गया। विघटनकारी ताकतों द्वारा लोकतंत्र को कमजोर करने के लिए, समाज में दरारें डालने के लिए अफवाह फैलाई गई, असत्य फैलाया गया, जनता को गुमराह किया गया और भ्रम फैलाया गया। जनता में मिसइंफॉर्मेशन फैलाया गया कि चुनाव में अगर बीजेपी जीत गई तो आरक्षण खत्म कर दिया जाएगा। आम जनता में एक तरह से असत्य फैलाया गया। जनता को मैं धन्यवाद देता हूं कि उन्होंने इनके असत्य पर विश्वास नहीं किया और प्रधानमंत्री मोदी जी को तीसरी बार चुन कर भेजा।... (व्यवधान)

**माननीय सभापति :** कृपया ...* को आप असत्य कह सकते हैं। ...* is an unparliamentary word. ...* की जगह पर आप असत्य कहें।

**श्री पी. पी. चौधरी :** यस, सर। इस तरह से यह बेरोक-टोक नहीं चलने दिया जाएगा। इसमें मानवता के विरुद्ध बहुत गलत उपयोग हुआ है। मैं कहूंगा, क्योंकि यहां कांग्रेस के साथी भी बैठे हैं, विपक्ष के अन्य साथी भी बैठे हैं, इन्होंने असत्य का एक जेनरेटर के रूप में काम किया है।... (व्यवधान)

सर, कल यहां पर राहुल गांधी जी बोल रहे थे। मैं बताना चाहूंगा कि उन्होंने हिन्दू समाज को हिंसकवादी कहा, नफरत करने वाला समाज कहा, इस बात के लिए पूरे देश का हिन्दू समाज बहुत नाराज है। इसके लिए उनको माफी मांगनी चाहिए। यही नहीं, अग्निवीर के मामले में भी उन्होंने पार्लियामेंट में सही तथ्य नहीं रखा है। हमारे रक्षा मंत्री जी ने उसी समय इस बात को बताया। अभी हमने देखा कि हमारे विपक्ष के साथी जब शपथ ले रहे थे तो वे भारत के संविधान को लेकर शपथ ले रहे थे। ऐसा लग रहा है कि जिन्होंने संविधान के ऊपर सबसे बड़ा हमला किया, संविधान को तार-तार किया, वे संविधान की बात कर रहे हैं। हम इमरजेंसी की बात करते हैं, लेकिन इमरजेंसी क्यों लगी,

---

* Not recorded.

इस तथ्य में जाना जरूरी है। इमरजेंसी इसलिए लगी कि वर्ष 1971 में कांग्रेस को 352 सीटें मिलने के बाद इंदिरा गांधी जी का चुनाव कोर्ट ने निरस्त कर दिया था। जब कोर्ट ने उनका चुनाव निरस्त कर दिया, तो भारत के संविधान में संशोधन किया गया कि प्रधानमंत्री के चुनाव को चैलेंज नहीं किया जा सकता। इसके लिए आंदोलन हुआ था। मैं अपने सदस्यों को धन्यवाद दूंगा, हमारे समाजवादी पार्टी के साथी बैठे हैं, डीएमके के साथी भी बैठे हैं और आरजेडी के साथी भी बैठे हैं। हमारे नेताजी स्वर्गीय मुलायम सिंह यादव जी, लालू प्रसाद जी, करूणानिधि सहित सारे लोगों ने आवाज उठा कर आंदोलन किए। आज मुझे इस बात का अचरज हो रहा है कि इनके लोग इंडिया एलायंस के साथ जुड़े हुए हैं। इनकी विचारधारा इनसे नहीं मिलती है।

महोदय, जब हमारे माननीय स्पीकर महोदय का भाषण हो रहा था और हम लोग सम्मान देने के लिए खड़े हुए थे, उस समय जो स्थिति थी, उसमें कांग्रेस और आप लोगों की स्थिति से ऐसा लग रहा था कि आप लोगों का मेल-जोल लंबा चलने वाला नहीं है। मैं मानता हूं कि संविधान के प्रति आपकी विचारधारा है। चाहे हमारे समाजवादी पार्टी के साथी हों, चाहे आरजेडी के साथी हों, चाहे डीएमके के साथी हों, आप सभी की संविधान के प्रति जो विचारधारा है, वह कांग्रेस से मेल नहीं खाती है। जिस तरह से ढोंग रचा गया और भारत के संविधान को दिखा कर शपथ ली गयी, आम जनता जब इमरजेंसी को याद करती है तो उनको पता लगता है कि संविधान पर सबसे बड़ा हमला किसने किया है।

जब इमरजेंसी लगी, उसके दौरान आप याद करिए कि किस तरह से कमिटेड जुडीशियरी बनाने के लिए, गोलकनाथ के केस में, केशवानंद भारती के केस में, एडीएम जबलपुर के केस में जब सर्वोच्च न्यायालय की संविधान की पीठ ने यह निर्णय दिया कि बेसिक स्ट्रक्चर को चेंज नहीं किया जा सकता, फंडामेंटल राइट को चेंज नहीं किया जा सकता, आपने इमरजेंसी में बेसिक स्ट्रक्चर को चेंज किया। सोशलिस्ट और सेक्युलर वर्ड को इमरजेंसी के दौरान जब सारे नेता, मुलायम जी, लालू जी, करुणानिधि जी, अटल बिहारी वाजपेयी जी, लालकृष्ण आडवाणी जी, देश के सब बड़े-बड़े नेता जेल में थे, तब आपने भारत का संविधान बदला, जो ये संविधान की बात करते हैं। भारत का संविधान

बदला, उसमें अमेंडमेंट किए और संविधान बदलकर पार्लियामेंट का टेन्योर एक साल बढ़ाया। भारत के इतिहास में संविधान पर इससे ज्यादा कोई हमला नहीं हो सकता। आम जनता अब इस बात को समझती है। इनकी इस तरह की कार्यवाही आगे चलने वाली नहीं है। जिन जजेज़ ने खिलाफ फैसला दिया, अगर उन्होंने कहा कि बेसिक स्ट्रक्चर चेंज नहीं कर सकते, उनको सुपरसीड किया गया। उनके जूनियर को चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया बनाया गया। उनको रिजाइन भी करना पड़ा। आज तक भारत के इतिहास में जो जुडीशियरी का गला इमरजेंसी के दौरान और इंदिरा गांधी के राज में घोटा गया, कांग्रेस के द्वारा उनके पीरियड में जो हुआ, ऐसा पूरे इतिहास में कभी नहीं हुआ। आज जुडीशियरी लोकतंत्र का बहुत बड़ा भाग है, इंडिपेंडेंट है, लेकिन उस समय जुडीशियरी कंप्लीटली कमिटेड थी। उन्हीं लोगों का प्रमोशन होता था, वही चीफ जस्टिस आफ इंडिया बनते थे, जो कि सरकार के साथ रहते थे।

आप दलितों की बात करते हैं। अंबेडकर जी को आपने क्या ट्रीटमेंट दिया? जब मोदी जी उनको आगे लाने लगे तब आप दौड़कर आने लगे। आपने वर्ष 1946 में उनको कांस्टीट्युएंट असेंबली का मेंबर नहीं बनने दिया। उनको बंगाल से, जो कि अभी बांग्लादेश में है, वहां से आना पड़ा। उसके बाद वर्ष 1952 में लोक सभा चुनाव में नेहरू जी ने उनके खिलाफ प्रचार करके बाबा साहब भीमराव अंबेडकर जी को हराया। वर्ष 1954 में बाई इलेक्शन हुए, उसमें भी आपने अंबेडकर जी को हराया। आप दलितों की बात करते हैं तो एक मजाक सा लगता है, एक नाटक सा लगता है।

भारतीय जनता पार्टी ने प्रधान मंत्री मोदी जी के नेतृत्व में, जिस हिसाब से देश के दलित नेता हैं, जिनको हम बहुत मान और सम्मान देते हैं, क्योंकि उनका लेवल ऐसा था। नेहरू जी को हमेशा डर रहता था कि अंबेडकर जी मेरे बराबर के नेता हैं, उनको कैसे दबाया जाए। उनको हमेशा दबाने की कोशिश की गई। प्रधान मंत्री मोदी जी ने और भारतीय जनता पार्टी जब भी पॉवर में थी, उनके द्वारा हमने पंच तीर्थ तैयार किए। चाहे उनके जन्म स्थान महू में हो, चाहे दिल्ली में उनका घर हो, चाहे 15 जनपथ ऑडिटोरियम हो, चाहे मुंबई में उनका क्रिमिनेशन स्थान हो, चाहे लंदन में जहां वे पढ़े हैं, वह हो, इसके अलावा भारत रत्न किसी ने उनको देने का काम किया तो माननीय अटल बिहारी जी की

स्ट्रेंग्थ पर उनको भारत रत्न दिया गया। कहने का मतलब यह है कि भले ही ये दलितों की बात करें, लेकिन दलितों के लिए कुछ नहीं करते हैं। गरीबी हटाओ तो नहीं, लेकिन गरीबों को जरूर इन लोगों ने हटा दिया है। कांग्रेस की कथनी और करनी में फर्क है।

मैं राहुल गांधी जी को धन्यवाद देता हूं कि वे विपक्ष के नेता बने। लेकिन मैं उनसे हाथ जोड़कर यह निवेदन भी करता हूं कि विपक्ष का रोल बहुत बड़ा है और आप मर्यादा के साथ-साथ परिपक्वता रखें। मुझे पूरा विश्वास है कि आने वाले टाइम में पूरी परिपक्वता को वे प्रदर्शित करेंगे। इस तरह से इममैच्योरिटी से, जिस हिसाब से सदन की गरिमा पूरे देश में घटी, पूरे विश्व में घटी, इस तरह की बात वे नहीं करेंगे। इन्हीं शब्दों के साथ आपको बहुत-बहुत धन्यवाद।

---

**<u>14.09 hrs</u>**

## PAPERS LAID ON THE TABLE-Contd.

**वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री पंकज चौधरी):** महोदय, श्रीमती निर्मला सीतारमण की ओर से, मैं केन्द्रीय उत्पादन शुल्क अधिनियम, 1944 की धारा 38 की उप-धारा (2) के अंतर्गत दिनांक 19 जुलाई, 2022 की अधिसूचना सं. 18/2022-केन्द्रीय उत्पाद शुल्क, जिसका आशय पेट्रोलियम क्रूड के उत्पादन पर विशेष अतिरिक्त उत्पाद शुल्क को 3250 रुपये/एमटी से बढ़ाकर 6000 रुपये/एमटी करने के लिए दिनांक 1 जुलाई, 2024 की अधिसूचना सं. 17/2024-केन्द्रीय उत्पाद शुल्क में संशोधन करना है, की एक एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) तथा एक व्याख्यात्मक ज्ञापन सभा पटल पर रखता हूं।

[Placed in Library, See No. LT 105A/18/24]

---

**14.10 hrs**

**MOTION OF THANKS ON PRESIDENT'S ADDRESS-Contd..**

**श्री असादुद्दीन ओवैसी (हैदराबाद) :** मोहतरम चेयरमैन साहब, आपने मुझे बोलने का मौका दिया। मैं शुरूआत में बताना चाह रहा हूं कि हुकूमत की तरफ से लाये इस रिजोल्यूशन की मुखालिफत में बोल रहा हूं। मैंने प्रेसिडेंट एड्रेस के लिए अमेंड्मेंट्स भी दिए हैं।

चेयरमैन साहब, आप उर्दू जानते हैं, किसी एक शायर ने शायद बर सरे इकितदार जमात के लिए यह शेर कहा होगा,

ऊसूल बेचकर मसनद खरीदने वालों निगाहे अहले वफा में बहुत हकीर हो तुम

वतन का पास तुम्हें था न होगा कभी अपने हिर्स के बंदे हो, बेज़मीर हो तुम

इज्ज़ते नफ्स किसी शख्स की महफूज नहीं अब तो अपने ही निगाहबान से डर लगता है,

डंके की चोट पर जालिम को बुरा कहता हूं, मुझे सूली से न जिदांनों से डर लगता है।

मोहतरम चेयरमैन साहब, मैं आज इन लोगों की तरफ से बोल रहा हूं जो दिखते तो हैं, जिनके बारे में बात तो होती है लेकिन उनकी नहीं सुनता। मैं उनके बारे में बोल रहा हूं जिनके बारे में वजीरे आजम मोदी ने कहा था कि घुसपैठिए हैं। मैं उन बेटियों और माँ के बारे में कह रहा हूं जिनके बारे में मोदी ने कहा कि ज्यादा बच्चे पैदा करते हैं, मैं उन मासूम नौजवानों के बारे में कह रहा हूं जिनको मॉब लिचिंग के जरिए मारा जा रहा है। मैं उन बेजुबान माँ और बाप के बारे में बोल रहा हूं जिनकी आज औलाद इस हुकूमत के गलत कानून के चक्कर में जेलों में सड़ रही है। मैं इस ऐवान में दस्तूर बन रहा था, संविधान बन रहा था, उस वक्त ऐलिहदा वोटर लिस्ट और इंतखाबी रिजर्वेशन की बात आयी तो उस वक्त के हमारे फाउन्डिंग फादर ने हमारे बुजुर्गों ने दोनों समुदाय हिन्दू और मुसलमानों ने फैसला किया कि हम इस पर राजी नहीं होंगे, बल्कि उन्होंने क्या कहा था, उन्होंने ऐलाइहदा वोटर्स लिस्ट और इंतखाबी रिजर्वेशन की मुखालिफत की थी। उन्होंने कहा था, it is the duty of majority community to ensure that minorities are elected in the representative numbers. बीजेपी मुसलमानों की नफरत पर जीतती है और मुसलमानों के नाम-निहाद मसीहा, मुसलमानों के 90

प्रतिशत वोट हासिल करते हैं, फिर भी मुसलमानों के इस ऐवान के दरवाजे नहीं खुलते हैं, सिर्फ चार फीसद मुसलमान जीत कर आते हैं। संविधान सिर्फ एक किताब नहीं है, जिसे चूमा जाए, संविधान एक किताब नहीं है जिसे दिखाया जाए, संविधान एक सिंम्बल भी है।

**HON. CHAIRPERSON :** Nothing will go in record.

**श्री असादुद्दीन ओवैसी :** महोदय, संविधान हमारे बुजुर्गों की एक किताब है, हमारे जमूहिरयत को बुजुर्गों ने इस तरह समझा कि इस मुल्क को चलाने के लिए हर समुदाय, मजहब और समाज के मानने वाले लोगों की राय को शामिल किया जाएगा, मगर इस ऐवान में सिर्फ चार फीसद मुसलमान जीत कर आते हैं। जो संविधान से मोहब्बत के दावे करते हैं, उनसे कहूंगा कि कस्टीट्यूएंट्स असेम्बली की डिबेट पढ़ो, नेहरू जी, एच.सी.मुखर्जी और सरदार हुकूम सिंह ने माइनोरिटीज के बारे में क्या कहा था। वतने अजीज़ का मुस्तिकबिल कैसे होगा, जब बीजेपी मुझे गायब करना चाहती है, दीगर हिज्बे इख्तलाफ की पार्टियां के लिए मेरा वजूद सिर्फ वोट डालना, अपनी कब्र में जाकर सो जाना है। इसीलिए आप देखते हैं ये समाजी इंसाफ है कि चार फीसद मुसलमान जीत कर आते हैं। इस ऐवान में ओबीसी समाज के एमपीज अब अपर कास्ट के एमपीज के बराबर हो चुके हैं। ओबीसी समाज के एमपीज अपर कास्ट एमपीज के बराबर हो चुक हैं। 14 फीसद मुसलमान सिर्फ 4 फीसद जीत कर आते हैं। सीएसडीएस का डाटा बताता है कि मुल्क में जो वोट बैंक है, एक मुश्त वोट डालता है वह अपर कास्ट का है। मुसलमान का न कभी वोट बैंक था, न कभी रहेगा। 4 जून के बाद 6 मुसलमानों की मॉब लिचिंग हुई, 11 घरों को मध्य प्रदेश में मोदी के बुलडोजर ने नेस्तनाबूद कर दिया। हिमाचल प्रदेश में एक मुसलमान की दुकान को लूट लिया गया। हिज्बे इख्तिलाफत की पार्टियों की तरफ से सन्नाटा है। … (व्यवधान) मैं यह बताना चाहता हूं कि नरेन्द्र मोदी जी को जो मेनडेट मिला है। … (व्यवधान)

**माननीय सभापति :** एक मिनट, आप सब बैठ जाएं।

मनसुख मांडविया जी।

… (व्यवधान)

**माननीय सभापति:** माननीय सदस्य, आप बैठ जाएं।

... (व्यवधान)

**श्रम और रोजगार मंत्री; तथा युवक कार्यक्रम और खेल मंत्री (डॉ. मनसुख मांडविया)** : माननीय सदस्य ने अपने प्रारंभिक भाषण में जिस शब्द का प्रयोग किया है, उसे ऑथेंटिकेट किया जाए। उन्होंने उल्लेख किया है कि मोदी के बुलडोजर ने वहां मॉब लिंचिंग की है, उसे भी आथेंटिकेट किया जाए। ... (व्यवधान)

**माननीय सभापति:** निश्चित तौर से।

... (व्यवधान)

**श्री असादुद्दीन ओवैसी :** ठीक है। आप चेयर पर बैठे हैं, मंत्री जी को पेट में दर्द हुआ, माशाअल्लाह, शुक्रिया उनका। ... (व्यवधान)

**माननीय सभापति:** मंत्री जी की जवाबदेही है।

... (व्यवधान)

**श्री असादुद्दीन ओवैसी :** इसमें बुरी बात क्या है? पेट में दर्द हो सकता है।... (व्यवधान)

**माननीय सभापति:** यह ठीक नहीं है।

... (व्यवधान)

**श्री असादुद्दीन ओवैसी :** ठीक है, दर्द हुआ, दिल का दर्द हुआ। ... (व्यवधान)

सर, नरेन्द्र मोदी जी को जो मेन्डेट मिला है, वह सिर्फ और सिर्फ मुसलमानों की नफरत पर हिंदुत्व की वजह से मिला है।... (व्यवधान) I would like to say that it is not that Modi is in the dock. Every single person voted him despite his anti-Muslim voice. I would like to tell the Opposition parties that this is not a moral victory for them. This is a victory of majoritarianism. Everyone should contemplate into introspection one thing. Why is it that only the OBCs and upper castes are getting their due

representation and not the Muslims? Are we here only to vote for you and not to get elected? If that is the case, please tell us that we are here only to vote for you.

सर, आज भारत के आधे नौजवान बेरोजगार हैं। बेरोजगारी का आलम है कि मोदी सरकार के पांच साल में 75 लाख एस्पिरेंट्स की जिंदगी बर्बाद हो गई। … (व्यवधान) 6 पेपर्स लीक हुए। बेरोजगारी का आलम यह है कि लोग रशिया जा रहे हैं, वहां जाकर अपनी जान दे रहे हैं। बेरोजगारी का आलम यह है कि नरेन्द्र मोदी सरकार रोजगार का कैम्प नौजवानों के लिए चलाती है कि तुम इज़रायल में जाकर काम करो, उनको कैनन फोडर बना रहे हैं ताकि फिलीस्तीनों की जायदादों को हड़पा जा सके। … (व्यवधान)

**माननीय सभापति :** आप कन्कलूड करें।

… (व्यवधान)

**श्री असादुद्दीन ओवैसी :** अभी मेरा टाइम बचा है। … (व्यवधान)

**माननीय सभापति :** कहां बचा है?

… (व्यवधान)

**श्री असादुद्दीन ओवैसी :** इन्होंने मेरा टाइम ले लिया। आप मुझे दो मिनट दीजिए।… (व्यवधान)

यह विश्वगुरु की पॉलिसी है कि इज़रायल को 27 टन हथियार जा रहा है। 9 मिलियन भारत के लोग गल्फ में काम करते हैं, क्या असर पड़ेगा? 47,000 इज़रायली फिलीस्तीनी मारे जा चुके हैं। क्या है हमारी पॉलिसी? क्यों हथियार दे रहे हैं? नस्ल कैसी हो रही है?

**माननीय सभापति :** आप महामहिम राष्ट्रपति जी के अभिभाषण पर बोलिए।

… (व्यवधान)

**श्री असादुद्दीन ओवैसी :** मैं उसी पर बोल रहा हूं। इस पर लिखा हुआ है, फॉरेन पॉलिसी में पैराग्राफ 25 देख लीजिए। … (व्यवधान) सद्र-ए-जमूरिया में सैचुरेशन एप्रोच है।… (व्यवधान) क्यों नहीं मोदी सरकार माइनोरिटीज़ के लिए फ्री स्कॉलरशिप डिमांड ड्रिवन करती? … (व्यवधान) आपने इसका

बजट कम कर दिया। बनारस के बुनकर 18 महीने से मंदी का शिकार हैं, सूरत और बेंगलुरू जा रहे हैं।

आखिरी बात, मैं कन्कलूड कर रहा हूं। पन्नू केस में निखिल गुप्ता ... (व्यवधान) मोदी जी ने कहा था कि हमने घर में घुसकर मारा तो निखिल गुप्ता को किसने पन्नू को मारने का ऑर्डर दिया था? ... (व्यवधान) अगर नहीं दिया जो उसे बचाइए। अगर दिया नहीं, तो फिर उस पर पीएमएलए क्यों नहीं लगाते? आपने कमेटी बनाई तो उसका क्या हुआ? हम एससीओ को नहीं जा रहे। मैं आपको बता रहा हूं कि मैं अपनी इस तकरीर को टीपू सुल्तान की नज़र कर रहा हूं, यह टीपू सुल्तान की फोटो है। क्या आप इससे भी नफरत करेंगे? संविधान में टीपू सुल्तान की फोटो है जिस पर वल्लभ भाई पटेल जी ने साइन किए, श्याम प्रसाद मुखर्जी जी ने साइन किए। यह आपकी नफरत है। ... (व्यवधान)

आखिर में, मैं अपनी बात को शेर के साथ खत्म कर रहा हूं।

क्या दिन दिखा रही सियासत की धूप-छांव
जो कल सपूत थे, वो अब कपूतों में आ गए।
जो थे इस कदर अज़ीम कि पैरों में ताज थे,
इतने हुए ज़लील कि अब जूतों में आ गए।

**[جناب اسدالدین اویسی (حیدرآباد): ، محترم چیرمین صاحب، آپ نے مجھے بولنے کا موقع دیا میں شروعات میں بتانا چاہ رہا ہوں کہ حکومت کی طرف سے لائے گئے اس ریزولیوشن کی مخالفت میں بول رہا ہوں۔ میں نے پریزیڈینٹس ایڈریس کے لئے امینڈمینٹس بھی دئے ہیں۔**

**چیرمین صاحب، آپ اردو جانتے ہیں، کسی شاعر نے شاید برسرِ اِقتدار جماعت کے لئے یہ شعر کہا ہوگا۔**

**اصول بیچ کر مسند خریدنے والوں نگاہِ اہل وفا میں بہت حقیر ہو تم**

وطن کا پاس تمہیں تھا نہ ہو سکے گا کبھی کہ اپنی حرص کے بندے ہو بے ضمیر ہو تم

عزت نفس کسی شخص کی محفوظ نہیں
اب تو اپنے ہی نگہبانوں سے ڈر لگتا ہے
ڈنکے کی چوٹ پہ ظالم کو برا کہتا ہوں
مجھے سولی سے نہ زندانوں سے ڈر لگتا ہے

، محترم چیرمین صاحب، میں آج اُن لوگوں کی طرف سے بول رہا ہوں جو دکھتے تو ہیں، جنکے بارے میں بات تو ہوتی ہے، لیکن کوئی ان کی سُنتا نہیں ہے۔ میں ان کے بارے میں بول رہا ہوں جن کے بارے میں مودی نےکہا تھا کہ گھُس پیٹھئیے ہیں، میں اب بیٹیوں اور ماؤں کے بارے میں کہہ رہا ہوں جن کے بارے میں مودی نے کہا تھا کہ زیادہ بچے پیدا کرتے ہیں، میں اب معصوم نو جوانوں کے بارے میں کہہ رہا ہوں جن کو ماب لنچنگ کے ذریعہ مارا جا رہا ہے۔ میں ان بے زُبان ماں اور باپ کے بارے میں بول رہا ہوں جنکی اولاد اس حکومت کے غلط قانون کے چکر میں جیلوں میں سڑ رہی ہے۔ اس ایوان میں جب دستور بن رہا تھا، آئین بن رہا تھا ، اس وقت علیحدہ ووٹر لِسٹ اور انتخابی ریزرویشن کی بات آئی تو اس وقت کے ہمارے فاوُنڈنگ فادر نے ہمارے بزرگوں نے دونوں جماعت ہندو اور مسلمانوں نے فیصلہ کیا کہ ہم اس پر راضی نہیں ہوں گےبلکہ انہوں نے کیا کہا تھا کہ انہوں نے علیحدہ ریزرویشن لسٹ اور انتخابی ریزرویشن کی مخالفت کی تھی۔ انہوں نے کہا تھا کہ It is the duty of majority community

-to ensure that minorities are elected in the representative numbers.

بی۔جے۔پی۔ مسلمانوں کی نفرت پر جیت تی ہے اور مسلمانوں کے نام و نہاد

**مسیحا مسلمانوں کے 90 فیصد ووٹ حاصل کرتے ہیں، پھر بھی مسلمانوں کے اس ایوان کے دروازے نہیں کھُلتے ہیں، صرف چار فیصد مسلمان جیت کر آتے ہیں۔ آئین صرف ایک کتاب نہیں ہے، جسے چوما جائے، دِکھایا جائے وہ ایک سِمبل بھی ہے۔**

**، محترم چیرمین صاحب، آئین ہمارے بزرگوں کی ایک کتاب ہے، ہماری جمہوریت کو بزرگوں نے اس طرح سمجھا کہ اس ملک کو چلانے کے لئے ہر طبقہ، مذہب اور سماج کے ماننے والے لوگوں کی رائے کو شامل کیا جائے گا، مگر اس ایوان میں صرف 4 فیصد مسلمان جیت کر آتے ہیں۔ جو آئین سے محبت کے دعوے کرتے ہیں ان سے کہوں گا کہ کنسٹیٹیوینٹس اسمبلی کی ڈیبیٹ پڑھو، نہرو جی، ایچ۔سی۔ مکھرجی اور سردار حکم سنگھ نے مائینوریٹیز کے بارے میں کیا کہا تھا ۔ وطنِ عزیز کا مستقبل کیسے ہوگا، جب بی۔جے۔پی۔ مجھے غایب کرنا چاہتی ہے، دیگر حزبِ اختلاف کی پارٹیوں کے لئے میرا وجود صرف ووٹ ڈالنا اور اپنی قبروں میں جا کر سوجانا ہے۔ اس لئے آپ دیکھتے ہیں کہ یہ سماجی انصاف ہے کہ 4 فیصد مسلمان جیت کر آتے ہیں۔ اس ایوان میں او۔بی۔سی۔ سماج کے ایم۔پیز اب اپر کاسٹ کے ایم۔پیز کے برابر ہوں گئے ہیں۔ 14 فیصد مسلمان صرف 4 فیصد جیت کر آتے ہیں۔ سی۔ایس۔ڈی۔ایس۔ کا ڈاٹا بتاتا ہے کہ ملک میں جو ووٹ بینک ہے، ایک مُشت ووٹ ڈالتا ہے وہ اپر کاسٹ کا ہے۔ مسلمان کا نہ کبھی ووٹ بینک تھا اور نہ کبھی ہوگا۔ 4 جون کے بعد 6 مسلمانوں کی ماب لنچنگ ہوئی، 11 گھروں کو مدھیہ پردیش میں مودی کے بلڈوزر نےنیست و نابود کر دیا۔ ہماچل پردیش میں ایک مسلمان کی دوکان کو لوٹ لیا گیا۔ حزبِ اختلاف کی پارٹیوں کی طرف سے سنّاٹا ہے۔**

ٹھیک ہے درد ہوا، دل کا درد ہوا (مداخلت)۔۔ سر، نریندر مودی جی کو جو مینڈیٹ ملا ہے، وہ صرف اور صرف مسلمانوں کی نفرت پر اور ہندوتو کی وجہ سے ملا ہے (مداخلت)

سر، آج بھارت کے آدھے نوجوان بے روزگار ہیں۔ بے روزگاری کا عالم یہ ہے کہ مودی سرکار کے پانچ سال میں 75 لاکھ ایسپِرینٹس کی زندگی برباد ہو گئی (مداخلت)۔۔ 6 پیپرس لیک ہوئے۔ بے روزگاری کا عالم یہ ہے کہ لوگ روس جا رہے ہیں، وہاں جا کر اپنی جان دے رہے ہیں۔ بے روزگاری کا عالم یہ ہے کہ نریندر مودی سرکار روزگار کا کیمپ نوجوانوں کے لئے چلاتی ہے کہ تم اسرائیل میں جا کر کام کرو، ان کو کینن فوڈر بنا رہے ہیں تاکہ فلسطینیوں کی جائیداد کو ہڑپا جا سکے (مداخلت) ابھی میرا ٹائم بچا ہے۔ یہ وِشو گرو کی پالیسی ہے کہ اسرائیل کو 27 ٹن ہتھیار جا رہا ہے۔ 9 ملین بھارت کے لوگ گلف میں کام کرتے ہیں، کیا اثر پڑے گا؟ 47000 اسرائیلی فلسطینی مارے جا چکے ہیں۔ کیا ہے ہماری پالیسی؟ کیوں ہتھیار دے رہے ہیں؟ نسل کُشی ہو رہی ہے ۔

میں اسی پر بول رہا ہوں، اس پر لکھا ہوا ہے، فورن پالیسی میں پیراگراف 25 دیکھ لیجئے۔ (مداخلت) صدرِ جمہوریہ میں سیچوریشن اپیروچ ہے۔ (مداخلت) کیوں نہیں مودی سرکار مائینوریٹیز کے لئے فری اسکالرشِپ ڈیمانڈ ڈریون کرتی ؟ (مداخلت) آپ نے اس کا بجٹ کم کر دیا۔ بنارس کے بُنکر 18 مہینے سے مندی کا شکار ہیں، سورت اور بنگلور جا رہے ہیں۔

آخری بات میں کنکلوڈ کر رہا ہوں۔ پنّو کیس میں نِکھل گُپتا (مداخلت) مودی جی نے کہا تھا کہ ہم نے گھر میں گھُس کر مارا تو نِکھل گپتا کو کس نے پنّو کو مارنے کا آرڈر دیا تھا؟ (مداخلت) اگر نہیں دیا تو اسے بچائیے۔ اگر دیا نہیں تو

پھر اس پر پی-ایم-ایل-اے۔ کیوں نہیں لگاتے؟ آپ نے کمیٹی بنائی تو اس کا کیا وا؟ ہم ای-سی-او۔ کو نہیں جا رہے میں آپ کو بتا رہا ہوں کہ میں اپنی اس تقریر کو ٹیپو سلطان کی نظر کر رہا ہوں، یہ ٹیپو سلطان کی فوٹو ہے۔ کیا آپ اس سے بھی نفرت کریں گے؟ آئین میں ٹیپو سلطان کی فوٹو ہے، جس پر ولبھ بھائی پٹیل جی نے سئن کیئے، شیام پرساد مکھرجی جی نے سائن کئے۔ یہ آپ کی نفرت ہے (مداخلت)۔

آخر میں، میں اپنی بات کہ شعر کے ساتھ ختم کر رہا ہوں۔

کیا دِن دِکھا رہی سیاست کی دھوپ چھاوُں
جو کل سپوت تھے وہ، اب کپوتوں میں آ گئے
جو تھے اس قدر عظیم کہ پیروں میں تاج تھے
اتنے ہوئے زلیل کہ اب جوتوں میں آ گئے]

**श्री गौरव गोगोई (जोरहाट) :** माननीय सभापति जी, धन्यवाद। मैं आपके समक्ष खड़ा तो हूं लेकिन वर्तमान में मेरा मन और मेरा ध्यान असम में हो रही बाढ़ पर है। मैं आशा करता हूं कि सरकार अपनी चिंता व्यक्त करे और असम में आज तुरंत ही एनडीआरएफ टीम भेजे। इसके साथ ही जलशक्ति मंत्री वहां जाएं। वहां जिस प्रकार से एम्बेंटमेंट चारों तरफ टूट रहे हैं, जिस तरह से पानी बढ़ रहा है, इससे बहुत ही खतरनाक वातावरण बन रहा है। आप बिहार और यूपी में देखते हैं कि किस तरह से बाढ़ के कटाव से लोगों को परेशानी होती है। मैं चाहता हूं कि सरकार असम में बाढ़ के प्रति अपनी चिंता व्यक्त करते हुए आज की एनडीआरएफ टीम भेजे और जलशक्ति मंत्री जी तुरंत वहां जाएं।

मैं शुरुआत में भाजपा के सांसदों और हमारी इंडिया अलायंस के सांसदों व अन्य सभी सांसदों को विशेष रूप से अपनी तरफ से शुभकामनाएं देता हूं कि वे इस चुनाव में जीतकर आए। विशेष रूप से मैं भाजपा के सांसदों को शुभकामनाएं देना चाहता हूं, क्योंकि इस चुनाव में उनको बहुत कठिनाई का सामना करना पड़ा। इससे पहले जो वर्ष 2014 और 2019 के चुनाव हुए, उनमें ये सिर्फ नरेंद्र मोदी जी के नाम पर सत्ता व सदन के अंदर आए। इस चुनाव में इन्होंने खुद अनुभव किया होगा कि इस बार इनको वोट प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी जी के नाम पर नहीं, बल्कि इनके काम व परिश्रम पर मिले हैं। आप में से कई सांसद घिस-घिसकर 30 हजार, 5 हजार वोट से जीतकर आए हैं। आप अपने बल पर जीतकर आए हैं, किसी प्रधान मंत्री के नाम पर नहीं आए हैं। इसीलिए मैं आपको शुभ कामनाएं देना चाहूंगा और याद दिलाना चाहूंगा कि भारत की अवाम इस वोट से यह कहना चाहती है कि वह इंसान जो खुद को भगवान समझता है, वह भगवान नहीं, सिर्फ इंसान है। यह संदेश आज देश के जनादेश में हमें दिखाई देता है।

महोदय, मैं इस देश के आम नागरिकों को धन्यवाद देना चाहूंगा, जिन्होंने आज एक प्रधान मंत्री को नहीं, बल्कि एक मजबूत नेता प्रतिपक्ष को चुना है। आज देश ने सत्तापक्ष को नहीं, एक मजबूत विपक्ष को चुना है। इसीलिए मैं देश के लोगों का आभार प्रकट करता हूं और देश के लोगों को आपके माध्यम से मैं यह संदेश देना चाहता हूं कि आपके होते हुए हम यह संघर्ष जारी रखेंगे। लोकतंत्र को बचाने का संघर्ष, संविधान को बचाने का संघर्ष, पिछड़े, दलित, वंचित अल्पसंख्यकों के संवैधानिक

अधिकार बचाने का जो संकल्प हमने लिया है, यह मुहिम छेड़ी है, इस रास्ते पर हम चलते जाएंगे। हम आवाज बनकर रहेंगे उन देशवासियों की, जिनकी समस्या न आज इस सदन में व्यक्त होती है, न अखबारों में व्यक्त होती है। हम आवाज उठाएंगे उन गरीब लोगों की, जिनको अस्पताल में लगभग छः-छः साल रुकना पड़ता है, लेकिन उनको सर्जरी के लिए अपॉइंटमेंट नहीं मिलता है। हम आवाज उठाएंगे, सड़क पर सोते हुए युवाओं की, लोगों की, जिनको एक अमीर बाप के बेटे की गाड़ी रौंदते हुए मार देती है और फिर वह बेटा बाद में बेल पर निकल जाता है। जो लोग सड़क पर सोते हैं, उनके बारे में कोई नहीं सोचता। हम बात उठाएंगे उन छोटे दुकानदारों की, जिनकी सालों पुरानी दुकान टूट जाती है, जब एक मंदिर का विस्तार होता है। हम बात उठाएंगे उन बेरोजगार युवाओं की, जो वीजा के संघर्ष में पनामा के रूट्स अमेरिका जाते हैं, कनाडा जाते हैं, यूरोप जाते हैं, मिडिल ईस्ट जाते हैं। आज यूपी, हरियाणा, पंजाब, गुजरात के युवा को देश में नहीं, बल्कि विदेश में रोजगार मिलता है। हम आवाज उठाएंगे उन बच्चों की, जो आज रो रहे हैं। उनकी सालों की मेहनत आज व्यर्थ हो गई है, जब नीट का पेपर लीक हुआ। हम बात उठाएंगे उन जवानों की, जम्मू में जिनकी शहादत हुई है। हम बात उठाएंगे उन ऑनेस्ट टैक्स पेयर्स की, जिनका पैसा पुल गिर जाने पर व्यर्थ हो जाता है। कहीं एयरपोर्ट का टर्मिनल लीक होने पर उनका पैसा व्यर्थ होता है। हमें यह भी पता है कि प्रधान मंत्री मोदी जी अपना रवैया नहीं बदलेंगे। प्रधान मंत्री मोदी जी के पास दो ही अस्त्र हैं। एक भय का और एक भ्रम का है। इनकम टैक्स, ईडी और सीबीआई से वह भय दिखाते हैं। देशवासियों ने इस बार कह दिया है कि हम इनकम टैक्स, ईडी और सीबीआई से नहीं डरते हैं।

महोदय, उनका दूसरा अस्त्र भ्रम का है। हमने प्रचार में भी देखा कि बांसवाड़ा, बनासकांठा में उन्होंने क्या कहा। जिस प्रकार से प्रधान मंत्री मोदी जी के भ्रम को देशवासियों ने लोक सभा चुनाव में नकारा, उसी तरीके से आज भी आप राहुल गांधी जी के भाषण पर जो भ्रम फैलाने की कोशिश कर रहे हैं, उस कोशिश को भी देशवासी नकारेंगे। इसीलिए मैं देशवासियों के प्रति बहुत-बहुत आभार प्रकट करता हूं, क्योंकि देश बदल चुका है, सदन बदल चुका है। आज आप देख रहे हैं कि विपक्ष जब अपनी बात उठाता है, तो प्रधान मंत्री को भी, कैबिनेट को भी अध्यक्ष महोदय से संरक्षण मांगना पड़ता है। मैंने

ऐसा नजारा पिछले 10 सालों में नहीं देखा कि नेता प्रतिपक्ष बोल रहा है, विपक्ष बोल रहा है और गृह मंत्री उठकर बोल रहे हैं कि हमें संरक्षण दो, हमें संरक्षण दो। यह है ताकत लोकतंत्र की। अगर आपके पास सत्ता है, तो इसका मतलब यह नहीं कि आप सही हैं। अगर हम विपक्ष में हैं, तो इसका मतलब यह नहीं कि हम गलत हैं। सत्तापक्ष और विपक्ष लोगों की दो राय रखता है।

यह जनता-जनार्दन निर्धारित करती है कि वह किसकी राय को स्वीकार करेगा, चाहे वह सत्तापक्ष हो या विपक्ष हो। आज देश बदल चुका है। बदल चुका है उत्तर पूर्वांचल से जहां से आज हम मणिपुर के दो सांसद जीतकर आए हैं। नागालैंड में कांग्रेस पार्टी पिछली बार वर्ष 1996 में जीती थी। अब हम दोबारा वर्ष 2024 में जीतकर आए हैं। मेघालय में इनकी तुरा लोक सभा सीट से हम जीतकर आए हैं। हम वह सीट पिछली बार वर्ष 1996 और 1998 में जीते थे। आज हम दोबारा तुरा लोक सभा सीट जीतकर आए हैं। आज एनडीए को उत्तर पूर्वांचल के लोगों ने नकारा है। ये मणिपुर में दोनों सीटें हारे हैं, नागालैंड में एक सीट हारे हैं और मेघालय में दोनों सीटें हारे हैं। मैं आपके द्वारा जोरहट के लोगों को धन्यवाद करना चाहता हूं, जिन्होंने एक मुख्यमंत्री को हराया है। मैं धन्यवाद करना चाहता हूं धुबरी के लोगों को, जिन्होंने एक साम्प्रदायिक शक्ति को 10 लाख वोटों से हराकर एक संदेश दिया है कि चाहे वह अल्पसंख्यक हो या कोई भी व्यक्ति जो अपने-आप को धार्मिक गुरु कहता है, लेकिन अगर वह धर्म के नाम पर समाज को बांटता है तो प्रजा उसके साथ नहीं होगी। इसलिए, मैं उनका धन्यवाद करना चाहूंगा। यह बदलाव लाने के लिए सारे समाज के जो विभिन्न वर्ग हैं, मैं सभी का आभार प्रकट करता हूं। वे हजारों लोग जो राहुल गांधी जी के साथ 'भारत जोड़ो' न्याय यात्रा पर चले, मैं उनका धन्यवाद करना चाहता हूं। मैं उन पत्रकारों का धन्यवाद करना चाहता हूं, जिन्होंने निष्पक्षता से अपनी पत्रकारिता की जिम्मेदारी उठाई। आज उन पत्रकारों को एक संदेश गया है, जिनको हौले-हौले प्रधानमंत्री मोदी जी से प्यार है। एक संदेश उन पत्रकारों को गया है, जो कहते हैं कि यह तो सिर्फ फॉर्मेलिटी है कि अपनी पत्रकारिता पर ध्यान दें, नहीं तो लोग आपको देखना बंद कर देंगे। आज मैं युवाओं का आभार प्रकट करना चाहता हूं, क्योंकि उन्होंने वाट्सऐप का इस्तेमाल नहीं किया, उन्होंने अपने विवेक का इस्तेमाल किया। मैं उन सनातन धर्म को मानने वाले लोगों का आभार प्रकट करता

हूं, जिन्होंने आज नफरत और हिंसा पर नहीं बल्कि धर्म जो हमें सिखाता है इंसानियत, चाहे हिन्दू हो, मुस्लिम हो, ईसाई हो या सिख हो, हर धर्म हमें सिखाता है कि हम एक अच्छा इंसान बनें। वह हमें इंसानियत के आदर्शों को सिखाता है। समाज एक आदर्श बने, वह हमें सिखाता है।

सभापति महोदय, मैं आपके द्वारा गुजारिश करना चाहता हूं। … (व्यवधान) मैं अंत में आ रहा हूं। मैं अंत में दो-तीन चीजों के बारे में बोलना चाहता हूं। मैं आपके द्वारा गुजारिश करना चाहता हूं कि ये बार-बार बात करते हैं कि हमने एक नया सदन बनाया, लेकिन क्या यह उचित नहीं होता कि चाहे पुराना सदन हो या नया सदन हो, इन दोनों सदनों के सामने डॉ.भीमराव अम्बेडकर की मूर्ति हमारे सदन के सामने होनी चाहिए थी। क्या यह उचित नहीं था?

**माननीय सभापति :** यह स्पीकर का प्रमिसेस होता है।

**श्री गौरव गोगोई :** सर, मैं आपसे गुजरिश कर रहा हूं। मैं अपनी व्यथा गुजारिश कर रहा हूं। मैं स्पीकर महोदय को आपके द्वारा गुजारिश कर रहा हूं कि पहले की तरह सदन के सामने आदरणीय राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी को रखिए और पहले की तरह डॉ. भीमराव अम्बेडकर जी की मूर्ति को रखिए। मैं गुजारिश कर रहा हूं। मैं स्पीकर के निर्णय का सम्मान करते हुए उनसे गुजारिश कर रहा हूं कि वे हमारी भी बात सुनें।

**माननीय सभापति :** मैं चेयर पर हूं। अगर आपने स्पीकर से गुजारिश की तो सुन लीजिए। आपने कहा कि यहां जो बाबा भीमराव अम्बेडकर की एक मूर्ति स्थापित थी, वह फिर से स्थापित होनी चाहिए। आपको भी निमंत्रण गया होगा। इस पार्लियामेंट में पहली बार सारे महापुरूषों का, बाबा भीमराव अम्बेडकर से लेकर महाराणा प्रताप तक के लिए एक बड़ी वेदिका संविधान हॉल के साथ बनाई गई है, जिसका उद्घाटन पिछले दिनों हुआ है। शायद आप जाएंगे तो आपको लगेगा कि एक पार्लियामेंट के अंदर एक ऐसी चीज हो गई है कि कोई भी बाहर का डेलिगेशन्स, हमारे खुद मेम्बर ऑफ पार्लियामेंट या बाहर के लोग आएंगे तो उनको इस संविधान भवन और इस पार्लियामेंट के साथ-साथ अपने देश के महापुरूषों को एक साथ देखने का मौका मिलेगा। अपने देश के महापुरूषों की सारी प्रतिमाओं को ढंग से रखकर पार्क बनाया गया है।

**श्री गौरव गोगोई :** सभापति महोदय, मैं बस गुजारिश कर रहा हूं कि आप हमारी बात भी सुनिए। अगर सदन के सामने प्रेरणा स्थल बनाना भी हो तो सदन के सामने जहां पर उनका स्थान है, जहां पर इतने सालों से डॉ.भीमराव अम्बेडकर की मूर्ति को स्थापित करने के लिए पूरे देश में एक आंदोलन हुआ था, उस स्थान को एक वजह से चुना गया था कि वह सदन के सामने हो। क्या यह उचित नहीं है? क्या यह हमारी गरिमा के अनुसार नहीं होना चाहिए कि हमारे भारतीय संविधान के निर्माता डॉ.भीमराव अम्बेडकर और महात्मा गांधी जी हमारे सदन के सामने हो? मैं दोबारा आपसे गुजारिश करता हूं। मैं हाथ जोड़कर आपसे विनम्र अनुरोध करता हूं कि आप इन दोनों महापुरूषों की मूर्तियों को सदन के सामने रखें।

**माननीय सभापति :** अब आप अपनी बात समाप्त कीजिए।

**श्री गौरव गोगोई :** महोदय, हमने एक मांग रखी है कि 'नीट' पर एक चर्चा हो ।...(व्यवधान) शिक्षा विभाग को लेकर आज एक बहुत ही असमंजस...(व्यवधान)

**माननीय सभापति :** नेता प्रतिपक्ष ने वह बात कह दी है।

... (व्यवधान)

**श्री गौरव गोगोई :** महोदय, 'नीट' पर चर्चा हो, आप उस चर्चा पर अमल करें।...(व्यवधान) आज जो आदरणीय शिक्षा मंत्री हैं, उन्होंने वर्ष 2021 में जिम्मेवारी संभाली थी, वर्ष 2021 से जिम्मेवारी संभालने के बाद आज तक इतने सारे पेपर्स लीक हुए हैं। शिक्षा मंत्री एक और दिन...(व्यवधान)

**माननीय सभापति :** आपने चर्चा की मांग की है।

डॉ. इन्द्रा हांग सुब्बा जी।

**डॉ. इन्द्रा हांग सुब्बा (सिक्किम) :** सभापति जी, मैं आज यहां राष्ट्रपति जी के अभिभाषण के धन्यवाद प्रस्ताव का समर्थन करने के लिए खड़ा हुआ हूं। मैं सिक्किम की ओर से सभी नवनिर्वाचित सदस्यों को बधाई देता हूं। सबसे पहले सिक्किम के जितने भी वोटर्स हैं, मैं हृदय से उनको धन्यवाद देता हूं। उन्होंने फिर एक बार मुझे इस सदन में सिक्किम और सिक्किम की जनता के मुद्दों का प्रतिनिधित्व करने का मौका दिया है।

जैसा कि राष्ट्रपति जी ने कहा कि 18वीं लोक सभा ऐतिहासिक है, क्योंकि भारत अमृत काल में प्रवेश कर रहा है। 18वीं लोक सभा सिक्किम के लिए भी अत्यंत ऐतिहासिक है। यह बहुत ही स्पेशल है। भारत के 22वें राज्य के अभिन्न अंग के रूप में वर्ष 2025 में सिक्किम को 50 साल पूरे हो जाएंगे। एसकेएम पार्टी और हमारी सरकार इस स्वर्ण जयंती के अवसर पर, हमारे राज्य को स्वर्णिम और समृद्ध बनाने के कमिटमेंट के साथ आगे बढ़ रही है।

पिछले 10 सालों में एनडीए सरकार ने सिक्किम को हर सेक्टर में सहयोग दिया है। सिक्किम के विकास के लिए बहुत सारे काम किए गए हैं। सिक्किम एक हिमालयी राज्य है और वहां की रोड्स बहुत संकीर्ण हुआ करती थीं। सिक्किम में एक ही नेशनल हाइवे था, जो कि सेवोक से लेकर गंगटोक था, वह टू लेन है। आज भी सेवोक से लेकर रंग्पो तक एनएच-10 का जो स्ट्रेच है, उसमें बहुत सारी बाधाएं आती हैं। हमने और हमारी सरकार ने माननीय प्रधानमंत्री जी से रिक्वेस्ट की है कि एनएच-10 को चाहे एनएचआईडीसीएल हो या किसी भी सेन्ट्रल एजेन्सी को दिया जाए, क्योंकि पश्चिम बंगाल सरकार द्वारा नेशनल हाइवे-10 को ठीक से मेंटेन न करने की वजह से सबसे बड़ा नुकसान सिक्किम को हो रहा है।

मेरा राज्य एक सुंदर राज्य है। आपमें से कई सदस्य सिक्किम घूमने के लिए गए होंगे। पिछले 10 सालों में एनडीए सरकार बनने के बाद हमारे मंत्रीगण हर महीने या तीन महीने में सिक्किम जाते हैं। सिक्किम एक बहुत ही शांत राज्य है। उसको मेंटेन करने के लिए सिक्किम सरकार ने हर एक काम किया है।

सभापति महोदय, जब रोड की बात आती है, तो मैं आपके माध्यम से सरकार को यह बताना चाहता हूं कि सिर्फ सिक्किम की ही बात नहीं है, चाहे कोई भी हिमालयी रीजन हो, उस रीजन में टिपिकल इश्यूज़ होते हैं। वहां पर पांच से छः महीने तक मानसून रहता है। मानसून के कारण वहां पर बहुत ज्यादा लैंड स्लाइड्स होती हैं, जिसके कारण रोड्स डिस्टर्ब होती ही हैं। इसलिए मैं सरकार से यह निवेदन करना चाहता हूं कि सिर्फ सिक्किम ही नहीं, बल्कि पूरे हिमालयी रीजन के लिए जो पॉलिसीज़ बनती हैं, तो उनमें एक्सेप्शन रखना चाहिए । उसके लिए फंड्स हो और अलग से पॉलिसीज़ बननी चाहिए । मैं यह भी निवेदन करता हूं कि हिमालयी रीजन के लिए जितनी भी पॉलिसीज़ बनती हैं, तो उसके लिए अलग से कमेटी बननी चाहिए, ताकि उसमें हिमालयी रीजन के टिपिकल इश्यूज़ डिस्कस हो सकें। जैसे कि वर्ष 2047 तक भारत को पूर्ण रूप से विकसित करने का लक्ष्य रखा गया है, हम प्रधानमंत्री जी के साथ हैं, हम सरकार के साथ हैं। हम भी सिक्किम से कुछ करना चाहते हैं। सिक्किम हमेशा से पीसफुल स्टेट रहा है। पिछले दिनों में आपने देखा कि क्लाइमेट चैंज कितना विज़िबल हो गया है। इस क्लाइमेट चैंज की वजह से सबसे ज्यादा किसी पर असर हो रहा है तो हिमालयन रीजंस को हो रहा है। जबकि हमने सबसे ज्यादा ग्रीनरी बनायी हुई है। सिक्किम के बारे में बताना चाहता हूं।

**माननीय सभापति :** कृपया समाप्त कीजिए, क्योंकि बहुत से माननीय सदस्य बोलना चाहते हैं। आपका जितना समय है, उससे अधिक बोलने का समय मैंने दे दिया है। आप एक मिनट में अपनी बात समाप्त कीजिए।

**डॉ. इन्द्रा हांग सुब्बा :** महोदय, मैं एक-दो मिनट में अपनी बात समाप्त कर दूंगा।

महोदय, क्लाइमेट चैंज बहुत विजिबल हो गया है। हीटवेव, अनप्रेसिडेंटेड रेनफॉल हो रहा है। ऐसा रेनफॉल हमने कभी नहीं देखा है। सिक्किम में पिछले साल बहुत बड़ा फ्लड आया, जिसकी हमें एक्सपैक्टेशन नहीं थी। हमने इसकी पूरी रिपोर्ट बनाकर सरकार को दे दी है। एनडीए की सरकार इसमें हमें पूरा सहयोग कर रही है। हम इतना चाहते हैं कि सिक्किम और हिमालयन रीजन के लिए अलग से पॉलिसी बनाने के लिए एक कमेटी बनायी जाए। जिस कमेटी में हमारे टिपिकल इश्यूज़ हों।

इस डिलिमिटेशन के साथ विमन इम्पावरमेंट को भी आगे बढ़ाया जाए। इसी के साथ मैं राष्ट्रपति जी के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव का पूर्ण समर्थन करता हूं। धन्यवाद।

**श्रीमती लवली आनंद (शिवहर) :** सभापति महोदय, आपका बहुत-बहुत धन्यवाद।

महोदय, मैं दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के मंदिर में शिवहर की महान जनता के द्वारा चुनकर आयी हूं। मैं यहां से शिवहर की महान जनता का आभार व्यक्त करती हूं, उनको धन्यवाद देती हूं। महोदय, यह मेरा दूसरा टर्म है।

महोदय, माननीय अध्यक्ष को दूसरी बार अध्यक्ष के पद पर चुने जाने के लिए मैं हृदय की गहरायी से बधाई और शुभकामनाएं देती हूं।

महोदय, मैं महामहिम राष्ट्रपति जी के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव के समर्थन के लिए खड़ी हूं। मैं कामना करती हूं कि यशस्वी प्रधान मंत्री आदरणीय नरेन्द्र मोदी जी और हमारे नेता, विकास पुरुष, नीतीश कुमार जी के नेतृत्व में हमारा देश और प्रदेश 'दिन दूनी; रात चौगुनी तरक्की करे।'

महोदय, मेरा परिवार स्वतंत्रता सेनानी परिवार रहा है। आनंद मोहन जी के दादा जी स्वर्गीय राम बहादुर बाबू जी, जिन्हें कोसी के लोग 'गांधी' कहते थे और मेरे दादा जी, स्वर्गीय रामेश्वर बाबू जी, स्वतंत्रता आंदोलन में साथ थे। इस देश में आजादी और लोकतंत्र की स्थापना में हमारे पुरखों का बहुत योगदान रहा है। परंतु खेद है कि आज जब हम आजादी का अमृत महोत्सव मना रहे हैं तो ठीक आज से 50 साल पहले 25 जून, 1975 को एक काली अंधेरी रात को, जिनको उस समय में हिटलर की उपाधि दी जाती थी। इंदिरा जी की जो हिटलरशाही थी, उस तर्ज पर इमरजेंसी थोप दी गयी। इमरजेंसी के चरणों ने सीमित तानाशाही की वकालत की गयी। किसी ने कहा – 'Indira is India; India is Indira.' लोकनायक जयप्रकाश नारायण जी, श्री मोरारजी देसाई, श्री राजनारायण, श्री मधु लिमये, श्री चंद्रशेखर, श्री अटल बिहारी वाजपेयी, श्री लाल कृष्ण आडवाणी, श्री जॉर्ज फर्नांडिस, श्री नीतीश कुमार, ललन जी और आनंद मोहन जी जैसे लाखों लोगों को, उस समय लालू जी भी थे, जेल के सलाखों के पीछे डाल दिया गया। पूरे देश को जेल में तब्दील कर दिया गया। न्यायपालिका पर पहरा बैठा दिया गया। प्रैस पर सेंसरशिप की तलवार लटका दी गयी। संविधान के साथ अनेक छेड़खानियां की गयीं। तीन वर्ष की कठिन लड़ाई, जिसमें हजारों को लाठी, गोली, जेल और मौत का

वरण। लाखों लोगों के द्वारा अपनी जवानी गंवाने के बाद देश उस खौफनाक मंजर से बाहर निकला और नाम पड़ा दूसरी आजादी।

आज आश्यर्च यह है कि जिन लोगों ने देश को कैदखाने में तब्दील कर दिया, लोकतंत्र का गला घोटा, प्रेस और न्यायपालिका की स्वतंत्रता छीनी, संविधान को जूतों तले रौंदा, वही चुनाव में चिल्लाते रहे कि संविधान खतरे में है, संविधान खतरे मे हैं। इस तरह से हमने संविधान का मजाक उड़ाते हुए देखा। ये संविधान की कॉपी हाथ में रखकर शपथ लेते रहे।

सभापति जी, आजादी के अमृत महोत्सव वर्ष में हमें यह जनादेश मिला है। हम न्यायपालिका और प्रेस की आजादी को हर कीमत पर अक्षुण्ण रखने का काम करेंगे। देश को संबल, समृद्ध और श्रेष्ठ बनाने का काम करेंगे। महिलाओं को शक्ति सम्पन्न करने का, युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करने का तथा चोरों, लुटेरों और बेईमानों से देश को भ्रष्टाचार मुक्त करने की दिशा में माननीय प्रधान मंत्री जी निरंतर आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण दिया है। महिला सशक्तिकरण के लिए उसी तरह से बिहार के माननीय मुख्य मंत्री जी ने पंचायती राज में 50 परसेंट महिलाओं को आरक्षण दिया है और इस तरह से महिला सशक्तिकरण को आगे बढ़ाया है। पूरा देश माननीय प्रधान मंत्री जी के तीसरी बार प्रधान मंत्री बनने पर हार्दिक बधाई देता है। दिनकर जी ने कभी कहा था :-

"सेनानी करो प्रयाण अभय, भावी इतिहास तुम्हारा है
ये नखत अमा के बुझते हैं, सारा आकाश तुम्हारा है।"

सभापति जी, मैं आपके माध्यम से माता सीता की जन्मभूमि पुनौरा धाम में जमीन अधिग्रहण और सौन्दर्यीकरण के लिए माननीय मुख्य मंत्री नीतीश कुमार जी के द्वारा 72 करोड़ 47 लाख रुपये के आवंटन और माननीय प्रधान मंत्री जी द्वारा माँ जानकी के भव्य मंदिर निर्माण हेतु 5 करोड़ रुपये प्रदान करने के लिए शिवहर, सीतामढ़ी सहित सभी मिथिलावासियों की तरफ से कोटि-कोटि आभार प्रकट करती हूँ। मैं आपके माध्यम से पुरजोर मांग करती हूँ कि शिवहर को रेल मार्ग से जोड़ा जाए और वर्षों

से बंद पड़ी रीगा चीनी मिल को चालू किया जाए। छोटा जिला त्वरित विकास की तर्ज पर ढाका को जिला बनाने का भी काम किया जाए। कृपया आप इस पर ध्यान देने का कष्ट करें।

अंत में, मैं आपके माध्यम से मांग करती हूँ कि आयोध्या-सीतामढ़ी-जनकपुर के बीच स्पेशल कॉरिडोर बनाकर श्रद्धालुओं के लिए यातायात को सुगम किया जाए। इसके साथ ही मेरी पार्टी को जो मांग है कि जब बिहार और झारखंड बंटा है तो बिहार में संसाधनों की कमी हो गई है इसलिए हमारी पार्टी की जो पुरानी मांग है कि बिहार को विशेष राज्य का दर्जा मिले। इसकी मैं पुरजोर मांग करती हूँ। मैं महामहिम राष्ट्रपति जी के अभिभाषण का अनुमोदन करते हुए आपने मुझे बोलने के लिए जो समय दिया, उसके लिए मैं धन्यवाद देती हूँ।

**एडवोकेट चन्द्र शेखर (नगीना) :** माननीय सभापति जी, जय भीम। महामहिम राष्ट्रपति जी के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर बोलने के लिए आपने मुझे अवसर दिया, उसके लिए मैं आपका आभारी हूँ।

सभापति महोदय, सर्वप्रथम मैं बहुजन समाज में जन्मे सभी संतों, गुरुओं और महान पुरुषों को नमन करता हूँ, जिनमें महात्मा ज्योतिबा फुले, डॉ. बाबा साहेब अम्बेड़कर जी और मान्यवर कांशीराम साहब को मैं आज के दिन याद करता हूँ। इसके साथ ही साथ नगीना की महान जनता, भीम आर्मी और हमारी पार्टी आजाद समाज पार्टी, कांशीराम के साथियों का भी धन्यवाद करता हूँ। इसके साथ अपने कुल गुरु, जगतगुरु रविदास महाराज जी को भी मैं नमन करता हूँ, जिन्होंने दुनिया को लगभग 600 साल पहले बेगमपुरा शहर के रूप में दुनिया का सबसे महान लोकतांत्रिक दर्शन दिया।

सभापति महोदय, 14 अगस्त, 1947 को यह देश अंग्रेजों के अधीन था। 15 अगस्त, 1947 को हम लोग आजाद हुए। 16 अगस्त 1947 को देश आजादी में था, लेकिन धन, धरती और राजपाट में बँटवारा नहीं हुआ। जो साधन-संसाधन थे, उनमें सही रूप से बँटवारा नहीं होने के कारण एक बहुत बड़ी आबादी सुविधाओं से वंचित रह गई। उनको सम्मान देने और अंतिम व्यक्ति तक सुविधाएं पहुंचे, उसके लिए लोकतंत्र की व्यवस्था हुई, लेकिन आजादी के 70 सालों के बाद भी हम कहां खड़े हैं, यह चिंता का विषय है। मैं मानता हूँ कि सामाजिक न्याय तभी होगा, जब जातीय जनगणना पूरी होगी। जातीय जनगणना कराई जाएगी और इसके साथ-साथ संख्या के आधार पर वंचित वर्गों का आरक्षण बढ़ाया जाएगा। उसके साथ-साथ जब वह राष्ट्रपति अभभिभाषण पर बात रख रही थी, तो उन्होंने शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों के विकास की बात कही। उन्होंने यह भी कहा कि दुनिया में हमारे यहां सबसे उत्तर शहर बनें।

माननीय सभापति जी, 70 प्रतिशत आबादी गांवों में निवास करती है, तो गांवों की आबादी के बारे में भी सोचना होगा कि उनका जीवन कैसे बदले? माननीय सभापति जी, उच्च शैक्षणिक संस्थानों में बहुजन समाज के छात्रों के साथ कास्ट एट्रोसिटी हो रही है। निरंतर, उनकी हत्या हो रही है। साथ-साथ जो सरकारी कर्मचारी हैं, दफ्तरों में एससी, एसटी, ओबीसी, मुस्लिम और अन्य धार्मिक

अल्पसंख्यकों का भी जातिगत और धार्मिक शोषण किया जा रहा है। इसलिए मेरी मांग है कि पुरानी पेंशन को भी बहाल किया जाए। जो कर्मचारी देश की सेवा में लगे हैं, उनका भी सम्मान होना चाहिए।

माननीय सभापति जी, भाजपा ने चुनावी लाभ के लिए 'सबका साथ – सबका विकास' का नारा दिया, जो खोखला है, क्योंकि 10 सालों में दलित, आदिवासी, मुस्लिम और अन्य धार्मिक अल्पसंख्यक पर जो अत्याचार हुए हैं, वे किसी से छिपे हुए नहीं हैं। ये गलत हैं। ये बंद होने चाहिए।

सभापति महोदय जी, महामहिम राष्ट्रपति जी के अभिभाषण में निजी क्षेत्रों में एससी, एसटी और ओबीसी को रिजर्वेशन देने का कोई उल्लेख नहीं हुआ है, जो कि आज चर्चा का विषय है। क्योंकि 98 प्रतिशत प्राइवेट सेक्टर है, दो प्रतिशत सरकारी सेक्टर है। 98 प्रतिशत प्राइवेट सेक्टर में भी हमारी हिस्सेदारी की बात होनी चाहिए।

माननीय सभापति जी, आशा कार्यकताओं, आंगनवाड़ी वर्करों और भोजन माताओं के वेतन वृद्धि में भी कोई उल्लेख नहीं हुआ है, उनके बारे में भी सोचना पड़ेगा। माननीय सभापति जी, मैं नगीना लोक सभा क्षेत्र से चुन कर यहां आया हूं। वह बहुत पिछड़ा हुआ क्षेत्र है, उस क्षेत्र में कोई विशेष आर्थिक पैकेज नहीं दिया गया है। रोजगार की सेवाएं नहीं है, नौजवान पलायन करते हैं, आईआईटी, आईआईएम, एम्स, केन्द्रीय विद्यालय और चिकित्सा संस्थानों की स्थापना होनी चाहिए, जो कि नहीं हैं।

माननीय सभापति जी, मानसून सत्र आ गया है। मेरा क्षेत्र बाढ़ से बहुत प्रभावित है। इसलिए मैं आपसे आग्रह करूंगा कि वहां के लोगों को बाढ़ से निजात दिलाई जाए। माननीय सभापति जी, हमें चीन आंख दिखा रहा है और हमारे देश की सीमाओं में लगातार घुसपैठ कर रहा है। इसलिए 'अग्निवीर योजना' को हटा कर पुन: सेना भर्ती शुरू की जाए। साथ-साथ भारत की सबसे प्राचीन और बहादुर रेजिमेंट्स में से एक 'चमार रेजिमेंट' को पुन: बहाल किया जाए। ऐसा भी मेरा आपसे आग्रह है।

माननीय सभापति जी पिछले सारे माननीय प्रधान मंत्रियों ने मिल कर जितना कर्ज लिया है, उससे दोगुना कर्ज हमारे वर्तमान के प्रधान मंत्री जी ने लिया है। अगर किसान अपना कर्ज माफ कराने के लिए जाता है, तो उनको लाठी झेलनी पड़ती है, जबकि सरकार ने धन्नासेठों का 15 लाख करोड़

रुपया माफ किया है। हमें इस ओर ध्यान देना पड़ेगा। हमारी आने वाली पीढ़ियों को यह कर्ज चुकाना पड़ेगा।

माननीय सभापति महोदय जी, किसानों को एमएसपी की लीगल गारंटी तथा किसानों का कर्ज माफ होना चाहिए। साथ-साथ, 2 अप्रैल, 2018 को एससी-एसटी वर्ग के बच्चों पर बहुत बड़े पैमाने पर मुकदमें लगे थे। हमारी वह लड़ाई सही थी। यह माननीय सुप्रीम कोर्ट ने भी माना और बाद में सरकार ने भी माना। वे मुकदमें तुरंत वापस होने चाहिए।

माननीय सभापति जी, प्रेस पर भी शिकंजा कसा जा रहा है, जो पत्रकार सरकार के खिलाफ बोलता है, उनको नौकरी से हाथ धोना पड़ता है। हमारा हथियार सोशल मीडिया है, उस पर तरह-तरह के प्रतिबंध लगाए जा रहे हैं और विरोध करने वालों के सोशल मीडिया हैंडल से सस्पेंड करा दिए जा रहे हैं।…(व्यवधान)

सभापति जी, पेपर लीक और परीक्षओं के कैंसिल होने से देश के नौजवानों का भविष्य खतरे में है। नीट, यूपी-सिपाही भर्ती, 69 हजार शिक्षक भर्ती में घोटाला हुआ है। उनसे कोई पूछने वाला नहीं है। बच्चे खून के आंसू रो रहे हैं। युवा बेरोजगारी का दंश झेल रहे हैं।…(व्यवधान)

**माननीय सभापति :** कृपया आप समाप्त करें।

**एडवोकेट चन्द्र शेखर :** माननीय सभापति जी, मैं पहली बार बोल रहा हूं। आप कहेंगे, तो मैं बैठ जाऊंगा। मैं संवैधानिक मर्यादा का पालन करूंगा।

**माननीय सभापति :** आप एक मिनट बोलिए।

**एडवोकेट चन्द्र शेखर :** माननीय सभापति जी धन्यवाद। नारी सम्मान की बात करने वाली सरकार, हमने मणिपुर देखा, हमने पहलवान बेटियों का हश्र देखा, हमने हाथरस की बेटी का हश्र देखा। सरकार ने हाथरस के परिवार को जो वादा किया था, वह भी पूरा नहीं किया। महिलाओं में भी स्पेशली, दलित, पिछड़े और मुस्लिम वर्ग एवं आदिवासी वर्ग की महिलाओं के साथ आज भी एनसीआरबी का डाटा कहता है, जो जूल्म हो रहा है, वह सहनीय नहीं है। साथ-साथ, हमने कोविड में

गंगा में तैरती हुई लाशें भी देखी और मजदूरों का हाल भी देखा है ।...(व्यवधान) नोटबंदी पर छोटे-मंझोले उद्योग की जो कमर टूटी, हमने वह भी देखी है।

सभापति जी, शैक्षणिक संस्थानों, विश्वविद्यालयों और चिकित्सा संस्थानों में ओबीसी और एसी-एसटी के योग्य अभ्यर्थियों को एनएफएस करके निकाला जा रहा है, लेटरल एंट्री करके हमारे रास्ते बंद किए जा रहे हैं। हम यह भी देख रहे हैं। मेरा यह भी कहना है कि यह सबका इश्यू है कि प्राइवेट कर्मचारी और सरकारी कर्मचारी कई जगहों पर आठ से ज्यादा घंटे काम करते हैं। उनको उचित वेतन नहीं मिलता है। उनका न्यूनतम वेतन 20 हजार रुपये तय हो। उनको 24 घंटे की ड्यूटी करनी पड़ती है। उदाहरण के तौर पर यूपी पुलिस वाले हैं, जो बहुत काम करते हैं।

**माननीय सभापति :** वह राज्य के विषय हैं।

... (व्यवधान)

**एडवोकेट चन्द्र शेखर :** सर, मैं राज्य सरकार के विषय को आपके संज्ञान में डाल रहा हूं। ...(व्यवधान)

**माननीय सभापति :** आप यहां पर केन्द्र सरकार के विषय बोलिये।

**एडवोकेट चन्द्र शेखर :** पुलिस सब जगह है। लेकिन सवाल यह है कि वे बहुत पसीना बहाते हैं। आठ घंटे की ड्यूटी और वेतन में विसंगति है। उनको बॉर्डर स्कीम से बाहर किया जाए। माननीय सभापति जी, मुझे एक मिनट दीजिए । राष्ट्रपति जी ने धर्म के बारे में बात की थी । राम मंदिर से पहले तुगलकाबाद में स्थित हमारे गुरुघर का फैसला आया था। अभी तक दिल्ली में स्थित सद्गुरु रविदास जी महाराज का गुरुघर नहीं बना है। साथ ही साथ अपनी बात को खत्म करते हुए मैं आपसे यह कहना चाहता हूं कि जितना यह देश दूसरों का है, उतना हमारा भी है। हम मरने के लिए पैदा नहीं हुए हैं, जो चाहता है, हमारी हत्या कर देता है। मूंछे रखने पर, घोड़ी पर बैठने पर, मटकी छूने पर हमारी हत्या हो रही है। 70 साल बाद भी क्या बदला है? दलित, पिछड़े, मुसलमानों पर हिंसा नहीं रुक रही है। मेरा आपसे संरक्षण के साथ यह आग्रह है कि इन घटनाओं को रोका जाए और देश किसी की

बपौती नहीं है। देश संविधान से चलता है और संविधान से चलेगा। संविधान से छेड़खानी बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

धन्यवाद। जय भीम, जय भारत।

**श्रीमती अपराजिता सारंगी (भुवनेश्वर) :** आदरणीय सभापति महोदय, आपने माननीय राष्ट्रपति जी के अभिभाषण के धन्यवाद प्रस्ताव पर मुझे बोलने का मौका दिया, इसके लिए मैं आपके प्रति अपना आभार व्यक्ति करती हूं। अभी जब मैं आपके समक्ष खड़ी हूं तो बहुत प्रसिद्ध दो पंक्तियां याद कर रही हूं-

'कुछ बात है कि हस्ती मिटती नहीं हमारी,
सदियों रहा है दुश्मन दौर-ए-ज़मां हमारा॥'

हम सब ने फिर एक बार मोदी सरकार का नारा दिया था। जनता के आशीर्वाद ने, जनता की दुओं ने इस नारे को यथार्थ में परिणत किया। सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण की विचारधारा को आधार करके तीसरी बार मोदी सरकार भारत देश की जनता की सेवा में जुट चुकी है। मुझे यह कहते हुए फख्र हो रहा है कि भारतीय जनता पार्टी ने ओडिशा राज्य में पूर्ण बहुमत, जहां से मैं आती हूं, वहां हासिल किया है। हमने अभी ओडिशा राज्य में लोगों की सेवा का कार्य शुरू कर दिया है। 18वीं लोक सभा का मेरा यह जो वक्तव्य है, उसे मैं भुवनेश्वर लोक सभा क्षेत्र के आदिवासियों, मेरे भाइयों और बहनों को समर्पित करती हूं, जिन्होंने दूसरी बार मेरे ऊपर आस्था दिखाई तथा मुझे लोक सभा में भेजा।

Hon. Chairperson, Sir, since yesterday, I have been sitting here and hearing all the Opposition leaders one after the other. They all have been accusing the BJP of spreading hatred and violence in the country. The Bhartiya Janata Party is being projected as a political party which has sinister designs and which is creating disharmony in the society.

Dear friends from both the sides, the fifth largest economy in the world and its GDP does not grow at around eight per cent in 2023-24 per annum with a kind of doomsday scenario that all of you are painting about the country. We have become the 5$^{th}$ largest economy, and our GDP grows at around eight per cent

because there is good governance in the country, there is peace in the country, and there is stability in the country. We must understand this. If we have seen the record exports of 780 billion dollars in 2023-24, if India has become the second largest exporter of mobile phones in the world, if India has emerged as the biggest exporter of rice in the world, if the Indian engineering goods are finding place in every nook and corner of the world, and if the Bombay Stock Exchange sensex points cross 79,000, then my dear friends it does not happen in a society ripped by violence and hatred.

It happens in a society where there is strong, able, decisive and efficient Government, and that is why, we all need to acknowledge this particular aspect. Our Government has been pursuing the setting up of IIMs, IITs, NISERs all across the country with, I would say, a single-minded devotion. The Government has been spending around Rs. 10 lakh crore on infrastructure development every year, and I must tell you that because of this infrastructure development focus, we have been able to get a lot of private investments. I am delighted as a part of the Government and as part of Modi Ji's team that today, 27 per cent of the GDP is the private investment in our country. This particular figure of 27 per cent was down by six per cent in 2016. It is going up every day because we are trying to create a very positive environment in the country. Private investments are coming. Infrastructure development is taking place. There is a lot of stability and peace in the country.

My dear friends, I have heard all of you. In fact, I have been hearing all of you all the while I have been sitting here. In regard to price rise and inflation, one

after the other, you have been accusing the Government of Prime Minister Modi. I am delighted that the hon. Finance Minister, for whom I have tremendous regard and respect, is sitting here. The Opposition leaders have been talking about inflation, price rise in the country. I am giving you a data. Let us talk with figures. Let us talk with data. Let us talk with statistics. Dear friends, only two months back, sugar was being sold at Rs. 120 per kg in the neighbouring countries, whereas our Government could manage to keep it between Rs. 35 and Rs. 40 per kg. When onion was being sold at Rs. 100 to Rs. 120 per kg abroad, our Government was good enough, efficient enough, able enough, and prompt enough to manage to keep it between Rs. 30 and Rs. 35 per kg. I am talking about the price of onion. It is because of the Russia-Ukraine conflict when the wheat was selling in the global market at Rs. 40 to Rs. 45 per kg, our efficient Government brought it down to Rs. 20 to Rs. 25 per kg. My dear friends, instead of appreciating the Government's efforts at controlling the prices despite very adverse and very volatile geo-political situation, I heard a number of Opposition leaders cribbing about the price rise and not appreciating the role of the Government in handling these crucial matters.

Friends, while pursuing the goals of Viksit Bharat by 2047, I would urge the hon. Leaders of the Opposition to be positive; to give concrete ideas; to offer solutions, rather than indulging in mudslinging.

This Government of Prime Minister Modi has been moving with a lot of purpose and steadfastness, and I would definitely like to bring to your kind knowledge that all the Ministries have been asked to prepare their 100 days'

action plan and we are all moving with heart within and God overhead towards creating a better India, towards creating a developed India that we all have been talking about. We are talking of economic development; we are talking of strategy for women, poor, youth and farmers. Friends, we are on our way to becoming a USD 5 trillion economy by 2027 despite your negativity and pessimism. We have been able to provide four crore houses. In the last 10 years, 10 crore women have been integrated with self-help groups, three crore Lakhpati Didis are coming in the country. They are actually being promoted. 100 per cent saturation approach is being adopted as far as provisioning of water supply system is concerned.

**<u>15.00 hrs</u>**

So, I think, we all need to be positive. We all need to give concrete solutions. We all need to be a part of the development process. We are all moving towards Viksit Bharat by 2047. मैं अपने वक्तव्य को समाप्त करने से पहले निश्चित तौर पर एक वाक्य हिंदी में कहना चाहूंगी –

“साजिशें लाखों बनती हैं मेरी हस्ती मिटाने की
बस दुआएं आपकी उन्हें मुकम्मल होने नहीं देतीं।”

I support the Motion of Thanks tabled by Shri Anurag Singh Thakur ji. Many, many thanks.

**श्री आनंद भदौरिया (धौरहरा) :** सभापति जी, आपका धन्यवाद कि आपने मुझे महामहिम राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर अपनी बात रखने का अवसर दिया।

मान्यवर, पहली बात लोकतंत्र के इस मंदिर में, देश की सबसे बड़ी पंचायत में मुझे अपनी बात रखने का अवसर मिलना मेरे लिए गर्व का विषय है। मैं इसका श्रेय अपनी समाजवादी पार्टी, मेरे लोक सभा क्षेत्र धौरहरा की महान जनता तथा पीडीए की एकता को देना चाहता हूं। मैं उस वृहत्तर समाज और उसे एकता के सूत्र में बांधकर समाजवादी पार्टी को देश की तीसरी सबसे बड़ी पार्टी बनाने वाले मेरे नेता आदरणीय अखिलेश यादव जी का वंदन-अभिनंदन करते हुए उन्हें हार्दिक बधाई देता हूं।

माननीय सभापति जी, मुझे उम्मीद थी कि महामहिम राष्ट्रपति के अभिभाषण में किसानों की आय दोगुनी करने का जो एक दशक पुराना वादा है, उसका कुछ तो उल्लेख होगा। याद रखना, बिना किसानों की समृद्धि के अमृतकाल और विकसित भारत जैसे शब्द बेमानी हैं। मुझे अदम गोंडवी साहब की चार पंक्तियां याद आ रही हैं –

"तुम्हारी फाइलों में गांव का मौसम गुलाबी है,
मगर ये आंकड़े झूठे हैं, ये दावा किताबी है,
लगी है होड़ सी देखो, अमीरी औ गरीबी में,
यहां जुम्मन के घर में आज भी फूटी रक़ाबी है।"

आज किसानों की क्या हालत है? किसान कर्ज तले दबा हुआ है। आवारा पशुओं और सांडों ने खेतों में तबाही मचा रखी है। सड़क पर किसान और आम आदमियों की सांड जान ले रहे हैं। तेंदुओं ने मेरे पूरे लोक सभा क्षेत्र में आतंक मचा रखा है। वर्ष 2022 के विधान सभा के चुनाव में स्वयं माननीय प्रधान मंत्री जी ने बहराइच की जनसभा में कहा था कि 10 मार्च के बाद आवारा पशुओं की जिम्मेदारी मेरी होगी। मैं माननीय प्रधान मंत्री जी को उनका वादा याद दिलाना चाहता हूं।

नव गठित 18वीं लोक सभा की पहली बैठक ऐसे कालखंड में हो रही है, जब भारत की तरुणायी अपनी जायज़ मांगों को लेकर सड़कों पर उतरी हुई हैं। अति महत्वपूर्ण भर्ती परीक्षाओं का प्रश्न पत्र लीक होने जैसी परंपरा भारतीय जनता पार्टी की सरकार के कार्यकाल में पड़ी है। देश भर के

कर्मचारी पुरानी पेंशन योजना की जायज़ मांग कर रहे हैं। यूपी में शिक्षा मित्र सैकड़ों की संख्या में आत्महत्या कर रहे हैं। महंगाई, बेराजगारी ने आम आदमी का जीना दुश्वार कर रखा है।

मैं देश के इन युवाओं को, इन सभी कमेरा वर्ग के लोगों से पूरी जिम्मेदारी के साथ कहना चाहता हूं, यह विश्वास दिलाता हूं कि समाजवादी पार्टी आपकी आवाज बुलंद करती रहेगी।

"हमने यह सोचकर तलवार उठा ली,

बढ़कर जुल्म सहना भी तो ज़ालिम की तरफदारी है।"

सभापति जी, यहां आने से पहले नई संसद के बारे में काफी कुछ सुना था, लेकिन अंदर घुसते ही कदम ठिठक गए, जब फर्श पर हमने मोरपंख की प्रतिक्रति देखी। हमारे हिंदू धर्म में मोरपंख को पवित्र माना गया है, जो ऊर्जा देता है। स्वयं भगवान श्रीकृष्ण ने अपने माथे पर इसको मान देने का काम किया था। ... (व्यवधान)

**माननीय सभापति :** अपने सदन की आलोचना नहीं करते हैं। पार्लियामेंट का यह जो सदन या परिसर है, यह स्पीकर के डोमेन में है। आप सुझाव दे दीजिए, आप यहां सरकार की आलोचना

... (व्यवधान)

**श्री आनंद भदौरिया :** माननीय सभापति जी, इसको हटाना चाहिए, इसलिए मैं इसको हटाने की मांग करता हूं। ... (व्यवधान)

सभापति जी, आपने मुझे बीच में टोक दिया। ... (व्यवधान)

**माननीय सभापति :** मैंने आपको टोका नहीं, बल्कि करेक्ट किया है।

... (व्यवधान)

**माननीय सभापति :** आपकी मेडिन स्पीच है, इसलिए मैं टोक नहीं रहा था।

... (व्यवधान)

**माननीय सभापति :** आपने तो अपने जज्बात की तर्जुमानी अदम गोंडवी की पंक्तियों से की है।

... (व्यवधान)

**श्री आनंद भदौरिया :** माननीय सभापति जी, चूंकि मैं सरकार पर ज्यादा हमलावर था, इसलिए शायद आप मुझे टोक रहे थे, लेकिन मैं इतना कहना चाहता हूं कि सत्तापक्ष भले ही महामहिम राष्ट्रपति जी के अभिभाषण के मार्फत यह दावा करे कि उसकी बहुमत की सरकार बनी है, लेकिन देश हकीकत जानता है कि कैसे यह बैसाखियों पर टिकी हुई सरकार है।

यहां दुष्यंत कुमार जी की चार पंक्तियां मुझे बरबस याद आ रही हैं –

"तुम्हारे पांव के नीचे कोई ज़मीन नहीं,
कमाल यह है कि फिर भी तुम्हें यक़ीन नहीं,
मैं इन बेपनाह अंधेरों को सुबह कैसे कहूं,
मैं इन नज़ारों का अंधा तमाशबीन नहीं।"

अंत में मैं नैमिषारण्य की पवित्र पुण्यभूमि, छोटी काशी गोला की पवित्र पुण्यभूमि, महाराजा छीता पासी की पवित्र पुण्यभूमि को नमन करते हुए, आदरणीय नेता जी के चरणों में नमन करते हुए अपनी बात को समाप्त करता हूं।

जय भीम, जय भारत, जय समाजवाद।

*__SHRI SUBBARAYAN K. (TIRUPPUR):__ Hon Chairman Sir, Vanakkam. People have given a clear mandate. Now there is a weak ruling party and a strong opposition. We should see how intelligent the people are to give such a verdict. We can look at this result with the experience we had during the last 10 years. What is the concern of the ruling party towards social, political and economic life? After considering the policies implemented by the Government, the people have given such a historic mandate. That is why, the ruling party, which is expected to be strong, is weak whereas the Opposition which is expected to be weak is strong. The wrong approaches made by the Government during the past 10 years are the reason behind such a decision of the people. I do not have much time to talk in detail about that. On the political front, the ruling side does not have belief on Constitutional democracy. They have learnt from their masters who have no belief on democracy. According to them, they were taught that democracy is not an Indian material but of a foreign origin. That is why they have learnt not to accept democracy in any way. As a result, the ruling party is dismantling and destroying democracy by using the Constitutional and democratic institutions. The verdict has shown that people of this nation have not accorded their approval to such activities of the ruling side. What is democracy? It is to win over the Opposition. Fascism is nothing but killing the other side. It is clearly evident that from the activities at the topmost level of the Government, the hon. Prime Minister, to all the levels, they do not have an approach to win over the hearts of the Opposition. They will face failures again and again till they do not leave the

* English translation of the speech originally delivered in Tamil.

path of fascism. On the economic front, what this government wants to say? They are supporting privatisation in all fields such as education, employment and health. What is the status in these three fields? Education should be offered free of cost. Similarly, the Government has the responsibility to provide employment opportunities and healthcare facilities. But the Government has given up its responsibilities. It is now in the hands of the private sector and the private parties are looting in the name providing such services. Who is behind this? The wrong economic policies of the Government are the reason behind this downfall. Besides the economic policy, the Government's FDI policy, it is also allowing the foreign corporate giants to exploit the resources and the hard work of the Indian people. The Economic policy is therefore giving a big chance to the foreign companies in expanding their exploitation. Natural resources such as sea, land and mountain resources are being looted by the foreign companies. The economic policy of the Union Government paves the way for such an exploitation. On the social aspect, what is the view of this Government? They want to divide the society on the basis of caste. On the political front they follow a fascist attitude. On the economic side they are destroying the domestic industries by way of allowing the foreign companies to loot in the name of liberalisation, and on the social front they have tried to divide this society on the basis of caste. These activities have made an impact on the people. They are detrimental to the growth of this country. Have you ever asked the view of the people before privatising the PSUs? Are you not ashamed to talk about Pandit Jawaharlal Nehru? Due to his long and rich experience that he derived from his association with the freedom

struggle Pandit Nehru created more than 245 PSUs in our country. They are considered and protected as temples. But the ruling side is continuously engaged in privatising and disinvesting these PSUs. Who gave you the right to disinvest these PSUs? Did the people of this country permit it? Why are you allowing disinvestment? This is wrong. But they are so adamant enough on this aspect of privatisation. After seeing all your wrongdoings, the people of this country have given this verdict. Who are all parties to it? *…** was in alliance with BJP. ED, IT Department, CBI and other agencies were also working in tandem with the BJP. They have weakened the system and the opposition parties. But the people of this country have strengthened us. Their wrong policy is the reason for such a debacle. Who is providing employment in India?

Hon. Chairperson Sir, I will conclude in two minutes. This is the problem. In a democracy, they are not even allowing to speak. The ruling side should have all ears to listen to the Opposition parties and others in a vibrant democracy. But you are not allowing to speak for even a minute. I will conclude by saying one thing. What is the view of this Government on labourers and farmers? All the four anti-labour laws have to be repealed and withdrawn. What is the agreement you in the WTO about our farmers? That is against the welfare of the farmers. But this Government is not ready to do away with all those agreements and laws. I will conclude by saying this. You see their taxation policies. The MPs are given Rs. 5 crore per year. In that, 18 per cent is the GST which comes to around Rs. 80 lakh. Whose money is this? This is the money of the tax payers. We have to give back

* Not recorded

Rs. 80 lakh to the Union Government, 18 per cent as GST out of Rs 5 crore in one year. This is improper and should be changed. The hon. Finance Minister is here. Sir, through you, I make this request to the hon. Finance Minister. With this I conclude. Thank you.

**DR. THOL THIRUMAAVALAVAN (CHIDAMBARAM):** Hon Chairperson Sir, Vanakkam. I thank the voters of Chidambaram Parliamentary Constituency for electing me to this House. I thank the voters of both Chidambaram and Villupuram Parliamentary Constituencies for according victory to Viduthalai Chiruthaigal Party, VCK. This has led to recognition of VCK as a State Party. I thank the voters of Tamil Nadu and Puducherry for giving a grand victory of 40 MPs out of 40 seats to the DMK led alliance. I thank the voters of our nation for making INDIA bloc win in 234 constituencies through a historic mandate. The hon. President in her address has stated that the BJP with 240 MPs in this Lok Sabha has secured majority, which is totally wrong. This Government is duty bound to thank her. But the Opposition is duty bound only to thank the people of this great nation. INDIA bloc had only one stand and in single voice they opined that the obstructive forces against the Constitution of India are to be opposed and defeated. Shri Rahul Gandhi and all other leaders of the INDIA bloc have, in one voice, stressed that the Constitution of India is in danger and the Political Parties led by the BJP want to destroy our Constitution. We all made an appeal to the people of India to vote for the INDIA bloc not just to come to power but to protect the Constitution and the democratic fabric of our country as they are to be protected always. Respecting the appeal of the leaders of this INDIA bloc, people of 234 constituencies have given us victory and we are now a strong Opposition in this House of People. The people have also taught a lesson to the ruling side. Like a snake without teeth and a bull without horns, the BJP is weakened and sitting in this House without absolute strength. I am once again thanking the

voters of this country for giving such a historic mandate. Many MPs spoke here about NEET. Many irregularities have taken place in NEET. The NTA, the National Testing Agency should be dismantled in the first instance. After NTA came to existence, many such irregularities have come to the fore. I urge upon you that not only NTA should be dismantled but also NEET should be abolished at the national level.

**15.13 hrs** (Kumari Selja *in the Chair*)

The State Legislative Assembly of Tamil Nadu, not once but twice, passed a resolution to exempt Tamil Nadu from NEET and this resolution was sent to the approval of the hon. President of India. But such a resolution has been kept aside. This is seen as disregard and disrespect for a resolution passed by the State Legislative Assembly of Tamil Nadu whose Government has elected by the people of that State. NEET should be abolished at the national level. Article 47 of the Constitution talks about directive principles. This gives an important direction. It directs the Union Government to bring about prohibition of consumption of drugs and intoxicating drinks which are injurious to health. On this basis, a Prohibition Enquiry Committee was set-up in the year 1954 and its report should have been implemented in the year 1958 itself. But the Union Government has not made any effort to implement the report of this Prohibition Enquiry Committee. Rather this Government is very keen in making all efforts to implement the Uniform Civil Code as explained in Article 44 of the Constitution. But it has set aside Article 47. The youth of this country are affected at the national level. Is the Government concerned about this? The future of our youth is a question mark

due to intoxicating drugs. Human resources are affected very much. Drugs and intoxicating substances are not said to be available in some States or in some select places in the country. They are freely available in almost every State of the country. Illicit liquor is also being manufactured. Other than 4 States in the country, all the State Governments are selling liquor to the people. This is a betrayal to the nation and the younger generation of this country. This is affecting the human resources as well. This Government should bring a policy to check this menace. Prohibition of liquor should be implemented throughout the country. I urge the Government that it should come forward to stop selling of intoxicating drugs and to check its use. Thank you for this opportunity.

**THE MINISTER OF FINANCE; AND MINISTER OF CORPORATE AFFAIRS (SHRIMATI NIRMALA SITHARAMAN):** Dr. Thol Thirumaavalavan, a very senior Member has just spoken. In this respect, if you allow me, I want to say something both in English and Tamil.

He is requesting the Union Government to invoke the provisions given in the Constitution, particularly in reference to the Preamble to bring in prohibition and also to ensure that there should be no drug available in the country. It is a very noble idea.

I really appreciate the point that he has raised. But the Party which is in power in Tamil Nadu and with which he is in alliance saw the death of 56 people due to the consumption of illicit liquor … (*Interruptions*)

He should first preach there. … (*Interruptions*) He should first preach there. … (*Interruptions*) He should first talk there. Drug is rampant in Tamil Nadu. He should talk there rather than ask us like that. … (*Interruptions*)

**DR. BYREDDY SHABARI (NANDYAL):** Respected Chairman Madam and hon. Members, I am extremely happy to make my maiden speech on the occasion of the Address of the hon. President of India.

Firstly, I would like to object to the words of Kalyan Banerjee ji. Today, he has commented on our hon. Chief Minister Nara Chandrababu Naidu garu and misled the House that he was arrested by ED and CBI. Our hon. Chief Minister Nara Chandrababu Naidu garu was arrested by APCID in my own parliamentary constituency Nandyal. Nandyal parliamentary constituency has been ruled for many decades either by the Congress or by the YSRCP. I would like to question Banerjee ji. Why does he think that we won seven out of seven assembly seats in Nandyal? Why does he think I have won with more than the majority he was boasting about today? Why does he think that the people of Andhra Pradesh have given clear mandate to Telugu Desam Party, Jana Sena and the NDA alliance wining 164 seats out of 175 seats and 21 parliamentary seats out of 25 parliamentary seats? He was very sarcastic. I wish he was here today at this session. He was very sarcastic today. He mentioned that our hon. Narendra Modi ji is working with two crutches where one crutch is Telugu Desam Party.

I regard him as a senior leader with immense knowledge but please remember that the crutch you are talking about is not a crutch but it is a sword. As you can see, the world has witnessed our leader Nara Chandrababu Naidu garu who has transformed Hyderabad and Secunderabad into an IT hub. Everybody knows how he has improved the lives of the farmers and how our per capita income was increased.

I would also like to remind that the youths of our State have been employed under the rule of Telugu Desam Party. Our country is going to be coronated the third largest economy very soon and I am sure our Party is going to become the jewel in that crown under the leadership of Nara Chandrababu Naidu garu, Pawan Kalyan garu, and the future of Andhra Pradesh, Nara Lokesh garu.

I would like to remind every citizen of Andhra Pradesh that when the country was developing, the last Government of YSRCP had missed the bus of development during the last five years. Due to the unhealthy fiscal policy of YSRCP party, now, when we have acquired this State, the State of Andhra Pradesh is in severe economic crisis. I would like to know whether there is any State without its capital in this country. It is our State, Andhra Pradesh.

I need one minute, Madam. This is the first time I am speaking in this House. … (*Interruptions*) This is my maiden speech. I will take just one minute. … (*Interruptions*)

Talking about Amaravati, the foundation was laid by our hon. Prime Minister and also by our hon. Chief Minister, Nara Chandrababu Naidu Garu. Then, after YSRCP came to power, they opted for three capitals for which not even a single stone was laid.

As regards Polavaram Project, about 33,000 acres of fertile land was donated by our farmers of Amaravati which has gone to waste. About 70 per cent of this Polavaram Project was completed by the Telugu Desam Party but not even one per cent of it was built by the YSRCP. About 13,000 crore were given on July 15th, 2022 to the YSRCP but that amount was completely used for corruption.

About Rs. 8,000 crore were given by the Central Government to the Panchayati Raj out of which not even a rupee was used for our village panchayats. Not even a single industry, not even a single IT company, especially in my Rayalaseema region, was brought by the YSRCP. All we saw was vendetta politics, liquor mafia, sand mafia, land mafia and nothing else.

As you can see, during the regime of YSRCP, that is, Yuvajana Shramika Rythu Congress Party, we have seen youth of our State have gone begging. We have also seen hunger suicides of shramiks and farmer suicides. … (*Interruptions*) So, my only request is this. … (*Interruptions*) I would like the Union Government to support our State. … (*Interruptions*)

**श्री अवधेश प्रसाद (फैज़ाबाद) :** माननीय सभापति जी, मैं आपके प्रति बहुत ही आभारी हूं कि आपने दुनिया के इस विशालतम लोकतंत्र के मंदिर में मुझे अपने विचार रखने का मौका दिया। मैं आपके प्रति बहुत ही आभारी हूं।

मान्यवर, आज मैं इस आदरणीय सदन के उन तमाम माननीय सदस्यों के प्रति आभार प्रकट करता हूं, उनका अभिनंदन करता हूं, स्वागत करता हूं, बधाई देता हूं, जो इस महान सदन में अपने-अपने क्षेत्रों से जीत कर आए हैं।

माननीय सभापति जी, मैं अपने नेता माननीय अखिलेश यादव जी के प्रति आभार प्रकट करता हूं। हमारा जो अयोध्या है, वह मर्यादापुरुष प्रभु श्रीराम जी की धरती है। इस सीट (फ़ैजाबाद) पर देश और दुनिया की निगाहें लगी थी। आज चुनाव हो गया है और वहां की देवतुल्य मतदाताओं ने मुझे चुनाव में जीता कर भेजा है। आज केवल हिन्दुस्तान में ही नहीं, बल्कि सारी दुनिया में इसकी चर्चा है।

मान्यवर, मैं देवतुल्य मतदाताओं का आभार प्रकट करता हूं। मैं प्रभु श्रीराम के प्रति अपनी आस्था और आभार प्रकट करता हूं। मैंने महामहिम राष्ट्रपति जी के अभिभाषण को सुना और देखा है।

मान्यवर, यह अभिभाषण 29 पृष्ठों का है, लेकिन मुझे खेद है कि महामहिम राष्ट्रपति जी का नाम यहां पर नहीं है। उनका नाम यहां पर जरूर होना चाहिए था। इस संसद के समक्ष भारत के राष्ट्रपति जी का अभिभाषण है। इससे दुनिया में किस तरह का मैसेज जाएगा। हमारे देश में कौन-से राष्ट्रपति हैं, उनका क्या नाम है, यह इसमें जरूर होना चाहिए था।

मान्यवर, मुझे बड़ा ही आश्चर्य हुआ कि इस 29 पेजों के अभिभाषण में कहीं पर भी अयोध्या का नाम नहीं है, मर्यादापुरुष प्रभु श्रीराम की धरती का नाम नहीं है। मर्यादापुरुष प्रभु श्रीराम का नाम केवल अयोध्या में ही नहीं, बल्कि सारे देश में उनका नाम हुआ है, लेकिन इस अभिभाषण में उसका कहीं भी चित्रण नहीं है।

महोदया, मुझे बड़ा ही अफसोस हुआ कि अभी परसों मैं अयोध्या गया था, तो वहां गलियों को देखा था कि वहां कीचड़ भरा है। हमारे देश के आदरणीय प्रधान मंत्री जी ने 6 महीने पहले एक रेलवे

स्टेशन का, जो अयोध्या के नाम से है, का उद्घाटन किया। डेढ़ सौ फुट से ज्यादा बाउंड्री वॉल ढह गई है। स्टेशन से आकर केवल हिंदुस्तान के ही नहीं, दुनिया के न जाने कितने लोग प्रभु श्रीराम के मंदिर का दर्शन करने के लिए जाते हैं। सबसे दुखद पहलू है कि वहां एक किलोमीटर की सड़क है, वहां इतनी गंदगी है कि लगता है कि सारी दुनिया की गंदगी अयोध्या में आ गई है। कैसे-कैसे लोग दर्शन करने के लिए जाते हैं। प्रभु राम के मंदिर में जाएंगे तो सारी गंदगी को पैर से छप-छप करके जाएंगे।

महोदया, मैं और आगे बढ़ा तो वहां पर जलायन देखा। अयोध्या का, प्रभु श्रीराम के मंदिर के पास का जो मोहल्ला है, वहां बहुत पानी भरा है। वह गरीबों का मोहल्ला है, कमजोरों का मोहल्ला है, दलितों का मोहल्ला है और वहां पानी भरा है। सुना है कि उसकी निकासी के लिए 35 करोड़ रुपये अलॉट हुए हैं। लेकिन पता नहीं है कि यह पैसा कहां गया, किस पर खर्च हो रहा है?

महोदया, वहां पर एयरोड्रम बना है, लेकिन एयरोड्रम बनने में, गरीबों को, किसानों को पैसे नहीं दिए गए। यह अफसोस की बात है कि हर साल मार्च के एंड में सर्कल रेट बढ़ता है। सर्कल रेट के द्वारा जमीनों के मूल्य का निर्धारण होता है। लेकिन, अफसोस के साथ कहना पड़ता है कि हमारे उत्तर प्रदेश के हर जिले में सर्कल रेट बढ़ा है, लेकिन आज सात साल हो गए हैं, फैजाबाद के, अयोध्या के किसानों की जमीनों के सर्कल रेट न बढ़ने के कारण उनकी जमीनों को कौड़ियों के दाम पर बाहरी लोगों को बसाने का काम किया है।

हमारे नेता के पास न जाने कितने लोग आए। हम कहकर आए हैं कि हम उनको मुआवजा दिलायेंगे। हमारे नेता ने कहा था, लेकिन उनको मुआवजा नहीं मिला। यह मर्यादा पुरुषोत्तम राम की धरती है। वहां की मर्यादा को तोड़ा गया है। … (व्यवधान)

**डॉ. निशिकान्त दुबे (गोड्डा) :** सभापति महोदया, धन्यवाद । मैं अनुराग सिंह ठाकुर द्वारा प्रस्तुत राष्ट्रपति के अभिभाषण का धन्यवाद प्रस्ताव का समर्थन करने के लिए खड़ा हुआ हूं। मैंने कल से लेकर आज तक सारे विपक्ष के भाषण को सुना । सारे विपक्ष के भाषण में असत्य, गुमराह करने वाले तथ्य, निराशावादी, डर और डर की जो पराकाष्ठा हो सकती है कि डर के आगे कुछ नहीं है, हम कभी जीत नहीं सकते, उस तरह के भाषण को देखा । यहां विपक्ष के नेता ने भाषण दिया, मैं वो नहीं हूं, जो हूं, जो मैं दिखता हूं, वह मैं नहीं हूं।

पिछली बार मैंने कहा था कि यहां प्रेत आकर भाषण देकर चला गया । एक फिल्म हमने मिस्टर इंडिया देखी थी। इसमें अनिल कपूर किसी को दिखते नहीं हैं, फिर दिख जाते हैं। यदि लाल कहीं दिखाई देगा, तो वह मिस्टर इंडिया के अनिल कपूर हैं, जो कभी दिखते हैं और कभी नहीं दिखते हैं। विपक्ष को क्या डर है, यह आप समझिए। गास्पल ट्रुथ के आधार पर असत्य को सत्य बनाने की कोशिश कर रहे हैं। पूरा विपक्ष जो मुस्लिम की राजनीति करता रहा, आज हिंदू, हिंदू चिल्ला रहा है। … (व्यवधान) जिस लोक सभा से अवधेश पासी एमपी हैं, उसका नाम फैजाबाद है । किसी ने फैजाबाद नहीं कहा, सबने अयोध्या कहा। यही भारतीय जनता पार्टी की जीत है, यही मोदी की जीत है।

मैं प्रधानमंत्री जी को बधाई देना चाहता हूं, धन्यवाद देना चाहता हूं। … (*Interruptions*)

**HON. CHAIRPERSON :** If there is anything unparliamentary, it will be expunged by the Speaker.

… (*Interruptions*)

**डॉ. निशिकान्त दुबे :** रामायण की एक चौपाई है

'राम रमापति कर धनु लेहू, खैचहु चाप मिटहि संदेहू' ।

उन्होंने पूरे देश को यह मैसेज दे दिया, यह देश हिन्दू है, हिन्दू राष्ट्र है। मुसलमान के नाम पर कोई राजनीति नहीं हो सकती है। फैजाबाद का नाम अपोजिशन के किसी आदमी ने नहीं लिया। क्या

सत्य है? हमारे ऊपर ईडी आ गई, हमारे ऊपर सीबीआई आ गई, हम किसी से नहीं डरते । आप बांसवाड़ा चले गए, आपने क्या भाषण दे दिया।

मैं एक ऐसा शख्स हूं, अखिलेश जी आराम से सुनिए, मेरे ऊपर कांग्रेस और जेएमएम ने 44 केस किए। मेरे 80 साल के माँ और पिताजी पर केस हुए, गैलरी में मेरी वाइफ बैठी हुई है, बच्चे बैठे हुए हैं, उनके ऊपर केस हुआ, भाई के ऊपर केस हुआ। मैंने आरटीआई मंगाया है, दस करोड़ रुपये हाई कोर्ट और सुप्रीम कोर्ट ने मेरे से केस लड़ने के लिए किया। मैं जब चुनाव लड़ने गया, राहुल जी की यात्रा हुई, मल्लिकार्जुन खड़गे जी का दो कार्यक्रम हुआ, प्रियंका गांधी जी गई, उन्होंने कहा कि मैं चेंबर में बैठा रहता हूं। मैंने कहा कि मैं मोदी का सिपाही हूं, मैं भारतीय जनता पार्टी का सिपाही हूं, मैंने प्रण लिया कि मैं जनता के पास वोट मांगने नहीं जाऊंगा, दो मार्च को पार्टी ने मेरा टिकट अनाउन्स किया। मेरा चुनाव 1 जून को हुआ, 90 के दिन के पूरे अभियान में मैंने जनता से वोट नहीं मांगा और मैं यहां पार्लियामेंट में जीत कर आया, आपको हराकर आया हूं। जिस क्षेत्र से हेमंत सोरेन विधायक हैं, उस जिले का मैं सांसद हूं। आदिवासी बाहुल्य इलाके से 10 हजार वोट से जीत कर आया हूं। मेरा समय है, आप सुनिए, 5 मिनट में ये बातें खत्म नहीं होंगी।

किस तरह की सत्य और असत्य की बात कर रहे हैं। आप कह रहे हैं मुस्लिम की बात कर रहे हैं, मंगलसूत्र की बात कर रहे हैं कि प्रधानमंत्री जी ने घुसपैठिए कह दिया, हां, प्रधानमंत्री जी ने घुसपैठिए कह दिया।

सभापति महोदया, वर्ष 2009 में आप मंत्री थीं। 2009 से इस संसद में मैं 200 बार बोल चुका हूं। मैं जिस इलाके से आता हूं संथाल परगना में बांग्लादेशी घुसपैठिए बढ़े हुए हैं, चाहे जामताड़ा हो, पाकुंड हो, साहबगंज हो, मुर्शिदाबाद हो, मालदा, किसनगंज हो, अररिया हो, हालत यह है, हमारी स्थिति यह है, यहां विजय हाँसदाक बैठे हुए हैं, मैं उनसे पूछ रहा था, गोपीचक एक गांव है, गाय काट दिया और गाय काटने पर मुसलमानों ने जब प्रतिरोध किया, अभी 15 दिन पहले बांग्लादेशी घुसपैठिए जो अपने को पश्चिम बंगाल का नागरिक कहते हैं। हमारी बहु बेटियों की इज्ज़त लूटा, उनके घर को

जलाया, उन्हें घर से भगाया। आप कह रहे हैं कि आप बांग्लादेशी घुसपैठिए नहीं हैं। उनकी जनसंख्या नहीं है। मैं गोपीचक की बात कर रहा हूं।

पूरे देश में परिसीमन हो गया, आप आदिवासी की बात करते हैं, पिछड़े की बात करते हैं। हमारे यहां परिसीमन नहीं हुआ, आदिवासी की संख्या जो 36 परसेंट थी वह 26 परसेंट हो गई, यह पूरे देश को जानने की आवश्यकता है। एक लोक सभा की सीटें और तीन विधान सभा सीटें घट रही हैं। परिसीमन नहीं हुआ और घुसपैठिए बढ़ रहे हैं, आदिवासी लड़कियों के साथ शादी हो रही है, धर्मांन्तरण हो रहा है। इसके बाद भी आपको लगता है कि प्रधानमंत्री जी घुसपैठिए की बात नहीं करेंगे। किस तरह की आप राजनीति कर रहे हैं।

शिव की बात होती है। हम उस विचारधारा के लोग हैं-अधजल गगरी छलकत जाए। जिसको कुछ समझ में नहीं आता, यदि आपको शिव का ही दिखाना था, गुरू नानक का दिखाना था, मंदिर चले जाते, गुरूद्वारा चले जाते। इस पार्लियामेंट में फोटो क्यों दिखा रहे हैं? जिस अभय मुद्रा की बात कर रहे हैं, मैं ब्राह्मण हूं और मुझे गर्व है। जिस अभय मुद्रा की बात करते हैं, भगवान शंकर के चार हाथ है, एक हाथ नहीं होता है, हस्त मुद्रा में ऐसे भी होता है, ऐसे भी हाथ हैं, 28 मुद्राएं हैं, 28 मुद्रा क्या हैं, जो माननीय मोदी जी कह रहे हैं, सबको जानने की आवश्यकता है।

आप जिस अभय मुद्रा की बात कर रहे हैं, उसमें भगवान शंकर के चार हाथ हैं, एक हाथ नहीं होता है। हस्त मुद्रा में ऐसे भी हाथ है और वैसे भी हाथ है, 28 मुद्राएं हैं। 28 मुद्रा क्या है, जो माननीय मोदी जी कह रहे हैं और इसे सबको जानने की आवश्यकता है। एक मुद्रा वह है जिसमें हाथ में डमरू है, डमरू मतलब स्टार्ट करिए, प्रकृति को स्टार्ट करिए, जीवन को स्टार्ट करिए और गरीबों के लिए काम करना स्टार्ट करिए। दूसरे हाथ में क्या है? डिस्ट्राए करना यानी भगवान शिव के हाथ में अग्नि है। वह हाथ कहता है कि चाहे …* हो, चाहे …* हो, जो भ्रष्टाचारी है, जिसने जनता का पैसा लूटा है, उसे जेल भेजिए। … (व्यवधान) तीसरा हाथ कहता है कि जनता को खाना खिलाइए। चौथा हाथ है यानी विकसित भारत के लिए, भविष्य के लिए, इनसॉल्वेशन के लिए भगवान शिव हैं। आपको यदि

---

* Not recorded as ordered by the Chair.

धर्म ही नहीं पता है, आप कहां से धर्म के बारे में पता करेंगे? त्रिशूल भूत, भविष्य और वर्तमान की व्याख्या करता है इसीलिए वह त्रिशूल है। हमारे प्रधान मंत्री भूत, भविष्य और वर्तमान को देखकर विकसित भारत संकल्प के साथ आगे बढ़ रहे हैं, लेकिन आपको यह बात समझ में नहीं आएगी। … (व्यवधान)

सभापति महोदया, ये संविधान की बात करते हैं। अभी मैंने कहा कि मीसा जी, मैं आपके बारे में बोलूंगा। मीसा भारती जी जब पैदा हुईं तब वह जेल में थे। मेरे गुरु गोविंदाचार्य उस वक्त जेल में थे। राम बहादुर राय जी भी जेल में थे और लालू जी को राम बहादुर राय जी ने सजेस्ट किया कि अपनी बेटी का नाम मीसा रखो,इसीलिए उनका नाम मीसा भारती है। जिस किताब का विमोचन राहुल गांधी जी ने किया, एम.के. स्टालिन की आत्मकथा का, पता है उसमें सबसे बढ़िया टॉपिक क्या है कि इमर्जेंसी में मेरे पिताजी ने पुलिस को हैंडओवर कर दिया। … (व्यवधान)

यहां अखिलेश यादव जी बैठे हैं, इनके पिताजी के साथ मुझे काम करने का मौका मिला, वह बहुत बड़े आदमी थे। इतने बड़े आदमी थे कि हमेशा कहते थे कि मैं तुम्हारा भाषण सुनता हूं। उन्होंने मुझे इमर्जेंसी की कहानी सुनाई कि जिस दिन इमर्जेंसी में जेल गए थे, उनकी वाइफ के पास परिवार को खिलाने के लिए खाना नहीं था। आप संविधान की बात करते हैं।

आपने कहा राज्य का डिवीजन कर लिया। आपको पता है कि क्या हुआ? सातवां संशोधन, वर्ष 1956 में जब नेहरू जी ने किया।… (व्यवधान) आपने नरेन्द्र मोदी कहा इसलिए मैंने नेहरू कहा। … (व्यवधान)

**माननीय सभापति :** आप चेयर को एड्रेस कीजिए।

… (व्यवधान)

**डॉ. निशिकान्त दुबे :** सभापति महोदया, सातवां संशोधन किया कि राज्य को अपनी बाउंड्री चुनने का कोई अधिकार नहीं होगा। यही कारण है कि सातवें संशोधन के बाद 14 राज्य और 6 यूनियन टेरिटरी बन गए। आप संविधान की बात करते हो? आप संविधान बचाने की बात करते हो? इमर्जेंसी में सारे बड़े नेता, चाहे लालू प्रसाद जी हों, मुलायम सिंह यादव जी हों, करुणानिधि जी हों, आडवाणी जी हों,

अटल जी हों, हेमवती नंदन बहुगुणा हों, कांग्रेस के चंद्रशेखर जी हों या बाबू जगजीवन राम जी हों, मैं एमपीज़ की बात कर रहा हूं, जब सारे लोग जेल में बंद थे तो स्वर्ण सिंह कमेटी वर्ष 1976 में बनी। हम धार्मिक हैं, हम हिंदू हैं, बिट्टू जी यहां बैठे हैं, वह सिख हैं, रिजीजू जी बौद्धिस्ट हैं, यहां ओवेसी बैठे हुए हैं, इस्लाम उनके लिए धर्म का विषय है। 42वां संशोधन हुआ और 42वें संशोधन ने हमारे धर्मपरायण देश को धर्म निरपेक्ष कर दिया, रातोंरात बदल दिया। आपने उसमें इंटीग्रिटी शब्द जोड़ दिया। … (व्यवधान) पूरा देश ईमानदार है, इसी कारण ईमानदारी से चलता है, आपने ईमानदार जोड़ दिया और आपने सोशलिस्ट जोड़ दिया। हम कैसे सोशलिस्ट हो सकते हैं, यार? कोई कम्युनिस्ट हो सकता है, कोई कैपेटलिस्ट हो सकता है। आपने पूरी प्रिएम्बेल को बदल दिया। आप संविधान बनाने की बात करते हो? उन्होंने कहा कि हम कानून बनाएंगे, जो फंडामेंटल राइट्स थे, हमारे फोरफारदर्स ने जो फंडामेंटल राइट्स दिए थे, आपने उसके साथ फंडामेंटल ड्यूटीज़ अलग शब्द जोड़ दिए। आप संविधान बनाने की बात करते हो?

सभापति महोदया, इंदिरा जी की सदस्यता खत्म हो गई थी, उन्होंने कहा कि हम फिर से रिइनस्टेट होकर देश के प्रधान मंत्री बन जाएंगे, आप मेरे ऊपर कोई क्वैश्चन नहीं कर सकते। लोक सभा की समय सीमा पांच साल थी, उन्होंने कहा अब छ: साल होगी। 'खाता न बही, इंदिरा गांधी जो कहे वह सही।' संविधान वही है, मोदी जी ने संविधान बदला, धारा 370 के लिए बदला। शेड्यूल कास्ट के लिए बदला, ओबीसी को संवैधानिक दर्जा देने के लिए बदला और जब भी एससी, एसटी, ओबीसी की बात होगी, हम संविधान बदलेंगे और हमें कोई संकोच नहीं। यह आर्य और अनार्य की बात करते हैं। राजा ऋषि-मुनि की बात करते हैं। राजा साहब, आप हमारे मित्र हैं। मैं एक ऐसा आदमी था, जो तिहाड़ में आपसे मिलने गया था। कांग्रेस ने आपको जेल भेजा। आपको पता है कि गुरु वशिष्ठ, विश्वामित्र, अगस्त मुनि में कोई भी ब्राह्मण नहीं था। रामायण, महाभारत, गीता लिखने वालों में कोई भी ब्राह्मण नहीं था। कोई भगवान ब्राह्मण नहीं है। रामायण वाल्मीकि ने लिखी। महाभारत वेदव्यास ने लिखा। चारों वेद और 13 उपनिषद सभी वेदव्यास ने लिखे, जो मछुआरे के बेटे थे। चाहे ऋषि अगस्त हों, चाहे ऋषि कन्नन हों, कोई ब्राह्मण नहीं था। आप आर्य और अनार्य की बात करते हैं।

वर्ष 1952 में कांग्रेस के सांसद रामधारी सिंह दिनकर जी को नेहरू जी सांसद बनाकर लाए, जो 12 साल सांसद रहे, वह देश के बहुत बड़े कवि थे । उन्होंने संस्कृति के चार अध्याय लिखे थे । उस संस्कृति के 4 अध्याय में उन्होंने लिखा कि न कोई आर्य है, न कोई अनार्य है। जो हरिजन तमिलनाडु का है, वही कोलकाता का ब्राह्मण है और जो कोलकाता का ओबीसी है, वही पंजाब का सिख है। यह उन्होंने लिखा, कांग्रेस ने लिखा, आपके सांसद ने लिखा। हमें तो गर्व है कि यह देश एक है। न जाति है, न बिरादरी है। आप जाति प्रथा की बात करते हैं। मैं एक बात कहना चाहता हूं। यहां जितने बुजुर्ग बैठे हैं, उनमें सौगत राय जी भी बैठे होंगे। आज से 50 साल पहले किसी बड़े घर में, किसी गांव में शौचालय नहीं होता था। चाहे बड़े परिवार की महिलाएं हों, चाहे छोटे परिवार की महिलाएं हों, वे खेत में जाती थीं। जब वे खेत में जाती थीं, तो मेहतर प्रथा कहां से आ गई? जो मुगलों ने दिया, उसे आप सही मान रहे हैं। आप पूरे देश को हिंदुत्व के नाम पर, आर्य के नाम पर, अनार्य के नाम पर, इस्लाम के नाम पर केवल गुमराह करने की कोशिश करते हैं। इस गौसपेल ट्रुथ को बंद करो, यह कहना बंद करो और देश को साथ लेकर चलने की बात करो।

अंत में, मैं एक पॉइंट कहना चाहूंगा। कल कहा गया कि स्पीकर साहब ने झुककर प्रधान मंत्री जी को अभिवादन किया और राहुल जी को ऐसे करके किया। आज मैंने थल सेनाध्यक्ष की एक फोटो देखी। कहा जाता है कि वर्दी में किसी को प्रणाम नहीं करना चाहिए। आज सारे अखबारों में थल सेनाध्यक्ष का फोटा छपा है और वह वर्दी में अपनी मां के पैर छूकर उनको प्रणाम कर रहे हैं। नेत्रोपनिषद् का एक श्लोक है –

अभिवादन शीलस्य नित्यं वृधोपसेविन |
चत्वारि तस्य वर्धन्ते आयुर्विद्या यशो बलम् ||

आपसे जो भी बड़े आदमी हैं, पद की, मर्यादा की कभी परवाह न करें। मैं फरवरी माह की बात कर रहा हूं, जब पार्लियामेंट का सत्र खत्म हुआ था। उस दिन मैं बाहर गाड़ी का वेट कर रहा था। मैं सबसे ज्यादा कांग्रेस पर अटैक करता हूं। राहुल जी, सोनिया जी, पूरा कांग्रेस और गांधी परिवार मेरा टॉपिक है, क्योंकि मेरे फादर वर्ष 1975 की इमरजेंसी में सैक कर दिए गए। उनकी जिंदगी में नौकरी

नहीं लगी। 19 महीने मेरे परिवार के लोग इमरजेंसी में बंद रहे, इसलिए कांग्रेस के प्रति इतना विद्रोह और यह भाव मेरे मन में बचपन से है, क्योंकि मेरा बचपन मैंने देखा ही नहीं। हम सभी देशद्रोही परिवार के माने जाते थे। सोनिया जी आईं और उन्होंने मेरा हाथ पकड़ा। सबके सामने पब्लिक में यह काम हुआ, इसलिए मैं पब्लिक में यह बात कह रहा हूं। उन्होंने मुझे कहा कि निशिकांत आज मेरी तबियत खराब थी। तुम्हारे जैसे लोगों को पार्लियामेंट आना चाहिए। मैंने उनको प्रणाम किया। मैंने यह नहीं सोचा कि वह सोनिया गांधी हैं। वह बड़ी हैं। आप किस तरह के डिस्कोर्स में ले जाना चाहते हैं? माननीय मोदी जी हमारी पार्टी के बड़े आदमी हैं। पार्टी ने टिकट दिया तो श्री ओम बिरला इस कुर्सी पर बैठे हैं। यदि उनको पैर छूकर भी बिरला जी प्रणाम कर लेते, तो उस कुर्सी की ताकत कम नहीं होती। आपको भारतीय सभ्यता और संस्कृति के बारे में नहीं पता है। यदि आपको इस बारे में नहीं पता है, तो आप जिंदगी में कुछ नहीं कर सकते हैं। … (व्यवधान) आज आप 98 पर हैं, अगले चुनाव में आपको लीडर ऑफ द अपोजीशन का भी मौका नहीं मिलेगा। आपने मुझे मौका दिया, इन शब्दों के साथ जय हिंद, जय भारत।

***DR. PRABHA MALLIKARJUN (DAVANAGERE):** I would like to express my views on the highly important discussion on the Motion of Thanks to her Excellency the President of India for the joint address to both the Houses of the Parliament on 27.06.2024.

First of all, I would like to thank our hon. President Smt. Droupadi Murmu Ji. I, as a woman, feel proud and have high regard for her as she occupied the top post of the world's largest democracy as second women President of India.

At this juncture, I would like to mention with pride that Shrimati Pratibha Devisingh Patil was the first woman President of India to hold the highest office in 2007. It is my Congress Party which had created a new history by electing her as the first women President of India.

I would like to thank my Congress Party leaders, my people of Davanagere Lok Sabha Parliamentary constituency well-wishers and my mentors and for their support and blessings to make me a Member of this august House for the first time.

As I understand the President's Address to the Joint session of the Parliament is the most important occasion in our democracy. It is not an ordinary document or a piece of paper. It is a policy statement of the Government of India. It plays a vital role in informing the Parliament, I mean, to the elected representatives of 140 crore people of the country. It is a great opportunity for the first time MPs like me, as we are 52 per cent newly-elected MPs in this $18^{th}$ Lok Sabha. It helps us to understand the activities and achievements of the

---

* Speech was laid on the Table.

Government as well as its initiatives, policies and plans envisaged for the ensuing year.

However, I am surprised that there is no mention of the burning issues such as constantly rising unemployment, increase in the number of crimes against women and children, and incidents of lawlessness have only added to the miseries of the common people. Also there is no promise made in the Address of the President about what measures are going to be taken to find a solution to all those problems.

The President in her address highlighted that the people of India have full faith that only my Government can fulfill their aspirations. Therefore, this election of 2024 has been an election of trust in policy, intention, dedication and decisions.

The fact is that the BJP failed to win the hearts and minds of the people of the country. That is why they got only 240 and it falls short of 32 seats to assume power on their own. I just want to highlight that the BJP Government failed to uphold the trust of the people. The best example is the NEET exam scam.

The NEET-UG controversy has spotlighted the widespread issue of paper leaks, a malpractice that has plagued India. For the past seven years, there have been 70 confirmed exam leaks across 15 States, casting serious doubts on the integrity of the nation's examinations. These leaks have disrupted the schedules of 1.7 crore applicants. The recent NEET-UG 2024 paper leak, affecting an all-India exam with over 24 lakh aspirants, underscores the considerable influence of the paper leak mafia over India's examination system.

It is the failure of the Union Government in the implementation and compliance of comprehensive Standard Operating Procedures (SOPs) to ensure a transparent examination system in the country.

In 12th para of her speech Hon. President mentioned that the Government is committed to women-led development has started a new era of women empowerment and also the enactment of Nari Shakti Vandan Adhiniyam. I congratulate the Government for this.

However, I want to remind them that our Congress Party made effort to bring Women Reservations Bill in 2014 itself and passed it in Rajya Sabha and could not get through it in Lok Sabha as it had gone to election.

I am of the opinion that enacting the law is not enough. We need to ensure the law is implemented in its letter and spirit. Facts and figures of our recent Lok sabha elections are before us. Only 74 MPs (means 14 per cent ) elected to the 18th Lok Sabha are women, whereas 78 women MPs were there in 17th Lok sabha. So, it is marginally lower than in 2019. Even though the Women Reservation Bill is enacted, our society still needs to encourage the women to get elect to become legislators. So, we all irrespective of Political Parties need to create an atmosphere in the society and also to provide more opportunities to women to come forward to serve as legislators of the country.

Hon. President in 4th paragraph mentioned that the 18th Lok Sabha is historic in many ways. This Lok Sabha has been constituted in the early years of Amrit Kaal and it will script a new chapter on decisions for public welfare.

As a Member of Parliament from the state of Karnataka, I welcome and I am also happy to mention that my state Karnataka is actually one of the most developed States in India, with a strong economy, a rich cultural heritage, and significant contributions in various fields such as technology, education, and industry. However, there are many areas the co-operation of the Union Government is highly needed for the overall development of Karnataka. In a federal structure of our Indian democracy, I believe my State Karnataka is not ignored while disbursing resources from the Government of India.

Before concluding my speech, I would like to draw the kind attention of the Union Government about the facts and figures indicating that Karnataka has experienced steady economic growth over the past 5 years, with a consistent GSDP growth rate above 7 per cent and a rising per capita income. The State's economy is largely driven by the services sector, particularly the IT and ITES industries, as well as other high-growth sectors. Karnataka also continues to rank high in the ease of doing business, making it an attractive destination for investments. So, considering all these facts I once again hope my State Karnataka would get a better deal in the next Budget for the year 2024-2025.

With these few words, I conclude.

*__श्री हँसमुखभाई सोमाभाई पटेल (अहमदाबाद पूर्व) :__ 18वीं लोक सभा के अध्यक्ष के रूप में पदभार संभालने पर माननीय अध्यक्ष जी को हार्दिक शुभकामनायें।

18वीं लोक सभा के पहले संयुक्त सत्र को संबोधित करते हुए महामहिम राष्ट्रपति महोदया ने भारत सरकार की विगत 10 साल के उपलब्धियों और आने वाले समय में विकसित भारत बनाने के लिए सरकार किस दिशा में आगे बढ़े का उल्लेख किया है जिसके पक्ष में मैं अपने विचार रखना चाहता हूं।

महामहिम राष्ट्रपति महोदया के अभिभाषण से स्पष्ट है कि पिछले 10 वर्षों में आदरणीय नरेंद्र मोदी सरकार जी के नेतृत्व में भारत सरकार की नीतियों से अर्थव्यवस्था, रक्षा, स्वास्थ्य सेवा, शिक्षा, संसाधन, राष्ट्रीय राजमार्ग विकास और सामाजिक कल्याण जैसे विभिन्न क्षेत्रों में शानदार उपलब्धियों को प्राप्त किया है।

जब देश स्वतंत्रता के 75वें वर्ष होने पर आज़ादी का अमृत महोत्सव मना रहा था तो उसी समय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने देश के सामने "अमृत काल" संकल्पना रखी। उन्होंने बताया कि 2022 से 2047 तक जो कालखंड होगा वह भारत के लिए अमृतकाल होगा और भारत के अमृतकाल के तौर पर आदरणीय मोदी साहब ने विकसित भारत का लक्ष्य रखा। महामहिम के भाषण में जो उपलब्धियां गिनाई गयी हैं और आगे का जो रोडमैप दर्शाया गया है उससे भारत के 2047 तक विकसित राष्ट्र बनने का विश्वास दृढ़ होता है। देश के युवाओं की अपनी प्रतिभा दिखाने का उचित अवसर देने के लिए सरकार एक डिजिटल विश्वविद्यालय बनाने की दिशा में काम कर रही है। मोदी जी के विजनरी नेतृत्व में उनके परिश्रम और प्रयासों से भारत आज दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप सिस्टम बन चुका है।

25 जून 1975 को लागू हुआ आपातकाल संविधान पर सीधे हमले का सबसे बड़ा और काला अध्याय था। तब पूरे देश में हाहाकार मच गया था लेकिन ऐसी असंवैधानिक ताकतों पर देश ने विजय प्राप्त करके दिखाया क्योंकि भारत के मूल में गणतंत्र की परंपराएं रही हैं। राष्ट्रपति महोदया के भाषण

---

* Speech was laid on the Table.

में आपातकाल को काला अध्याय बताना ये दर्शाता है कि वर्तमान सरकार का नेतृत्व संविधान के प्रति श्रेष्ठ और गहरी श्रद्धा और सम्मान रखता है। आज मोदी जी के कुशल नेतृत्व में आज हमारे वैज्ञानिक चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर सफलता से उतरे हैं। भारत दुनिया की सबसे तेज बढ़ती इकॉनमी है। भारत इतना बड़ा चुनाव निष्पक्षता, बिना बड़ी हिंसा और अराजकता से पूरा कराता है तो हमें गर्व होना चाहिए। पिछले 10 सालों में 25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर निकले हैं। इसमें एससी-एसटी हर क्षेत्र के लोग शामिल हैं। विशेषकर आदिवासी समाज में ये बदलाव और भी समझ में आ रहा है। 20 हजार करोड़ रुपये की योजना अति पिछड़े जनजातीय समूह के माध्यम रही है। सरकार की योजनाओं में देश के गरीब, युवा, नारी शक्ति और किसानों को महत्व दिया जा रहा है। देश तभी विकास कर सकता है। इसीलिए सरकार की योजना में सर्वोच्च प्राथमिकता इन्हीं चार स्तंभों को दी जा रही है। माननीय मोदी जी की कोशिश इनको हर सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने की  है। देश के हर क्षेत्र में विकास के नए आयाम बन रहे हैं। भारत का पब्लिक ट्रांसपोर्ट दुनिया में बेहतरीन हो इस मानदंड पर भारत काम कर रहा है। इंफ्रास्ट्रक्चर का विकास इस दिशा में बदलते भारत की योजना को दिखा रही है। गांव में 3 लाख 80 हजार किलोमीटर से ज्यादा सड़क बनाई है। आज भारत में नेशनल हाइवे का जाल बिछ रहा है। नेशनल हाइवे बनाने की गति में दोगुना वृद्धि हुई है। सरकार बुलेट ट्रेन के लिए पूर्वी, उत्तर भारत में फिजिबलिटी स्टडी शुरु कर चुकी है। सरकार के शुरुआत के दिन से ही किसानों को 3 लाख 20 हजार करोड़ रुपये की धनराशि प्रदान की जा चुकी है। आज का भारत अपनी वर्तमान जरूरतों को ध्यान में रखते हुए आगे बढ़ रहा है। सरकार किसानों की आमदनी बढ़ाने के लिए नीतियां बना रही हैं। भारत सरकार दलहन और तिलहन में दूसरे देशों की निर्भरता खत्म करने के लिए बड़ी कोशिश कर रही है। सरकार सार्वजनिक सेक्टर को भी मजबूत करने में जुटी है। आज भारत आईटी से लेकर हेल्थ सेक्टर में बड़ी शक्ति बन रहा है। इन सेक्टरों में रोजगार और स्व रोजगार के अवसर मिल रहे हैं। गांव में कृषि आधारित उद्योगों का विस्तार किया जा रहा है। सरकार किसानों के उत्पाद संघ का बड़ा नेटवर्क बना रही है। छोटे किसानों की बड़ी समस्या भंडारण से जुड़ी होती है। मोदी सरकार दुनिया की सबसे बड़ी भंडारण योजना पर काम शुरू कर चुकी है। वैश्विक महामारी के बाद भी

और दुनिया के अलग-अलग देशों में चल रही मुश्किलों के बाद भारत ने ये विकास हासिल किया है। आज भारत अकेले ही दुनिया की अर्थव्यवस्था में 15 फीसदी का योगदान कर रही है। आज भारत को दुनिया को तीसरे नंबर की अर्थव्यवस्था बनाने में मोदी जी की सरकार जी जान से जुटी है।

लगातार तीसरी बार जनादेश, देश को विकसित बनाने के लिए मिला है। राज्यों का विकास देश का विकास है और मोदी सरकार इसी भावना के साथ आगे बढ़ रही है। भारत आज दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था है । 10 साल में भारत 11वें नंबर की अर्थव्यवस्था से उठकर 5वें नंबर की अर्थव्यवस्था तक पहुंचा है।

अंत में, मैं कहना चाहूंगा कि मोदी जी ने विकसित भारत की जो गारंटी दी है, वह गरीब, किसान, महिला एवं युवा के सशक्तिकरण से संभव है, जिसे भारत सरकार पूरी शिद्दत से कार्यान्वित कर रही है। महामहिम राष्ट्रपति महोदया के भाषण से उसके पूर्णाता की दिशा में भारत अग्रसर है। इसका विश्वास दृढ़ होता है। भारत की जनता के विश्वास पर सरकार के खरे उतरने की पुष्टि करने वाले इस अभिभाषण के लिए मैं राष्ट्रपति महोदया का आभार प्रकट करता हूं एवं सरकार के नेतृत्व को बधाई एवं शुभकामनाएं देता हूं।

****श्रीमती मालविका देवी (कालाहाण्डी) :** मैं इस नयी लोक सभा के गठन के बाद, महामहिम राष्ट्रपति महोदया द्वारा दिए गए अभिभाषण पर अपने विचार रखती हूँ।

महामहिम राष्ट्रपति जी ने अपने अभिभाषण में जिन बातों का उल्लेख किया है, मैं प्रयास करूंगी कि क्रमवार कुछ बिन्दुओं पर अपना एवं पार्टी का पक्ष रखने का प्रयास करूं।

आज मैं प्रथम बार सांसद होने पर बहुत गर्व महसूस करती हूं कि प्रथम बार जीती हूं और वह भी भाजपा की सरकार की तरफ से, भाजपा यानी कि बहुमत की सरकार, वह सरकार जिसने पूरे भारत की शक्ल दस सालों में बदल दी। वह सरकार, जिस पर भरोसा करके लोगों ने जिताया है। एक बात जो मेरी समझ के बिल्कुल बाहर है, वह यह है कि उस तरफ के लोगों को, जो 99 यानी 100 सीट्स भी नहीं ला जाए, वे हमारी बहुमत की सरकार के बहुमत पर प्रश्न किस हिसाब से लगा रहे हैं। उन्होंने या तो स्कूलों में मैथ्स नहीं पढ़ा है या फिर कुछ भी बोलने के पहले सोचना ठीक नहीं समझते हैं। आज अगर भारत के लोग गर्व करके विश्व के सामने अपना सिर उठाकर चल सकते हैं तो वह हमारे मोदी जी की सरकार और उनके कामों की वजह से ही है। आज दुनिया के बड़े नेता हमसे हमारे विचार, हमारे सुझाव मांगते हैं। आज हमने सिर्फ केन्द्र में ही नहीं, बल्कि ओडिशा में भी बहुमत की सरकार बनाई है। 21 में से 20 सांसद भाजपा के हैं। यह कोई मामूली बात नहीं है। मोदी जी के भरोसे और भाजपा पर भरोसा करके ओडिशा के लोगों ने बहुमत से डबल इंजन सरकार बनाई है। यह वह सरकार है, जो सिर्फ बोलती ही नहीं है, बल्कि करके दिखाती है। जैसे हमारे पास के छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश के प्रांतों में काम हुआ है। इकोनॉमी, जो 11 नम्बर पर थी, आज वह 5 नम्बर पर पहुंच गयी है और आने वाले पाँच सालों में नम्बर-तीन पर पहुंचने वाली है। 64 करोड़ मतदाताओं ने वोट किया और वह भी दुनिया के सबसे बड़े चुनाव में तीसरी बार बहुमत से भाजपा को जिताया। वह भी शांत और सक्सेसफुल मतदान हुआ। मैन्यूफैक्चरिंग सर्विसेज और एग्रीकल्चर को बराबर महत्व दिया जाएगा, हरित युग को बढ़ावा दिया जाएगा। 32,000 करोड़ रुपये पी.एम. किसान सम्मान निधि में किसानों की मदद करने के लिए दिए गए हैं। नेशनल हाईवेज़ दोगुना बढ़ गए हैं। Today we export

* Speech was laid on the Table.

defence equipments, unlike never before. 3,80,000 किलोमीटर ग्रामीण रास्ते बनाए गए हैं। पी.एम. ग्राम सड़क योजना में नेशनल हाईवे का चौड़ीकरण किया गया है। दस सालों में 4 करोड़ प्रधान मंत्री आवास महिलाओं को दिए गए हैं।

मोदी जी की सरकार ने दस सालों में भारत को बदल दिया है। मोदी जी की सरकार अम्बेडकर जी की बात पर विश्वास करती है कि समाज की प्रगति समाज के निचले क्रम से पता चलती है। मैं सिर्फ इतना ही कहना चाहूंगी कि आज हम सब सांसद यहां लोगों के लिए हैं और भले ही हमारे सुझाव कई मुद्दों पर अलग-अलग हों, पर एक बात पर हम सबकी सहमति है कि हम सबका एकमात्र लक्ष्य भारत का विकास करना है। लोगों की वजह से ही हम हैं।

मैं आशा करती हूं कि यह 5 साल भारत के विकास में सुनहरे अक्षरों में लिखे जाएगें और हम सब एक होकर भारत के लोगों के लिए काम करेंगें।

कालाहांडी और नुआपड़ा के लोगों का धन्यवाद, जिन्होंने मुझे जिता कर मुझ पर विश्वास दिखाया है। मोदी सरकार की हैट्रिक जीत पर मैं अपने संसदीय क्षेत्र की जनता को हार्दिक बधाई देती हूं।

***श्री अरुण कुमार सागर (शाहजहाँपुर) :** मैं राष्ट्रपति महोदया द्वारा गुरुवार को संसद के दोनों सदनों के संयुक्त सत्र में दिए गए अभिभाषण का हृदय से समर्थन और उनके द्वारा नव-निर्वाचित सांसदों को दी गई बधाई पर उनका हार्दिक अभिनंदन करता हूं। उन्होंने अपने अभिभाषण में अमृत काल के 25 वर्षों के कालखंड में देश को विकसित राष्ट्र बनाने का खाका पेश किया है, जो केन्द्र सरकार की महत्वपूर्ण आकांक्षा को दर्शाता है ।

राष्ट्रपति जी के अभिभाषण से यह परिलक्षित होता है कि केन्द्र सरकार "सबका साथ सबका विकास" के अपने वायदे के अनुरूप देश को तेजी से आर्थिक विकास की नई राह पर ले जा रही है। देश के गरीब, दलित, शोषित, वंचित, किसान, श्रमिक और युवा सरकार के इस समावेशी आर्थिक विकास के केन्द्र में है।

यह हम सभी के लिए गौरव की बात है कि छह दशकों के बाद देश में पूर्ण बहुमत वाली एक स्थिर सरकार बनी है। देश के नागरिकों ने लगातार तीसरी बार आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी पर भरोसा दिखाया है। चूंकि, उन्हें मालूम है कि केवल श्री नरेन्द्र मोदी जी की केन्द्रीय सरकार ही उनकी आकांक्षाओं को पूरा कर सकती है। इस लोकसभा का गठन अमृत काल के शुरुआती वर्षों में हुआ। इसलिए, 18वीं लोक सभा कई मायनों में ऐतिहासिक है।

हमारा देश विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र के रुप में जाना जाता है, जिस पर सदियों तक विभिन्न राजाओं, सम्राटों तथा यूरोपीय साम्राज्यवादियों द्वारा शासन किया गया । भारत 1947 में अपनी आजादी के बाद एक लोकतांत्रिक राष्ट्र बन गया था। उसके बाद भारत के नागरिकों को वोट देने और अपने नेताओं का चुनाव करने का अधिकार मिला। भारत क्षेत्रफल के हिसाब से दुनियां का सातवां सबसे बड़ा देश और आबादी के हिसाब से दूसरा सबसे बड़ा देश है, इन्हीं कारणों से भारत को विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र के रुप में भी जाना जाता है। 1947 में देश की स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद भारत में लोकतांत्रिक सरकार का गठन हुआ था। हमारे देश में केंद्र और राज्य सरकार का चुनाव करने के लिए हर 5 साल में संसदीय और राज्य विधान सभा चुनाव आयोजित किए जाते हैं।

---

* Speech was laid on the Table.

देश की 18वीं लोक सभा का चुनाव दुनिया का सबसे बड़ा चुनाव था। करीब 64 करोड़ मतदाताओं ने उत्साह और उमंग के साथ अपना कर्तव्य निभाया है। इस चुनाव में सुखद तस्वीर विशेषतः जम्मू-कश्मीर से भी आई है, जहां कश्मीर घाटी में वोटिंग के अनेक दशकों से रिकॉर्ड टूटे। पिछले चार दशक में बंद और हड़ताल को देखा गया, जिसकी वजह से काफी कम मतदान हुआ।

यह हमारे लिए प्रसन्नता की बात है कि भारतीय निर्वाचन आयोग ने 18वीं लोक सभा के लिए चुनाव को बहुत ही कुशलतापूर्वक सम्पन्न कराया है । जम्मू-कश्मीर में इस बार घाटी में दशकों का रिकॉर्ड टूटा है तथा काफी संख्या में लोगों ने वहां मतदान किया। राष्ट्रपति महोदया ने भी इसके लिए आयोग की प्रशंसा की है, जो स्वागत योग्य है ।

राष्ट्रपति महोदया का यह कथन सही है कि विकसित भारत का निर्माण तभी संभव है जब देश के गरीब, युवा, महिलाएं और किसान सशक्त होंगे। इसलिए सरकार द्वारा उन्हें सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है। सरकार का लक्ष्य उन्हें हर सरकारी योजना का लाभ पहुंचाना है तथा इस इच्छा शक्ति के साथ काम किया जा रहा है कि एक भी व्यक्ति सरकारी योजनाओं से वंचित न रहे।

माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने अपने कुशल कार्यकाल के दौरान 10 लाख गरीबों को गरीबी रेखा से बाहर निकाला है। यह सच्चाई है कि उनके कार्यकाल में पिछले एक दशक में गरीबों का जितना उत्थान हुआ है, उतना आजादी के बाद इससे पहले कभी नहीं हुआ है ।

श्रद्धेय श्री नरेन्द्र मोदी जी के कार्यकाल में महिला सशक्तिकरण के नए दौर की भी शुरुआत हुई है। 24 हजार करोड़ रुपए से अधिक की पीएम-जनमन जैसी योजना आज अति पिछड़े जनजातीय समूहों के उत्थान का माध्यम बन रही है।

ऋषितुल्य श्रद्धेय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी देश के चहुमुखी विकास के लिए कृतसंकल्प है । उनके द्वारा देश की अर्थव्यवस्था के तीनों स्तंभों - रिफॉर्म, परफॉर्म और ट्रांसफोर्म के संकल्प ने आज भारत को दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था बना दिया है। 10 साल में 11वीं अर्थव्यवस्था से पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाला देश बना है। भारत ने साल 2021 से लेकर साल 2024 के बीच औसतन 8 फीसदी की रफ्तार से विकास किया है।

केन्द्र सरकार मैन्युफेक्चरिंग, सर्विस और एग्रिकल्चर को भी बराबर महत्व दे रही है । पीएलआई स्कीम और ईज ऑफ डूइंग बिजनेस से बड़े पैमाने पर निवेश और रोजगार के अवसर बढ़ रहे हैं। देश के किसान अपने छोटे खर्चे पूरे कर सकें, इसके लिए पीएम किसान सम्मान निधि के तहत उन्हें 3 लाख 20 हजार करोड़ रुपए से ज्यादा राशि दी जा चुकी है। सरकार ने खरीफ फसलों के लिए एमएसपी पर रिकॉर्ड वृद्धि की है।

पारंपरिक सेक्टर के साथ-साथ सनराइज सेक्टर को भी मिशन मोड पर बढ़ावा दिया जा रहा है, जिसके परिणामस्वरूप रिफॉर्म, परफॉर्म और ट्रांसफॉर्म के संकल्प ने आज भारत को दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था बना दिया है। इसका उल्लेख भी राष्ट्रपति महोदया ने अपने भाषण में किया है, जो स्वागत योग्य है ।

देश के माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी द्वारा किसानों पर विशेष फोकस देकर उन्हें ज्यादा से ज्यादा आत्मनिर्भर बनाए जाने पर जोर दिया जा रहा है। केन्द्र सरकार कई ऐसी योजनाएं लेकर आई जो उनके लिए काफी लाभकारी साबित हो रही हैं।

केन्द्र सरकार कृषि उत्पादों के भंडारण की दिशा में भी काम कर रही है। कृषि उपजों के लिए एमएसपी (न्यूनतम समर्थन मूल्य) बढ़ाया गया है । दुनिया भर में जैविक उत्पादों की मांग बढ़ रही है। देश के किसान इस मांग को पूरा करने में पूरी तरह सक्षम हैं। किसानों की आय बढ़ाने के लिए भी तेजी से कार्य किया जा रहा है तथा उनको 20 हजार करोड़ ट्रांसफर किए गए हैं ।

आने वाला समय ग्रीन एरा यानि हरित युग का है। केन्द्र सरकार इसके लिए भी हर जरूरी कदम उठा रही है और हरित उद्योगों पर निवेश बढ़ाये जा रहे हैं, जिससे ग्रीन जॉब भी बढ़े हैं।

आदरणीय श्री नरेन्द्र मोदी जी के विगत 10 वर्षों के कार्यकाल में बैंकिंग सेक्टर भी पिछली सरकारों की तुलना में काफी मजबूत हुआ है। सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों का लाभ 2023-2024 में 1.4 लाख करोड़ को पार कर गया। यह पिछले वर्ष की तुलना में 35 प्रतिशत अधिक है। बैंकों की मजबूती उन्हें ऋण आधार का विस्तार करने और राष्ट्र के आर्थिक विकास में योगदान करने के लिए सक्षम बनाती है।

माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की सरकार ने पहली बार गरीबों को ये अहसास कराया कि सरकार उनकी सेवा में है। पिछले 10 वर्षों में राष्ट्र की उपलब्धियों और विकास का आधार गरीब का सशक्तिकरण रहा है। कोरोना कठिन समय में सरकार ने 80 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन देने के लिए पीएम गरीब कल्याण योजना शुरू की। आज केन्द्र सरकार 55 करोड़ लाभार्थियों को आयुष्मान भारत योजना का लाभ उपलब्ध करा रही है।

केन्द्र सरकार द्वारा दिव्यांग भाइयों और बहनों के लिए स्वदेशी सहायक उपकरण बनाये जा रहे हैं। वंचितों की सेवा का ये संकल्प ही सच्चा सामाजिक न्याय है। आज केन्द्र सरकार की योजनाओं में देश के गरीब, युवा, नारी शक्ति और किसानों को अहम महत्व दिया जा रहा है। देश तभी विकास कर सकता है। इसलिए सरकार की योजनाओं में सर्वोच्च प्राथमिकता इन्ही चार स्तंभों को दी जा रही है। ताकि इनको हर सरकारी योजनाओं का लाभ सरलता से मिल सके ।

यह हम सभी के लिए प्रसन्नता की बात है कि देश का पब्लिक ट्रांसपोर्ट दुनिया में बेहतरीन हो इस मानदंड पर कार्य तेजी से आगे बढ़ रहा है। इंफ्रास्ट्रक्चर का विकास इस दिशा में बदलते भारत की योजना को दिखा रही है। गांव में 3 लाख 80 हजार किलोमीटर से ज्यादा सड़क बनाई गई है। माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के कार्यकाल में आज भारत में नेशनल हाइवे का जाल बिछ रहा है। नेशनल हाइवे बनाने की गति में दोगुना वृद्धि हुई है तथा बुलेट ट्रेन के लिए पूर्वी, उत्तर भारत में फिजिबलिटी स्टडी शुरू की जा चुकी है।

केन्द्र सरकार ने युवाओं की राष्ट्र निर्माण में भागीदारी और बढ़ाने के लिए मेरा युवा भारत MY Bharat अभियान की शुरुआत भी की है। Start-up India और Stand-up India जैसे अभियान देश के युवाओं का सामर्थ्य बढ़ा रहे हैं। इस प्रकार से युवाओं को भी स्टार्टअप के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है।

माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के केन्द्रीय नेतृत्व में विगत दस वर्षों में देश में 10 नए आईआईटी, 16 आईआईआईटी, 7 आईआईएम, 15 नए एम्स, 315 मेडिकल कॉलेज और 390 विश्वविद्यालयों की स्थापना की गई है, जो एक कीर्तिमान है।

यह हम सभी के लिए प्रसन्नता की बात है कि देश में 25 हजार जन औषधि केंद्रों को खोलने का काम भी जल्दी से चल रहा है तथा अब आयुष्मान भारत योजना की तहत मुफ्त इलाज का लाभ 70 वर्ष से अधिक उम्र के सभी बुजुर्गों को भी मिलेगा। यह सरकार की देश के गरीब समुदाय के लिए एक बहुत ही अच्छी पहल है ।

daughter of the Education Director, belonging to the same community as CM Baghel and reportedly a distant relative. The second and third rank holders were a married couple, with the wife being the daughter of a Congress leader. The seventh-ranked candidate was listed simply as "Nitesh," with his surname conspicuously hidden. He was later revealed to be the adopted son of the then PSC Chairman, Mr. Taman Sonwani. Mr Sonwani had 5-6 family members along with his daughter in law inducted into government jobs in 2-3 years period. Another brother-sister duo, children of a retired Governor's secretary, both ranked in the top 10 recording the same marks down to the decimals. Several other candidates were identified as children of Congress leaders, including the daughter of the then PSC secretary. It was reported that each selected candidate allegedly paid Rs. 75 lakhs to Mr. Sonwani and others to secure their positions, highlighting the depth of the corruption and inefficiency in the recruitment process. In another entrance of Vanrakshak (Forest guards), the results of a girl were tempered unhesitatingly. She was shown to complete the 200 mtrs run in 14 seconds in records. 5 seconds less than Usain Bolt's world record.

The Bhupesh Government has revoked all computerized and standardized procedures of earlier Dr. Raman Singh's Government to ensure nepotism and their control over the selections.

State public service commissions in any part of the country are known for doing appointments for Class 1, Class 2 and executive appointments in Class 3. Bhupesh Baghel govt changed the entire structure of PSC in CG also to appoint

class 4 peons. The gang in PSC sold each and every position for lakhs of Rupees.

We announced that when our Government will come to power, we will conduct an inquiry on all bogus appointments, punish the wrongdoers and make transparent rules, I am happy to inform you that the new Govt under CM Vishnu Deo Sai ji has cleared the way for CBI enquiry, Soon these people will be behind the bars.

Under Congress Since 2019, over three paper leaks have happened every year in Rajasthan, which has affected over 40 lakh students. No serious action has been taken by the Gehlot-led Congress Government to prevent these incidents. The situation became so worse that the Government imposed an emergency like situation to shut down the state's internet to stop cheating during exams.

Rajasthan has suffered from numerous exam scandals. The exams conducted for recruitment of Patwari, Junior Engineer (JEN), Forest Guard, Police Constable and Rajasthan Teacher Eligibility Test (REET), all of them experienced leaks which caused massive disruption and cancellations affecting lakhs of aspiring candidates. For example, the Patwari exam had 5,378 vacancies with 1.562 million applicants, and the Junior Engineer exam had 533 vacancies with 31,752 candidates. The REET exam saw 2.6 million applicants, with the paper leaked from the strong room three days before the exam.

It was found that the Rajiv Gandhi Study Circle (RGSC), a Congress-backed NGO, played a role in the REET paper leak scandal. The RGSC had

several of its members involved in the REET exam leak scandal. This included sacked RBSE chairman DP Jaroli, RGSC advisory committee member Subhash Yadav, and other key coordinators like Dhyan Singh Gotwal and Pradeep Parashar. When BJYM organized a protest against the REET scam, I remember that masses of youngsters joined the protest on their own accord.

Youth of Rajasthan suffered from massive unemployment and distress in last 5 years and lead to various suicides due to unemployment under Gehlot Government . The Government under Shri Bhajan Lal Sharma has announced a probe in all public recruitments under the Gehlot Government, which is a welcome move.

Under TMC, West Bengal has experienced systematic destruction of its education system, with over 60,000 teaching posts remaining vacant due to politically motivated appointments. Thousands of youths who have cleared B.Ed and DLED degrees are sidelined while unqualified or underqualified TMC supporters are given teaching jobs, undermining the merit-based recruitment system. In colleges, instead of hiring NET-qualified teachers, the West Bengal Government allows posts to be filled by those without NET qualifications but affiliated with TMC, degrading the quality of higher education. The SLST merit list was manipulated to include over 1,000 TMC cadres, with more than 400 allegations of rank jumps and recruitment of candidates who were not even on the merit list, leading to 119 court cases. Despite the Hon'ble High Court ruling in favour of the initial merit list candidates, the TMC Government has refused to comply, resulting in no recruitment for six years and leaving qualified teachers

secking justice for 400 days. Nearly 13,000 non-teaching staff were recruited illegally in state-aided schools, with 2,300 recruitment challenges in court and the Hon'ble High Court ordering the dismissal of 320 Group C and 593 Group D employees. Between 2013 and 2016, 42,000 primary teacher recruitments were challenged, leading to 132 cases in the High Court and a halt in recruitment processes since 2016, adversely affecting primary education.

Hemant Soren Government did not even conduct exams for thousands of vacancies across the state. They only conduct exams when they need money. The Jharkhand Staff Selection Commission (JSSC) exam. It was an open secret that each seat was being sold between Rs. 35 lakhs to 50 lakhs. Thereafter, the paper of the exam was leaked which infuriated the entire state. Allegations are that paper was leaked already and candidates were made to sit and learn the answers. The ED report states that the mobile and house of Hemant's close friend and architect Binod Singh was used in the question paper leak scam. A. large number of admit cards of students have been recovered during investigations by the ED against Hemant Soren.

Kerala Public Service Commission (PSC) has another level of tech innovations. There have been significant scams in Kerala entrance exams, particularly involving PSC exams. SFI leaders used Bluetooth devices and smartwatches to cheat, securing high marks illicitly. (SFI)two leaders of the Students' Federation of India (SFI) R Shivaranjith and A N Naseem, who were also accused of stabbing a student at University College in Thiruvananthapuram, used hi-tech methods and modern gadgets to cheat in the civil police officer test.

Nepotism and illegal appointments have been rampant, undermining the credibility of the recruitment process. Tragically, some youths on the PSC shortlist, who were not appointed, have resorted to suicide. These scandals have led to widespread disillusionment among the youth, shaking their faith in the system.

If this is the case where you are or were in Government, you don't have the moral authority to lecture the Modi Government. This is a serious issue that all Governments, agencies, stakeholders should come together and solve the problem. How can we expect this from the Congress party, which divides the country on all possible segments?

It is disheartening to see Rahul Gandhi, in yesterday's speech, calling Hindus as violent. This comes from a party that has repeatedly tried to equate Hinduism with terrorism, even attributing the horrific 26/11 Mumbai attack to so-called "Hindu terror." This rhetoric is part of a calculated international conspiracy to defame Hindu society, and Rahul Gandhi is merely a pawn advancing this agenda. चुनावी हिंदु हमें धर्म ना सिखायें.

I would like to conclude by quoting Bharat Ratna and former PM Atal Bihari Vajpayee's poem on Hindus:

होकर स्वतंत्र मैंने कब चाहा है कर लूं जग को गुलाम?
मैंने तो सदा सिखाया करना अपने मन को गुलाम।
गोपाल-राम के नामों पर कब मैंने अत्याचार किए?
कब दुनिया को हिन्दू करने घर-घर में नरसंहार किए?
कब बतलाए काबुल में जा कर कितनी मस्जिद तोड़ीं?

भूभाग नहीं, शत-शत मानव के हृदय जीतने का निश्चय।

हिन्दू तन-मन, हिन्दू जीवन, रग-रग हिन्दू मेरा परिचय!

We do not need lectures on Hindu Dharma. And let me add one more thing, directly to Rahul Gandhi: हिंदु अहिंसक तो है, पर नपुंसक नहीं है। Thank you.

*__DR. MALLU RAVI (NAGARKURNOOL):__ I would like to express my views on the motion of thanks to the Honourable President's address. I also congratulate and convey my best wishes to all the newly elected members of this House. The Honorable President in her address only praised the 10 years of rule of Shri Modiji and conveniently avoided the burning issues of the country like unemployment, cast wise census, MSP to Farmers through parliament bill, removal of ceiling on 50 per cent reservation to SC, ST, BC and Minorities, high-level prices of essential commodities and diesel, petrol and cooking gas.

Honourable President has given a certificate to Modiji's 10years rule by saying all is well. Yesterday Mr. Thakur from the treasury benches said that Shri Nehruji has killed the sole of Democracy, reality Shri Nehruji has saved the sole of Democracy. He for the sake of a Democratic Government and for the freedom of India he relentlessly fought with Britishes and went to jail several times After becoming prime minister he has done his best to save the parliamentary democracy.it is because he laid the foundation for strong democracy that today we are enjoying the fruits of democratic government. Mr thakur also said that Indira Gandhi's slogan of "Garibi Hatao" is a big failure. this also is a blatant lie. Smt. Indira Gandhi not only gave that slogan but also brought Land Ceiling and Nationalization of Banks because of which there was and is a great change in the lives of poor people. It is congress government which brought agricultural revolution, Dairy revolution, industrial revolution, IT revolution and education revolution in this country. Modiji Government gave tax cut to the chosen

---

* Speech was laid on the Table.

corporates for nearly an amount of 2Lakh Crore Rupees. In the Modiji government Scheduled Commercial Banks have written off nearly Rs 10.6 lakh crore in the last 5 years, out of which nearly 50 per cent belong to large industrial houses but they haven't written of any farmer's loans in these days. Modiji's government brought 3 draconian laws against the farmers and withdrew after long agitation by the farmers. Modiji's Government has brought new labour laws which are not friendly to labour.

Demonetization has not brought any black money to the RBI rather it has facilitated people to change their black money into white money. It is mentioned in Hon'ble president's address that Modiji's government has brought more number of airports, national highways, IITs, IIMs and medical colleges. All these things require infrastructural and human resources are not made available. In 10-year tenure of Modiji opposition leaders and CMs were sent to jail by using CBI, ED, and Income Tax. This is a great threat to democracy and Constitution.

In the past 10 years of Modiji's government, the constitution has been dishonoured. SC, ST, BC and minority reservations are systematically avoided from being implemented.

I am elected from Nagar Kurnool Parliamentary Constituency of Telangana State. I request the Hon'ble Prime Minister through you sir that all the guarantees be given to Telangana during division of Andhra Pradesh State like ITIR, IIM, Railway Coach factory in Kazipet, Bayyaram Steel Factory and National Status to Palamuru Rangareddy Lift irrigation scheme etc.

I conclude my speech while opposing the motion of thanks to presidential address.

* **SHRI JOYANTA BASUMATARY (KOKRAJHAR):** At the outset, I thank you for giving me the opportunity to express my views. I represent the Kokrajhar (ST) Constituency of Assam - one which is also the Gateway to India's North Eastern Region, under BTR Sixth Schedule Area. I represent United Peoples' Party Liberal - the UPPL Party - one of the leading Regional Parties of Assam. The UPPL Party has one representative in the Upper House Rajya Sabha, it is leading the Government of Bodoland Territorial Region (BTR) in alliance with Bharatiya Janata Party under the NDA umbrella, and is also a partner in the NDA Government of Assam.

In addition to reiterating our unwavering support for the NDA government led by our charismatic Prime Minister, Shri Narendra Modi Ji, let me also promise our support for his vision of Vikshit Bharat, as embodied in the spirit of the National Democratic Alliance, which has been blessed by the nation's citizens to commence its historic third term.

I come from Bodoland Territorial Region (BTR) one of the largest Sixth Schedule Regions of the country with a population of over 3 (three) million encompassing an area of around 9 thousand square kilometres. With the initiative of Hon'ble Prime Minister and the guidance, support and presence of Hon'ble Home Minister Amit Shah Ji, the historic BTR Peace Accord was signed on 27th January 2020 between the Government of India, Government of Assam and various Bodo Stakeholder groups led by All Bodo Students' Union (ABSU), various factions of the National Democratic Front of Bodoland (NDFB), among

---

* Speech was laid on the Table.

others. The signing of this Accord paved the way for permanent peace in Bodoland Region after a prolonged period of struggle, unrest, and intermittent violence for over forty years. Hon'ble Prime Minister who visited Kokrajhar on 7th February 2020 to commemorate this historic Accord declared the dawn of a new era of Peace and Development in the Bodoland Region-rebuilding the confidence of millions of people of the Region. And in these past four years, I am happy to inform the August House, that true to the spirit of this Accord, not a single incident of violence has been reported in the Region. Also, with the joint efforts of the Centre, State Government, and the Government of Bodoland Territorial Region (BTR), almost sixty per cent of the various provisions of the Accord have been implemented.

Under the constant guidance of Hon'ble Home Minister, Hon'ble Chief Minister of Assam Dr. Himanta Biswa Sarma Ji and ably led by my leader Shri Pramod Boro, Hon'ble Chief of Bodoland-the Region has entered this new phase of possibility development, and lasting Peace.

There was a time when people from our Region were in many ways alienated from the scope of participating in our Democratic Process. Today, even after 77 years of our country's independence, we face the challenge of making our voices heard when required.

The spirit of the Sixth Schedule embodies the essence to bridge the gap for overcoming backwardness of the Sixth Schedule Administered Regions.

Therefore, it becomes imperative that we create an atmosphere of a more and regular engagement with the Government of India just like in the manner that

the States and Union Territories have a framework for periodic interactions with the Centre.

I am hopeful that this temple of Democracy will be the proper forum to begin this journey of realizing the spirit as well as working of the Sixth Schedule in true letter and spirit.

We, the people of Bodoland also believe in our Hon'ble Prime Minister's dream to make India one of the most developed nations in the world. In many ways we have also benefitted from the rapid strides our country has made in the areas of Technology, Infrastructure, Digitization, Industry, Education, and many other areas of national development.

In conclusion, on behalf of the people of Bodoland Territorial Region, though your respected presence I pay my humble tributes to Father of the Bodos, the revered Bodofa Upendranath Brahma whose non violent struggle for emancipation paved our journey towards the Bodoland of today.

Bodofa's lifelong commitment to safeguard the language, identity and culture of the Bodos - the largest and the oldest tribes of North Eastern Region through his non-violent struggle within the values enshrined in the Constitution of the Country - stands as an exemplary journey of a leader who gave a new dimension to the collective history of the struggle for tribal emancipation in India.

In view of his outstanding contributions for the Bodo people in particular and to the tribals of the North Eastern Region in general, Hon'ble Speaker Sir, it is through your Chair that I appeal to the Government of India for conferring Bharat Ratna to Bodofa Upendranath Brahma.

I end by paying my tributes to the most respected universal Guru of Non-Violence and Peace, Father of our Nation Mahatma Gandhi whose lessons of Non-violence remains the lifeline in our quest for a Peaceful, Smart and Green Bodoland of the 21st Century.

Thank you.

* **SHRI K. RADHAKRISHNAN (ALATHUR):** I would like to lay my speech on the Motion of Thanks on President's Address.

Thank you very much for giving me the opportunity to express my views on the Motion of Thanks on the President's address and also my greetings to the newly elected members in this House. Special thanks to the beloved voters of Alathur who helped me to elect to this Lok Sabha I support this motion not because I and my party CPI (M) concur with the contents of the President's Address but only as a mark of respect for the Hon'ble President.

I wish to express my concerns and criticisms regarding the government's performance. While it is important to acknowledge the achievements and progress made by any government, it is equally important to hold them accountable for their actions and policies.

Hon'ble President said many things here especially about the growth of the country to become the third economic power in the world. Does this Government have a view on who should get the third position when it comes to the first position. When come to the hunger index India ranking is 111th place. In equality the place of our country is coming behind before our country was ruled by the British, In happiness index the place is on 126%. The country democracy, secularism, federalism and freedom are all are at risk. Now we are living in a world of Artificial Intelligence, but we still we can't free the people from caste and religion narrow mindedness.

---

* Speech was laid on the Table.

I must address the issue of the Government's handling of the economy. While the President mentioned that India has become the fastest growing economy and has risen in the global rankings, it is crucial to note that economic growth alone does not necessarily translate into improved living conditions for all citizens. The gap between the rich and the poor continues to widen, and the government's focus on big businesses and corporations often neglects the needs of the marginalized and vulnerable sections of society.

Furthermore, the President highlighted the government's efforts in the agricultural sector, such as the increase in Minimum Support Price (MSP) for Kharif crops and the establishment of storage facilities. However, the reality is that farmers across the country are still struggling with debt, low incomes, and lack of access to resources. The Government's policies have failed to address the root causes of agrarian distress and provide sustainable solutions for farmers. Another area of concern is the Government's approach towards social justice and inclusivity. While the President mentioned the empowerment of women, scheduled castes, scheduled tribes, and other marginalized communities, it is important to critically examine the impact of Government schemes and policies on these communities. Many of these initiatives have been marred by implementation challenges, corruption, and lack of transparency. The Government must do more to ensure that the benefits of these schemes reach the intended beneficiaries and truly uplift their lives.

Moreover, the President spoke about the Government's commitment to democracy and the electoral process. However, recent events have raised

serious questions about the integrity of our democratic institutions. The use of electronic voting machines (EVMs) has been a subject of controversy and concern, with allegations of tampering and lack of transparency. It is Imperative that the Government addresses these concerns and restores faith in our electoral system. Toward the end, we could see the tall claims of setting up of All India Institute of Medical Sciences (AIIMSs) in the country whose number rose from 7 to 16 in the last decade. But even then, an AIIMS was not allotted to the State of Kerala, though the State Government made suitable available land, only to political vendetta against the ruling LDF Government there.

It is crystal clear that what guides this Government is political nepotism and skewed interest to make political gains with scant regard for the federal and democratic principles. So, all together the Hon'ble President failed to convince this august House about the progress her Government made over the years and made an unimpressive effort to defend the failures of it.

Yet, as expressed in the beginning, for the sake of political propriety, I support the motion with the amendments proposed and objections raised herewith.

**श्री विजय कुमार हाँसदाक (राजमहल) :** सभापति महोदया, मेरा प्वाइंट ऑफ ऑर्डर है।

**HON. CHAIRPERSON :** Under which Rule?

**SHRI VIJAY KUMAR HANSDAK :** I want to raise a point of order under Rule 352. Our leader's name was taken. हाई कोर्ट के द्वारा उनको बरी किया गया, उसके बाद उनको यहां पर भ्रष्टाचारी कहा जा रहा है। … (व्यवधान) It should be expunged.

**श्री विजय कुमार हाँसदाक :** कोर्ट द्वारा उनको बेल मिला है और सीधे तौर पर कहा गया है कि उन पर आरोप तय नहीं होता है। … (व्यवधान) ये उनको भ्रष्टाचारी कह रहे हैं, जबकि कोर्ट से उनको बेल मिला है।

सभापति महोदया, इसको एक्सपंज करना होगा। … (व्यवधान)

**HON. CHAIRPERSON:** It will be deleted.

… (*Interruptions*)

**HON. CHAIRPERSON:** The name will be deleted.

Adv. Francis George.

**ADV. FRANCIS GEORGE (KOTTAYAM):** Madam, when our country is completing 75 years as a republic, we are fortunate to be present in this House and we have to be grateful to the people of India for giving us a chance to be Members of Parliament at a very critical and glorious time in the history of our country.

The President in her Address mentioned several things about what the Government is doing for the agriculture sector. I would like to tell the Government the basic demand of the farming community. The farmers are again on the agitation path. They are demanding not all these fancy things but a legal framework for minimum support price. Ever since the NDA Government came to power, the hon. Prime Minister has been promising that the Government will give MSP to the farmers under the C2+50% formula that has been recommended by the Swaminathan Commission. So far, the Government has not done anything about it. In the first agitation of farmers, almost 700 farmers gave their lives and now also, the agitation is going on. But the Government has prevented the farmers from entering the Capital. Who are we to prevent the farmers of this country, who feed the country, to enter the Capital? The poet, Thiruvalluvar said:

"Uzhudhuntu vaazhvaare vaazhvaar matrellaam
Thozhudhuntu pinsel bavar"

The farmer, who tills the land, should be hailed. Instead of hailing them, we are despising them; we are ignoring them. We are not giving any consideration tothe basic demands of the farming community of this country.

**15.54 hrs** (Hon. Speaker *in the Chair*)

I would like to quote one issue. My constituency of Kottayam is known as the rubber capital of India. The rubber farmers of this country have been reeling under price fall for the past twelve years but the Government did not invoke the basic safeguards duty when there are large-scale imports. To control the unabated large-scale imports of natural rubber, it is very good that the Commerce Ministry acts on it. There is a provision under the GATT. Under Article XIX (1a) of GATT 1994, if there is a large-scale import of a particular commodity affecting the economic situation of a particular area, like income of a particular section, we can invoke article 19 under the WTO regime. The Government always says that we are under the WTO dispensation and we cannot do anything about imports, but there is a particular provision saying that if there is income loss or job loss, the Government can rightfully invoke this particular section. The Government of India has not done anything about it. We are told that the DG of Foreign Trade proposed to extend the export obligation period of the DEPB passbook holders. In the case of the exporters, who export goods like natural rubber and make value added products, presently, the period is six months for them to export these commodities after value addition.

Now, the DGFPS recommended that it can be extended to 12 months. This will create serious problems not only for rubber farmers, but also for any other commodities. There will be large imports. These imports are done under duty free. This will create a glut in the market. This will cause price to fall. I do not have to tell the hon. Commerce Minister. It is going to affect 1.2 million rubber farmers of

our country. … (*Interruptions*) Sir, I will conclude within one minute. … (*Interruptions*)

Sir, India is the only country where you cannot touch the wild animal even if it attacks, kills you and destroys your crop. There are rules world over prohibiting the same. There is a well-known scientific study which says that in a particular forest area, there is a term called carrying capacity. If the wild animals exceed the carrying capacity, they have to be culled and removed. India is the only country where it is not done. The poor farmers and the people, who live in the forest range, are being left at the mercy of the wild animals. Every day the wild animals are killing people and destroying crops. But nothing is being done by the Central Government to address the issue. Professor Madhav Gadgil has recommended that the Wildlife Protection Act should be scrapped. We do not say that. We only say that the particular provisions have to be amended, and there has to be a mechanism to cull these wild animals which destroy crops and kill people.

Sir, I am concluding.

**SHRI DURAI VAIKO (TIRUCHIRAPPALLI):** Hon. Speaker, Sir, I thank you for this opportunity to make this maiden address in this temple of democracy. I come from a State where faiths over the Lords Vishnu, Siva, Jesus and Allah co-exist with the rationalism of Thanthai Periyar; a State where social justice and secularism have shielded the oppressed and the downtrodden; a State wherein its people would rather die than live without self-respect and honour; a State where we have always stood united irrespective of caste, creed and religion just as our great King Veerapandiya Kattabomman fought alongside Veeran Sundaralingam, Vanthiyathevan and Thanathipathi Pillai against the British imperialism. I bring along with me the expectations and hope of more than a million people from my constituency, Trichy. I represent a small political Party but a Party and a leader with a big heart, that is, MDMK and Shri Vaikoji.

Sir, I would like to emphasise on certain issues that have not been given the due importance in the hon. President's Speech. Though there are a thousand burning issues concerning my fellow citizens, I would like to use my maiden speech to highlight five important aspects concerning my country, State and constituency. The first one being revitalizing India's energy engineering powerhouse-Trichy. Trichy boasts a rich legacy as India's engineering powerhouse. Public sector giants like BHEL, Ordnance Factory, Golden Rock Railway Workshop, and HAPP have been the pillars of this success story. However, a concerning trend has emerged in recent years. Firstly, a decline in work orders for public sector units has impacted the entire ecosystem. BHEL, for example, has seen a worrying 50 per cent drop in employment potential, mirroring

a similar decline across other PSUs. This, in turn, has had a domino effect on ancillary MSMEs which rely heavily on BHEL's work orders. A once-thriving network of 600 MSMEs has shrunk to just 60, highlighting the human cost of this situation. In the past 10 years, the employment capacity of MSMEs has declined from 50,000 to a mere 10,000 in 2024. I request the Government to take necessary steps to revitalize the public sector units in my constituency. … (*Interruptions*) Sir, please give me two minutes. This is my maiden speech. Secondly, I would like to emphasise the plight of the Tamil Nadu fishermen who have faced aggression and violence from the Sri Lankan Navy for more than three decades. I urge upon the Union Government, especially the hon. Prime Minister, Modi Ji and the hon. External Affairs Minister, Shri S. Jaishankar Ji, to take immediate steps to retrieve Katchatheevu or restore the rights of our fishermen in the traditional fishing areas by signing an MoU with the Sri Lankan Government.

**16.00 hrs**

**श्री मनोज तिवारी** (**उत्तर-पूर्व दिल्ली**) : अध्यक्ष जी, मैं आपका आभारी हूं कि आपने मुझे महामहिम राष्ट्रपति जी के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर बोलने का अवसर दिया है।

महोदय, मैं इस सदन में तीसरी बार आया हूं और मैं दिल्ली में नॉर्थ-ईस्ट दिल्ली की जनता का बहुत धन्यवाद करना चाहता हूं जिन्होंने हमें तीसरी बार चुनकर भेजा है। सिर्फ मुझे ही चुनकर नहीं भेजा है, बल्कि हमारी दिल्ली के सात की सात लोक सभा सीटों पर तीसरी बार चुनकर भेजा है।

नरेन्द्र मोदी जी में वह विश्वास जनता ने दिखाया कि आज तक दिल्ली में किसी भी पार्टी के सात सांसद तीसरी बार जीतकर नहीं आए हैं, लेकिन हमारे आए हैं। मैं पूरी दिल्ली सहित अपनी लोक सभा के लोगों का आभार प्रकट करना चाहता हूं।

माननीय अध्यक्ष जी, जब हम वर्ष 2014 में इस सदन में चुनकर आए थे, तब हम एक दूसरी दुनिया से आए थे। जिस समय हम सदन में घुसने जा रहे थे, तो मेरी नजर पड़ी कि देश का प्रधान मंत्री बनने जा रहा एक व्यक्ति, जिन सीढ़ियों से लोग चप्पल-जूते पहनकर जाते हैं, नरेन्द्र मोदी जी उन सीढ़ियों पर सिर झुकाकर माथा रख रहे हैं। हमारे जैसे लोग, जो किसी और दुनिया से राजनीति में आते हैं, उनके लिए एक बड़ा एग्ज़ाम्प्ल था। … (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष जी, जब मैं दूसरी बार वर्ष 2019 में संसद में आया तो मैंने देखा कि देश के प्रधान मंत्री ने सबसे पहले संविधान को माथा झुकाकर प्रणाम किया। वह दृश्य हमारे लिए और मैं समझता हूं कि मेरे सभी साथियों के लिए, हाथ में संविधान लेना भी ठीक है, लेकिन संविधान लहराना और संविधान की पूजा करने में अंतर है। हमने नरेन्द्र मोदी जी को संविधान की पूजा करते हुए देखा है। इसलिए मैं बहुत ही विनम्रता से कहना चाहता हूं कि राष्ट्रपति के अभिभाषण पर चर्चा के साथ ही साथ दिल्ली की भी कुछ बातें करूंगा।

दिल्ली के ही सौभाग्य के बारे में बताना चाहूंगा। जब कोई द्वारका एक्सप्रेस-वे पर गाड़ी चलाता होगा, तब उसको समझ में आता होगा कि सरकार क्या होती है और कैसे लोगों का काम होता है। एनएच-24 पर जाते होंगे, आज दिल्ली मेरठ तक चली गयी है। आज लोग मेरठ से दिल्ली में काम

करने आते हैं और 35 से 40 मिनट में पहुंच जाते हैं। इसमें हम सभी को गर्व होना चाहिए। हमें गर्व इसलिए होना चाहिए कि देश के 4 करोड़ 22 लाख लोगों को पहली बार घर मिला है। हमें गर्व इसलिए होना चाहिए कि 12 करोड़ घरों में टॉयलेट बन गए हैं। मैं गांव का आदमी हूं और हमारी माँ ने गाँव में काम करने वाली महिला के लिए 20000 रुपये की मांग कर दी थीं। हमारी माई एक दिन हम से कहती है- *ए मनोज! तू जानतरा, झुरी तिवारी के मेहरारू के घर मिल गइल, मोदी जी घर देले बाड़े।*

अध्यक्ष जी, हम जानते हैं कि गांवों के घरों में टॉयलेट न होने का क्या दंश होता था। हम लोग साइकिल से जाते थे तो सड़क पर महिलाएं खड़ी हो जाती थीं। अगर उस दंश को किसी ने दूर किया है तो वे नरेन्द्र मोदी जी हैं, हमारी सरकार है तो हम इस पर क्यों न गर्व करें? 13 करोड़ घरों में नल से जल पहुंचाया है। दिल्ली के घरों में पाइप से गैस जा रही है। पाइप से गैस जा रही है और दिल्ली में बैठी हुई एक आम आदमी पार्टी की सरकार नल से जल तक नहीं दे पा रही है। हम यह भी दंश इसी दिल्ली में देख रहे हैं।

अध्यक्ष जी, मैं इनसे कहना चाहता हूँ कि आप कभी भारत मंडपम देखिए। मेरे विपक्ष के साथी लोग, आप वहां पर जाइए। आप जब जाएंगे तो आपको गर्व होगा।… (व्यवधान) हाँ दादा, गर्व होता है और होगा। आप कभी यशोभूमि को देखिए। आप कभी बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर स्टडी सेन्टर को देखिए। इसी दिल्ली में जिस बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर जी को अंतिम क्रिया के लिए जमीन नहीं दी गई, बुरा मत मानना, नाराज मत होना, लेकिन उसी दिल्ली के हृदय में नरेन्द्र मोदी जी ने 5 एकड़ में बाबा साहेब का स्टडी सेन्टर बनाकर दिया है। यह होता है सम्मान – संविधान के प्रति और संविधान को बनाने वालों के प्रति।

मुझे बहुत वेदना के साथ कहना पड़ रहा है। टीएमसी के हमारे एक सांसद, मेरे एक प्रिय साथी हैं। आज आपने एक एक्ट्रेस के नाम पर क्या बोल दिया?… (व्यवधान) कल्याण दा, आपको इस तरह से महिलाओं का अपमान नहीं करना चाहिए।… (व्यवधान) मैं आपसे प्रार्थना करता हूँ कि आप एक्ट्रेस को सिर्फ एक देखने वाली वस्तु मत समझिए। यह हम आपसे प्रार्थना करते हैं।… (व्यवधान)

अध्यक्ष जी, मुझे गर्व तब होना चाहिए... (व्यवधान) नहीं, हम गुमराह नहीं कर रहे हैं ।... (व्यवधान) दादा, ऐसा नहीं करना चाहिए ।... (व्यवधान) देश में 70 साल के बुजुर्गों को अब वृद्धाश्रम भेजने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी ।... (व्यवधान) हमें वंदे भारत जैसी ट्रेन में बैठकर गर्व होता है । हमें गर्व होता है, जब 70 साल के बुजुर्ग को अब किसी वृद्धाश्रम में भेजने की जरूरत नहीं पड़ती । अब उसका इलाज करवाने के लिए मोदी सरकार खड़ी है । जब भ्रष्टाचारियों पर नकेल कसी जाती है तो हमें गर्व होना चाहिए । इसलिए मैं अपने सभी साथियों से प्रार्थना करता हूँ... (व्यवधान) हाँ, गाना तो गाते हैं दादा ।... (व्यवधान) आज जब हम यहां से निकलते हैं तो अपनी माँ के नाम से एक पेड़ लगाने का जो अभियान शुरू हुआ है, उसमें हम सबको साथ देना चाहिए । चलिए मिलकर माँ के नाम से एक पेड़ लगाते हैं ।... (व्यवधान) दादा, माँ के नाम से पेड़ लगा दीजिए ।... (व्यवधान) माँ के नाम से एक पेड़ लगाइए । ...(व्यवधान) अध्यक्ष जी, इस देश की जनता ने नरेन्द्र मोदी सरकार को तीसरी बार, चुन कर भेजा है ।...(व्यवधान) अध्यक्ष जी, मैं दो पंक्ति के साथ अपनी वाणी को विराम देने जा रहा हूं । नरेन्द्र मोदी जी को तीसरी बार देश ने ऐसे ही नहीं चुना है । हमारे संस्कृत में एक श्लोक है :-

अभिवादनशीलस्य नित्यं वृद्धोपसेविनः ।
चत्वारि तस्य वर्धन्ते आयुर्विद्या यशो बलम ।।

नरेन्द्र मोदी जी की आयु बढ़े, नरेन्द्र मोदी जी की सरकार की भी आयु बढ़े, यह इस देश की जनता चाहती है । आपने हमे बोलने का मौका दिया । मैं राष्ट्रपति जी के अभिभाषण को बहुत ही उत्तम मानता हूं, समर्थन करता हूं और आपको धन्यवाद देता हूं ।

**माननीय अध्यक्ष :** माननीय प्रधान मंत्री, नरेन्द्र मोदी जी।

… (व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** नहीं, यह तरीका ठीक नहीं है।

… (व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** प्लीज, आप बैठिए।

… (व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** माननीय सदस्य, माननीय प्रधान मंत्री जी बोलेंगे। मैंने मणिपुर के एक माननीय सदस्य को पहले ही बोलने का मौका दे दिया है।

…(व्यवधान)

* **श्री उत्कर्ष वर्मा मधुर (खीरी) :** माननीय, राष्ट्रपति महोदया का आज का भाषण सरकार की गाल बजाने की बीमारी से मुक्त नहीं हो सका। जिन उपलब्धियां के दम पर 400 पार का नारा देकर चुनावी मैदान में उतरी सरकार को देश की जनता ने निकाल दिया और ऐतिहासिक निर्णय दिया| यह अभिभाषण उस जनमत की उपेक्षा करता दिख रहा है। सरकार के अहंकार की बीमारी अभी दूर नहीं हुई है अभिभाषण के तथ्यों पर माननीय सदस्यगणों में काफी कुछ कहा है। उन सभी विपक्षी दलों के माननीय सदस्यों से सहमति रखते हुए मुझे इस भाषण में बहुत महत्वपूर्ण विषयों को जानबूझकर छोड़ देने की मंशा दिख रही है। पूरा 2024 का चुनाव सामाजिक न्याय और संविधान की रक्षा के नाम पर लड़ा गया| सत्ता ने सबका साथ और सबका विकास का नारा दिया लेकिन भारत दुनिया के उन चंद देशों में है जो गत 13 वर्षों से अपनी जनगणना को सार्वजनिक नहीं कर पा रहा है। जातीय जनगणना की अभिभाषण में चर्चा तक नहीं थी। बिना आकड़ों के, बिना जनता के सामाजिक और आर्थिक स्तर को जाने यह सरकार किस प्रकार से संसाधनों का वितरण कर सकेगी| इस पर खामोशी है सत्ता में हिस्सेदारी की भूख समाज के अंतिम छोर तक पहुंच चुकी है और सत्ता में भागीदारी की गारंटी सिर्फ संविधान देता है लेकिन इसके लिए जरूरी है जाति आधारित सामाजिक आर्थिक जनगणना बिहार में

---

* Speech was laid on the Table.

जातिगत जनगणना ने सार्थक बस को जन्म दिया लेकिन केंद्र सरकार ने इस पर चुप्पी साधकर जातिगत जनगणना की आवाज को पूरी तरह से दबाने की कोशिश की।

यह सरकार सिविल सोसाइटी किसान आंदोलन और विरोध के स्वरूप को बड़ी ताकत से दबाती है और संविधान का उन्हें आंदोलन जीवी कहकर उपहासस उड़ाती है और खुद छोटे से छोटे कार्यकर्म को उत्सव का स्वरूप देकर विज्ञापन और प्रचार के दम पर जन समस्याओं को भुनाती रही है। इस उत्सवजीवी सरकार से संवेदना की अपेक्षा व्यर्थ है। मणिपुर की घटनाओं पर राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर निंदा झेल रही सरकार ने महिलाओं के निर्वस्त्र करने की शर्मनाक घटना को दबाने के लिए महिला आरक्षण बिल पूर्व विचार करके आनन फानन में विशेष सत्र बुलाया था, लेकिन माननीय राष्ट्रपति के भाषण में इस महत्वपूर्ण मुद्दे का जिक्र तक नहीं है । छात्रों की रोजगार की उम्मीदें धूल में मिल चुकी है सरकार के कार्यकाल में देश भर में 40 से ज्यादा पर्चा लीक की घटना से लगता है यह सरकार की मनसा रोजगार देने की है ही नहीं। नौकरी भर्ती के विज्ञापनों में युवाओं में उम्मीद जगाना और फिर उन्हें पकोड़े तलने में भी सम्मान ढूंढना एक शातिर अंदाज रहा है| रोजगार की समस्या को हासिये पर डालने की आज कोई भी परीक्षा पारदर्शी नहीं रही। परीक्षा माफिया का जन्म इस सरकार के कार्यकाल में हुआ है इसी अभिभाषण में परीक्षा लीक होने पर कोई बात नहीं की गई है। हमने समाजवादी विचारों और अखिलेश जी के नेतृत्व में एक सर्व धर्म समभाव और बराबरी पर आधारित समाज की संरचना को बनाना सिखा है । माननीय राष्ट्रपति महोदया का अभिभाषण सामाजिक न्याय सद्भाव और सोहार्द के सरोकारों से कोसों दूर है, मैं इसका विरोध करती हूं।

* **श्री विष्णु दयाल राम (पलामू)** : सर्वप्रथम मैं 18वीं लोकसभा के अध्यक्ष पद पर पुनः निर्वाचित होने पर अपनी ओर से माननीय अध्यक्ष महोदय को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ देना चाहता हूँ। साथ ही साथ मैं इस सदन के माननीय सदस्यों को भी बधाई देना चाहता हूँ जिन्होंने अपने-अपने निर्वाचन क्षेत्र की जनता का विश्वास जीतकर उनका प्रतिनिधित्व करने का अवसर पाया है। माननीय राष्ट्रपति जी का अभिभाषण सरकार की उपलब्धियों एवं आने वाले वर्षों में किए जाने वाले कार्यों का एक दस्तावेज होता है, उसकी रूप रेखा होती हैं। राष्ट्रपति जी के भाषण से यह परिलक्षित होता है कि वर्ष 2047 तक भारत को एक विकसित देश बनाने के लिए सरकार के साथ-साथ इस देश की जनता संकल्पित है। हाल ही में सम्पन्न हुए वर्ष 2024 का लोकसभा कई मायने में विशिष्ट रहा हैः- देशवासियों ने लगातार तीसरी बार स्पष्ट बहुमत से राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबन्धन (एन०डी०ए०) की स्थिर सरकार बनायी है। 2024 का यह चुनाव नीति, नियत, निष्ठा और निर्णय पर विश्वास का चुनाव रहा है। यह चुनाव 64 करोड़ रिकार्ड मतदान का रहा है।

राष्ट्रपति जी ने सुधार (Reform) प्रदर्शन (Perform) और परिवर्तन (Transform) पर जोर देते हुए भारत की आर्थिक उपलब्धियों का उल्लेख किया जिसमें इसे विश्व की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था में बदलने का श्रेय दिया। उन्होंने बताया कि पिछले 10 वर्षों में, भारत 11 वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था से उपर उठकर 5वीं अर्थव्यवस्था बन गया है एवं तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने के लिए कृत संकल्पित है। भारत अकेले वैश्विक आर्थिक वृद्धि में 15 प्रतिशत का योगदान दे रहा है। माननीय राष्ट्रपति जी ने यह भी बताया कि सरकार अर्थव्यवस्था के तीनों स्तंभों विनिर्माण, सेवाएँ, और कृषि को समान महत्व दे रही है। PLI schemes और कारोबार में सुगमता (Ease of Doing Business) उपायों ने बड़े पैमाने पर निवेश और रोजगार के अवसरों की वृद्धि में योगदान दिया है। किसानों को उनकी छोटी-मोटी आवश्यकताओं को पूरा करने में सक्षम बनाने के लिए, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के अंतर्गत 3,20,000 करोड़ से अधिक की राशि वितरित की गई है। अपने नए कार्यकाल के प्रारंभिक दिनों में ही, सरकार ने किसानों को ₹20,000 करोड़ से अधिक की राशि

* Speech was laid on the Table.

हस्तांतरित की है। सरकार ने खरीफ फसलों के लिए न्यनूतम समर्थन मूल्य (MSP) में रिकॉर्ड वृद्धि भी की है। इसके साथ ही, सरकार एक बड़े पैमाने पर किसान उत्पादक संगठनों (FPOs) और PACS जैसी सहकारी संगठनों का नेटवर्क बना रही है। राष्ट्रपति जी ने इस बात पर जोर दिया कि भविष्य हरित युग का होगा और सरकार हरित उद्योगों में अग्रणी भूमिका निभा रही है, जिससे हरित रोजगार के अवसरों में वृद्धि हो रही है।

राष्ट्रपति जी ने सरकार द्वारा किए गए कई महत्वपूर्ण उपलब्धियों और पहलों को उजागर किया। भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा घरेलू विमानन बाजार बनकर उभरा है, जो अप्रैल 2014 में 209 एयरलाइन रूट्स से बढ़कर अप्रैल 2024 तक 605 रूट्स तक पहुँच गया है। इस विस्तार से देश के टियर-2 और टियर-3 शहरों को विशेष रूप से लाभ हुआ है। पिछले 10 वर्षों में मेट्रो सेवा भी 21 शहरों तक पहुंच चुकी है। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत, सरकार ने पिछले दशक में 3,80,000 किलोमीटर से अधिक गांवों की सड़कों का सफलता पूर्वक निर्माण किया है, जिससे ग्रामीण संपर्क में उल्लखेनीय सुधार हुआ है। इसके अतिरिक्त, राष्ट्रीय राजमार्गों और एक्सप्रेस-वे के विकास में भी उल्लखेनीय प्रगति हुई है, और निर्माण की गति दोगुनी से अधिक हो गई है।

एक महत्वपूर्ण आर्थिक पहल के अंतर्गत, असम में 27,000 करोड़ के निवेश से एक सेमीकंडक्टर प्लांट स्थापित किया जा रहा है। इस पहल का उद्दश्य उत्तर-पूर्व को देश में निर्मित सेमीकंडक्टर्स के हब के रूप में स्थापित करना है, जो 'मेक इन इंडिया' उत्पादों को बढ़ावा देने की दृष्टि से मेल खाता है।

माननीय राष्ट्रपति जी ने भारत सरकार के स्त्री-नेतृत्वित विकास और सशक्तिकरण (Women led development & empowerment) के प्रति स्थिर प्रतिबद्धता को उजागर किया, जो राष्ट्र की प्रगति में एक नये युग की निशानी है। लंबे समय से बढ़ती मांग को पहचानते हुए, नारी शक्ति वंदन अधिनियम के प्रावधान से लोक सभा और विधान सभा में महिलाओं की अधिक भागीदारी सुनिश्चित करके महिलाओं को सशक्त किया गया है।

एक व्यापक अभियान शुरू किया गया है, जिसका उद्देश्य है 3 करोड़ महिलाओं को "लाखपति दीदी" बनाना, स्व-सहायता समूहों को अधिक वित्तीय सहायता के साथ समर्थन देकर। इस पहल का उद्देश्य सिर्फ आर्थिक कौशल और अवसरों में सुधार करने के लिए नहीं, बल्कि समाज में महिलाओं के स्थान और सम्मान को भी बढ़ाने के लिए भी डिजाइन किया गया है। नमो ड्रोन दीदी योजना इस उद्देश्य में एक महत्वपूर्ण पहल है जिसमें कई स्व-सहायता समूहों की महिलाओं को ड्रोन दिया जा रहा है और उन्हें ड्रोन पायलट के रूप में प्रशिक्षित किया जा रहा है। इस नवाचारी पहल से न केवल उनकी क्षमताओं में सुधार हो रहा है, बल्कि उन्हें तकनीकी प्रगति में शामिल किया जा रहा है, जिससे उनकी आर्थिक स्वतंत्रता को भी बढ़ाया जा रहा है। पिछले 10 वर्षों में, 4 करोड़ पीएम आवास घरों में अधिकांश महिला लाभार्थियों को आवंटित किए गए है। इसके अतिरिक्त, सरकार ने कृषि में महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए कृषि सखी पहल शुरू की है अब तक, स्व-सहायता समूहों से 30 हजार महिलाओं को कृषि सखी प्रमाण पत्र प्रदान किए गए है, जिससे उन्हें महत्वपूर्ण कृषि कौशल और संसाधनों से सशक्त किया गया है।

राष्ट्रपति जी ने समाज के विभिन्न वर्गों के जीवन स्तर और आर्थिक अवसरों को बढ़ाने के लिए कई परिवर्तनकारी योजनाओं पर प्रकाश डाला। इनमें से एक प्रमुख योजना पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना है जिसका लक्ष्य बिजली के बिलों को शून्य करना और शेष बिजली को बेचकर आय प्राप्त करना है। इस पहल में घरों के छतों पर सोलर पनैल लगाना शामिल है। जिससे प्रत्येक परिवार को सरकार से 78,000 तक की सहायता मिलेगी।

राष्ट्रपति जी ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में सरकार की योजनाओं को सही दृष्टिकोण से लागू करने के कारण 25 करोड़ भारतीयों को गरीबी से बाहर लाया गया है। कोरोना महामारी के कठिन समय में सरकार ने 80 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन प्रदान करने के लिए पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना शुरू की।

राष्ट्रपति जी ने कहा कि 24,000 करोड़ से अधिक के आवंटन के साथ पीएम जनमन योजना सबसे वंचित जनजातीय समुदायों के सामाजिक-आर्थिक विकास के लिए समर्पित है। यह उनकी

उन्नति और सशक्तिकरण के लिए एक महत्वपूर्ण साधन है। वंचित समूहों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए सरकार ने पीएम-सूरूज पोर्टल लॉन्च किया है, जो सॉफ्ट लोन तक पहुंच को आसान बनाता है। इस पहल का उद्देश्य कमजोर समुदायों के बीच रोजगार के अवसर पैदा करना और आर्थिक स्वतंत्रता में सुधार करना है। समावेशिता की दिशा में एक सराहनीय प्रयास करते हुए, सरकार दिव्यांगों के लिए सस्ती स्वदेशी सहायक उपकरण विकसित करने पर ध्यान केन्द्रित करर रही है। इस पहल का उद्येश्य देश भर में दिव्यांग व्यक्तियों की पहुँच और समर्थन को बढ़ाता है। इसके अतिरिक्त, पीएम स्वनिधि का दायरा ग्रामीण और अर्ध-शहरी क्षेत्रों तक विस्तारित किया जाएगा, जो कि स्ट्रीट वेंडरों को सहायता के अलावा इन क्षत्रों में आर्थिक अवसरों को और मजबूती प्रदान करेगा।

सरकार की स्वास्थ्य के क्षेत्र में उपलब्धियों पर चर्चा करते हुए, राष्ट्रपति जी ने कहा कि सरकार, आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत 55 करोड़ लाभार्थियों को मुफ्त स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान कर रही है। इस योजना के अंतर्गत अब 70 वर्ष से अधिक आयु के सभी बजुर्गों को कवर किया जाएगा। देश में 25,000 जन औषधि केंद्रों की स्थापना भी प्रगति पर है।

राष्ट्रपति जी ने रेखांकित किया कि भारत अब वैश्विक रूप से तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप इकोसिस्टम बन गया है। राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भागीदारी बढ़ाने के लिए सरकार ने 'मेरा युवा भारत (MY भारत)' अभियान की शुरुआत की है जिसमें 1.5 करोड़ से अधिक युवा रजिस्ट्रेशन कर चुके है। इस पहल का उद्दश्य युवाओं में नेतृत्व कौशल विकसित करना और सेवा की भावना को प्रोत्साहित करना है। राष्ट्रपति जी ने केन्द्र सरकार के प्रयासों की सराहना की। इसके साथ ही युवा भारतीय खिलाड़ियों द्वारा वैश्विक मंचों पर जीते गए रिकॉर्ड संख्या मेडल्स का भी जिक्र किया। इसके अतिरिक्त, भारतीय ओलंपिक संघ ने 2036 ओलंपिक खेलों को आयोजित करने की तैयारी कर रहा है।

सरकार ने नागरिकता संशोधन अधिनियम (CAA) के अंतर्गत शरणार्थियों को नागरिकता देने की भी शुरुआत की है, जिससे विभाजन से प्रभावित कई परिवारों के लिए सम्मानजनक जीवन सुनिश्चित हो रहा है।

राष्ट्रपति जी ने यह भी कहा कि भविष्य का निर्माण करते हुए सरकार भारतीय संस्कृति के वैभव और विरासत को पुनःस्थापित कर रही है। हाल ही में नालंदा विश्वविद्यालय के भव्य परिसर के रूप में इसमें एक नया अध्याय जोड़ा गया है। नालंदा केवल एक विश्वविद्यालय नहीं था, बल्कि वैश्विक ज्ञान केंद्र के रूप में भारत के गौरवशाली अतीत का प्रमाण था। राष्ट्रपति जी को विश्वास है कि नया नालंदा विश्वविद्यालय भारत को वैश्विक ज्ञान केंद्र बनाने में मदद करेगा। उन्होंने इस बात पर भी प्रकाश डाला कि केन्द्र सरकार ने भगवान बिरसा मुंडा की जयंती को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाना शुरू किया। इसके अलावा, 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' की भावना से काशी तमिल संगम और सौराष्ट्र तमिल संगम जैसे त्योहारों को मनाने की परंपरा भी सरकार ने शुरू की है।

प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में तीव्र प्रगति को संबोधित करते हुए, राष्ट्रपति जी ने इसके दुरुपयोग की संभावना को स्वीकार किया, तथा ऐसे दुरुपयोग को रोकने के लिए रूप रेखाएँ स्थापित करने के लिए अंतर्राष्ट्रीय सहयोग के महत्वपूर्ण महत्व पर बल दिया। भारत ने वैश्विक मंचों पर इन चिताओं को सक्रिय रूप से व्यक्त किया है, तथा इन चुनौतयों का मुकाबला करने और नए समाधान खोजने के लिए सामूहिक प्रयासों की सराहना की है।

राष्ट्रपति जी ने वैश्विक मित्र (विश्व-बंधु) के रूप में भारत की उभरती भूमिका को रेखांकित किया, और इसका श्रेय मानव-केंद्रित दृष्टिकोण को दिया। भारत ने अपनी जी-20 अध्यक्षता के दौरान कई मुद्दो पर दुनिया को एकजुट किया। इसी दौरान अफ्रीकी संघ को जी-20 का स्थायी सदस्य बनाया गया।

केन्द्र सरकार मोटे अनाज 'श्री अन्न' को सुपर फूड के रूप में दुनिया भर में लोकप्रिय बनाने का अभियान भी चला रही है। भारत की पहल पर, वर्ष 2023 को दुनिया भर में अंतरराष्ट्रीय मिलेट्स वर्ष के रूप में मनाया गया।

भारत ने संकट के समय सक्रिय प्रतिक्रिया देनेवाले राष्ट्र के रूप में अंतरराष्ट्रीय विश्वास हासिल किया है और ग्लोबल साउथ के लिए एक मजबूत आवाज बनकर उभरा है। चाहे COVID-19 महामारी का प्रबंधन हो, प्राकृतिक आपदाओं का सामना करना हो, या संघर्षों के दौरान शांति के लिए

आवाज उठानी हो, भारत ने मानवता की सुरक्षा और वैश्विक कल्याण को बढ़ावा देने के प्रयासों में लगातार नेतृत्व किया है।

माननीय राष्ट्रपति जी ने भारत के संविधान के प्रति अपनी सरकार के गहन सम्मान पर जोर देते हुए कहा कि यह केवल शासन संबंधी दस्तावेज नहीं है, बल्कि राष्ट्रीय चेतना की आधारशिला है। जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए, सरकार ने 26 नवंबर को संविधान दिवस के रूप में मनाने की पहल की, जिसका उद्दश्य संविधान को जन चेतना में गहराई से समाहित करना है। इसके अतिरिक्त, राष्ट्रपति जी ने जम्मू और कश्मीर में संविधान के पूर्ण एकीकरण का उल्लेख किया, जो पहले अनुच्छेद 370 के कारण अलग-अलग परिस्थितियों में शासित था।

पिछले दशक के परिवर्तनकारी सुधार और नए आत्मविश्वास पर विचार करते हुए, राष्ट्रपति जी ने एक विकसित राष्ट्र बनने के भारत के दृष्टिकोण को साकार करने की दिशा में एक नई गति की बात की। उन्होंने दोहराया कि यह आकांक्षा हर नागरिक की है और इस मार्ग पर आने वाली बाधाओं को दूर करने में सामूहिक जिम्मदारी पर जोर दिया।

राष्ट्रपति जी ने इस बात पर जोर देते हुए कहा कि 21वीं सदी भारत की है, उन्होंने कहा कि इसका प्रभाव आने वाली सदियों तक रहगो। उन्होंने सभी नागरिकों से अपने कर्तर्तयों के प्रति पूरी तरह समर्पित होने का आग्रह करते हुए राष्ट्रीय लक्ष्यों को प्राप्त करने और एक विकसित राष्ट्र के रूप में भारत के भाग्य को पूरा करने में सक्रिय भागीदारी का आह्वान किया।

विगत 10 वर्षों में देश में 7 नए IIT, 16 IIIT, 7 IIM, 15 नए एम्स, 315 मेडिकल कॉलेज और 390 विश्वविद्यालय स्थापित किए गए हैं। सरकार इन संस्थानों को और मजबूत बनाकर आवश्यकता के अनुसार इनकी संख्या को भी बढ़ाएगी। सरकार एक डिजिटल विश्वविद्यालय बनाने की दिशा में भी काम कर रही है। सरकार का ये निरंतर प्रयास है कि देश के युवाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने का उचित अवसर मिले। सरकारी भर्ती हो या फिर परीक्षाएं, किसी भी कारण से इनमें रुकावट आए, ये उचित नहीं है। इनमें शुचिता और पारदर्शिता बहुत जरूरी है। हाल ही में कुछ परीक्षाओं में हुई पेपर लीक की घटनाओं की निष्पक्ष जांच और दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा दिलवाने के लिए सरकार

प्रतिबद्ध है। इससे पहले भी हमने देखा है कि कई राज्यों में पेपर लीक की घटनाएं होती रही हैं। इस पर दलीय राजनीति से ऊपर उठकर देशव्यापी ठोस उपाय करने की जरूरत है। संसद ने भी परीक्षा में होने वाली गड़बड़ियों के विरुद्ध एक सख्त कानून बनाया है। सरकार परीक्षाओं से जुड़ी संस्थाओं, उनके कामकाज के तरीके, परीक्षा प्रक्रिया, सभी में बड़े सुधार करने की दिशा में काम कर रही है।

दूसरे, पारदर्शिता और ठोस सुधार सुनिश्चित करने के लिए, शिक्षा मंत्रालय ने ISRO के पूर्व अध्यक्ष और IIT कानपुर के BoG के अध्यक्ष, डॉ. के. राधाकृष्णन की अध्यक्षता में विशेषज्ञों की एक उच्च-स्तरीय समिति गठित की है। यह समिति परीक्षा प्रक्रिया को सुधारने, डेटा सुरक्षा प्रोटोकॉल को बढ़ाने और NTA का पुनर्गठन करने के लिए व्यापक सिफारिशें करने का कार्य करेगी। तीसरे, केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (CBI) को NEET (UG) परीक्षा 2024 में कथित अनियमितताओं की जांच सौंपी गई है, जिसने बिहार में NTA टीम की कमियों की पहचान की है।

माननीय शिक्षा मंत्री, श्री धर्मेंद्र प्रधान जी ने कहा कि NEET की घटना एक संस्थागत विफलता को उजागर करती है, न कि सरकार की विफलता को। यह एक अलग-थलग घटना है, और परीक्षा रद्द करने की विपक्ष की मांग हजारों छात्रों के करियर को खतरे में डालती है। ऐसी मांग अनुचित और बेबुनियाद है।

केन्द्र सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है कि परीक्षाएं सुरक्षित रूप से आयोजित की जाएं और योग्य छात्र इससे लाभान्वित हों। हमारा दृष्टिकोण सक्रिय और सतत सुधार पर केंद्रित है। यूपीए युग के दौरान, जब ऐसी घटनाओं के प्रति प्रतिक्रियाएं सीमित सुधारों और सुरक्षा प्रोटोकॉल के साथ होती थीं, हमने 2014 से इन घटनाओं की आवृत्ति को कम करने के लिए निरंतर काम किया है। हालांकि, विपक्ष NEET पेपर लीक जैसे संवेदनशील मुद्दों का राजनीतिकरण कर रहा है, छात्रों का उपयोग करके सरकार पर हमले कर रहा है। वे आसानी से भूल जाते हैं कि कांग्रेस शासन के दौरान राजस्थान में 14 पेपर लीक की घटनाएं हुईं, जिससे 40 लाख छात्रों के करियर प्रभावित हुए। राजस्थान पेपर लीक की राजधानी के रूप में बदनाम था। पश्चिम बंगाल जैसे अन्य राज्यों में भी इसी

तरह की समस्याएं थीं, जहां कई पेपर लीक की घटनाएं हुईं, लेकिन राज्य सरकारों ने इन्हें संबोधित करने के लिए सक्रिय कदम नहीं उठाए।

इसके विपरीत, भाजपा शासित राज्य ऐसी घटनाओं का शीघ्र और प्रभावी ढंग से छात्रों के कल्याण के लिए जवाब देते हैं। एक प्रमुख उदाहरण उत्तर प्रदेश है, जहां योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली सरकार कॉन्स्टेबल भर्ती परीक्षा और आरओ-एआरओ परीक्षा के दौरान पेपर लीक के बाद उत्तर प्रदेश सार्वजनिक परीक्षा अध्यादेश 2024 पेश करने जा रही है। नए कानून में पेपर लीक और संबंधित गतिविधियों में शामिल व्यक्तियों के खिलाफ सबसे सख्त कार्यवाही शामिल होगी, जिसमें भारी जुर्माना, बुलडोजर कार्रवाई और यहां तक कि जेल की सजा भी शामिल होगी।

छात्रों के लिए हमारी प्रतिबद्धताएं इतनी अधिक हैं कि हमारी सरकार ने इस साल फरवरी में सार्वजनिक परीक्षा (अनुचित साधनों की रोकथाम) अधिनियम, 2024 लाया, जिसका उद्देश्य संघ लोक सेवा आयोग (UPSC), कर्मचारी चयन आयोग (SSC) रेलवे, बैंकिंग भर्ती परीक्षाओं और NTA द्वारा आयोजित सार्वजनिक परीक्षाओं में अनुचित साधनों को रोकना है। इसमें नकल रोकने के लिए तीन से पांच साल की न्यूनतम कैद का प्रावधान है और संगठित अपराधों में शामिल व्यक्तियों को पांच से 10 साल की कैद और न्यूनतम 1 करोड़ रुपये का जुर्माना होगा। केवल हमारी सरकार इतना दूर तक सोच सकती है, कोई और इतना साहस और इच्छा नहीं रखता था कि वह आगे आए और ऐसे कदम उठाए। वे बस पीछे बैठकर हमारी आलोचना करते रहे। यह परीक्षाओं की अखंडता को सुरक्षित करने और हमारे छात्रों के भविष्य को सुरक्षित रखने के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है कि हमारे सक्रिय शासन और विपक्ष के प्रतिक्रियावादी रुख के बीच का अंतर। हम इस बात को सुनिश्चित करने के लिए निरंतर काम करते रहेंगे कि कोई भी छात्र के करियर को ऐसे कदाचारों से खतरे में न डालें। केन्द्र सरकार, जिसने राष्ट्रीय शिक्षा नीति (NEP) को सबसे सहज तरीके से लागू किया है, देश में अंतिम मील शैक्षिक सुधार और पूरी तरह से स्वच्छ परीक्षा तंत्र लाने के लिए प्रतिबद्ध है।

आने वाले वर्षों में केन्द्र की NDA सरकार और संसद क्या निर्णय लेती हैं, क्या नीतियां बनाती हैं, इस पर पूरे विश्व की नजर है। इस अनुकूल समय का अधिक से अधिक लाभ देश को मिले, ये

दायित्व सरकार के साथ-साथ हम सभी संसद सदस्यों का भी है। जब संसद सुचारू रूप से चलती है, जब यहां स्वस्थ चर्चा परिचर्चा होती है, जब दूरगामी निर्णय होते हैं, तब लोगों का विश्वास सिर्फ सरकार ही नहीं पूरी व्यवस्था पर बनता है।

अंत में मै माननीय राष्ट्रपति महोदया द्वारा अपने अभिभाषण में माननीय प्रधानमंत्री जी द्वारा एक विकसित भारत के संकल्पों एवं स्वर्णिम भारत के सपने को साकार करने के लिए लायी गयी विभिन्न योजनाओं और कार्यक्रमों का स्वागत और पुरजोर समर्थन करता हूं।

***श्री देवेन्द्र सिंह उर्फ भोले सिंह (अकबरपुर) :** राष्ट्रपति महोदया के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर अपने विचार व्यक्त करने का अवसर देने के लिए आभार। मैं लगातार दूसरी बार लोकसभा अध्यक्ष बनने पर माननीय अध्यक्ष को बधाई देते हूए उनका अभिनंदन करता हूं।

सर्वप्रथम मैं अपने माननीय प्रधानमंत्री जी को बधाई देना चाहता हूं कि उनके नेतृत्व में देश ने एक बार फिर एनडीए को जनादेश दिया है और तीसरी बार हमारी सरकार बनी है। हमारे प्रधानमंत्री जी ने सरकार बनाने के बाद सबसे पहला कार्य देश के किसानों के हित में किया है, आते ही उन्होंने सर्वप्रथम किसान के सम्मान में किसान सम्मान निधि को भेजने का कार्य किया है।

पिछले 10 वर्षों से देश में हमारी सरकार ने इसके चहुमुखी विकास का कार्य करने के पूरे लगन से कोशिश की है। इन्हीं कोशिशों के परिणाम स्वरूप आज हम विकास के पथ पर अग्रसर हैं। आज देश में सड़को का जाल बिछाया जा चुका है तथा यहां पर आज विश्वस्तरीय सड़कों पर आवागमन से देश की परिवहन व्यवस्था मजबूत हुई है। हमारी लोकसभा क्षेत्र में रिंग रोड़ का निर्माण हो रहा है। आज हमारी देश की अर्थव्यवस्था दुनिया की पांचवी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है तथा हम दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की और अग्रसर है। वैश्विक विकास में आज हमारे देश के योगदान 15% से अधिक तथा इसमें उत्तरोत्तर वृद्धि हो रही है। हमारे देश में आज सार्वजनिक क्षेत्र के बैंको का मुनाफा सर्वकालिक सर्वाधिक है तथा साथ ही बैंको का नान परफॉर्मिग असेंट अब बहुत कम हो गई है। आज हमारा जीएसटी कलेक्शन बड़ी मजबूती से प्रतिमाह बढ़ रहा है। यह हमारी मजबूत होती अर्थव्यवस्था का प्रमाण है।

हमारी सरकार देश के गरीब व कमजोर लोगों के प्रति अत्यधिक संवेदनशील है आज हम 80 करोड़ से ज्यादा लोगों को हम मुक्त राशन प्रदान कर रहे हैं।

किसानो की बढ़ोतरी के लिए सरकार किसान उत्पादक (F.P.O) संगठनों और सहकारी संगठनों का एक बड़ा नेटवर्क बना रही है इससे बिचौलियों की समस्या से निजात मिलेगी। सरकार ने

---

* Speech was laid on the Table.

खरीफ की फसलों को एम. एस.पी में रिकॉर्ड बढ़ोतरी की है। दलहन और तिलहन पर आयात निर्भरता कम करने के लिए सरकार किसानों की सहायता करने को प्रतिबद्ध है।

आज भारत रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने के लिए मजबूत कदम उठा चुका है तथा हम फाइटर एयरक्राफ्ट का स्वदेशी निर्माण शुरू कर चुके हैं। मेरा सोभाग्य है कि माननीय प्रधानमंत्री एवं माननीय मुख्यमंत्री जी की कृपा से डिफेंस कारिडोर का निर्माण हो रहा है। देश में सहकारी क्षेत्र में दुनिया कि सबसे बड़ी भण्डारण क्षमता बनाने पर काम शुरू हो गया है। भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा एविएशन बाजार है इसका सीधा फायदा हमारे देश मे छोटे और मंजुले शहरों को प्राप्त हो रहा है। पीएम ग्राम सड़क योजना के तहत 10 वर्षों में 3.8 लाख किलोमीटर से अधिक ग्रामीण सड़को का निर्माण किया गया है। पिछले 10 वर्षों में 21 शहरों में मेट्रो का निर्माण कार्य शुरू हुआ है तथा वहां पर मेट्रो का परिचालन भी शुरू हो गया है। पीएम आवास योजना के तहत 3 करोड़ घरों के निर्माण को स्वीकृत प्रदान की गई है। शिक्षा स्वास्थ्य ऊर्जा खेल तथा उन महत्वचपूर्ण क्षेत्रों में हमारी सरकार ने उल्लेखनीय कार्य किया है तथा इन क्षेत्रों के विकास उन्नयन के लिए हम कटिबद हैं।

*श्री लक्ष्मीकान्त पप्पू निषाद (संत कबीर नगर) : मैं उत्तर प्रदेश के 62 संत कबीर नगर से 18वीं लोकसभा का सदस्य निर्वाचित हुआ हूं मैं महामहिम राष्ट्रपति महोदय के अभिभाषण के मौके पर बोलने का समय चाहता था और सर्वप्रथम  अध्यक्ष जी को लोक सभा मे अध्यक्ष बनने पर ढेर सारी शुभकामनाएं और साथ ही अपने राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अखिलेश यादव जी को धन्यवाद देना चाहता हूं कि मेरे जैसे अति पिछड़ी जाति को टिकट देकर भारत के सबसे बड़ी पंचायत में जाने का अवसर दिया जिसके बाद में लोकसभा 62 संत कबीर नगर की जनता के हृदय से धन्यवाद ज्ञापित करता हूं कि भारत भारी मतों से अपना कीमती बहुमूल्य वोट देकर अपने बेटे भाई को जितवा कर भेजने का काम किया। मैं जिस समाज से आता हूं मैं निषाद समाज से आता हूं जो हमारा समाज का पुस्तैनी धंधा नदियों पर नाव चलाना, मत्स्य पालन से अपनी जीविका चलाना था। नदियों पर पुल बन गए। मत्स्य पालन को भी मेरे अधिकार से छीन लिया गया छीनकर बिचौलियों को दे दिया गया तथा है लगान को राज्य सरकार ने इतना बढ़ा दिया कि मेरे निषाद समुदाय का व्यक्ति मत्स्य पालन नहीं कर सकता। मेरे निषाद समुदाय के लोग देश में तमाम प्रदेशों में अनुसूचित जाति में है जैसे कि दिल्ली, महाराष्ट्र, पश्चिम बंगाल, कर्नाटक, तमिलनाडु, अनुसूचित जाति में है। मेरे उत्तर प्रदेश में जब-जब समाजवादी पार्टी की सरकार बनी तब-तब अनुसूचित जाति में करने के लिए प्रस्ताव केंद्र सरकार को भेजा लेकिन केंद्र की सरकारों ने अनुसूचित जाति में शामिल नहीं करने का काम किया ऐसी दशा में आपके माध्यम से सरकार को याद दिलाना चाहता हूं कि अगर निषाद समाज को अनुसुचित जाति का दर्जा नहीं दिया तो उत्तर प्रदेश में लोकसभा में आधे से ज्यादा सीटें हारे हैं आने वाले 2027 के चुनाव में निषाद समाज उत्तर प्रदेश की सरकार खत्म करके ही चैन की सांस लेगा। मेरी लोकसभा बहुत ही पिछड़ा क्षेत्र है सड़कों का अभाव है जो सड़कों के खस्ता हाल है सड़क की जगह सिर्फ गड्ढे हैं। मेरा क्षेत्र बाढ़ ग्रस्त क्षेत्र है, नदियों का बांधों का मरम्मत नहीं हुआ है यह जर्जर हो गई है। मैं सरकार का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं कि तत्काल बांधों को मरम्मत करने हेतु राज्य सरकार व केंद्र सरकार को तिस्तारण निर्देशित करें कि बाढ़ को देखते हुए जन सामान्य की समस्या को फिर निस्तारण करने का कार्य करें।

* Speech was laid on the Table.

मेरे लोकसभा में मेडिकल कॉलेज नहीं है, अच्छे स्कूल नहीं है, इसलिए सरकार से आग्रह है कि यहां पर आईआईटी कॉलेज व नर्सिंग कॉलेज व इंजीनियरिंग कॉलेज की स्थापना करने का कष्ट करेंगे जिससे संत कबीर नगर क्षेत्र के बच्चों का भविष्य में सुधार होगा।

धन्यवाद।

[*] **श्री आलोक शर्मा (भोपाल) :** 18वीं लोक सभा में राष्ट्रपति महोदया के अभिभाषण का मैं समर्थन करता हूँ। साथ ही इस अभिभाषण से यह स्पष्ट होता है कि देश एक नवीन दिशा की तरफ अग्रसर हो रहा है। भारत, दुनिया का सबसे बड़ा और मजबूत लोकतंत्र है। हमें लोकतंत्र की जननी कहा जाता है। पिछले 10 वर्षों में सरकार ने हर क्षेत्र में प्रगति और सुशासन के संकल्प के साथ कदम आगे बढ़ाए है। इन 10 वर्षों के सीमित कार्यकाल में अनेकों उपलब्धियां हासिल करते हुए कीर्तिमान भी स्थापित किए हैं।

मैं कुछ बिंदुओं पर आपका ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं। 25 जून 1975 को तत्कालीन कांग्रेस की सरकार द्वारा लागू किया गया आपातकाल भारत के संविधान पर सीधा हमला था। यह भारत के इतिहास में काले अध्याय के रूप में दर्ज है। इस दौरान जनता और प्रेस की आजादी को भी कुचल दिया गया था। देश की सुरक्षा और प्रगति के लिए हमें इन असंवैधानिक निर्णयों से सबक लेते हुए आगे बढ़ना होगा। पिछले दस वर्षों में देश की अर्थव्यवस्था पहले से काफी सुदृढ हुई है। रिफॉर्म, परफार्म और ट्रांसफार्म के हमारे संकल्प से हुई अभूतपूर्व वृद्धि से भारत आज दुनिया की सबसे बड़ी पांचवी अर्थव्यवस्था बन गया हैं। महिला सशक्तिकरण के लिए नारी शक्ति वंदन अधिनियम बड़ा माध्यम बन गया है। महिलाएं अब हर क्षेत्र में आगे बढ़ते हुए आत्मनिर्भर बन रही हैं। सरकारी योजनाओं के लाभ से आज करोड़ों बहनों के जीवन स्तर में बदलाव आया है। माननीय महोदय, आज का भारत चुनौतियों का सामना करने के लिए नहीं बल्कि चुनौतियों का समाधान करने के लिए तत्पर है। और यही वजह है कि आज दुनिया भर की निगाहें हमारी ओर लगी हैं। मैन्युफैक्चरिंग, इंजीनियरिंग, मेडिकल और सर्विसेज के क्षेत्र में देश भर में बृद्धि हुई है। यही वजह है कि दूसरे देश हमारे यहां निवेश करने के लिए लालायित हैं। जो काम पिछले 60 वर्षों में देश में नहीं हुए वे पिछले 10 वर्षों में सरकार ने कर दिखाए। सरकार ने 7 नए आईआईटी, 16 ट्रिपल आईटी, 7 आईआईएम, 15 नए एम्स, 315 मेडिकल कॉलेज और 390 विश्वविद्यालय स्थापित किए हैं। अब आगे इन संस्थाओं को और मजबूत बनाया जाएगा। जिससे जनता को सीधा लाभ मिले।

---

[*] Speech was laid on the Table.

पिछले 10 वर्षों में ग्रामीण अर्थव्यवस्था में मजबूती से काम किया गया है। गांव को में कृषि आधारित उद्योग, डेयरी, फिशरीज आधारित उद्योगों का विस्तार किया गया है। सहकारिता को प्राथमिकता देकर इसे जुड़े कार्यों को विस्तार दिया गया है। अनाजों के भंडारण की व्यवस्था पहले से काफी मजबूत हुई है। पिछले दस वर्षों में देश के 21 शहरों में मेट्रो की सुविधा पहुंची है। मेरे संसदीय क्षेत्र भोपाल को मेट्रो की सुविधा भाजपा की सरकार में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के कार्यकाल में मिली है। मैं भोपाल लोकसभा की जनता की ओर से आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी को धन्यवाद देना चाहता हूँ। इसी प्रकार हमारे देश में हवाई यात्राओं का विस्तार हुआ है। ट्रेनों की कनेक्टिविटी बड़ी है। यही नहीं नॉर्थ ईस्ट में भी सरकार ने अभूतपूर्व विकास के काम किए हैं।

विकसित भारत का निर्माण तभी संभव है जबकि देश के गरीब, युवा, नारी शक्ति और किसान सशक्त बनेंगे। सरकार इसी संकल्प को लेकर निरंतर आगे बढ़ रही है। हमारी सरकार गरीबों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। उनके हितार्थ अनेकों योजनाएं संचालित की जा रही हैं जिसमें हर गरीब को फ्री खाद्यान्न योजना भी शामिल है। बड़ी और खास बात है कि देश के जनमानस ने हमारी नीति, नीयत और निष्ठा पर भरोसा जताते हुए लगातार तीसरी बार सरकार चलाने का अवसर दिया है।

विपक्ष यदि अनावश्यक विघ्न पैदा न करे, सहयोग की भावना रखे तो आने वाले पांच वर्षों में सरकार गरीब कल्याण और विकसित भारत के संकल्पों को पूरा करने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ देने में कोई कसर बाकी नहीं रखेगी। मुझे पूरी उम्मीद है कि हमारी एनडीए की सरकार भारत को विश्व के तीसरे नम्बर की इकॉनोमी बनाएगी। इस अवसर पर मैं यही कहना चाहूंगा कि जनता की भलाई और लोकतंत्र की मजबूती के लिए सभी पार्टियों और सदस्यों का विकसित भारत की नींव को मजबूत करने में सहयोग जरूरी होगा। सादर।

*__श्री खगेन मुर्मु (माल्दहा उत्तर) :__ मुझे महामहिम राष्ट्रपति जी के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर अपने विचार व्यक्त करने का अवसर देने के लिए हृदय से आभार। मैं महामहिम राष्ट्रपति महोदया जी का भी दिल से आभार व्यक्त करने के साथ संसद के दोनों सदनों को संबोधित करने के लिए धन्यवाद देना चाहता हूं। महामहिम राष्ट्रपति जी ने सरकार की योजनाओं का अपने अभिभाषण में विस्तार से उल्लेख किया है। देश को शीध्र ही एक विकसित देश की श्रेणी में लाने के लिए नीति और योजनाओं का अपने भाषण में उल्लेख किया है।

माननीय प्रधानमंत्री आदरणीय नरेंद्र मोदी जी के कुशल नेतृत्व में आज देश का चहुमुखी विकास हो रहा है। और देश विकसित देश की श्रेणी की ओर अग्रसर हो रहा है। पहली बार हमारे प्रधान मंत्री जी के नेतृत्व कौशल के फलस्वरूप विदेश के कई देशों के साथ मधुर संबंध बनने के साथ साथ कई देशों ने अपने सर्वोच्च सम्मान से हमारे प्रधानमंत्री जी को सम्मानित किया है। माननीय प्रधानमंत्री जी के कुशल नेतृत्व के फलस्वरूप आज दुनिया के किसी लोकतांत्रिक देश में विगत लगभग 6 दशक के बाद पहली बार किसी देश में लगातार तीसरी बार एक ही दल की सरकार का गठन हुआ है। इस ऐतिहासिक उपलब्धि के लिए मैं माननीय प्रधानमंत्री जी और अपने एनडीए के सभी सहयोगी दलों को हृदय से बधाई देना चाहता हूं।

भारत कभी अपनी अधिकांश समस्याओं के समाधान के लिए दूसरों पर निर्भर था, वही आज दुनिया की समस्याओं के समाधान का माध्यम बन रहा है। राष्ट्रपति जी ने यह भी कहा था, जिन मूल भूत सुविधाओं के लिए देश की एक बड़ी आबादी ने दशकों तक इंतजार किया, वे इन वर्षों में उसे मिली है। बड़े-बड़े घोटालों, सरकारी योजनाओं में भ्रष्टाचार की जिन समस्याओं से देश मुक्ति चाहता था, वह मुक्ति अब देश को मिल रही है।

महामहिम राष्ट्रपति जी ने सरकार की नीतियों और योजनाओं के संबंध में उल्लेख किया कि देश मे वर्ष 2014 में मात्र 6 एम्स थे, अब 19 है और 2025 तक 5 और पूरे हो जाएंगे। हमारे देश में मेडिकल कॉलेजों की संख्या 2014 में 387 से बढ़कर वर्तमान में 706 हो गई है और इसी अवधि में

---

* Speech was laid on the Table.

MBBS सीटें 51,348 से बढ़कर 1,08,940 हो गईं, जबकि PG सीटें 31,185 से बढ़कर 70,674 हो गईं। अतिरिक्त, 157 मेडिकल कॉलेजों के निर्माण की मंजूरी दी गई है। पीएम उज्ज्वला गैस सिलेंडर के अंतर्गत 75 लाख एलपीजी गैस कनेक्शन महिलाओं को मुफ्त देने के फैसले लिए गए हैं। लागत कम करके और मुनाफा बढ़ाकर खेती को अधिक लाभदायक बनाने पर सरकार ने काम किया है। कृषि क्षेत्र में प्रमुख पहल और उपलब्धियां शामिल हैं। देश की कृषि नीतियों और योजनाओं में 11 करोड़ से ज्यादा छोटे किसानों को प्राथमिकता दी गई है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत किसानों को 2 लाख 80 हजार करोड़ रुपए से अधिक का वितरण किया गया है। पिछले 10 वर्षों में किसानों के लिए बैंक से आसान ऋण में तीन गुना वृद्धि हुई हुई है। प्रधान मंत्री फसल बीमा योजना के तहत किसानों ने 30 हजार करोड़ रुपए का प्रीमियम भरा, बदले में उन्हें 1.5 लाख करोड़ रुपए का क्लेम मिला। पिछले दशक में किसानों को धान और गेहूं की फसल क्लेम लिए एम.एस.पी. (न्यूनतम मूल्य) के रूप में लगभग 18 लाख करोड़ रुपए मिले जो 2014 से पहले के 10 वर्षों की तुलना में 2.5 गुना अधिक है। पिछले दशक में तिलहन और दलहन उत्पादक किसानों को एमएसपी के रूप में 1.25 लाख करोड़ रुपए से अधिक प्रदान किए गए। कृषि निर्यात नीति का निर्माण, जिससे कृषि निर्यात 4 लाख करोड़ रुपए तक पहुंचेगा। किसानों को सस्ती कीमत पर खाद उपलब्ध कराई गई है

पहली बार सामान्य वर्ग के आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों तक आरक्षण का लाभ बढ़ाया गया। स्नातक और स्नातकोत्तर चिकित्सा पाठ्यक्रमों में ओबीसी के लिए केंद्रीय कोटा के तहत 27 प्रतिशत आरक्षण की शुरूआत। राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग को संवैधानिक दर्जा प्रदान करना। बाबा साहब अंबेडकर से जुड़े पांच स्थानों का पंचतीर्थ के रूप में विकास। देश भर में आदिवासी स्वतंत्रता सेनानियो को समर्पित दस संग्रहालयों का निर्माण। राष्ट्रपति जी ने इस बात पर जोर दिया कि सरकार चार मजबूत स्तंभों युवा शक्ति, महिला शक्ति, किसान और गरीबों पर 'विकसित भारत' के निर्माण में विश्वास करती है।

प्रमुख बंदरगाहों पर कार्गो प्रबंधन क्षमता को दोगुना करना। ब्रॉडबैंड उपयोगकर्ता की संख्या में 14 गुना वृद्धि, लगभग 2 लाख ग्राम पंचायतों को ऑप्टिकल फाइबर से जोड़ना हमारी सरकार की

प्रमुख उपलब्धियां हैं। गांवों में 4 लाख से ज्यादा कॉमन सर्विस सेंटर की स्थापना, रोजगार का अहम जरिया बन रहा है। 10,000 किलोमीटर गैस पाइपलाइन बिछाना. गैस आधारित अर्थ व्यवस्था को बढ़ावा देते हुए वन नेशन वन गैस ग्रिड का शुभारंभ। वन नेशन वन पावरग्रिड का कार्य, देश में विधुत पोषण को बढ़ाना। 5 शहरों से 20 शहरों तक मेट्रो सुविधा का विस्तार 125 हजार किलो मीटर से अधिक रेलवे ट्रैक बिछाया गया, जो कई विकसित देशों में ट्रैक की कुल लंबाई से अधिक है। रेलवे 100% विद्युतिकरण हासिल करने के करीब। भारत में सेमी-हाई-स्पीड ट्रेनों की शुरूआत। 39 से ज्यादा रूटों पर वंदेभारत ट्रेनों का संचालन । अमृत भारत स्टेशन योजना। गांवों में लगभग 3.75 लाख किलोमीटर नई सड़कों का निर्माण राष्ट्रीय राजमार्गों की लंबाई 90 हजार किलोमीटर से बढ़ाकर 1 लाख 46 हजार किलो मीटर। चार लेन वाले राष्ट्रीय राजमार्गों की लंबाई में 2.5 गुना वृद्धि ।हाई-स्पीड कॉरिडोर का 500 किलोमीटर से 4 हजार किलोमीटर तक विस्तार। हवाई अड्डों की संख्या 74 से दोगुना कर 149 करना। ये हमारी सरकार की महत्वपूर्ण उपलब्धियां हैं जो पिछले 10 वर्षों से गांव, गरीब, किसान, महिला, नौजवान के साथ भारत के प्रत्येक नागरिक के जीवन को खुशहाल बनाकर भारत को दुनिया के अग्रणी राष्ट्र के रूप में स्थापित करने के लिए प्रतिबद्ध है। मैं महामहिम राष्ट्रपति महोदया का आभार प्रकट करते हुए धन्यवाद प्रस्ताव का समर्थन करता हूं। धन्यवाद। भारत माता की जय। जय श्री राम ॥

* **श्री बृजमोहन अग्रवाल (रायपुर)**: मैं राष्ट्रपति जी के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर अपने विचार रखता हूँ। माननीय राष्ट्रपति जी ने अपने अभिभाषण में भारतीय विकास यात्रा की मजबूती और सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं तथा अन्य अनेक विषयों के साथ वैश्विक स्तर पर भारत की बढ़ती साख का उल्लेख किया। इतना ही नहीं राष्ट्रपति जी ने इस बार आने वाले महीनों में देश की आर्थिक नीति की आकृति कैसी होगी इसका भी उल्लेख किया।

इससे बिल्कुल साफ है कि यह सरकार पहले की तरह ही काम करेंगी और उन सभी कार्यों को पूरा करने पर ध्यान देगी। जिनका उल्लेख यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पिछले कुछ समय से लगातार करते आ रहे है अर्थात् रिफार्म, परफार्म और ट्रांसफार्म प्रधानमंत्री के चमत्कारिक संकल्प ने भारत को दुनिया की सबसे तेज गति से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था बना दिया हैं। सबसे उल्लेखनीय यह है कि राष्ट्रपति महोदया ने नई सरकार के पहले बजट से अपेक्षा की कि उसमें अनेक ऐतिहासिक कदम उठायें जायेंगे और वह निश्चित ही दूरगामी दृष्टिकोण लिये होगा जिसमें सरकार की दूरगामी नीतियों प्रभावी ढंग से दिखाई देंगी। महोदय, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पिछले समय में नीति, नीयत और निर्णयों से देश के हर वर्ग को मुख्य धारा में लाने का प्रयास किया है। इसका सबसे बड़ा उदाहरण स्टार्टअप योजना का क्रियान्वयन। निश्चित ही यह गौरव का विषय 675 में से 600 जिलों में यह काम कर रहा है। हमारा खिलौना का निर्यात 1844 करोड़ों रूपये का हो गया है। हमारा डिफेन्स एक्सपोर्ट एक दशक में 21 हजार करोड़ तक पहुँच गया है। यानि इसमें 18 गुना की वृद्धि हुई है। इतना ही नहीं उत्तर प्रदेश और तमिलनाडु में 2 डिफेन्स कोरिडोर्स विकसित हो रहे है।

इतना ही नहीं मैं गर्व से कहना चाहता हूँ कि गुलामी के दौर की दण्ड व्यवस्था एक जुलाई से खत्म हो रही है। अब देश में भारतीय न्याय संहिता लागू की जा रही है। यह श्री नरेन्द्र मोदी जी के साहस और संकल्प का परिचायक है। विदेशी मकबरों से हिन्दुस्तान की रवायत ढूंढने वालों को मानना पड़ेगा कि "संस्कृत इज है मदर ऑफ ऑल यूरोपियन लेग्वेजेस" और इसलिये भी मानना पड़ेगा

---

* Speech was laid on the Table.

कि यह मैं नहीं विलियम जॉन्स कह रहा है भारतीय संस्कृति का वैभव और विरासत हमारी थाती है और इसी को लेकर विश्व की अगुवाई कर सकते हैं और निश्चित ही करेंगे।

नालन्दा विश्वविधालय अपने अतीत में भी वैश्विक ज्ञान केन्द्र रहा है। और नई सरकार की संकल्पना है कि अपने भव्य संकुल के साथ फिर से यह वैश्विक ज्ञान का केन्द्र होगा अपनी विरासत से आधुनिक भारत यानि नई पीढ़ी को जोड़ना आवश्यक हैं ताकि वह परम्परा को अंधी लाठी से ना पीटे। यही वह बात है कि भगवान बिरसा मुण्डा के जन्म दिवस को जनजाति गौरव दिवस के रूप में मनाना शुरू किया। रानी दुर्गावती या माता आहिल्या बाई इनकी जन्म जयन्ती को व्यापक रूप से मनाने का कार्य इस सरकार ने किया। इसके साथ ही गुरूनानक देव जी के350 वें प्रकाश पर्व की अन्त्तराष्ट्रीय स्तर पर भी सुनाई दी।

दूरदृष्टा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी समकालीन समाज की हर नब्ज पर बराबर दृष्टि रखते है इसीलिये भी टेक्नॉलोजी पर भी जोर देते रहे है और यही कारण है कि आज82 करोड़ इन्टरनेट यूजर्स है। चन्द्रमों के दक्षिण ध्रुव पर भारत की सफलता सबके लिये गर्व का विषय होनी चाहिये। इस महान देश की राष्ट्रपति जी ने अभिभाषण में कहा "आज हमारे युवाओं में जो सामर्थ्य है आज हमारे संकल्पों मे जो निष्ठा है, हमारी असम्भव लगने वाली उपलब्धियाँ, ये इस बात का प्रमाण है कि आने वाला दौर भारत का दौर है।" मैं कहना चाहूँगा, कि ऐग्रीकल्चर, मैनुफैक्चरिंग सर्विसेज और इन्फ्रास्ट्रक्चर मैं अनेक उपलब्धियों के बावजूद क्या दुर्भाग्य कि बांग्लादेश के एक अखबार में शशि थरूर जैसे नेता ने लेख लिखा कि "मोदी हेज टू गो" में पूछना चाहता हूँ कि भारत के बाहर लेख लिखने की क्या जरूरत थी इसी तरह सेम पित्रौदा ने पश्चिम में रहने वालों की तुलना अरब उत्तर भारत की तुलना गौरो और दक्षिण भारत में रहने वालों की तुलना अफ्रीका में रहने वाले लोगों से की थी। फिर वे उत्तराधिकार कानून की बात ले आये। अभिप्राय यह है कि यह पहचानने की जरूरत है कि वस्तुतः लोकतंत्र को कमजोर करने वाली ताकते कहाँ है। और कौन सी है? विघटनकारी, जिनका उल्लेख राष्ट्रपति जी ने किया चिन्ता का विषय है। इसी तरह जहाँ दुनिया 2024 के चुनावों की चर्चा कर रही है, जो साठ सालों में लगातार तीसरी बार स्थिर और स्पष्ट बहुमत की सरकार देख रही है वहीं कुछ लोग लोकतंत्र

को खतरे में बता रहे है। संविधान विपक्षी लोगों की तरह सिर्फ लहराने का विषय नहीं है यह मोदी जी के लिये महज राजकाज की पुस्तक भी नहीं है। यह उनके लिये लोकतांत्रिक आराधना है और इसीलिये वे इसे भारतीय जन चेतना का हिस्सा बनाने के लिये कटिबद्ध है।

मैं देश के छत्तीसगढ़ राज्य से आता हूँ। पूर्व प्रधानमंत्री श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी ने इसका निर्माण कराया था। और नरेन्द्र मोदी जी अब इसे संवारने में लगे है। भाजपा की सरकार बनने के बाद से छत्तीसगढ़ में जनता का भरोसा जगा है। और लोग मानने लगे है कि उनकी सरकार जल्दी ही उनकी अपेक्षाओं को पूरा करेगी। महोदय, मैं राज्य में पाँच बार का मंत्री रहा हूँ और में पहली बार लोकसभा के लिये रायपुर से निर्वाचित होकर आया हूँ। मैं यह देखकर दंग था कि आपातकाल के उल्लेख करने मात्र से कांग्रेसी साथी भभकने लगे। आपातकाल इस देश के लोकतंत्र का काला अध्याय था। जिन्होंने इसे झेला है उनमें से कुछ राजनीतिक लाचारी के चलते आज इनके साथ गलबाहें कर रहे है। फिर भी मैं नहीं समझता कि आपातकाल के छालों से उपजी जलन ठण्डी पड़ गई हैं। जिन्होंने संविधान का चुप करा दिया, लोकतंत्री दलों को लहुलुहान कर दिया वह किस मुँह से संविधान की बात करते है यह चिन्ता की बात है कि कांग्रेस को आपातकाल के दुर्दिनों कि याद पर भी आपत्ति है। जहाँ तक नीट या अन्यान्य परीक्षाओं के उठे सवाल पर नई पीढ़ी का प्रश्न है मुझे यकीन है कि हमारी सरकार इसका सर्वमान्य हल खोजने में जुटी है। इसमें शिरकत करने की आवश्यकता है। यह मसला विधार्थियों के जीवन का है। दलगत राजनीति में चेहरे चमकाने का नहीं।

मैं उम्मीद करता हूँ कि विरोध, वैमनस्य की राह ना पकड़े आशा है कि बदलते दौर में यह समय संकल्प से सिद्धि का है। कहते है कि हमराह चलो मेरे या राह से हट जाओ दीवार के रोके से दरिया कहीं रूकता है। धन्यवाद।

***श्री बिद्युत बरन महतो (जमशेदपुर) :** मैं महामहिम राष्ट्रपति महोदया के संसद में दिए गए अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर अपने विचार रखता हूं। अपने भाषण में राष्ट्रपति जी ने हम सबके साथ देशावासियों का मार्गदर्शन किया है। आदरणीय राष्ट्रपति महोदया ने आदिवासी समाज का गौरव बढ़ाया ही है साथ ही देश की कोटि कोटि बहन-बेटियों के लिए बहुत बड़ा प्रेरणा का अवसर भी है।

आज दुनिया की हर विश्वसनीय संस्था, सारे एक्सपर्ट्स जो वैश्विक प्रभावों को बहुत गहराई से अध्ययन करते हैं। जो भविष्य का अच्छे से अनुमान भी लगा सकते हैं। उन सबको आज भारत के प्रति बहुत आशा है, विश्वास है और उमंग भी है। आज पूरी दुनिया भारत की तरफ बड़ी आशा की नजरों से देख रही है। इसके कारण यह हैं कि भारत में आई स्थिरता, भारत की वैश्विक साख, भारत के बढ़ते सामर्थ्य और भारत में बन रही नई संभावनाओं में है।

पिछले नौ वर्ष में भारत में नब्बे हजार स्टार्ट-अप्स और आज स्टार्टअप्स की दुनिया में हम दुनिया में तीसरे नंबर पर पहुंच चुके हैं। एक बहुत बड़ा स्टार्टअप इकोसिस्टम आज देश के टीयर-दो, टीयर- तीन सिटीज में भी पहुंच चुका है। हिन्दुस्तान के हर कोने-कोने में पहुंचा है। भारत के युवा सामर्थ्य की पहचान बनता जा रहा है।

हमारी सरकार ने वन नेशन वन राशन कार्ड के माध्यम से देशभर में कहीं पर भी गरीब से गरीब जनता को भी राशन उपलब्ध करने में सक्षम है। साथ ही किसान सम्मान निधि योजना के माध्यम से किसान के खाते में साल में तीन बार ग्यारह करोड़ किसानों के खाते में पैसे जमा होते हैं।

हमारी सरकार ने बेघर के लिए या जो कल फुटपाथ पर जिंदगी जीने के लिए मजबूर थे जो झुग्गी झोपड़ी में जिंदगी बसर करते थे. ऐसे तीन करोड़ से ज्यादा लोगों को पक्के घर देने का काम किया है।

हमारी सरकार ने महिलाओं का सम्मान बढ़ाने का काम किया हैं और उनके उज्ज्वला जैसे योजनाओं का लाभ देकर नौ करोड़ को मुफ्त गैस के कनेक्शन देने का काम किया है। हर घर जल नल योजना के लाभ देते हुए आठ करोड़ परिवारों को लाभान्वित करने का काम किया है।

---

* Speech was laid on the Table.

मैं आदरणीय राष्ट्रपति जी के अभिभाषण में दूरगामी नीतियों और भविष्य की दूरदर्शिता के साथ संकल्प से सिद्धि तक यात्रा का खींचा गया खाका का अभिनंदन करता हूं। राष्ट्रपति जी का हार्दिक धन्यवाद करता हूं। देश आज यहां से एक नई उमंग- ए विश्वास-नए संकल्प के साथ चल पड़ा है।

बहुत-बहुत धन्यवाद।

***SHRI VISHALDADA PRAKASHBAPU PATIL (SANGLI):** On behalf of the people of Sangli and my state of Maharashtra I would like to express my views on the motion of thanks to Madam President's address to the Parliament.

While it was expected that the President's speech would try to over glorify the achievements of the Government over the past ten years, but being the first address of the 18th Lok Sabha, we were expecting more emphasis on current happenings in our country. For Instance, the speech fails to mention the agitation for caste reservations ongoing in Maharashtra for Maratha Aarakshan. Simultaneously, the Dhangar and other OBC communities and their leaders are also agitating for their demands and concerns about reservation. While opinions may vary on the specific demands and methods of agitation, we cannot deny the authenticity and grassroots nature of these movements. The Government at the State and their office bearers have only used these agitations for their own political advantage, dividing the state on caste lines and making communities fight among each other. This is the current situation of the country speaker sir, which should have been talked about in the President's address. The Government has FAILED to ease tensions, FAILED to understand demands, and FAILED to find solutions for these agitators. This is reflected in the NDA's electoral performance in Maharashtra, declining from 41 to 17 seats, with the BJP losing 70% of the seats they contested.' The Reservation Agitations are nationwide and not limited to Maharashtra. Across India, from Gujarat to Assam, we've seen communities demanding reservations. We need to go to the core of this problem.

---

* Speech was laid on the Table.

अब खेती में कोई आना नहीं चाहता। सरकार कहती है उन्होंने हजारों करोड़ रुपये किसानों के लिए दिये हैं फिर भी 24000 से ज्यादा किसानों ने पिछले दस साल में आत्महत्या क्यों की है? Because farming is not affordable anymore. Sugarcane, Milk, Cotton, Grapes, Onions, Oranges there is stress everywhere. GST on seeds and fertilisers I could go on however my esteemed colleagues have already spoken on this topic. These Farmer children now want to study and move to jobs. लेकिन वहाँ NEET जैसे पेपर लीक्स, सरकारी शिक्षा की कमी, महँगी निजी शिक्षा। इसीलिए तो बच्चे आरक्षण की माँग कर रहे हैं।

Point 19 of the President's speech talks about the Government having added educational institutions. Despite this, I wonder why thousands of students are still migrating to war-affected countries like Ukraine and Russia to Study. Is the Government spending enough on education? The overall allocation of funds to education has been only 2.8% since 2015. When we compare this to countries like the US (6.2%), UK (5.5%), Germany (5%), and even Namibia in Africa spends 9.64% of its GDP on education, Are we spending enough? In spite of all these hurdles, if a person does get education and tries to enter the workforce, we see the sorry state of government jobs. क्योंकि आज भी माँ उम्मीद करती है कि मेरे बेटा/बेटी को अच्छी सरकारी नौकरी मिले। क्या हाल है सरकारी नौकरियों का। आज महाराष्ट्र में 75000 सरकारी पद रिक्त पड़े हैं। और जब भर्ती होती है तो पेपर लीक हो जाते हैं। 45 instances in the last five years.

Let's talk about Maharashtra. Mahapariksha Portal Scam (18) Mumbai Police Paper Leak (22) Talathi Paper Leak (23) Mahanirmiti Paper Leak (23) Forest Department Paper Leak (23) Soil and Water Conservation Department

Paper Leak (23) Municipal Council & ZP (some positions) Paper Leak (23) This is why more and more communities are asking for reservations. खेती करे तो दम नहीं, पढ़ना चाहे तो बिना लीक एग्जाम नहीं, करना चाहे तो सरकारी काम नहीं । The reservation demand would never have cropped up if the Government would have ensured that farming is lucrative and had getting admissions and Government jobs been easier.

2014 में माननीय प्रधानमंत्री जी सांगली आए थे और घोषणा की थी कि सांगली को चांगली करेंगे यानी सांगली को अच्छा बनाएंगे। उनके इस बात पे विश्वास करके सांगली ने दस साल भाजपा का सांसद दिल्ली पहुंचाया । Kya mila sangli ko. Does the President's speech then mention anything about the development of Sangli? Does it mention an airport in Sangli or the dry port which is much needed for a high agricultural produce exporting district like Sangli? Does the speech talk about the inclusion of Sangli-Miraj-Kupwad city in the smart city project? Does the President's speech mention the allocation of funds for the incomplete farm irrigation projects of Sangli district? It does not and it hasn't for the last ten years.

I would very happily thank the President if these points were included. Hoping they will be part of the next address. I thanks again for providing me this opportunity. Jai Hind, Jai Maharashtra.

***श्री संजय उत्तमराव देशमुख (यवतमाल-वाशिम)** : मैं, यवतमाल लोक सभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करते हुए, राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर अपने विचार व्यक्त करता हूं । जबकि अभिभाषण भारत की प्रगति और भविष्य का एक सुनहरा चित्र प्रस्तुत करता है, यह महत्वपूर्ण चुनौतियों को नजरअंदाज करता है और हमारे देश, विशेषकर महाराष्ट्र राज्य के सामने आने वाले गंभीर मुद्दों को संबोधित करने में विफल रहता है।

यवतमाल और विदर्भ क्षेत्र में कृषि संकट गंभीर है। सितंबर 2023 में एक ही महीने में यवतमाल जिले में 43 से अधिक किसानों ने आत्महत्या कर ली थी। कपास और सोयाबीन की फसलों के नुकसान, अनिश्चित मौसम, और कर्ज के बोझ ने किसानों को गंभीर संकट में डाल दिया है। सरकार की नीतियां इस समस्या को हल करने में पूरी तरह असफल रही हैं। महाराष्ट्र में किसानों की आत्महत्या के मामले पूरे देश में एक नंबर पर यवतमाल है। हालांकि दोनों जिलों यवतमाल वाशीम में किसानों की आत्महत्या के आंकड़ों में बहुत ज्यादा अंतर नहीं है। मई 2024 तक 132 आत्महत्याएं दर्ज की गई हैं। जून के आंकड़े अभी संकलित किए जाने बाकी हैं।

मैं उगाता हूँ कपास, तो सारी दुनियाँ कपडे पहनती है.....

फिर मेरी ही लाश क्यों आखिर एक कफन के लिए तरसती है

किसानों ने सोयाबीन की खेती की और उपज में उल्लेखनीय गिरावट देखी। 2 साल पहले 6000 रु क्विंटल से 4,000 रुपये प्रति क्विंटल हो गईं। पर्याप्त बैंकिंग ऋण की कमी के कारण, कई लोग छोटी वित्त कंपनियों या साहूकारों पर निर्भर हैं, और उन्हें कठोर वसूली का सामना करना पड़ता है। 2001 से राज्य सरकार विदर्भ के छह जिलों अमरावती, अकोला, यवतमाल, वाशिम, बुलढाणा और वर्धा में किसानों की आत्महत्याओं का डेटा रख रही है। दो दशकों में इन जिलों में 22,000 से ज़्यादा आत्महत्याएं हुई हैं। सर कपास उगाने वाले यवतमाल का किसान बहुत संकट में हैं। 2 साल पहले 10000 प्रति क्विंटल कपास बिका मगर पिछले साल 7000 क्विंटल कपास लेने को कोई तैयार नहीं था। एक इधर खेती के उत्पादन अनाज के कम कम होते हैं मगर व्यापारी उद्योगपति के काम

---

* Speech was laid on the Table.

बढ़ते जाते हैं। यही किसान का दुख है किसानों को देखना है हमारा दुख जानने वाला कोई सरकार है कि नहीं। भारत में यवतमाल के किसान कीटनाशक विषाक्तता से जूझ रहे हैं, जिससे व्यापक नुकसान और मौतें हुई हैं। किसान सरकार द्वारा सुझाए गए कीटनाशकों का उपयोग कर रहे हैं, लेकिन ये हानिकारक साबित हुए हैं। कई किसानों को कैंसर सहित स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं हो गई हैं और कुछ की मृत्यु हो गई है। किसान अपनी पीड़ा के लिए न्याय और मुआवजे की मांग कर रहे हैं। • - एक स्विस अदालत उनके मामले की सुनवाई कर रही है, क्योंकि कीटनाशकों का निर्माण एक स्विस कंपनी द्वारा किया गया था। किसानों को उम्मीद है कि अदालत कंपनी को जवाबदेह ठहराएगी और उन्हें वह मुआवजा देगी जिसकी उन्हें आवश्यकता है। यह मामला भारत में किसानों के लिए सुरक्षित खेती के तरीकों और बेहतर समर्थन की आवश्यकता पर प्रकाश डालता है। किसान का मानना है कि kapas ki कीमत कम से कम 10,000 रुपये प्रति क्विंटल होनी चाहिए। किसानों के बीज और औषधि पर जीएसटी न लगाए। जीएसटी से किसानों को राहत मिले। सरकारी योजनाएं नुकसान की भरपाई करने के लिए अपर्याप्त हैं।

महाराष्ट्र में यवतमाल में क्राइम रेट बहुत बढ़ा है हर दो दिन में एक कत्ल हो रहा है महाराष्ट्र में महिलाओं के खिलाफ अपराधों की बढ़ती संख्या चिंताजनक है।

भारत को सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था बताने का दावा बढ़ती बेरोजगारी की वास्तविकता को छिपाता है, विशेष रूप से युवाओं के बीच। महाराष्ट्र में, जहां कपड़ा और कृषि क्षेत्र प्रमुख रोजगार स्रोत हैं, इन क्षेत्रों में संकट ने बेरोजगारी को और बढ़ा दिया है। यवतमाल जैसे क्षेत्रों में रोजगार की कमी विशेष रूप से चिंताजनक है, जहां युवा बड़ी संख्या में शहरों की ओर पलायन कर रहे हैं। कल रात दो सौ नौजवानो ने आत्महत्या कर ली, बात बहुत चौकाने वाली थी, बाद में पता चला. जन्नत में कलर्क की एक जगह खाली थी।

विदर्भ क्षेत्र में सिंचाई परियोजनाओं की कमी एक बड़ी समस्या है। गोसीखुर्द परियोजना, देमद्धा अमरावती प्रोजेक्ट में बहुत बड़े पैमाने पर धांधली हुई है किसानों को खेत तक पानी नहीं मिल रहा है कुछ किसानों को जमीन का मुआवजा बहुत कम मिल रहा है। सरकार को इस पर ध्यान देना चाहिए।

महाराष्ट्र में जल संकट और वन क्षेत्रों का संरक्षण महत्वपूर्ण मुद्दे हैं। यवतमाल के आसपास के जंगलों में मानव-वन्यजीव संघर्ष बढ़ रहा है, लेकिन इस पर पर्याप्त ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

निष्कर्ष में, जबकि हम सभी एक विकसित महाराष्ट्र और भारत की आकांक्षा साझा करते हैं, हम अपनी कमियों को नजरअंदाज करके या एक चयनात्मक कथा प्रस्तुत करके इस लक्ष्य को प्राप्त नहीं कर सकते। सच्ची प्रगति के लिए ईमानदार आत्मनिरीक्षण, समावेशी नीतियों और समाज के सभी वर्गों की चिंताओं को संबोधित करने की प्रतिबद्धता की आवश्यकता होती है।

मैं इस सरकार से आग्रह करता हूं कि वह नारों से आगे बढ़े और हमारे राज्य और राष्ट्र के भविष्य के लिए एक अधिक संतुलित और व्यापक दृष्टिकोण प्रस्तुत करे। इन कारणों से, मैं राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव का विरोध करता हूं। धन्यवाद

**प्रधानमंत्री (श्री नरेन्द्र मोदी) :** आदरणीय अध्यक्ष महोदय, मैं राष्ट्रपति जी के अभिभाषण के प्रति आभार व्यक्त करने के लिए उपस्थित हुआ हूं।...(व्यवधान) आदरणीय अध्यक्ष जी, हमारे आदरणीय राष्ट्रपति जी ने विकसित भारत के संकल्प को अपने प्रवचन में विस्तार दिया है।...(व्यवधान) आदरणीय राष्ट्रपति महोदया ने अहम विषय उठाएं हैं।...(व्यवधान) आदरणीय राष्ट्रपति जी ने हम सबका और देश का मार्गदर्शन किया है।...(व्यवधान) इसके लिए मैं राष्ट्रपति जी का हृदय से आभार व्यक्त करता हूं।...(व्यवधान) आदरणीय अध्यक्ष जी, कल और आज कई माननीय सदस्यों ने राष्ट्रपति जी के अभिभाषण पर अपने विचार व्यक्त किए हैं।...(व्यवधान)

मैं विशेषकर जो पहली बार सांसद बनकर हमारे बीच आए हैं और उनमें से कुछ आदरणीय साथियों ने अपने जो विचार व्यक्त किए, संसद के सभी नियमों का पालन करते हुए किए, उनका व्यवहार ऐसा था, जैसे एक अनुभवी सांसद का होता है। ... (व्यवधान) इसलिए प्रथम बार आने के बावजूद भी उन्होंने सदन की गरिमा को बढ़ाया है।... (व्यवधान) उन्होंने अपने विचारों से इस डिबेट को और अधिक मूल्यवान बनाया है। ... (व्यवधान)

आदरणीय अध्यक्ष जी, देश ने एक सफल चुनाव अभियान को पार करते हुए विश्व को दिखा दिया है कि यह दुनिया का सबसे बड़ा चुनाव अभियान था।... (व्यवधान) देश की जनता ने दुनिया के सबसे बड़े चुनाव अभियान में हमें चुना है।... (व्यवधान)

आदरणीय अध्यक्ष जी, मैं कुछ लोगों की पीड़ा समझ सकता हूं कि लगातार झूठ चलाने के बावजूद भी उनकी घोर पराजय हुई। लोकतंत्र के ... (व्यवधान)

**<u>16.18 hrs</u>**

*At this stage, Shri Alfred Kanngam S. Arthur, Shri B. Manickam Tagore, Shri Gaurav Gogoi and some other hon. Members came and stood on the floor near the Table.*

**माननीय अध्यक्ष :** माननीय प्रतिपक्ष के नेता, यह आपको शोभा नहीं देता है। आपको पर्याप्त समय, पर्याप्त अवसर दिया है। आपको यह शोभा नहीं देता है।

… (व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** आप सदन में डायरेक्शन दो, माननीय नेता जब बोल रहे हों, तब आप खड़े हो जाएं, यह आपको शोभा नहीं देता है।

… (व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** संसदीय परंपराओं के अनुसार यह उचित नहीं है। आपका यह तरीका ठीक नहीं है।

… (व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** नो, आपका यह गलत तरीका है। सदन इस तरीके से नहीं चलेगा।

… (व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** नो, यह गलत तरीका है। आप संसद के अंदर गरिमा बना कर रखें। आप गरिमा को तोड़ना चाहते हैं।

… (व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** आप पीठ पीछे बात नहीं करें। आपको सदन की गरिमा का नहीं पता है। आप वेल में आने के लिए लोगों को डायरेक्शन देते हैं।

… (व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** आप प्रतिपक्ष के नेता हैं। आपका यह गलत तरीका है।

… (व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** माननीय प्रधान मंत्री जी।

… (व्यवधान)

**श्री नरेन्द्र मोदी :** आदरणीय अध्यक्ष जी, यह विश्व का सबसे बड़ा चुनाव अभियान था और उसमें भारत की जनता ने हमें तीसरी बार देश की सेवा करने का मौका दिया है।… (व्यवधान) यह अपने

आप में लोकतांत्रिक विश्व के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण घटना है, बहुत ही गौरवपूर्ण घटना है ।… (व्यवधान)

आदरणीय अध्यक्ष जी, हमें हर कसौटी पर कसने के बाद देश की जनता ने यह जनादेश दिया है ।… (व्यवधान) जनता ने हमारे 10 साल के ट्रेक रिकॉर्ड को देखा है ।… (व्यवधान) जनता ने देखा है कि गरीबों के कल्याण के लिए हमने जिस समर्पण भाव से, जन-सेवा ही प्रभु सेवा के मंत्र को चरितार्थ करते हुए, हमने जो कार्य किया है, उसके कारण 10 साल में 25 करोड़ गरीब लोग गरीबी से बाहर निकले हैं ।… (व्यवधान) देश की आज़ादी के कालखण्ड में, इतने कम समय में इतने लोगों को गरीबी से बाहर निकालने का सफल प्रयास इस चुनाव में हमारे लिए आशीर्वाद का कारण बना है ।… (व्यवधान)

आदरणीय अध्यक्ष जी, जब पहली बार वर्ष 2014 में हम जीतकर आये थे, तो चुनाव के अभियान में भी हमने कहा था कि हमारा करप्शन के प्रति ज़ीरो टॉलरेन्स रहेगा ।… (व्यवधान) आज मुझे गर्व है कि हमारी सरकार में, देश का सामान्य मानवी, जो करप्शन के कारण पीड़ित है, देश को करप्शन ने दीमक की तरह खोखला कर दिया है, ऐसे में भ्रष्टाचार के प्रति हमारी जो ज़ीरो टॉलरेन्स की नीति है, आज देश ने हमें उसके लिए आशीर्वाद दिया है ।… (व्यवधान)

आदरणीय अध्यक्ष जी, आज दुनिया भर में भारत की साख बढ़ी है । आज विश्व में भारत का गौरव हो रहा है । भारत की तरफ देखने का नज़रिया भी, एक गौरवपूर्ण नज़रिया हर भारतवासी अनुभव करता है ।… (व्यवधान)

आदरणीय अध्यक्ष जी, देश की जनता ने देखा है कि हमारा एक मात्र लक्ष्य 'नेशन फर्स्ट' है, 'भारत सर्वप्रथम' है । हमारी हर नीति, हमारे हर निर्णय, हमारे हर कार्य का एक ही तराजू रहा है- 'भारत प्रथम ।'… (व्यवधान) 'भारत प्रथम' की भावना के साथ देश के जो आवश्यक रिफॉर्म्स थे, उन रिफॉर्म्स को भी हमने लगातार जारी रखा है । 10 वर्षों में हमारी सरकार 'सबका साथ, सबका विकास' के मंत्र को लेकर लगातार देश के सभी लोगों का कल्याण करने का प्रयास करती रही है ।… (व्यवधान)

आदरणीय अध्यक्ष जी, हम उन सिद्धांतों के प्रति समर्पित हैं, जिनमें भारत के संविधान की स्पिरिट के अनुसार, 'सर्व पंत सम्भाव' के विचार को सर्वोपरि रखते हुए, हमने देश की सेवा करने का प्रयास किया है।… (व्यवधान)

आदरणीय अध्यक्ष जी, इस देश ने लम्बे अरसे तक तुष्टिकरण की राजनीति भी देखी, इस देश ने लम्बे अर्से तक तुष्टिकरण की गवर्नेंस का मॉडल भी देखा।… (व्यवधान) देश ने पहली बार सेक्युलरिज्म का एक पूरा, हमने जो प्रयास किया और वह हमने तुष्टीकरण नहीं, संतुष्टीकरण किया। … (व्यवधान) उस संतुष्टीकरण के विचार को लेकर हम चले हैं। … (व्यवधान) जब हम संतुष्टीकरण की बात करते हैं, तो इसका मतलब है कि हर योजना का सैचुरेशन, गवर्नेंस की, आखिरी व्यक्ति तक पहुंचने की हमारी जो संकल्पना है, इसको परिपूर्ण करना। … (व्यवधान) जब हम सैचुरेशन के सिद्धांत को लेकर चलते हैं, तब सैचुरेशन सच्चे अर्थ में सामाजिक न्याय होता है। … (व्यवधान) सैचुरेशन सच्चे अर्थ में सेक्युलरिज्म होता है और उसी को देश की जनता ने हमें तीसरी बार बैठाकर के मोहर लगा दी है। … (व्यवधान)

आदरणीय अध्यक्ष जी, अपीज़मेंट ने इस देश को तबाह करके रखा है। … (व्यवधान) इसलिए, हम 'Justice to all, appeasement to none' के सिद्धांत को लेकर चले हैं। … (व्यवधान)

आदरणीय अध्यक्ष जी, दस साल के हमारे कार्यकाल को देखने-परखने के बाद भारत की जनता ने हमारा समर्थन किया है। … (व्यवधान)

आदरणीय अध्यक्ष जी, हमें फिर एक बार 140 करोड़ देशवासियों की सेवा करने का मौका मिला है। … (व्यवधान)

आदरणीय अध्यक्ष जी, इस चुनाव ने इस बात को सिद्ध किया है कि भारत की जनता कितनी परिपक्व है, भारत की जनता कितने विवेकपूर्ण रूप से और कितने उच्च आदर्शों को लेकर अपने विवेक का सदबुद्धि से उपयोग करती है। … (व्यवधान) उसी का नतीजा है कि आज तीसरी बार हम आपके सामने, देश की जनता के सामने नम्रतापूर्वक सेवा करने के लिए उपस्थित हुए हैं। … (व्यवधान)

आदरणीय अध्यक्ष जी, देश की जनता ने हमारी नीतियों को देखा है, हमारी नीयत, हमारी निष्ठा, उस पर देश की जनता ने भरोसा किया है। … (व्यवधान)

आदरणीय अध्यक्ष जी, इस चुनाव में हम जनता के बीच एक बड़े संकल्प के साथ, देश की जनता के पास आशीर्वाद मांगने के लिए गए थे। … (व्यवधान) हमने 'विकसित भारत' के हमारे संकल्प के लिए आशीर्वाद मांगा था। … (व्यवधान) हमने 'विकसित भारत' के निर्माण के लिए एक प्रतिबद्धता के साथ, एक शुभनिष्ठा के साथ, जन-सामान्य का कल्याण करने के इरादे से हम गए थे। … (व्यवधान) जनता ने 'विकसित भारत' के संकल्प को चार-चांद लगाकर, हमें फिर से एक बार विजयी बनाकर देश की जनता की सेवा करने का मौका दिया है। … (व्यवधान)

आदरणीय अध्यक्ष जी, जब देश विकसित होता है, तब कोटि-कोटि जनों के सपने पूरे होते हैं। … (व्यवधान) देश जब विकसित होता है, तब कोटि-कोटि जनों के संकल्प सिद्ध होते हैं। … (व्यवधान)

आदरणीय अध्यक्ष जी, जब देश विकसित होता है तब आने वाली पीढ़ियों के लिए भी एक मजबूत नींव उनके सपनों को पूरा करने के लिए तैयार हो जाती है।… (व्यवधान)

आदरणीय अध्यक्ष जी, विकसित भारत का सीधा-सीधा लाभ हमारे देश के नागरिकों की गरिमा, हमारे देश के नागरिकों की क्वालिटी ऑफ लाइफ में सुधार, यह स्वाभाविक सुधार विकसित भारत होने से देश के कोटि-कोटि जनों के भाग्य में आता है।… (व्यवधान) आजादी के बाद मेरे देश का सामान्य नागरिक इन चीजों के लिए तरसता रहा है।… (व्यवधान)

आदरणीय अध्यक्ष जी, जब विकसित भारत होता है, तब हमारे गाँव की स्थिति, हमारे शहरों की स्थिति, उनमें भी बहुत बड़ा सुधार होता है।… (व्यवधान) गाँव के जीवन में गौरव भी होता है, गरिमा भी होती है और विकास के नए-नए अवसर भी होते हैं।… (व्यवधान) हमारे शहरों का विकास भी एक अवसर के रूप में विकसित भारत में तब उभरता है, … (व्यवधान) जब दुनिया की विकास यात्रा में भारत के शहर भी बराबरी करेंगे।… (व्यवधान) यह हमारा सपना है।… (व्यवधान)

आदरणीय अध्यक्ष जी, विकसित भारत का मतलब होता है कोटि-कोटि नागरिकों को, कोटि-कोटि अवसर उपलब्ध होते हैं, अनेक-अनेक अवसर उपलब्ध होते हैं और वे अपने कौशल, अपनी क्षमता और संसाधनों के अनुसार विकास की नई सीमाओं को प्राप्त कर सकता है।... (व्यवधान)

आदरणीय अध्यक्ष जी, मैं आज आपके माध्यम से देशवासियों को विश्वास दिलाता हूँ कि विकसित भारत के जिस संकल्प को लेकर हम चले हैं, उस संकल्प की पूर्ति के लिए हम भरसक प्रयास करेंगे, पूरी निष्ठा से करेंगे, पूरी ईमानदारी से करेंगे और हमारे समय का पल-पल और हमारे शरीर का कण-कण हम देशवासियों के विकसित भारत के सपने को पूरा करने में लगाएंगे ।... (व्यवधान) हमने देश की जनता को कहा था 24 बाई 7 फॉर 2047... (व्यवधान) आज मैं इस सदन में भी दोहराता हूँ कि हम इस काम को अवश्य पूरा करेंगे।... (व्यवधान)

आदरणीय अध्यक्ष जी, वर्ष 2014 के उन दिनों को याद कीजिए।... (व्यवधान) वर्ष 2014 के उन दिनों को याद करेंगे तो हमारे ध्यान में आएगा कि हमारे देश के लोगों का आत्मविश्वास खो चुका था।... (व्यवधान) देश निराशा की गर्त में डूब चुका था।... (व्यवधान) ऐसे समय, वर्ष 2014 के पहले देश ने जो सबसे बड़ा नुकसान भुगता था, जो सबसे बड़ी अमानत खोयी थी, वह था देशवासियों का आत्मविश्वास।... (व्यवधान) जब विश्वास और आत्मविश्वास खो जाता है, तब उस व्यक्ति का, समाज का, देश का खड़ा हो जाना मुश्किल हो जाता है ।... (व्यवधान) उस समय सामान्य मानव के मुँह से यही निकलता था कि इस देश का कुछ नहीं हो सकता है। उस समय हर जगह ये सात शब्द सुनाई देते थे कि 'इस देश का कुछ नहीं हो सकता'। यही शब्द वर्ष 2014 के पहले सुनाई देते थे।... (व्यवधान) भारतीयों की हताशा के ये सात शब्द एक प्रकार से पहचान बन गए थे। उस समय आए दिन जब अखबार खोलते थे, तो घोटालों की खबरें ही पढ़ने को मिलती थीं और सैकड़ों करोड़ रुपये के घोटाले होते थे, रोज नए घोटाले। घोटालों की घोटालों से स्पर्धा थी। ये घोटालेबाज लोगों के घोटाले, इसी का यह काल खंड था।... (व्यवधान) बेशर्मी के साथ सार्वजनिक रूप से स्वीकार भी कर लिया जाता था कि दिल्ली से एक रुपया निकलता है तो पन्द्रह पैसे पहुंचते हैं। एक रुपये में 85 पैसे का घोटाला। इन घोटालों की दुनिया ने देश को निराशा की गर्त में डूबो दिया था। पालिसी पैरालिसिस था, फ्रैजाइल

फाइव में पहुंच चुके थे। भाई भतीजावाद इतना फैला हुआ था, जिसके लिए सामान्य नौजवान तो आशा छोड़ चुका था कि यदि कोई सिफारिश करने वाला नहीं है तो जिंदगी अटक जाएगी, यह स्थिति पैदा हुई थी। गरीब को घर लेना हो तो हजारों रुपये की रिश्वत देनी पड़ती थी।… (व्यवधान)

आदरणीय अध्यक्ष जी, गैस के कनेक्शन के लिए मैम्बर पार्लियामेंट के यहां अच्छों-अच्छों को चक्कर काटने पड़ते थे और वह भी बिना कट लिए गैस के कनेक्शन नहीं मिलते थे। मुफ्त राशन के लिए भी पता नहीं होता था कि कब बाजार में दुकान पर बोर्ड लटक जाए। हक का राशन नहीं मिलता था और उसके लिए भी रिश्वत देनी पड़ती थी।… (व्यवधान) हमारे ज्यादातर भारतीय भाई-बहन इतने निराश हो चुके थे कि वे अपने भाग्य को दोष देकर, अपने नसीब को दोष देकर जिंदगी काटने के लिए मजबूर हो जाते थे। वर्ष 2014 के पहले वह एक वक्त था जब वे सात शब्द हिंदुस्तान के जन-मन में स्थिर हो चुके थे। निराशा की गर्त में डूबा हुआ समाज था, तब देश की जनता ने हमें सेवा करने के लिए चुना और उस पल देश के परिवर्तित युग का प्रारम्भ हो चुका था।… (व्यवधान) पिछले दस सालों में, मैं कहूंगा मेरी सरकार की अनेक सफलताएं हैं, अनेक सिद्धियां हैं जिनकी ताकत से देश निराशा की गर्त में से निकल कर आशा और विश्वास के साथ खड़ा हो गया। देश में आत्मविश्वास बुलंदी पर पहुंचा और जो सात शब्द थे, देश की युवा पीढ़ी उनसे बाहर आने लगी।… (व्यवधान) धीरे-धीरे देश के मन में स्थिर हो गया, जो वर्ष 2014 से पहले कहते थे कि 'कुछ नहीं हो सकता' वे कहने लगे कि इस देश में सब कुछ हो सकता है। इस देश में सब कुछ संभव है। यह विश्वास जताने का हमने काम किया है।… (व्यवधान) हमने सबसे पहले तेजी से 5G का रोलआउट करके दिखाया।… (व्यवधान) तीव्र गति से 5G का रोलआउट होने के बाद देश गौरव से कहने लगा कि भारत कुछ भी कर सकता है।… (व्यवधान)

आदरणीय अध्यक्ष जी, वह एक जमाना था, जब कोयला घोटाले में बड़े-बड़ों के हाथ काले हो चुके थे, आज कोयले का सर्वाधिक उत्पादन हो रहा है।… (व्यवधान) इसी के कारण, देश अब कहने लगा है कि अब भारत कुछ भी कर सकता है।… (व्यवधान)

आदरणीय अध्यक्ष जी, वर्ष 2014 के पहले वह एक समय था, जब फोन बैंकिंग करके बड़े-बड़े घोटाले किए जा रहे थे।... (व्यवधान) अपनी पर्सनल प्रॉपर्टी की तरह बैंक का खजाना लूट लिया गया था।... (व्यवधान) वर्ष 2014 के बाद नीतियों में परिवर्तन, निर्णयों में गति, निष्ठा और प्रामाणिकता की गयी और उसी का परिणाम है कि आज दुनिया के अच्छे बैंकों में भारत के बैंकों का एक स्थान बन गया है।... (व्यवधान) आज भारत के बैंक सर्वाधिक मुनाफा करने वाले बैंक बन गए हैं और लोगों की सेवा करने की जगह बन गए हैं।... (व्यवधान)

आदरणीय अध्यक्ष जी, वर्ष 2014 के पहले भी एक वक्त था, जब आतंकी आकर, जहां चाहे, जब चाहे, हमला कर सकते थे।... (व्यवधान) वर्ष 2014 के पहले निर्दोष लोग मारे जाते थे, हिन्दुस्तान के कोने-कोने को टारगेट किया जाता था और सरकारें चुपचाप बैठी रहती थीं, मुँह तक खोलने को तैयार नहीं थीं।... (व्यवधान) आज वर्ष 2014 के बाद का हिन्दुस्तान घर में घुस कर मारता है, सर्जिकल स्ट्राइक करता है, एयर स्ट्राइक करता है और उसने आतंकवाद के आकाओं को भी सबक सिखाने का सामर्थ्य दिखा दिया है।... (व्यवधान)

आदरणीय अध्यक्ष जी, देश का एक-एक नागरिक जानता है कि अपनी सुरक्षा के लिए भारत कुछ भी कर सकता है।... (व्यवधान)

आदरणीय अध्यक्ष जी, आर्टिकल-370 की पूजा करने वाले लोगों ने, वोट बैंक को राजनीति का हथियार बनाने वाले लोगों ने जिस तरह से जम्मू-कश्मीर के जो हालात कर दिये थे, वहां के लोगों के अधिकार छीन लिए गए थे, उस समय भारत का संविधान जम्मू-कश्मीर की सीमा में प्रवेश नहीं कर सकता था और यहां संविधान को सिर पर रख कर नाचने वाले लोग तब संविधान को जम्मू-कश्मीर में लागू करने का हौसला नहीं रखते थे।... (व्यवधान) वे बाबा साहेब अम्बेडकर का अपमान किया करते थे।... (व्यवधान) आर्टिकल-370 का वह ज़माना था, जब सेनाओं पर पत्थर चलते थे और लोग निराशा में डूब कर कहते थे कि अब तो जम्मू-कश्मीर में कुछ हो नहीं सकता।... (व्यवधान)

अध्यक्ष जी, आर्टिकल-370 की दीवार गिरी, पत्थरबाज़ी बंद है, लोकतंत्र मज़बूत है और जम्मू-कश्मीर के लोग बढ़-चढ़ कर भारत के संविधान में भरोसा करते हुए, भारत के तिरंगे झंडे पर भरोसा

करते हुए, भारत के लोकतंत्र में भरोसा करते हुए, बढ़-चढ़ कर मतदान करने के लिए आगे आ रहे हैं, यह साफ-साफ दिखाई देता है। … (व्यवधान)

आदरणीय अध्यक्ष जी, 140 करोड़ देशवासियों में यह विश्वास पैदा होना, यह उम्मीद पैदा होना बड़ी बात है और जब विश्वास जागता है, तब वह विकास का ड्राइविंग फोर्स बन जाता है। … (व्यवधान) इस विश्वास ने विकास के ड्राइविंग फोर्स का काम किया है। … (व्यवधान) आदरणीय अध्यक्ष जी, यह विश्वास विकसित भारत संकल्प से सिद्धि का विश्वास है। … (व्यवधान)

आदरणीय अध्यक्ष जी, जब आज़ादी की जंग चल रही थी और जो भाव देश में था, जो जोश था, उत्साह था, उमंग था, जो विश्वास था कि आज़ादी ले कर रहेंगे, आज देश के कोटि-कोटि जनों में वह विश्वास पैदा हुआ है, जिस विश्वास के कारण आज विकसित भारत होना, एक प्रकार से उसकी मज़बूत नींव का इस चुनाव में शिलान्यास हो चुका है। … (व्यवधान) जो ललक आज़ादी के आंदोलन में थी, वही ललक विकसित भारत के इस सपने को साकार करने में है। … (व्यवधान)

आदरणीय अध्यक्ष जी, आज भारत के लक्ष्य बहुत विराट हैं। … (व्यवधान) आज भारत दस सालों में एक ऐसी स्थिति में पहुंचा है कि हमें खुद से ही प्रतिस्पर्धा करनी है। … (व्यवधान) हमें ही अपने पुराने रिकॉर्ड्स तोड़ने हैं और नेक्स्ट लैवल पर हमें अपनी विकास यात्रा को ले जाना है। … (व्यवधान) दस वर्षों में भारत विकास की जिस ऊंचाई पर पहुंचा है, वह हमारी प्रतिस्पर्धा का एक मार्क बन चुका है, एक बेंचमार्क बन चुका है। … (व्यवधान) पिछले दस सालों में हमने जो स्पीड पकड़ी है, अब हमारा मुकाबला, उसी स्पीड को और ज्यादा स्पीड में ले जाने का है और मेरा विश्वास है कि देश की इच्छा को हम उसी गति से पूरा करेंगे। … (व्यवधान)

आदरणीय अध्यक्ष जी, हम हर सफलता को, हर सैक्टर को नेक्स्ट लैवल तक ले जाएंगे। … (व्यवधान)

आदरणीय अध्यक्ष जी, भारत की इकोनॉमी को दस साल के अल्पकाल में हम दसवें नंबर की इकोनॉमी से 5वें नंबर पर ले गए हैं। … (व्यवधान) अब हम नेक्स्ट लैवल पर जाने के लिए जिस गति से निकले हैं, हम देश की इकोनॉमी को विश्व में तीसरे नंबर पर ले जाएंगे। … (व्यवधान)

आदरणीय अध्यक्ष जी, दस सालों में हमने भारत को मोबाइल फोन का बड़ा मैन्युफक्चरर बना दिया है। ... (व्यवधान) भारत को मोबाइल फोन का बड़ा एक्सपोर्टर बना दिया। अब यही काम हमारे इस टेन्योर में सेमी कंडक्टर और अन्य सेक्टर्स में हम करने जा रहे हैं। दुनिया के महत्वपूर्ण कामों में जो चिप्स काम में आएंगी, वह चिप्स मेरे भारत की मिट्टी में तैयार हुई होंगी। मेरे भारत के नौजवानों की बुद्धि का परिणाम होगा, मेरे भारत के नौजवानों के परिश्रम का परिणाम होगा, यह विश्वास हमारे बीच में है।... (व्यवधान)

आदरणीय अध्यक्ष जी, हम आधुनिक भारत की तरफ भी जाएंगे। हम विकास की नई ऊंचाइयों को हासिल करेंगे, लेकिन हमारी जड़ें जमीन से जुड़ी रहेंगी।... (व्यवधान) हमारे पैर देश के जन सामान्य की जिंदगी से जुड़े रहेंगे। हम चार करोड़ गरीबों के घर बना चुके हैं। आने वाले इस टेन्योर में तेज गति से तीन करोड़ और घर बना कर, इस देश में किसी को भी घर के बिना रहना नहीं पड़े, यह हम देखेंगे।... (व्यवधान)

आदरणीय अध्यक्ष जी, 10 साल में वुमन सेल्फ ग्रुप में देश की कोटि-कोटि बहनों को एंटरप्रिन्योर के क्षेत्र में हम बहुत सफलतापूर्वक आगे बढ़े हैं। अब हम उसको नेक्स्ट लेवल पर ले जाने वाले हैं।... (व्यवधान) हमारे वुमन सेल्फ हेल्प ग्रुप में जो बहनें काम कर रही हैं, उनकी आर्थिक गतिविधि इतनी बढ़ाना चाहते हैं, उसका इतना विस्तार करना चाहते हैं कि हम बहुत कम समय में तीन करोड़ ऐसी बहनों को लखपति दीदी बनाने का संकल्प लेकर चलने वाले हैं।... (व्यवधान)

आदरणीय अध्यक्ष जी, मैंने पहले भी कहा है, आज मैं फिर से दोहरा रहा हूं। हमारी तीसरी टर्म में, इसका मतलब है – हम तीन गुना स्पीड से काम करेंगे। हमारी तीसरी टर्म का मतलब है – हम तीन गुना शक्ति लगाएंगे। हमारी तीसरी टर्म का मतलब है – हम देशवासियों को तीन गुना परिणाम लाकर देंगे।... (व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष:** सदस्यगण, मैंने नेता प्रतिपक्ष सहित सबको मौका दिया। आपने 90 मिनट बोला।

... (व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष:** संसद में यह तरीका ठीक नहीं है। मैं आपसे आग्रह करूंगा। आप इस तरीके से संसद की मर्यादा का पालन कर रहे हैं, यह उचित नहीं है।

… (व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष:** आप वेल में से जाइए और अपनी सीट पर बैठिए। आपको मैंने पर्याप्त समय और अवसर दिया।

… (व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष:** आपको मैंने 90 मिनट बोलने दिया और पूरा समय दिया। आपके सभी सदस्यों को बोलने का अवसर दिया, लेकिन जब सदन के नेता बोलते हैं और आप जिस तरीके का व्यवहार करते हैं, यह संसदीय परंपराओं के अनुरुप नहीं है।

… (व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष:** आपकी इतनी बड़ी पार्टी है, जिसको आप लेकर चल रहे हैं, उसकी परंपराओं के अनुरुप भी नहीं है। ये पाँच साल ऐसे चलने वाला नहीं है।

माननीय प्रधानमंत्री जी।

… (व्यवधान)

**श्री नरेन्द्र मोदी :** आदरणीय अध्यक्ष जी, एनडीए का तीसरी बार सरकार में आना एक ऐतिहासिक घटना है।… (व्यवधान) आज़ादी के बाद यह सौभाग्य दूसरी बार इस देश में आया है और 60 साल के बाद आया है। इसका मतलब है कि यह सिद्धि पाना कितना कठोर परिश्रम के बाद होता है, कितना अभूतपूर्व विश्वास संपन्न होने के बाद होता है।… (व्यवधान) यह ऐसे ही राजनीति के खेल से नहीं होता है, जनता जनार्दन की सेवा से प्राप्त आशीर्वाद से होता है।… (व्यवधान)

आदरणीय अध्यक्ष जी, जनता ने हमें स्थिरता और निरन्तरता के लिए जनादेश दिया है। …(व्यवधान) लोक सभा चुनाव के साथ ही लोगों की नजर से चीजें जरा ओझल हो गईं। लोक सभा चुनाव के साथ-साथ हमारे देश में चार राज्यों के भी चुनाव हुए।… (व्यवधान) इन चारों ही राज्यों में

एनडीए ने अभूतपूर्व सफलता प्राप्त की है । ... (व्यवधान) हमने शानदार विजय प्राप्त की है ।... (व्यवधान) महाप्रभु जगन्नाथ जी की धरती ओडिशा ने हमें भरपूर आशीर्वाद दिया है ।...(व्यवधान)

आदरणीय अध्यक्ष जी, आंध्र प्रदेश में एनडीए ने क्लीन स्वीप किया है । ...(व्यवधान) सूक्ष्मदर्शी यंत्र में भी ये नजर नहीं आते हैं । ...(व्यवधान) अरुणाचल प्रदेश में हम फिर एक बार सरकार बनाएंगे । ...(व्यवधान) सिक्किम में एनडीए ने फिर एक बार सरकार बनाई है ।...(व्यवधान) अभी 6 महीने पहले ही आपका होम स्टेट राजस्थान, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में हमने प्रचंड विजय पाई है । ... (व्यवधान) हमें नए-नए क्षेत्रों में जनता का प्यार मिल रहा है, जनता का आशीर्वाद मिल रहा है ।... (व्यवधान)

आदरणीय अध्यक्ष जी, बीजेपी ने केरल में इस बार खाता खोला है और बड़े गर्व के साथ केरल के सांसद हमारे साथ बैठते हैं । ... (व्यवधान) तमिलनाडु में कई सीटों पर बीजेपी ने दमदार उपस्थिति दर्ज की है । ...(व्यवधान) कर्नाटक, यू.पी. और राजस्थान में पिछली बार की तुलना में बीजेपी का वोट पर्सेंट बढ़ा है ।...(व्यवधान) आने वाले समय में तीन राज्यों में चुनाव हैं । जिन राज्यों में चुनाव हैं, उनमें से तीन की मैं बात करता हूं । ... (व्यवधान) महाराष्ट्र, हरियाणा और झारखंड, यहां चुनाव आ रहे हैं । ... (व्यवधान) पिछली विधान सभा में इन तीन राज्यों में हमें जितने वोट मिले थे, इस लोक सभा चुनाव में इन तीन राज्यों में हमें उससे भी ज्यादा वोट मिले हैं ।...(व्यवधान)

आदरणीय अध्यक्ष जी, पंजाब में भी हमारा अभूतपूर्व प्रदर्शन रहा है और हमें बढ़त मिली है । ...(व्यवधान) जनता जनार्दन का भरपूर आशीर्वाद हमारे साथ है । ... (व्यवधान) 2024 के चुनाव में कांग्रेस के लिए भी इस देश की जनता ने जनादेश दिया है । ... (व्यवधान) इस देश का जनादेश है कि आप वहीं बैठिए । ... (व्यवधान)

**<u>17.00 hrs</u>**

विपक्ष में ही बैठो, तर्क खत्म हो जाए तो चीखते रहो, चिल्लाते रहो, ... (व्यवधान) कांग्रेस के इतिहास का यह पहला मौका है, जब लगातार तीन बार कांग्रेस 100 का आंकड़ा पार नहीं कर पायी है। कांग्रेस के इतिहास में यह तीसरी सबसे बड़ी हार है । तीसरा सबसे खराब प्रदर्शन है । अच्छा होता,

कांग्रेस अपनी हार स्वीकार करती, जनता जनार्दन के आदेश को सर आंखों पर चढ़ाती, आत्ममंथन करती, लेकिन ये तो शीर्षासन करने में लगे हुए हैं। ... (व्यवधान) कांग्रेस और उसका इको सिस्टम दिन-रात बिजली जलाकर हिन्दुस्तान के नागरिकों के मन में यह प्रस्थापित करने की कोशिश कर रहे हैं कि उन्होंने हमें हरा दिया है।

आदरणीय अध्यक्ष जी, ऐसा क्यों हो रहा है, मैं अपने सामान्य जीवन के अनुभव से बता रहा हूं, कोई छोटा बच्चा साइकिल लेकर निकला है, अगर वह बच्चा गिर जाता है, साइकिल से लुढ़क जाता है, रोने लगता है, कोई बड़ा व्यक्ति उसके पास पहुंच जाता है, उसको कहता है कि चीटी मर गई, देखो चिड़िया उड़ गई, देखो तुम तो बहुत बढ़िया साइकिल चलाते हो, तुम गिरे नहीं हो, ऐसा करके उसका जरा मन ठीक करने के लिए प्रयास करते हैं, उसका ध्यान भटकाकर उस बच्चे का मन बहला देते हैं। आजकल बच्चे का मन बहाने का काम चल रहा है। ... (व्यवधान) कांग्रेस के लोग और उनका इको सिस्टम आजकल मन बहलाने का काम कर रहा है।

आदरणीय अध्यक्ष जी, 1984 के चुनाव को याद कीजिए, उसके बाद इस देश में 10 लोक सभा के चुनाव हुए, 1984 के बाद 10-10 लोक सभा के चुनाव होने के बावजूद भी कांग्रेस 250 के आंकड़े को छू नहीं पायी है। इस बार किसी तरह 99 के चक्कर में फंस गए हैं। ... (व्यवधान) इस बार किसी तरह 99 के चक्कर में फंस गए हैं। ... (व्यवधान)

आदरणीय अध्यक्ष जी, मुझे किस्सा याद आता है, 99 मार्क्स लेकर एक बालक घमंड में घूम रहा था और सबको दिखा रहा था कि देखो, कितने ज्यादा मार्क्स आए हैं। लोग भी 99 मार्क्स सुनते थे तो शाबाशी देते थे और उसका बहुत हौसला बुलंद करते थे। उनके टीचर आए और बोले कि किस बात की मिठाई बांट रहे हो, 100 में से 99 मार्क्स नहीं लाए हैं, 543 में से लाए हैं। ... (व्यवधान) अब उस बालक बुद्धि को कौन समझाए कि तुमने फेल होने का वर्ल्ड रिकॉर्ड बना दिया है। ... (व्यवधान)

आदरणीय अध्यक्ष जी, कांग्रेस के नेताओं के बयानों में बयानबाजी ने शोले फिल्म को भी पीछे छोड़ दिया है। ... (व्यवधान) आप सबको शोले फिल्म की मौसीजी याद होंगी। यह बात तो सही है कि तीसरी बार तो हारे हैं, पर मौसी, मोरल विक्टरी तो है न। ... (व्यवधान) 13 राज्यों में जीरो सीट आई

है, अरे मौसी, पर हीरो तो हैं न। ... (व्यवधान) पार्टी की लुटिया तो डुबोई है, अरे मौसी, लेकिन पार्टी अभी भी सांसें तो ले रही है। ... (व्यवधान) मैं कांग्रेस के लोगों को कहूंगा कि जनादेश को फर्जी जीत के जश्न में मत दबाओ। ... (व्यवधान) जनादेश को फर्जी जीत के नशे में मत डुबाओ। ... (व्यवधान) उस जश्न में मत दबाओ।... (व्यवधान) ईमानदारी से देशवासियों के जनादेश को ज़रा समझने की कोशिश करो, उसे स्वीकार करो। ... (व्यवधान)

आदरणीय अध्यक्ष जी, मुझे नहीं पता कि कांग्रेस के जो साथी दल हैं, उन्होंने इस चुनाव का विश्लेषण किया है या नहीं किया है। ये चुनाव इन साथियों के लिए भी एक संदेश हैं। ... (व्यवधान) अब कांग्रेस पार्टी वर्ष 2024 से एक परजीवी कांग्रेस के रूप में जानी जाएगी। वर्ष 2024 से जो कांग्रेस है, वह परजीवी कांग्रेस है और परजीवी वह होता है, जो जिस शरीर के साथ रहता है, उसी को खाता है। ... (व्यवधान) कांग्रेस भी जिस पार्टी के साथ गठबंधन करती है, उसी के वोट खा जाती है और अपनी सहयोगी पार्टी की कीमत पर वह फलती-फूलती है। इसीलिए कांग्रेस परजीवी कांग्रेस बन चुकी है। ... (व्यवधान) मैं जब परजीवी कह रहा हूं, तो तथ्यों के आधार पर कह रहा हूं।

आदरणीय अध्यक्ष जी, मैं कुछ आंकड़े आपके माध्यम से सदन को और इस सदन के माध्यम से देश के सामने रखना चाहता हूं। ... (व्यवधान) जहां-जहां भाजपा और कांग्रेस का सीधा मुकाबला था या जहां कांग्रेस मेजर पार्टी थी और साथियों के पास एक-दो सीटें थीं, वहां कांग्रेस का स्ट्राइक रेट सिर्फ और सिर्फ 26 परसेंट है, लेकिन जहां कांग्रेस किसी का पल्लू पकड़कर चलती थी, जहां वह जूनियर पार्टनर थी, किसी दल ने इनको मौका दे दिया, ऐसे राज्यों में कांग्रेस का स्ट्राइक रेट 50 परसेंट है। ... (व्यवधान) कांग्रेस की 99 सीटों में से ज्यादातर सीटें उनके सहयोगियों ने जिताई हैं। इसीलिए मैं कहता हूं कि यह परजीवी कांग्रेस है। 16 राज्यों में जहां कांग्रेस अकेले लड़ी, वहां उसका वोट शेयर इस चुनाव में गिर चुका है। ... (व्यवधान)

आदरणीय अध्यक्ष जी, गुजरात, छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश में कांग्रेस अपने दम पर लड़ी और 64 में से केवल 2 सीटें ही जीत पाई है। ... (व्यवधान) इसका साफ मतलब है कि इस चुनाव में कांग्रेस पूरी तरह से परजीवी बन चुकी है और अपने सहयोगी दलों के कंधे पर चढ़कर सीटों का आंकड़ा

बढ़ाया है। अगर कांग्रेस ने अपने सहयोगियों के वोट न खाए होते, तो लोक सभा में उनके लिए इतनी सीटें जीत पाना भी बहुत मुश्किल था। … (व्यवधान)

आदरणीय अध्यक्ष जी, ऐसे समय में एक अवसर आया है। देश ने विकास के रास्ते को चुना है। देश ने विकसित भारत के सपने को साकार करने का मन बना लिया है। भारत को एकजुट होकर समृद्धि का नया सफर तय करना है। ऐसे समय में यह देश का दुर्भाग्य है कि हिन्दुस्तान में 6-6 दशक तक राज करने वाली कांग्रेस पार्टी अराजकता फैलाने में जुटी हुई है।… (व्यवधान) ये दक्षिण में जाकर उत्तर के लोगों के खिलाफ बोलते हैं। ये उत्तर में जाकर पश्चिम के खिलाफ जहर उगलते हैं। पश्चिम के लोगों के खिलाफ बोलते हैं। महापुरूषों के खिलाफ बोलते हैं। इन्होंने भाषा के आधार पर बांटने की हर कोशिश की है। … (व्यवधान) जिन नेताओं ने देश के हिस्से को भारत से अलग करने की वकालत की थी, उनको संसद की टिकट देने का दुर्भाग्य हमें देखना पड़ा। जो कांग्रेस पार्टी ने पाप किया है, कांग्रेस पार्टी खुलेआम एक जाति को दूसरी जाति के खिलाफ लड़ाने के लिए रोज नई-नई नरेटिव गढ़ रही है। नई तय अफवाहें फैला रही है। … (व्यवधान)

आदरणीय अध्यक्ष जी, देश के एक हिस्से के लोगों को हीन बताने की प्रवृत्ति को भी कांग्रेस के लोग बढ़ावा दे रहे हैं। … (व्यवधान)

आदरणीय अध्यक्ष जी, कांग्रेस देश में आर्थिक अराजकता फैलाने की दिशा में भी सोची-समझी चाल चल रही है। … (व्यवधान) चुनाव के दौरान जो बातें की गईं राज्यों में, उनके राज्यों में जिस प्रकार से ये आर्थिक कदम उठा रहे हैं, वह रास्ता आर्थिक अराजकता की तरफ देश को घसीटने वाला है।… (व्यवधान) उनके राज्य देश पर आर्थिक बोझ बन जाएं, यह खेल जान-बूझकर के खेला जा रहा है। मंचों से साफ-साफ घोषणा की गई। अगर इनके मन का परिणाम नहीं आया तो 4 जून को देश में आग लगा दी जाएगी। लोग इकट्ठे होंगे, अराजकता फैलाएंगे, ये अधिकृत रूप से आह्वान किए गए। यह अराजकता फैलाना इनका मकसद है। भारत की लोकतांत्रिक प्रक्रिया को सवालों के घेरे में लाकर अराजकता फैलाने का प्रयास किया गया है। सीएए को लेकर जो अराजकता फैलाई गई, देश के लोगों

में गुमराह करने का जो खेल खेला गया, पूरी इको सिस्टम इस बात को बल देती रही, ताकि उनके राजनीतिक मकसद पूरे हों।... (व्यवधान)

आदरणीय अध्यक्ष जी, देश को दंगों में झोंकने के भी कुत्सित प्रयास पूरे देश ने देखे हैं। ...(व्यवधान)

आदरणीय अध्यक्ष जी, आजकल सिम्पथी गेन करने के लिए एक नई ड्रामेबाजी शुरू की गई है। नया खेल खेला जा रहा है। मैं एक किस्सा सुनाता हूं। एक बच्चा स्कूल से आया और जोर-जोर से रोने लगा। उसकी मां भी डर गई कि क्या हो गया। वह बहुत रोने लगा, फिर कहने लगा कि मां मुझे आज स्कूल में मारा गया। आज स्कूल में मुझे उसने मारा, आज स्कूल में मुझे इसने मारा और वह जोर-जोर से रोने लगा। मां परेशान हो गई, उसने उससे पूछा कि बेटा बात क्या थी, लेकिन वह बता नहीं रहा था, बस रो रहा था कि मुझे मारा, मुझे मारा।...(व्यवधान)

बच्चा ये नहीं बता रहा था कि आज स्कूल में उस बच्चे ने किसी दूसरे बच्चे को मां की गाली दी थी। उसने ये नहीं बताया कि उसने किसी बच्चे की किताबें फाड़ दी थीं। उसने ये नहीं बताया कि उसने टीचर को चोर कहा था। उसने ये नहीं बताया कि वह किसी का टिफिन चुराकर खा गया था। हमने कल सदन में यही बचकाना हरकत देखी है। कल यहां बालक बुद्धि का विलाप चल रहा था। मुझे मारा गया, मुझे इसने मारा, मुझे उसने मारा, मुझे यहां मारा, मुझे वहां मारा। ये चल रहा था। ...(व्यवधान)

आदरणीय अध्यक्ष जी, सिम्पथी हासिल करने के लिए ये नया ड्रामा चलाया गया है, लेकिन देशवासी ये सच्चाई जानते हैं कि ये हजारों-करोड़ रुपयों की हेराफेरी के मामले में जमानत पर बाहर हैं।...(व्यवधान) ये ओबीसी वर्ग के लोगों को चोर बताने के मामले में सजा पा चुके हैं। इनको देश की सर्वोच्च अदालत में गैर-जिम्मेदाराना बयान देने के बाद माफी मांगनी पड़ी है। इन पर महान स्वातंत्र्य सेनानी वीर सवारकर जैसे महान व्यक्तित्व का अपमान करने का मुकदमा है। इन पर देश की सबसे बड़ी पार्टी के अध्यक्ष को हत्यारा कहने का मुकदमा चल रहा है। इन पर अनेक नेताओं, अधिकारियों, संस्थानों पर झूठ बोलने के गंभीर आरोप हैं और वे केस चल रहे हैं।...(व्यवधान)

आदरणीय अध्यक्ष जी, बालक बुद्धि में न तो बोलने का ठिकाना होता है और न ही व्यवहार का कोई ठिकाना होता है। ... (व्यवधान) जब यह बालक बुद्धि पूरी तरह से सवार हो जाती है तो सदन में भी किसी के गले पड़ जाते हैं। ... (व्यवधान) यह बालक बुद्धि अपनी सीमाएं खो देती है तो सदन के अंदर बैठकर के आंखें मारते हैं।... (व्यवधान) इनकी सच्चाई को अब पूरा देश समझ गया है।... (व्यवधान) इसलिए, आज देश इनसे कह रहा है- 'तुमसे नहीं हो पाएगा।' ... (व्यवधान) 'तुमसे ना हो पाएगा।' ... (व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** माननीय सदस्यगण, प्लीज बैठ जाइए।

... (व्यवधान)

**श्री नरेन्द्र मोदी :** आदरणीय अध्यक्ष जी, तुलसीदास जी कह गए हैं।... (व्यवधान) अखिलेश जी, तुलसीदास जी कह गए हैं- 'झुठइ लेना, झुठइ देना, झुठइ भोजन, झुठइ चबेना।'... (व्यवधान) तुलसीदास जी ने कहा है- 'झुठइ लेना, झुठइ देना, झुठइ भोजन, झुठइ चबेना।' ... (व्यवधान) कांग्रेस ने झूठ को राजनीति का हथियार बनाया।... (व्यवधान) कांग्रेस के मुंह झूठ लग गया है।... (व्यवधान) जैसे आदमखोर एनिमल होता है, जिसको लहु मुंह पर लग जाता है।... (व्यवधान) वैसे ही, कांग्रेस के मुंह झूठ का खून लग गया है।... (व्यवधान) देश ने कल यानी 1 जुलाई को खटाखट दिवस भी मनाया है।... (व्यवधान) 1 जुलाई को लोग अपने बैंक अकाउंट चेक कर रहे थे कि 8500 रुपये आए या नहीं आए!... (व्यवधान) इस झूठे नरेटिव का परिणाम देखिए, इसी चुनाव में कांग्रेस ने देशवासियों को गुमराह किया।... (व्यवधान) माताओं-बहनों को हर महीने 8500 रुपये देने का झूठ... (व्यवधान) इन माताओं-बहनों के दिलों को जो चोट लगी है न! ... (व्यवधान) वह सर्प बनकर के कांग्रेस को तबाह करने वाली है।... (व्यवधान)

आदरणीय अध्यक्ष जी, ईवीएम को लेकर झूठ, संविधान को लेकर झूठ, आरक्षण को लेकर झूठ... (व्यवधान) उससे पहले राफेल को लेकर झूठ, एच.ए.एल. को लेकर के झूठ, एल.आई.सी. को लेकर के झूठ, बैंकों को लेकर झूठ तथा कर्मचारियों को भी भड़काने के प्रयास हुए। हौसला तो इतना

बढ़ गया कि कल सदन को भी गुमराह करने का प्रयास हुआ। कल अग्निवीर को लेकर सदन में झूठ बोला गया। कल यहां भरपूर असत्य बोला गया कि एम.एस.पी. नहीं दी जा रही है।

आदरणीय अध्यक्ष जी, संविधान की गरिमा से खिलवाड़, यह सदन का दुर्भाग्य है। अनेक बार लोक सभा में जीतकर के आए लोग सदन की गरिमा के साथ खिलवाड़ करें, यह शोभा नहीं देता है। यहां पर जो दल 60-60 सालों तक बैठा है, जो सरकार के कामों को जानता है, जिसके पास अनुभवी नेताओं की श्रृंखला है, वे जब अराजकता के इस रास्ते पर चले जाएं, झूठ के रास्ते को चुन लें, तब देश गंभीर संकट की तरफ जा रहा है और इसका सबूत भी मिल रहा है।

आदरणीय अध्यक्ष जी, सदन की गरिमा से खिलवाड़ हमारे संविधान निर्माताओं का अपमान है, इस देश के महापुरुषों का अपमान है। देश के लिए, आज़ादी के लिए बलिदान देने वाले वीर सपूतों का अपमान है। आदरणीय अध्यक्ष जी, मैं जानता हूँ कि आप बहुत सर्वोदयी हैं। आप उदार मन के मालिक हैं। आप संकट के समय भी हल्की-फुल्की मीठी मुस्कान के साथ चीजों को झेल लेते हैं, लेकिन अब जो हो रहा है और कल जो हुआ है, उसे गंभीरता से लिए बिना संसदीय लोकतंत्र को हम रक्षित नहीं कर पाएंगे।

आदरणीय अध्यक्ष जी, इन हरकतों को बालक बुद्धि कहकर, बालक बुद्धि मानकर के अब नजरअंदाज नहीं करना चाहिए, कतई नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। मैं इसलिए कह रहा हूँ, क्योंकि इसके पीछे इरादे नेक नहीं हैं। इरादे गंभीर खतरे के हैं। मैं देशवासियों को भी जगाना चाहता हूँ। इन लोगों का झूठ हमारे देश के नागरिकों की विवेक बुद्धि पर आशंका व्यक्त करता है। उनका झूठ देश के सामान्य विवेक बुद्धि पर एक तमाचा मारने की निर्लज्ज हरकत है।

आदरणीय अध्यक्ष जी, ये हरकतें देश की महान परंपराओं पर तमाचा है। इस सदन की गरिमा बचाने की बहुत बड़ी जिम्मेदारी आप पर है। हम सदन में शुरू हुई झूठ की परंपरा पर कठोर कार्रवाई करेंगे। यह देशवासियों की भी और इस सदन की भी अपेक्षा है।

आदरणीय अध्यक्ष महोदय जी, कांग्रेस ने संविधान और आरक्षण पर भी हमेशा झूठ बोला है। …(व्यवधान) आज मैं 140 करोड़ देशवासियों के सामने सच्चाई रखना चाहता हूं, बड़ी नम्रतापूर्वक रखना चाहता हूं।…(व्यवधान) देशवासियों ने भी इस सत्य को जानना बहुत जरूरी है।…(व्यवधान)

आदरणीय अध्यक्ष महोदय जी, आपातकाल, इमरजेंसी का यह 50वां वर्ष है। इमरजेंसी सिर्फ और सिर्फ सत्ता के लोभ की खातिर, तानाशाही मानसिकता के कारण देश पर थोपा गया तानाशाही शासन था और कांग्रेस क्रूरता की सभी हदें पार कर चुकी है।…(व्यवधान) उसने अपने ही देशवासियों पर क्रूरता का पंजा फैलाया था और देश के ताने-बाने को छिन्न-विच्छिन्न करने का पाप किया था। …(व्यवधान)

आदरणीय अध्यक्ष महोदय जी, सरकारों को गिराना, मीडिया को दबाना, हर कारनामे, संविधान की भावना के खिलाफ, संविधान की धाराओं के खिलाफ, संविधान के एक-एक शब्द के खिलाफ है।…(व्यवधान) ये वे लोग हैं, जिन्होंने प्रारंभ से देश के दलितों के साथ, देश के पिछड़ों के साथ घोर अन्याय किया है।…(व्यवधान)

आदरणीय अध्यक्ष जी, इसी कारण से बाबा साहेब अम्बेडकर ने कांग्रेस की दलित विरोधी, पिछड़े विरोधी मानसिकता के कारण नेहरू जी की कैबिनेट से इस्तीफा दिया था।…(व्यवधान) उन्होंने पर्दाफाश किया था कि कैसे नेहरू जी ने दलितों, पिछड़ों के साथ अन्याय किया और बाबा साहेब अम्बेडकर ने कैबिनट से इस्तीफा देते समय जो कारण बताए थे, वे कारण इनके चरित्र को दर्शाते हैं।…(व्यवधान) बाबा साहेब अम्बेडकर जी ने कहा था, मैं सरकार द्वारा अनुसूचित जातियों की उपेक्षा पर अपने अंदर उत्पन्न आक्रोश को रोक नहीं सका। ये बाबा साहेब अम्बेडकर के शब्द हैं। …(व्यवधान) अनुसूचित जातियों की उपेक्षा, इसने बाबा साहेब अम्बेडकर को आक्रोशित कर दिया। …(व्यवधान) बाबा साहेब के सीधे हमले के बाद नेहरू जी ने बाबा साहेब अम्बेडकर का राजनीतिक जीवन खत्म करने के लिए पूरी ताकत लगा दी।…(व्यवधान)

आदरणीय अध्यक्ष जी, पहले षड़यंत्रपूर्वक बाबा साहेब अम्बेडकर को चुनाव में हरवाया गया। …(व्यवधान)

आदरणीय अध्यक्ष जी, इतना ही नहीं, उन्होंने बाबा साहेब अम्बेडकर की इस पराजय का जश्न मनाया, खुशी मनाई।... (व्यवधान) उन्होंने खुशी व्यक्त की। एक पत्र में यह लिखित है।... (व्यवधान) इस खुशी का... (व्यवधान) बाबा साहेब की तरह ही दलित नेता बाबू जगजीवन राम जी को भी उनका हक नहीं दिया गया।... (व्यवधान) इमर्जेंसी के बाद जगजीवन राम जी की पीएम बनने की सम्भावना थी।... (व्यवधान) इंदिरा गांधी जी ने पक्का किया कि जगजीवन राम जी किसी भी हालत में पीएम न बनें।... (व्यवधान) एक किताब में लिखा गया है कि किसी भी कीमत पर जगजीवन राम जी प्रधान मंत्री नहीं बनने चाहिए। अगर बन गए तो वे जिंदगी भर हटेंगे नहीं।... (व्यवधान) यह इंदिरा गांधी जी का क्वोट उस किताब में है।... (व्यवधान) कांग्रेस ने चौधरी चरण सिंह जी के साथ भी यही व्यवहार किया। उनको भी नहीं छोड़ा था।... (व्यवधान) पिछड़ों के नेता, कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष, बिहार के सपूत सीताराम केसरी के साथ भी अपमानित व्यवहार करने का पाप इसी कांग्रेस ने किया था।... (व्यवधान)

आदरणीय अध्यक्ष जी, कांग्रेस पार्टी प्रारम्भ से ही आरक्षण की घोर विरोधी रही है।... (व्यवधान) नेहरू जी ने तो मुख्य मंत्रियों को चिट्ठी लिखकर साफ-साफ शब्दों में आरक्षण का विरोध किया था।... (व्यवधान) कांग्रेस के एक प्रधान मंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी जी ने मंडल कमीशन की रिपोर्ट ठंडे बक्से में सालों तक दबाए रखा था।... (व्यवधान)

आदरणीय अध्यक्ष जी, कांग्रेस पार्टी के तीसरे प्रधान मंत्री श्रीमान राजीव गांधी जब विपक्ष में थे, तो उनका सबसे लम्बा भाषण आरक्षण के खिलाफ था।... (व्यवधान) वह आज भी संसद के रिकॉर्ड में उपलब्ध है। इसलिए... (व्यवधान)

आदरणीय अध्यक्ष जी, मैं आज एक गम्भीर विषय पर आपका और देशवासियों का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं।... (व्यवधान) कल जो हुआ, इस देश के कोटि-कोटि देशवासी आने वाली सदियों तक माफ नहीं करेंगे।... (व्यवधान)

आदरणीय अध्यक्ष जी, 131 साल पहले स्वामी विवेकानंद जी ने शिकागो में कहा था– मुझे गर्व है कि मैं उस धर्म से आता हूं, जिसने पूरी दुनिया को सहिष्णुता और वैश्विक स्वीकृति सिखाई है।...

(व्यवधान) 131 साल पहले हिन्दू धर्म के लिए विवेकानंद जी ने अमेरिका के शिकागो में दुनिया के दिग्गजों के सामने कहा था।... (व्यवधान)

आदरणीय अध्यक्ष जी, हिन्दू सहनशील है, हिन्दू अपनत्व को लेकर चलने वाला समूह है। इसी कारण से, भारत का लोकतंत्र भारत की इतनी विविधताएं, उसकी वैविध्यता की विराटता के कारण ही पनपी है और पनप रही है।... (व्यवधान)

आदरणीय अध्यक्ष जी, यह एक गंभीर बात है कि आज हिन्दुओं पर झूठा आरोप लगाने की साज़िश हो रही है, गंभीर षड़यंत्र हो रहा है।... (व्यवधान) यह कहा गया कि हिन्दू हिंसक होते हैं। यह है आपका संस्कार, यह है आपका चरित्र, यह है आपकी सोच, यह है आपकी नफरत? इस देश के हिन्दुओं के साथ ये कारनामे? ... (व्यवधान)

आदरणीय अध्यक्ष जी, यह देश शताब्दियों तक इसे भूलने वाला नहीं है।... (व्यवधान) कुछ दिन पहले हिन्दुओं में जो शक्ति की कल्पना है, उसके विनाश की घोषणा की गई थी।... (व्यवधान) आप किस शक्ति के विनाश की बात करते हैं? ... (व्यवधान) यह देश सदियों से शक्ति का उपासक है। ... (व्यवधान) यह मेरा बंगाल माँ दुर्गा की पूजा करता है, शक्ति की उपासना करता है।... (व्यवधान) यह बंगाल माँ काली की उपासना करता है, समर्पित भाव से करता है।... (व्यवधान) आप उस शक्ति के विनाश की बातें करते हो? ... (व्यवधान) ये वे लोग हैं, जिन्होंने 'हिन्दू आतंकवाद' शब्द गढ़ने की कोशिश की थी।... (व्यवधान) इनके साथी हिन्दू धर्म की तुलना डेंगू, मलेरिया जैसे शब्दों से करें और ये लोग तालियाँ बजाएं, यह देश कभी माफ नहीं करेगा।... (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष जी, एक सोची-समझी रणनीति के तहत इनका पूरा इको-सिस्टम हिन्दू परम्परा, हिन्दू समाज, इस देश की संस्कृति, देश की विरासत को नीचा दिखाना, उसे गाली देना, उसे अपमानित करना, हिन्दुओं का मजाक उड़ाने को फैशन बना दिया है और उसे संरक्षण देने का काम अपने राजनीतिक स्वार्थ के लिए ऐसे तत्त्व कर रहे हैं।... (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष जी, हम बचपन से सीखते हुए आये हैं, गांव का हो, शहर का हो, गरीब हो, अमीर हो, इस देश का हर बच्चा-बच्चा जानता है कि ईश्वर का हर रूप दर्शन के लिए होता है। ईश्वर का

कोई भी रूप निजी स्वार्थ के लिए प्रदर्शन के लिए नहीं होता है।… (व्यवधान) जिसके दर्शन होते हैं, उसके प्रदर्शन नहीं होते हैं। … (व्यवधान)

आदरणीय अध्यक्ष जी, हमारे देवी-देवताओं का अपमान 140 करोड़ देशवासियों के दिलों को गहरी चोट पहुंचा रहा है। … (व्यवधान) निजी राजनीतिक स्वार्थ के लिए ईश्वर के रूपों का इस प्रकार से खेल? … (व्यवधान) आदरणीय अध्यक्ष जी, यह देश कैसे माफ कर सकता है? … (व्यवधान)

आदरणीय अध्यक्ष जी, सदन के कल के दृश्यों को देखकर अब हिंदू समाज को भी सोचना होगा कि क्या यह अपमानजनक बयान कोई संयोग है या कोई प्रयोग की तैयारी है? … (व्यवधान) यह हिंदू समाज को सोचना पड़ेगा। … (व्यवधान)

आदरणीय अध्यक्ष जी, हमारी सेनाएं देश का अभिमान हैं। … (व्यवधान) सारे देश को उनके साहस और हमारी सेना की वीरता पर गर्व है । … (व्यवधान) आज सारा देश देख रहा है । … (व्यवधान) हमारी सेनाएं, हमारा डिफेंस सेक्टर आज़ादी के बाद इतने सालों में जितना नहीं हुआ, इतने रिफॉर्म्स हो रहे हैं, हमारी सेना को आधुनिक बनाया जा रहा है। … (व्यवधान) हर चुनौती को हमारी सेना मुंहतोड़ जवाब दे सके, इसलिए युद्ध के सामर्थ वाली सेना बनाने के लिए, देश की सुरक्षा का मकसद लेकर हम भरपूर प्रयास कर रहे हैं, रिफॉर्म्स कर रहे हैं, कदम उठा रहे हैं। … (व्यवधान)

आदरणीय अध्यक्ष जी, बीते कुछ सालों में बहुत सारी चीजें बदली हैं। … (व्यवधान) सीडीएस का पद बनने के बाद इंटीग्रेशन और सशक्त हुआ है। … (व्यवधान)

आदरणीय अध्यक्ष जी, हमारी सशस्त्र सेनाओं के बीच उनके सहयोग से, लंबे समय से युद्धशास्त्र के निष्णातों का मत था कि भारत में थिएटर कमांड जरूरी है। … (व्यवधान) आज मैं संतोष के साथ कह सकता हूं कि सीडीएस व्यवस्था बनने के बाद देश में सुरक्षा के लिए जरूरी थिएटर कमांड की दिशा में प्रगति हो रही है। … (व्यवधान)

आदरणीय अध्यक्ष जी, 'आत्मनिर्भर भारत' में हमारी सेना को आत्मनिर्भर बनाना, उसकी भी बहुत बड़ी, महत्वपूर्ण भूमिका निभाई जा रही है। … (व्यवधान) हमारे देश की सेना युवा होनी चाहिए। … (व्यवधान) सेना दुश्मनों के दांत खट्टे करने के लिए होती है। … (व्यवधान) हमें हमारे युवाओं पर

भरोसा होना चाहिए । ... (व्यवधान) सेना में युवाओं की ताकत बढ़ानी चाहिए । ... (व्यवधान) इसलिए, हम लगातार युद्ध-योग्य सेना बनाने के लिए रिफॉर्म्स कर रहे हैं। ... (व्यवधान) समय पर रिफॉर्म्स न करने के कारण हमारी सेना का बहुत नुकसान हुआ है। ... (व्यवधान) लेकिन ये बातें सार्वजनिक कहने योग्य नहीं होने के कारण मैं अपने मुंह को ताला लगाकर बैठा हूं। ... (व्यवधान)

आदरणीय अध्यक्ष जी, देश की सुरक्षा एक गंभीर मसला होता है। ... (व्यवधान) आदरणीय अध्यक्ष जी, ऐसे रिफॉर्म्स का उद्देश्य किसी भी परिस्थिति में, अब युद्ध के रूप बदल रहे हैं, संसाधन बदल रहे हैं, शस्त्र बदल रहे हैं, तकनीक बदल रही है। ... (व्यवधान) ऐसे में हमें हमारी सेनाओं को उन्हीं चुनौतियों के अनुरूप तैयार करना, यह बहुत बड़ी जिम्मेदारी होती है, जिसको निभाने के लिए गालियाँ खाकर के भी, झूठे आरोप सहकर के भी मुँह पर ताला लगाकर हम काम कर रहे हैं।... (व्यवधान) ऐसे समय में देश की सेना को आधुनिक बनाने, सशक्त बनाने के लिए,...(व्यवधान) ऐसे समय कांग्रेस क्या कर रही है?... (व्यवधान) ये झूठ फैला रहे हैं।... (व्यवधान) डिफेंस रिफॉर्म्स के प्रयासों को कमजोर करने की शरारत... (व्यवधान) कर रहे हैं।... (व्यवधान)

आदरणीय अध्यक्ष जी, दरअसल कांग्रेस के लोग कभी भी भारतीय सेनाओं को ताकतवर होते नहीं देख सकते।... (व्यवधान)

आदरणीय अध्यक्ष जी, कौन नहीं जानता कि नेहरू जी के समय देश की सेनाएं कितनी कमजोर होती थीं?... (व्यवधान) हमारी सेनाओं में कांग्रेस ने जो लाखों, करोड़ों रुपये के घोटाले किए, वही एक तरीका था, जिस तरीके से देश की सेनाओं को कमजोर किया है।... (व्यवधान) इस देश की सेनाओं को कमजोर किया।... (व्यवधान) जल हो, थल हो, नभ हो, सेना की हर आवश्यकता में इन्होंने देश आज़ाद हुआ तब से भ्रष्टाचार की परम्परा बनाई।... (व्यवधान) जीप घोटाला हो, पनडुब्बी घोटाला हो, बोफोर्स घोटाला हो, इन सारे घोटालों ने देश की सेना की ताकत को बढ़ने से रोका है।... (व्यवधान)

आदरणीय अध्यक्ष जी, वह भी एक वक्त था, कांग्रेस के जमाने में हमारी सेनाओं के पास बुलेट प्रूफ जैकेट भी नहीं हुआ करती थीं।... (व्यवधान) सत्ता में रहते हुए देश की सेना को तो बर्बाद किया

ही किया, उसे कमजोर किया ही किया, लेकिन ये कारनामे विपक्ष में जाने के बाद भी चलते रहे।... (व्यवधान) विपक्ष में जाने के बाद भी सेना को कमजोर करने के लगातार प्रयास होते रहे हैं।... (व्यवधान) जब यह कांग्रेस सरकार में थी तो फाइटर जेट नहीं लिए और जब हमने कोशिश की तो कांग्रेस हर तरह की साजिश पर उतर आई।... (व्यवधान) फाइटर जेट एयरफोर्स तक न पहुँच पाए, इसके लिए साजिशें की गईं।... (व्यवधान)

आदरणीय अध्यक्ष जी, यह बालक बुद्धि देखिए कि राफेल के छोटे-छोटे खिलौने बनाकर के उड़ाने में मजा लेते थे।... (व्यवधान) देश की सेना का मजाक उड़ाते थे।... (व्यवधान)

अध्यक्ष जी, कांग्रेस ऐसे हर कदम का और रिफॉर्म का विरोध करती है, जो भारत की सेना को मजबूती दे, भारत की सेना को मजबूत बनाए।... (व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** माननीय सदस्यों, सभा की कार्यवाही माननीय प्रधानमंत्री जी के भाषण तक के लिए बढ़ाई जाती है और सभा की कार्यवाही सारी कार्यवाही पूर्ण होने तक बढ़ाई जाती है।

... (व्यवधान)

**18.00 hrs**

**श्री नरेन्द्र मोदी :** आदरणीय सभापति जी, समय देने के लिए और समय का विस्तार करने के लिए मैं आपका हृदय से आभार व्यक्त करता हूं।... (व्यवधान)

आदरणीय अध्यक्ष जी, कांग्रेस के लोगों को यह पता चल गया है कि हमारे नौजवानों की ऊर्जा हमारे सैनिकों का आत्मबल ही हमारे सशस्त्र बलों की सबसे बड़ी शक्ति है और अब इस पर हमला करके एक नया तरीका सेना में भर्ती को लेकर सरासर झूठ फैलाया जा रहा है, ताकि मेरे देश के नौजवान मेरे देश की रक्षा करने के लिए सेना में न जाएं। उन्हें रोकने के लिए षड्यंत्र हो रहा है।... (व्यवधान)

आदरणीय अध्यक्ष जी, मैं इस सदन के माध्यम से जानना चाहता हूं कि आखिर किसके लिए कांग्रेस हमारी सेनाओं को कमजोर करना चाहती है। किसके फायदे के लिए कांग्रेस वाले सेना के संबंध में इतना झूठ फैला रहे हैं। 'वन रैंक वन पेंशन' को लेकर देश के वीर जवानों की आंखों में झूल झोंकने

का प्रयास किया गया।... (व्यवधान) हमारे देश में श्रीमती इंदिरा गांधी जी ने 'वन रैंक वन पेंशन' की व्यवस्था को खत्म किया था। दशकों तक कांग्रेस ने 'वन रैंक वन पेंशन' को लागू नहीं होने दिया और जब चुनाव आए तो 500 करोड़ रुपया दिखा कर सेवानिवृत्त सेना के नायकों को मूर्ख बनाने की कोशिशें भी की गईं। उनका इरादा था कि जितना हो सके 'वन रैंक वन पेंशन' को टालते रहें। एनडीए सरकार ने 'वन रैंक वन पेंशन' लागू की। भारत के पास संसाधन कितने ही सीमित क्यों न हों, लेकिन उसके बावजूद भी, कोरोना की कठिन लड़ाई के बावजूद भी 1 लाख 20 हजार करोड़ रुपये हमारे पूर्व सैनिकों को 'वन रैंक वन पेंशन' के रूप में दिए गए।... (व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** माननीय सदस्यों, यह तरीका ठीक नहीं है। आप संसदीय परम्पराओं का पालन करें।

... (व्यवधान)

**श्री नरेन्द्र मोदी :** आदरणीय अध्यक्ष जी, आदरणीय राष्ट्रपति महोदया ने अपने उद्बोषण में पेपर लीक पर भी चिंता जताई है। मैं भी देश के हर विद्यार्थी को, देश के हर नौजवान को कहूंगा कि सरकार ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए अत्यंत गंभीर है और युद्ध स्तर पर हम अपनी जिम्मेवारियों को पूरा करने के लिए एक के बाद एक कदम उठा रहे हैं।... (व्यवधान) युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने वालों को कतई छोड़ा नहीं जाएगा। नीट के मामले में पूरे देश में लगातार गिरफ्तारियां की जा रही हैं। केंद्र सरकार पहले ही एक कड़ा कानून बना चुकी है।... (व्यवधान) परीक्षा कराने वाले पूरे सिस्टम को पुख्ता करने के लिए जरूरी कदम उठाए जा रहे हैं।... (व्यवधान)

आदरणीय अध्यक्ष जी, एनडीए सरकार ने बीते दस वर्षों में विकास को अपना सबसे बड़ा संकल्प बनाया है।... (व्यवधान) आज हमारे सामने भारत को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी इकोनॉमी बनाने का संकल्प है।... (व्यवधान) आज हमारे सामने आज़ादी के इतने सालों के बाद पीने का शुद्ध पानी पहुंचाने के लिए हर घर जल पहुंचाने का हमारा संकल्प है।... (व्यवधान)

आदरणीय अध्यक्ष जी, हर गरीब को आवास देना, यह हमारा संकल्प है।... (व्यवधान) विश्व में भारत की जैसे-जैसे ताकत बढ़ रही है, हमारी सेनाओं को भी आत्मनिर्भर बनाने का हमारा दृढ़ संकल्प है।... (व्यवधान)

आदरणीय अध्यक्ष जी, यह युग हरित युग है, यह युग 'ग्रीन एरा' है।... (व्यवधान) इसलिए, दुनिया, जो ग्लोबल वार्मिंग से लड़ाई लड़ रही है, उसको एक बहुत बड़ी ताकत देने का बीड़ा भारत ने उठाया है।... (व्यवधान) भारत रिन्यूएबल एनर्जी का पावरहाउस बने, उस दिशा में हमने एक के बाद एक कदम उठाया है और उसको अचीव करने का हमारा संकल्प है।... (व्यवधान)

आदरणीय अध्यक्ष जी, भविष्य ग्रीन हाइड्रोजन से जुड़ा है, ई-व्हीकल से जुड़ा हुआ है।... (व्यवधान) भारत को ग्रीन हाइड्रोजन का हब बनाने के लिए भी हम पूरी तरह संकल्पबद्ध हैं।... (व्यवधान)

आदरणीय अध्यक्ष जी, इक्कीसवीं सदी को भारत की सदी बनाने के लिए जिन संकल्पों को लेकर हम चले हैं, उसमें इंफ्रास्ट्रक्चर की भी बहुत बड़ी भूमिका है।... (व्यवधान) हमें आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर बनाना है, हमें विश्व के सारे बेंचमार्क्स की बराबरी पर जाना है।... (व्यवधान)

आदरणीय अध्यक्ष जी, भारत में इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए जितना निवेश हुआ है, उतना निवेश पहले कभी नहीं हुआ है, जिसका लाभ आज देशवासी देख रहे हैं।... (व्यवधान) देश में बहुत बड़े पैमाने पर रोजगार और स्वरोजगार के अवसर बन रहे हैं।... (व्यवधान) अब उसका विस्तार हो, उसको एक नया रूप-रंग मिले, आधुनिक भारत की आवश्यकताओं के अनुसार स्किल डेवलपमेंट हो और उसके आधार पर 'इंडस्ट्री 4.0' में भी भारत लीडर के रूप में उभरे और हमारे नौजवानों का भविष्य भी संवरे, उस दिशा में हम काम कर रहे हैं।... (व्यवधान)

आदरणीय अध्यक्ष जी, एक स्टडी है, यह स्टडी बड़ी महत्वपूर्ण है।... (व्यवधान) यह अध्ययन कहता है कि पिछले 18 सालों में प्राइवेट सेक्टर में जॉब क्रिएशन में आज सबसे बड़ा रिकॉर्ड बना है, 18 सालों में सबसे बड़ा रिकॉर्ड बना है।... (व्यवधान)

अध्यक्ष जी, आज भारत का डिजिटल पेमेंट सिस्टम पूरी दुनिया में एक उदाहरण बना है। ... (व्यवधान) मैं जब भी जी-20 समूह की बैठक में गया, तब भारत के डिजिटल इंडिया मूवमेंट को ले कर, डिजिटल पेमेंट को ले कर, विश्व के समृद्ध देशों को भी अचरज होता है और वे बड़ी जिज्ञासा के साथ हमसे सवाल पूछते हैं। ... (व्यवधान) यह भारत की सफलता की बहुत बड़ी कहानी है। ... (व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** माननीय सदस्य, प्लीज़। यह तरीका ठीक नहीं है।

... (व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** आप सब अपनी-अपनी सीटों पर जाइए।

... (व्यवधान)

**श्री नरेन्द्र मोदी :** आदरणीय अध्यक्ष जी, जैसे-जैसे भारत आगे बढ़ रहा है, स्वाभाविक है कि प्रतिस्पर्धा भी बढ़ रही है और चुनौतियां भी बढ़ रही हैं। ... (व्यवधान) जिन्हें भारत की प्रगति से दिक्कत है, जो भारत की प्रगति को चुनौती के रूप में देखते हैं, वे गलत हथकंडे भी अपना रहे हैं। ये ताकतें भारत की डेमोक्रेसी, डेमोग्राफी और डायवर्सिटी पर हमला कर रही है। ... (व्यवधान) यह चिंता सिर्फ मेरी नहीं है। ... (व्यवधान) यह चिंता सिर्फ सरकार की नहीं है। ... (व्यवधान) यह चिंता सिर्फ ट्रेज़री बेंच की नहीं है। ... (व्यवधान)

आदरणीय अध्यक्ष जी, देश की जनता और माननीय सुप्रीम कोर्ट तक सब कोई इन बातों से चिंतित है। ... (व्यवधान) सुप्रीम कोर्ट ने जो कहा है, वह कोट मैं आज सदन के सामने रखना चाहता हूँ। ... (व्यवधान) सुप्रीम कोर्ट का यह कोट, देश के करोड़ों-करोड़ लोगों के लिए भी कैसे-कैसे संकट आने की संभावनाएं दिख रही हैं, इसकी तरफ इशारा करता है। ... (व्यवधान)

आदरणीय अध्यक्ष जी, सुप्रीम कोर्ट ने अपने एक जजमेंट में बड़ी गंभीरतापूर्वक कहा है और मैं वह कोट पढ़ता हूँ - "ऐसा लगता है कि इस महान देश की प्रगति पर संदेह प्रकट करने, उसे कम करने और हर संभव मोर्चे पर उसे कमज़ोर करने का एक ठोस प्रयास किया जा रहा है।" यह मैं सुप्रीम कोर्ट की बात पढ़ रहा हूँ। सुप्रीम कोर्ट आगे कह रहा है – "इस तरह के किसी भी प्रयत्न या प्रयास को आरंभ में ही रोक दिया जाना चाहिए।" देश की सुप्रीम कोर्ट का यह कोट है।

आदरणीय अध्यक्ष जी, सुप्रीम कोर्ट ने यह जो भावना व्यक्त की है, इस पर हम यहां वाले या वहां वाले, जो सदन में हैं उन्होंने और जो बाहर हैं उन्होंने, सबको गंभीरता से विचार करने की आवश्यकता है।

आदरणीय अध्यक्ष जी, भारत में भी कुछ लोग हैं, जो ऐसी ताकतों की मदद कर रहे हैं। ... (व्यवधान) देशवासियों को ऐसी ताकतों से सतर्क रहने की ज़रूरत है। ... (व्यवधान)

आदरणीय अध्यक्ष जी, वर्ष 2014 में सरकार में आने के बाद देश के सामने एक बहुत बड़ी चुनौती कांग्रेस के साथ ही कांग्रेस का इको सिस्टम भी रहा है।... (व्यवधान) इस इको सिस्टम से मिली खाद-पानी, इसके दम पर कांग्रेस की मदद से यह इको सिस्टम 70 साल तक फला-फुला है।... (व्यवधान)

अध्यक्ष जी, मैं आज इस इको सिस्टम को चेताना चाहता हूं। इस इको सिस्टम की जो हरकतें हैं, जिस तरह से इस इको सिस्टम ने ठान लिया है कि विकास यात्रा को रोक देंगे, देश की प्रगति को डीरेल कर देंगे।... (व्यवधान) मैं आज इस इको सिस्टम को बता देना चाहता हूं, उसकी हर साजिश का जवाब अब उसी की भाषा में मिलेगा। यह देश, देश विरोधी साजिशों को कभी भी स्वीकार नहीं करेगा।... (व्यवधान)

आदरणीय अध्यक्ष जी, यह ऐसा काल खंड है, जब दुनिया भारत की प्रगति को बहुत गंभीरता से ले रही है, हर बारीकी को नोटिस कर रही है।... (व्यवधान)

आदरणीय अध्यक्ष जी, अब चुनाव हो चुके हैं। 140 करोड़ देशवासियों ने अपना निर्णय व जनादेश दे दिया है, आवश्यक है कि विकसित भारत के निर्माण के लिए इस संकल्प को सिद्धि में बदलने के लिए, इस सदन के सभी माननीय सदस्यों का योगदान होना चाहिए।... (व्यवधान) मैं उन सब को निमंत्रित करता हूं कि विकसित भारत के संकल्प को पूर्ण करने के लिए आप भी जिम्मेवारी के साथ आगे आइए।... (व्यवधान) देश हित के विषय पर हम साथ चलें, मिल कर के चलें और देशवासियों की आशा-आकांक्षाओं को पूरा करने में हम कोई कमी न रहने दें।... (व्यवधान)

आदरणीय अध्यक्ष जी, पॉजिटिव राजनीति भारत के इस काल खंड में बहुत आवश्यक है और मैं अपने साथी पक्षों से भी कहना चाहूंगा, इंडी गठबंधन पक्ष के लोगों से भी कहना चाहूंगा कि आप मैदान में आइए। आप गुड गवर्नेंस पर स्पर्धा करें। जहां-जहां आपकी सरकारें हैं, वहां आप एनडीए की सरकारों के साथ गुड गवर्नेंस पर स्पर्धा करें, डिलिवरी पर स्पर्धा करें, लोगों की आकांक्षा पूरी करने पर स्पर्धा करें, इससे देश का भला होगा और आपका भी भला होगा।... (व्यवधान)

आदरणीय अध्यक्ष जी, आप अच्छे कामों के लिए एनडीए के साथ स्पर्धा करें। आप रिफॉर्म्स के मामले में हिम्मत करें। जहां-जहां आपकी सरकारें हैं, वहां आप रिफॉर्म्स से कदम बढाएं और वहां विदेशी निवेश को आकर्षित करें।... (व्यवधान) अपने-अपने राज्यों में विदेशी निवेश ज्यादा आए, इसके लिए प्रयास करें। ... (व्यवधान) उनको यह अवसर है, उनके पास राज्यों में कुछ सरकारें हैं। ... (व्यवधान) इसके लिए वह भाजपा की सरकारों से स्पर्धा करें, एनडीए की सरकारों से स्पर्धा करें, सकारात्मक स्पर्धा करें।... (व्यवधान) जिन लोगों को जहां सेवा करने का मौका मिला है, वहां पर वे रोजगार के लिए स्पर्धा करें।... (व्यवधान) कौन सरकार ज्यादा रोजगार देती है, स्पर्धा के लिए मैदान में आएं, एक तंदुरुस्त स्पर्धा हो।...(व्यवधान)

आदरणीय अध्यक्ष जी, हमारे यहां भी कहा है कि गहना कर्मणो गति:, यानी कर्म की गति गहन है।...(व्यवधान) इसलिए आक्षेप, झूठ, फरेब, डिबेट ऐसे जीतने के बजाए, कर्म से, कुशलता से, समर्पण भाव से, सेवा भाव से जरा लोगों के दिल जीतने के लिए कोशिश होनी चाहिए।...(व्यवधान)

आदरणीय अध्यक्ष जी, अभी इस समय चर्चा के बीच मुझे एक दु:खद खबर भी दी गई है। यूपी के हाथरस में जो भगदड़ हुई, उसमें अनेक लोगों की दु:खद मृत्यु होने की जानकारी आ रही है। जिन लोगों की इस हादसे में जान गई है, मैं उनके प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करता हूं। मैं सभी घायलों के जल्द से जल्द ठीक होने की कामना करता हूं। राज्य सरकार की देख-रेख में प्रशासन राहत और बचाव कार्य में जुटा हुआ है। केंद्र सरकार के वरिष्ठ, उत्तर प्रदेश सरकार के लगातार सम्पर्क में हैं। मैं इस सदन के माध्यम से सभी को यह भरोसा देता हूं कि पीड़ितों की हर तरह से मदद की जाएगी।

आदरणीय अध्यक्ष जी, आज एक लम्बी चर्चा हुई।... (व्यवधान) मुझे पहली बार लोक सभा में प्रधान मंत्री के रूप में यहां पर सेवा के लिए आप लोगों ने अवसर दिया, तब भी मुझे ऐसा ही मुकाबला करना पड़ा था। ...(व्यवधान) वर्ष 2019 में भी मुझे ऐसा ही मुकाबला करना पड़ा।...(व्यवधान) मुझे राज्य सभा में भी ऐसा ही मुकाबला करना पड़ा ...(व्यवधान) और इसलिए अब तो हौसला भी बड़ा मजबूत हो गया है।...(व्यवधान) मेरा हौसला भी मजबूत है, मेरी आवाज भी मजबूत है और मेरे संकल्प भी मजबूत हैं।...(व्यवधान)

आदरणीय अध्यक्ष जी, ये कितनी ही संख्या का दावा क्यों न करते हों, 2014 में जब हम आए, राज्य सभा में हमारी ताकत बहुत कम थी और चेयर का भी जरा झुकाव दूसरी तरफ था।...(व्यवधान) लेकिन सीना तान करके देश की सेवा करने के संकल्प से हम डिगे नहीं।...(व्यवधान) मैं देशवासियों को कहना चाहता हूं, आपने जो फैसला सुनाया है, आपने हमें सेवा करने का जो आदेश दिया है, ऐसी किसी रुकावटों से न मोदी डरने वाला है और न यह सरकार डरने वाली है।...(व्यवधान) जिन संकल्पों को लेकर हम चले हैं, उन संकल्पों को पूरा करके रहेंगे।...(व्यवधान)

आदरणीय अध्यक्ष जी, जो नए सांसद चुनकर आए हैं, उनको मैं विशेष रूप से शुभकामनाएं देता हूं।...(व्यवधान) मैं मानता हूं ... (व्यवधान) कि वे बहुत कुछ सीखेंगे, समझेंगे। ... (व्यवधान) देश के लोगों की नजरों से गिरते हुए बचने का प्रयास भी करेंगे, इसलिए उनको भी परमात्मा कुछ सदबुद्धि दें, बालक बुद्धि को भी सदबुद्धि दे, इस अपेक्षा के साथ आदरणीय राष्ट्रपति महोदया जी के उदबोधन के प्रति हृदय से आभार व्यक्त करता हूं।

अध्यक्ष जी, आपने मुझे समय दिया, विस्तार से बात बताने का मौका दिया, किसी का कोलाहल सत्य की आवाज को दबा नहीं सकता, ... (व्यवधान) सत्य ऐसे प्रयासों से नहीं दबता है और झूठ की कोई जड़ नहीं होती है।

आदरणीय अध्यक्ष जी, जिन लोगों को बोलने का अवसर नहीं दिया, यह उनकी पार्टी की जिम्मेवारी है, वह आगे अपने सांसदों का ध्यान रखेंगे, यह मैं अपेक्षा करता हूं। मैं इस सदन का भी धन्यवाद करते हुए ... (व्यवधान) आज मुझे बहुत आनंद आया, ... (व्यवधान) बहुत आनंद आया ...

(व्यवधान) सत्य की ताकत क्या होती है, वह आज मैंने जी कर देखा, सत्य का सामर्थ्य क्या होता है, … (व्यवधान) उसका मैंने आज साक्षात्कार किया … (व्यवधान) इसलिए आपका हृदय से आभार व्यक्त करता हूं। बहुत-बहुत धन्यवाद।

**माननीय अध्यक्ष**: धन्यवाद प्रस्ताव पर सदस्यों ने अनेक संशोधन प्रस्तुत किए हैं, अब मैं सभी संशोधनों को एक साथ सभा में मतदान के लिए रखता हूं।

(संशोधन मतदान के लिए रखे गए तथा अस्वीकृत हुए।)

**माननीय अध्यक्ष :** अब मैं राष्ट्रपति जी के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव को सभा के मतदान के लिए रखता हूं।

प्रश्न यह है:

"कि राष्ट्रपति की सेवा में निम्नलिखित शब्दों में एक समावेदन प्रस्तुत किया जाए :-

"कि इस सत्र में समवेत लोक सभा के सदस्य राष्ट्रपति के उस अभिभाषण के लिए, जो उन्होंने 27 जून, 2024 को एक साथ समेवत संसद की दोनों सभाओं के समक्ष देने की कृपा की है, उनके अत्यंत आभारी हैं।

(प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।)

---

**18.30 hrs**

## RESOLUTION RE: CONDEMNATION OF THE CONDUCT AND BEHAVIOUR OF THE MEMBERS OF OPPOSITION PARTIES

**रक्षा मंत्री (श्री राज नाथ सिंह):** अध्यक्ष जी, मैं प्रस्ताव करता हूं:

> "कि राष्ट्रपति जी के अभिभाषण के दौरान धन्यवाद प्रस्ताव पर जब चर्चा हो रही थी और प्रधानमंत्री जी का संबोधन चल रहा था, तब जिस प्रकार से विपक्ष के द्वारा संसदीय मर्यादाओं को लगातार तार-तार किए जाने के कृत्य की यह पूरा सदन भर्त्सना करता है।"

… (व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** माननीय सदस्यगण, मैंने सभी माननीय सदस्यों को पर्याप्त समय और पर्याप्त अवसर दिया है। सभी दलों को देर रात्रि तक बोलने का अवसर दिया गया। प्रतिपक्ष के नेता को 90 मिनट से ज्यादा बोलने का अवसर दिया, लेकिन माननीय सदस्य यह व्यवहार संसदीय परंपराओं के अनुरूप नहीं है।

… (व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष:** आपका यह आचरण, आपका व्यवहार न तो संसदीय आचरण के अनुकूल है और न ही देश के लोकतंत्र के लिए उचित है। आज देश देख रहा है, जब माननीय सदन के नेता माननीय प्रधान मंत्री जी अपनी बात कह रहे थे तो प्रतिपक्ष नेता और अन्य माननीय सदस्य वेल में आकर बोल रहे थे। यह संसदीय परंपराओं के अनुरूप उचित नहीं है।

… (व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष:** मैं अपेक्षा करता हूं, संसद नियम और प्रक्रियाओं से चलती है, आपकी पार्टी को आपके समय से ज्यादा समय दिया।

… (व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष:** सभी को अपनी पार्टी के समय से ज्यादा समय दिया, देर रात तक समय दिया, एक ही पार्टी के लोगों को बोलने भी दिया। यह गलत तरीका है, उचित नहीं है।

… (व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** माननीय गृह मंत्री जी।

**गृह मंत्री; तथा सहकारिता मंत्री (श्री अमित शाह) :** मान्यवर, रक्षा मंत्री जी ने जो प्रस्ताव रखा है, इसका मैं अनुमोदन करता हूं और आपसे आग्रह करता हूं कि इसको स्वीकृत करने के लिए सदन के सामने रखा जाए।

**माननीय अध्यक्ष:** प्रश्न यह है:

> "कि राष्ट्रपति जी के अभिभाषण के दौरान धन्यवाद प्रस्ताव पर जब चर्चा हो रही थी और प्रधानमंत्री जी का संबोधन चल रहा था, तब जिस प्रकार से विपक्ष के द्वारा संसदीय मर्यादाओं को लगातार तार-तार किए जाने के कृत्य की यह पूरा सदन भर्त्सना करता है।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ

---

**18.32 hrs**

## VALEDICTORY REFERENCE

**माननीय अध्यक्ष:** माननीय सदस्यगण, अब हम 18वीं लोकसभा के पहले सत्र की समाप्ति की ओर आ गए हैं। इस सत्र का आरंभ दिनांक 24 जून, 2024 को हुआ था। इस सत्र में सदन की सात बैठकें हुईं जो लगभग 34 घंटे तक चलीं।

सत्र का आरंभ 24 जून, 2024 को हुआ था। स्थापित परंपराओं के अनुसार 18वीं लोकसभा के प्रथम सत्र का पहला दिन अवसर की गंभीरता के दृष्टिगत कुछ समय के मौन के साथ प्रारंभ हुआ। सत्र के दौरान 539 माननीय सदस्यों ने शपथ अथवा प्रतिज्ञान किया। दिनांक 26 जून, 2024 को लोक सभा के अध्यक्ष का निर्वाचन संपन्न हुआ। मुझे पुन: इस पवित्र आसन पर सेवा का अवसर देने के लिए, मैं आपका आभार व्यक्त करता हूं। लोक सभा अध्यक्ष का पीठासीन अधिकारी निर्वाचित होना मेरे लिए असीम सम्मान और गौरव का विषय है। इसी दिन माननीय प्रधान मंत्री जी ने केंद्रीय मंत्रिपरिषद् के सदस्यों का सदन में परिचय कराया।

माननीय सदस्यगण, महामहिम राष्ट्रपति जी ने 27 जून, 2024 को समवेत दोनों सदनों के सदस्यों को संबोधित किया। उसी दिन मैंने भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के नेता श्री राहुल गांधी जी को नेता प्रतिपक्ष के रूप में मान्यता दी और इस आशय की घोषणा सदन में की गई।

कल और आज 18 घंटे से अधिक हुई चर्चा के बाद सदन ने महामहिम राष्ट्रपति जी के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव को पारित किया। इस चर्चा में कुल 68 माननीय सदस्यों ने भागीदारी की तथा 50 से अधिक माननीय सदस्यों ने अपने वक्तव्य सभा पटल पर रखे। माननीय सदस्यों के वक्तव्यों के अंत में माननीय प्रधान मंत्री जी ने चर्चा का उत्तर दिया। सत्र के दौरान नियम 377 के अधीन 41 मामले सदन के पटल पर रखे गए तथा कुल 338 पत्रों को सभा पटल पर रखा गया। सत्र के दौरान निर्देश 73(क) के अधीन सभा में माननीय मंत्रियों द्वारा तीन वक्तव्य भी दिए गए। लोकसभा के इस सत्र की कार्य उत्पादकता लगभग 105 प्रतिशत रही।

माननीय सदस्यगण, मैं सत्र के प्रारंभिक दिनों में सदन के कुशल संचालन के लिए तथा 18वीं लोक सभा के नवनिर्वाचित सदस्यों को शपथ अथवा प्रतिज्ञान कराने के लिए महामहिम राष्ट्रपति जी द्वारा नियुक्त प्रोटेम स्पीकर श्री भर्तृहरि महताब तथा सभापति तालिका के सदस्यों का हार्दिक आभार व्यक्त करता हूं। मैं सभापति तालिका में शामिल अपने माननीय साथियों का सदन के संचालन में उनके सहयोग तथा योगदान के लिए भी आभार व्यक्त करता हूं।

मैं माननीय प्रधानमंत्री जी, माननीय संसदीय कार्य मंत्रियों, सभी माननीय मंत्रीगण, नेता प्रतिपक्ष, विभिन्न दलों के नेताओं और माननीय सदस्यों के प्रति उनके सहयोग के लिए अत्यधिक आभारी हूं।

मैं आप सभी की ओर से प्रेस और मीडिया के मित्रों का भी धन्यवाद करता हूं। इस अवसर पर मैं सभा को समर्पित सेवा के लिए लोकसभा सचिवालय के महासचिव, अधिकारियों और कर्मचारियों की सराहना करता हूं।

मैं सभा की कार्यवाही के सफल संचालन संबद्ध एजेंसियों को उनके द्वारा प्रदान की गई सहायता के लिए धन्यवाद देता हूं।

---

**माननीय अध्यक्ष :** माननीय सदस्यगण, कृपया अब वंदे मातरम की धुन के लिए अपने स्थान पर खड़े हों।

**18.35 hrs**

**NATIONAL SONG**

*The National Song was played.*

**माननीय अध्यक्ष :** सभा की कार्यवाही अनिश्चित काल के लिए स्थगित की जाती है।

**18.37 hrs**

*The Lok Sabha then adjourned sine die.*

**INTERNET**

The Original Version of Lok Sabha proceedings is available on Parliament of India Website and Lok Sabha Website at the following address:

www.sansad.in/ls

**LIVE TELECAST OF PROCEEDINGS OF LOK SABHA**

Lok Sabha proceedings are being telecast live on Sansad T.V. Channel. Live telecast begins at 11 A.M. everyday the Lok Sabha sits, till the adjournment of the House.

---

Published under Rules 379 and 382 of the Rules of Procedure and Conduct of Business in Lok Sabha (Seventeenth Edition)

---